हिमाचल प्रदेश सरकार
आर्थिक सर्वेक्षण
2021-22

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश सरकार

आर्थिक सर्वेक्षण
2021-22

आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग
हिमाचल प्रदेश

प्रस्तावना

हिमाचल प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण को प्रकाशित करती है जो सरकार के कार्यक्रमों/पहलों तथा राज्य के बेहतर विकास की प्रगति को प्रतिबिंबित करता है। आर्थिक सर्वेक्षण न केवल राज्य की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करने के भी अवसर प्रदान करता है, अपितु हमें भविष्य के अवसरों पर विचार–विमर्श करने में सक्षम बनाता है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 राज्य में पिछले एक वर्ष के दौरान हुई आर्थिक विकास की समीक्षा करता है और सभी प्रमुख क्षेत्रों–सामाजिक, कृषि, औद्योगिक, निर्माण, बैंकिंग, रोजगार तथा कीमतों इत्यादि का विश्लेषण और सांख्यिकीय आंकड़े उपलब्ध करवाता है। इसमें 16 अध्याय सम्मिलित है, जो विभिन्न क्षेत्रों, खण्ड़ों एवं वर्गों के विकास के साथ–साथ उनकी समस्याओं और बाधाओं पर प्रकाश डालते हैं। यह राज्य की अर्थव्यवस्था को लघु एवम् मध्यम अवधि में समृद्धि के पथ पर ले जाने के लिए और अपने नागरिकों के सामाजिक कल्याण के लिए नीति निर्माताओं द्वारा की गई पहलों को उजागर करता है।

अभूतपूर्व वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए इस सर्वेक्षण में राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर कोविड–19 के प्रभाव को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है तथा महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है।

यह आशा की जाती है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 नीति निर्माताओं और कार्यक्रम प्रबंधकों को भविष्य में ऐसी नीतियां बनाने के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा, जिससे उभरती हुई आवश्यकताओं एवम् प्रबल आर्थिक वृद्धि के लिए आधार प्रदान करने वाली रणनीतियां बनाई जा सके, साथ ही साथ ''दृष्टि–हिमाचल प्रदेश 2030 सतत विकास लक्ष्य'' में बताए गये लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

मैं सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के सक्रिय योगदान और इस कार्य को करने के लिए निरन्तर दी गई प्रतिक्रियाओं के लिए धन्यवाद देता हूं जिनके बिना यह आलेख सुचारु रुप से समय पर प्रकाशित करना सम्भव नहीं होता।

मैं डॉ. अक्षई रुंचल (विश्लेषणात्मक और कम्प्यूटेशनल रिसर्च के संस्थापक और अध्यक्ष) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने दस्तावेज के प्रारुप का सम्पादन और समीक्षा का कार्य किया।

मैं आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 को प्रकाशित करने के लिए आर्थिक और सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करता हूं।

मुझे उम्मीद है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 एक समृद्ध हिमाचल प्रदेश की ओर हमारी यात्रा में, विशेष रूप से कोविड–19 के बाद, राज्य के विकास के बारे में विचार–विमर्श के लिए एक शुरुआती बिन्दु के रुप में सहायक सिद्ध होगा।

(प्रबोध सक्सेना), आई.ए.एस.
अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी)
हिमाचल प्रदेश सरकार

आभारोक्ति

आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 राज्य सरकार के सभी विभागों के परस्पर सहयोग और मिल जुलकर किए गए प्रयासों का परिणाम है। यह कार्य विभिन्न व्यक्तियों एवं हितधारकों के सक्रिय समर्थन, सहयोग, मार्गदर्शन एवं योगदान द्वारा ही पूर्ण हो सका है। उनका योगदान सर्वाधिक सराहनीय है।

मैं श्री प्रबोध सक्सेना, आई.ए.एस., अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, कार्मिक, पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी) और श्री अक्षय सूद, आई.ए.एस., सचिव (वित्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी, आवास) हिमाचल प्रदेश सरकार को इस दस्तावेज़ को तैयार करने में मिले निरन्तर सहयोग, मूल्यवान मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन हेतु अपनी गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

मैं विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का इस दस्तावेज को तैयार करने में उनके सक्रिय समर्थन के लिए आभार प्रकट करता हूँ, जिसमें विशेष रूप से अनुपम कुमार शर्मा, चन्द्र मोहन शर्मा, बी.एस. बिष्ट, सुकीन दड़ोच, कुलविन्दर सिंह, सुरेश वर्मा, घनश्याम शर्मा, अलका ठाकुर, मृदुला सक्सेना, अश्वनी कुमार, राकेश कुमार, संजय शर्मा, गीतांजलि शर्मा, हरमिन्दर सिंह, रमा गुप्ता, और मधु बाला शामिल हैं।

मैं आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग के कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रदान की गई प्रशासनिक सहायता के लिए विशेष रूप से उग्र सैन, अलौकिक शर्मा, लीला चौहान, धर्मेन्द्र कुमार, तनु शर्मा और सुनील का आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं हिमाचल प्रदेश प्रिटिंग प्रैस का भी आभारी हूं जिसने सर्वेक्षण को अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण में निर्धारित समय सीमा में प्रकाशित करने का कार्य किया है।

मैं अन्त में, परन्तु कम न आंकते हुए डॉ. अक्षई रुंचाल (विश्लेषणात्मक और कम्प्यूटेशनल रिसर्च, के संस्थापक और अध्यक्ष) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस दस्तावेज का सम्पादकीय कार्य किया।

इस आभारोक्ति में सभी का उल्लेख करना सम्भव नहीं है जिन्होंने हमें अपना सहयोग इस आर्थिक सर्वेक्षण को संकलित करने में दिया है। मैं उन सभी का ईमानदारी से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस सामूहिक प्रयास में अपना योगदान दिया है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 दो भागों में प्रस्तुत किया जा रहा है। **भाग–I** में सरकारी विभागों की नीतियां, कार्यक्रम तथा उपलब्धियां शामिल हैं तथा **भाग–II** में सम्बन्धित आंकड़े उपलब्ध हैं।

नीति निर्माता, योजनाकार, शिक्षाविद्ध और विद्यार्थी इस सर्वेक्षण का प्रयोग करते हैं जिनकी सुविधा के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस प्रकाशन को www.http://himachalservices.nic.in/economics/in पर उपलब्ध करवाया गया है। मैं इस सर्वेक्षण को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए बहुमूल्य टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित करता हूँ।

(डा. विनोद कुमार राणा)
आर्थिक सलाहकार,
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,
हिमाचल प्रदेश सरकार।

भाग – I

आर्थिक सर्वेक्षण
2021–22

विषय–सूची

अध्याय संख्या	अध्याय का नाम	पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	
	आभारोक्ति	
	कार्यकारी सारांश	i-viii
1	**सामान्य समीक्षा**	**1–12**
	दीर्घकालीन दृष्टिकोण	**1**
	अवलोकन : भारतीय अर्थव्यवस्था	**2**
	अवलोकन : हिमाचल प्रदेश अर्थव्यवस्था	**4**
2	**राज्य की अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक वित्त व कराधान**	**13–24**
	राज्य की अर्थव्यवस्था	**13**
	स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान	**13**
	प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान	**16**
	प्रति व्यक्ति आय	**17**
	संभावनाएं– 2020–21	**18**
	सार्वजनिक वित्त एवं कराधान	**19**
	राजकोषीय स्थिति व मापदण्ड	**19**
	राजस्व प्राप्तियां	**19**
	राजस्व व्यय की संरचना	**22**
3	**कोविड–19 का हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव और सुधार**	**25–36**
	भूमिका	**25**
	कोविड–19 का राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव	**28**
	कोविड–19 के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिक्रिया	**33**
4	**सतत विकास लक्ष्य तथा राज्य में सुशासन के लिए पहल**	**37–47**
	परिचय	**37**
	सुशासन सूचकांक	**42**
	जिला सुशासन सूचकांक	**43**
	राज्य के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम.पी.आई.) की स्थिति	**46**

5	**संस्थागत एवं बैंक वित्त**	**48–61**
	परिचय	48
	वित्तीय समावेशन पहल	50
	वार्षिक जमा योजना के अन्तर्गत प्रदर्शन	53
	सरकारी प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन	54
	राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक	56
	नाबार्ड (NABCONS) की परामर्श सेवाएं	61
6	**मूल्य संचलन और खाद्य प्रबंधन**	**62–80**
	परिचय	62
	मुद्रास्फीति में वर्तमान रुझान	63
	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) मुद्रास्फीति	63
	औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	67
	थोक मूल्य सूचकांक	69
	थोक मुद्रास्फीति के संचालक	72
	आवष्यक वस्तु की कीमतों में परिवर्तनशीलता	75
	खाद्य सुरक्षा एवं नागरिक आपूर्ति	76
	हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम	78
	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एन.एफ.एस.ए.) का कार्यान्वयन	80
7	**कृषि, बागवानी, पशुपालन और सम्बद्ध सेवाएं**	**81–118**
	परिचय	81
	मानसून 2021	83
	फसल निष्पादन 2020–21	84
	फसल संभावनाएं 2021–22	85
	खाद्यान्न उत्पादन का विकास	86
	फसल बीमा योजना	88
	बागवानी	94
	हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड	98
	पशुपालन और डेरी	100
	राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आर.जी.एम.)	103
	पशुगणना	107
	दूध पर आधारित उद्योग	107
	मत्स्य एवं जलचर पालन	110
	वन	112
	बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं	116
	कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों का अवलोकन	118

8	**जल संसाधन प्रबंधन तथा पर्यावरण**	**119—129**
	जल जीवन मिशन (जे.जे.एम)	119
	सिंचाई	121
	पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	122
	राज्य जलवायु परिवर्तन ज्ञान प्रकोष्ठ	123
	राज्य स्तरीय पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार	128
9	**उद्योग और खनन**	**130—144**
	परिचय	130
	ईज ऑफ डूइंग बिजनेस	130
	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम	132
	हिमाचल प्रदेश में औद्योगीकरण की स्थिति	134
	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) की हिमाचल में स्थिति	134
	खादी और ग्रामोद्योग आयोग	135
	हिमाचल प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड	137
	हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम	138
	औद्योगिक क्षेत्र का रूझान	142
	औद्योगिक उत्पादन सूचकांक	143
10	**श्रम और रोजगार**	**145—160**
	परिचय	145
	भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार	147
	कौशल विकास भत्ता योजना	147
	रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना	148
	हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम	149
	प्रधानमंत्री कौषल विकास योजना	152
	रोजगार परिदृश्यः हिमाचल प्रदेश, पड़ोसी राज्य और भारत	153
	हिमाचल प्रदेश में लेबर फोर्स	154
	श्रमिक जनसंख्या अनुपात	156
	बेरोजगारी दर	158
11	**ऊर्जा**	**161—174**
	परिचय	161
	ऊर्जा निदेशालय	162
	हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटिड	164
	पनबिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन	166
	हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटिड	167
	हिमाचल प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटिड	170
	हिमऊर्जा	172

	सौर प्रकाषवोल्टिय ऊर्जा संयंत्र/परियोजनाएं	173
12	**पर्यटन और परिवहन**	**175—190**
	पर्यटन	175
	हिमाचल प्रदेश में सतत पर्यटन	177
	हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम	178
	हिमाचल प्रदेष पर्यटन सैटेलाइट एकाउंट	179
	सड़कें तथा पुल (राज्य क्षेत्र)	183
	हिमाचल पथ परिवहन निगम	188
13	**सामाजिक क्षेत्र**	**191—237**
	शिक्षा	191
	प्राथमिक शिक्षा	195
	राज्य प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं	195
	हर घर पाठशाला	197
	वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा	198
	उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए राज्य/केन्द्रीय प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं	199
	सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा	203
	समग्र शिक्षा	203
	तकनीकी शिक्षा	207
	ऐजूकेशन सैटेलाईट खाते, 2017—18 हिमाचल प्रदेश	210
	स्वास्थ्य	213
	राज्य में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रम	214
	चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान	215
	आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा हामोपैथिक	218
	हर्बल संसाधनों का विकास	220
	कोविड टीकाकरण की स्थिति	220
	हैल्थ सैटलाईट खाते, 2017—18 हिमाचल प्रदेश	225
	स्वास्थ्य सूचकांक —हिमाचल प्रदेश की स्थिति	227
	समाज कल्याण कार्यक्रम	229
	अनुसूचित जाति/जन—जाति पिछड़े वर्गों एवं अल्पसंख्यक वर्ग का कल्याण	231
	हिमाचल प्रदेश में सामाजिक क्षेत्र के खर्च के प्रवाह	235
14	**ग्रामीण विकास और पंचायती राज**	**238—250**
	ग्रामीण विकास	238
	वाटरशैड विकास कार्यक्रम	243
	श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन	244

	स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)	**246**
	पंचायती राज	**249**
15	**आवास और शहरी विकास**	**251—259**
	आवास	**251**
	शहरी विकास	**251**
	स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)	**254**
	नगर एवं ग्राम योजना	**256**
	रियल इस्टेट नियामक अधिनियम	**258**
	भवन निर्माण लागत सूचकांक	**258**
16	**सूचना और विज्ञान प्रौद्योगिकी**	**260—265**
	हिमस्वान	**260**
	हिमाचल प्रदेश राज्य डाटा सेंटर	**260**
	मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन@1100	**261**
	कोविड—19 एप्लिकेशन	**263**
	परिवर्णी शब्द	**266—278**
	शब्दावली	**279—283**

कार्यकारी सारांश

राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 सभी क्षेत्रों–सामाजिक, कृषि, औद्योगिक, निर्माण, बैंकिंग, रोजगार, मूल्य आदि के विस्तृत सांख्यिकीय आंकडों का विश्लेषण करके पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य में आर्थिक विकास की समीक्षा करता है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों, वर्गों और भूभागों के विकास के साथ–साथ उनकी समस्याओं और बाधाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले सोलह अध्याय शामिल हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में कुछ क्षेत्रों में शुरू किए गए सुधारों और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए अब तक किए गए उपायों और आने वाले दशकों में विकास को बढ़ाने और समानता सुनिश्चित करने के लिए लंबित चुनौतियों पर भी चर्चा की गई है। प्रत्येक अध्याय का संक्षिप्त सारांश नीचे प्रस्तुत किया गया है।

अध्याय–1 यह अध्याय देश और राज्य की अर्थव्यवस्था का व्यापक अवलोकन करता है। यह सार्वजनिक सेवाओं के वितरण की दक्षता और गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय स्तर पर स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) या वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2020–21 के लिए ₹135.58 लाख करोड़ अनुमानित है, जबकि वर्ष 2019–20 में यह ₹145.16 लाख करोड़ था जो 2020–21 के दौरान 6.6 प्रतिशत का संकुचन दर्शाता है। वर्ष 2020–21 के लिए प्रचलित कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान ₹198.01 लाख करोड़ है, जबकि वर्ष 2019–20 में ₹200.75 लाख करोड़ था। वर्ष 2021–22 के लिये अग्रिम अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की आर्थिक विकास दर 9.2 प्रतिशत होने की संभावना है। वर्तमान कीमतों पर प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय 2020–21 में ₹1,26,855 अनुमानित है, जो पिछले वर्ष 2019–20 के लिए ₹1,32,115 थी।

राज्य स्तर पर, वर्ष 2020–21 में स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल घरेलू उत्पाद 5.2 प्रतिशत के संकुचन के साथ वर्ष 2019–20 में ₹1,21,168 करोड़ के मुकाबले ₹1,14,814 करोड होने का अनुमान है। वर्तमान कीमतों पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद, वर्ष 2020–21 में ₹1,56,675 करोड़ होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2019–20 में ₹1,59,162 करोड़ रुपये था। वर्ष 2020–21 के लिए वर्तमान कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2019–20 के ₹1,85,728 की तुलना में ₹1,83,333 अनुमानित है।

अध्याय–2 यह हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक अवलोकन दर्शाता है और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के तुलनात्मक महत्व और प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करता है। अग्रिम अनुमान बताते हैं कि वर्ष 2020–21 राज्य की अर्थव्यवस्था में संकुचन के बाद वर्ष 2021–22 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वास्तविक रूप

में सकल घरेलू उत्पाद में पूर्व–कोविड और कोविड के बाद में वर्ष 2019–20 से 2021–22 में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले 8 वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत थी। अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों के उत्पादन ने पूर्व–महामारी के स्तर को पार कर लिया है। वर्ष 2021–22 में स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल घरेलू उत्पाद या वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान ₹1,24,400 करोड़ है, जबकि वर्ष 2020–21 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का अस्थायी अनुमान ₹1,14,814 करोड़ है। वर्ष 2021–22 में प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान ₹1,75,173 करोड़ है, जबकि वर्ष 2020–21 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अस्थायी अनुमान ₹1,56,675 करोड़ है।

वर्ष 2020–21 में प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय ₹2,01,854 होने का अनुमान है जोकि अनुमानित राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय से ₹51,528 अधिक है। वर्ष 2021–22 के दौरान प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि 10.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

महामारी से कृषि और संबद्ध क्षेत्र सबसे कम प्रभावित हुए हैं और वर्ष 2021–22 में इस क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है। अग्रिम अनुमानों के अनुसार, उद्योग क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन (जी.वी.ए.) वर्ष 2021–22 में 11.0 प्रतिशत तक बढ जाएगा, जो वर्ष 2020–21 में 7.3 प्रतिशत संकुचित हुआ था। सेवा क्षेत्र महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। वर्ष 2021–22 के दौरान इस क्षेत्र के 6.3 प्रतिशत बढने का अनुमान है।

पर्यटन, राजस्व और विविध रोजगार के अवसरों के सृजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान घरेलू और साथ ही विदेशी पर्यटकों की आमद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, लेकिन कोविड–19 के प्रभाव के कारण वर्ष 2020 में पर्यटकों के आगमन में 81 प्रतिशत की तीव्र कमी आई थी। हालांकि, दिसंबर 2021 तक पर्यटकों की आमद में 75.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2021–22 के बजट अनुमान के अनुसार, कुल राजस्व प्राप्तियां ₹37,028 करोड़ रहने का अनुमान है। जबकि 2020–21 के संशोधित अनुमान में यह ₹35,588 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग ने ₹6,886.13 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में विभिन्न मदों के तहत ₹7,044.24 करोड़ कर एकत्र किए जो तय लक्ष्य से 2.30 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, (दिसंबर 2021 तक) विभाग ने विभिन्न मदों के तहत ₹6,232.24 करोड कर एकत्र किए हैं, जबकि वार्षिक लक्ष्य ₹6,964.84 करोड़ का था।

बजट अनुमान के अनुसार वर्ष 2021–22 के लिए सरकार की राजस्व प्राप्तियां राज्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 21.14 प्रतिशत होने का अनुमान है जो 2020–21 के संशोधित

अनुमानों में 22.71 प्रतिशत थी। इसी तरह, वर्ष 2021–22 के लिए कर राजस्व राज्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 8.45 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि वर्ष 2020–21 के दौरान यह 7.86 प्रतिशत था। गैर–कर राजस्व वर्ष 2020–21 के दौरान सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 1.45 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2021–22 में 1.57 प्रतिशत है। वर्ष 2021–22 में राजकोषीय घाटे का अनुमान सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.45 प्रतिशत है, जबकि वर्ष 2020–21 में यह 4.11 प्रतिशत था। वर्ष 2021–22 में राज्य का कुल व्यय सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 28.65 प्रतिशत, राजस्व व्यय 21.97 प्रतिशत तथा पूंजीगत व्यय 3.43 प्रतिशत अनुमानित है।

अध्याय–3 में हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था के कोविड –19 प्रभाव और सुधार पर चर्चा की गई है। भारत पर कोरोना वायरस महामारी का प्रभाव आर्थिक गतिविधियों के साथ–साथ मानव जीवन के नुकसान के मामले में काफी हद तक विघटनकारी रहा है। लगभग सभी क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है क्योंकि घरेलू मांग और निर्यात में भारी कमी आई परंतु कुछ उल्लेखनीय अपवाद भी थे जहां उच्च वृद्धि देखी गई थी। हिमाचल प्रदेश ने भी, अन्य राज्यों की तरह, लॉकडाउन और कई अन्य प्रतिबंधों का सहारा लिया, जिससे लोगों की आवाजाही पर अंकुश लगा, जिसके परिणामस्वरूप जी.एस.डी.पी. में संकुचन हुआ। अंततः कई आर्थिक गतिविधियों के खुलने के बाद, जी.एस.डी.पी. ने उन सभी क्षेत्रों में 'V' आकार की रिकवरी शुरू कर दी है, जिनमें लॉकडाउन के कारण सबसे अधिक संकुचन देखा गया था। हिमाचल प्रदेश में अत्यधिक पर्यटकों का आगमन होता था, जिसमें भारी गिरावट भी देखी गई, लेकिन लॉकडाउन में ढील के बाद, पिछले वर्ष की तुलना में 75.43 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

अध्याय–4 सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.), सुशासन और बहुआयामी गरीबी सूचकांक में राज्य के प्रदर्शन की व्याख्या करता है। एस.डी.जी. में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और पर्यावरण सहित सभी प्रमुख विकास क्षेत्रों को शामिल किया गया है और उन्हें प्राप्त करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर राज्यों में सबसे आगे है। इसने स्थायी लक्ष्यों के आकलन में लगातार शीर्ष स्थान हासिल किया। हालांकि सभी संकेतकों में, हिमाचल प्रदेश ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उसने सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन एस.डी.जी.–2 में हिमाचल ने सबसे कम स्कोर हासिल किया जो कि जीरो हंगर है। एस.डी.जी.–2 में तीन संकेतक हैं जिनमें हिमाचल प्रदेश को ध्यान देने की आवश्यकता हैः कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत, बौने बच्चों का प्रतिशत और एनीमिया से पीड़ित महिलाओं का प्रतिशत। राज्य ने वर्तमान एस. डी.जी. 3.0 में तमिलनाडु के साथ समग्र रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। सुशासन सूचकांक एस.डी.जी. के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है जिसमें हिमाचल प्रदेश को उत्तर पूर्व और पहाड़ी राज्यों में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में आँका गया है।

सरकार की जनता तक पहुंच का आंकलन करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने के लिए, राज्य में 2019 से जिला सुशासन सूचकांक (डी.जी.जी.आई.) को वार्षिक अभ्यास बनाया गया है। डी.जी.जी.आई.–2020 की रैंकिंग में हमीरपुर शीर्ष स्थान पर रहा और दूसरा स्थान बिलासपुर ने अर्जित किया ।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम.पी.आई.) के संदर्भ में, हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर 0.118 प्रतिशत एम.पी.आई. की तुलना में 0.03 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्तर पर 25.01 प्रतिशत हेड काउंट की तुलना में राज्य में सिर्फ 7.62 प्रतिशत हेड काउंट अनुपात है।

अध्याय–5 वित्तीय क्षेत्र में उपलब्धियों पर केंद्रित है। राज्य में 2,244 बैंक शाखाओं का नेटवर्क है, जिनमें से 76 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। अक्टूबर, 2020 से सितंबर, 2021 तक 13 नई शाखाएँ खोली गईं। वर्तमान में 1,715 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में, 414 अर्ध–शहरी क्षेत्रों में और 115 (शिमला) शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। आर.बी.आई. द्वारा निर्धारित 18 प्रतिशत के राष्ट्रीय मानदंड के मुकाबले सितंबर, 2021 तक बैंकों द्वारा दिए गए कुल ऋण में कृषि ऋण का भाग 19.47 प्रतिशत है। कमजोर वर्गों और महिलाओं को दिए गए अग्रिमों का अनुपात बैंकों द्वारा कुल अग्रिमों में क्रमशः 10 और 5 प्रतिशत के राष्ट्रीय मानदंड के मुकाबले 17.75 और 10.48 प्रतिशत रहा। सितंबर, 2021 तक राज्य में बैंकों का ऋण जमा अनुपात (सी.डी.आर.) 38.28 प्रतिशत था। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.) के तहत, बैंकों के पास सितम्बर, 2021 तक 15.72 लाख ग्राहक हैं।

अध्याय–6 मूल्य विचलन और खाद्य प्रबंधन पर चर्चा करता है। हिमाचल प्रदेश में, मुद्रास्फीति 2014 से मध्यम रही है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक – संयुक्त (सी.पी.आई.–सी.) के आधार पर मुद्रास्फीति 2016–17 में 4.6 प्रतिशत और 2020–21 में 5.2 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष में, अप्रैल–दिसंबर, 2021 के दौरान, सी.पी.आई.–सी. 6.0 प्रतिशत रहा, जबकि 2020–21 में इसी अवधि के लिए 5.3 प्रतिशत था। वर्ष 2021–22 में, अप्रैल–दिसंबर 2021 के दौरान, सी.पी.आई. –ग्रामीण और सीपीआई–शहरी सूचकांक के अधार पर मुद्रास्फीति क्रमशः 6.1 और 5.2 प्रतिशत रही, जबकि 2020–21 की इसी अवधि में यह 4.8 और 7.6 प्रतिशत थी।

अध्याय–7 कृषि, बागवानी, पशुपालन और संबद्ध क्षेत्रों के प्रदर्शन पर चर्चा करता है। राज्य के सकल मूल्य वर्धित (जी.वी.ए.) में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की हिस्सेदारी वर्तमान कीमतों पर 2016–17 में 15.33 प्रतिशत से घटकर 2021–22 में 12.44 प्रतिशत हो गई है, यह विकास प्रक्रिया का एक स्वाभाविक परिणाम है कि अर्थव्यवस्था में हो रहे संरचनात्मक परिवर्तनों के कारण गैर–कृषि क्षेत्रों में तेजी को बल मिलता है। हालांकि, ग्रामीण आबादी की आजीविका और बड़ी आबादी की खाद्य सुरक्षा के लिए कृषि का स्थान अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण है। वर्ष 2019–20 में खाद्यान्न उत्पादन 15.94 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 2020–21 में 15.28 लाख

मीट्रिक टन रहा। वर्ष 2020–21 में आलू का उत्पादन 1.96 लाख मीट्रिक टन रहा, जो 2019–20 में 1.97 लाख मीट्रिक टन था। वर्ष 2020–21 के दौरान सब्जियों का उत्पादन 18.67 लाख मीट्रिक टन रहा, जबकि 2019–20 में यह 18.61 लाख मीट्रिक टन था। वर्ष 2020–21 के दौरान प्रमुख पशुधन उत्पादों का योगदान 15.76 लाख टन दूध, 1,482 टन ऊन, 1,111 मिलियन अंडे और 4,306 टन मांस का था, जो कि वर्ष 2021–22 के दौरान 16.54 लाख टन दूध, 1,500 टन ऊन, 1100 मिलियन अंडे और 4,500 टन मांस उत्पादित होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में 37,947 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वन आवरण के अधीन आता है जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 68.16 प्रतिशत है। वर्तमान में प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 28.60 प्रतिशत क्षेत्रफल वनों के अधीन आता है।

अध्याय–8 सुरक्षित पेयजल, सिंचाई सुविधाएं और पर्यावरण संरक्षण प्रदान करने में राज्य सरकार के प्रदर्शन का विवरण प्रस्तुत करता है। दिसंबर, 2021 तक 17.28 लाख घरों में से 15.80 लाख घरों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए है। हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय औसत 45.50 प्रतिशत के मुकाबले 91 प्रतिशत परिवारों को घरेलू कनेक्शन प्रदान किए हैं।

अध्याय–9 औद्योगीकरण और निवेश पहल की स्थिति पर केंद्रित है। राज्य में उद्योग एक विकसित क्षेत्र है जिसका पिछले 4 वर्षों के दौरान औसत सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस. डी.पी.) में योगदान लगभग 30 प्रतिशत है। 2018–19 में स्थिर कीमतों पर विनिर्माण क्षेत्र के जीएसवीए की वृद्धि दर 10.1 प्रतिशत थी और 2019–20 में 0.88 प्रतिशत की घटती दर से बढी है। वर्ष 2020–21 में –7.33 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि दर दिखाने के बाद वर्ष 2021–22 में 11.3 प्रतिशत की दर से बढने की संभावना है। राज्य में 31.01.2022 तक, उद्यम पोर्टल पर 33,094 उद्यमों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 31,217 सूक्ष्म, 1,637 लघु और 240 मध्यम उद्यम हैं। राज्य सरकार ने औद्योगिक नीति 2004 में संशोधन किया और हिमाचल प्रदेश औद्योगिक निवेश विकास नीति–2019 और हिमाचल प्रदेश में निवेश को बढाने के लिए प्रोत्साहन, रियायतें और सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में नियम–2019 अधिसूचित किए ताकि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बन सके व सतत समावेशी विकास के साथ–साथ ऐसे उद्योगों को बढावा दिया जा सके जो आय और रोजगार के अवसर पैदा करते हों। ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में सरकार ने ₹96,720.88 करोड़ के प्रस्तावित निवेश और 1,96,800 व्यक्तियों के प्रस्तावित रोजगार के साथ विभिन्न क्षेत्रों में 703 समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए।

अध्याय–10 में 2019–20 के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) रिपोर्ट पर प्रकाश डाला गया है। इससे पता चलता है कि श्रम बल भागीदारी दर 2018–19 में 52.8

प्रतिशत से बढ़कर 2019–20 में 57.7 प्रतिशत हो गई है। नवीनतम पी.एल.एफ.एस. रिपोर्ट 2019–20 के अनुसार राज्य में महिला कार्यबल भागीदारी दर में 2018–19 के 44.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2019–20 में 50.3 प्रतिशत हो गई जो कि उल्लेखनीय है। समग्र कार्यबल भागीदारी दर भी 2018–19 के 50.1 प्रतिशत से बढ़कर 2019–20 में 55.6 प्रतिशत हो गई। राज्य में बेरोजगारी दर 2018–19 में 5.2 प्रतिशत से घटकर 2019–20 में 3.7 प्रतिशत हो गई है।

अध्याय–11 विद्युत क्षेत्र में राज्य द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डालता है। हिमाचल प्रदेश में 27,436 मेगावाट (एम. डब्ल्यू) की अनुमानित जलविद्युत क्षमता है, जिसमें से लगभग 24,567 मेगावाट को दोहन योग्य आंकलित किया गया है। हिमाचल प्रदेश ने हाल ही में स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 को अधिसूचित किया है, जिसमें 2030 तक पूर्ण ऊर्जा क्षमता विशेष रूप से हाइड्रो और सोलर के दोहन से स्वच्छ और हरित ऊर्जा विकास की परिकल्पना की गई है और जल, सौर और अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से अतिरिक्त 10,000 मेगावाट हरित ऊर्जा का लक्ष्य रखा है।

अध्याय–12 पर्यटन और परिवहन क्षेत्र के विकास पर प्रकाश डाला गया। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 7 प्रतिशत है। हिमाचल प्रदेश एक तेजी से बढ़ता पर्यटन स्थल है जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है। पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग में 4,011 पर्यटन इकाइयां, 828 रेस्तरां, 4,400 ट्रैवल एजेंट और 2,934 होम–स्टे पंजीकृत हैं। पर्यटन सैटलाइट खातों के अनुसार, राज्य जी.वी.ए. में पर्यटन का कुल हिस्सा 7.53 प्रतिशत और राज्य में रोजगार के अन्तर्गत् कुल हिस्सेदारी 14.42 प्रतिशत अनुमानित है। राज्य सरकार ने लगभग एक नए सिरे से शुरुआत करते हुए दिसंबर, 2021 तक 40,020 किलोमीटर मोटर योग्य सड़कों का निर्माण किया है। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 785 किलोमीटर की लंबाई के 5 राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एवं रखरखाव किया है और सीमा सड़क संगठन ने 569 किलोमीटर के 3 राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एवं रखरखाव भी किया है।

अध्याय–13 राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण क्षेत्रों की स्थिति तथा हिमाचल प्रदेश में सामाजिक क्षेत्रों में किए गए व्यय का रुझान दर्शाया गया है। इस सर्वेक्षण में शिक्षा रिर्पोट की वार्षिक स्थिति (ASER), 2021 के अनुसार बताया गया है कि सरकारी स्कूलों में 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में नामांकन का प्रतिशत 2020 से 2021 में 6.8 प्रतिशत से बढ़ा है। लड़कियों का नामांकन में लड़कों की 6.2 प्रतिशत की वृद्धि की अपेक्षा इसी आयु वर्ग में 2020 से 2021 में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कोविड–19 महामारी द्वारा हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे का भी परीक्षण हुआ। महामारी द्वारा बीमारी को प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र की अंतर्निहित शक्तियों का प्रदर्शन

हुआ। हिमाचल प्रदेश में कोविड–19 रोगियों के स्वास्थ्य देखभाल हेतु ऑक्सीजन सिलेण्डर व ऑक्सीजन सम्बन्धित विविध सामग्री का समय–समय पर प्रबन्धन कर कोविड समर्पित गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान की गई। राज्य में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया 16 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ की गई और 30 जनवरी, 2022 को कोविड पोर्टल के अनुसार कुल 1,19,20,817 खुराकें दी गई, जिसमें से पहली खुराक 62,77,737 और दूसरी 55,51,179 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 91,901 एहतियात खुराक भी दी गई।

हिमाचल में सामाजिक सेवा क्षेत्र पर व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सामाजिक सेवाओं (शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य) पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रुप में व्यय, वर्ष 2016–17 के 8.48 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021–22 में 9.72 प्रतिशत हो गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में व्यय वर्ष 2016–17 के 4.17 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021–22 में 4.72 प्रतिशत हो गया तथा इसी अवधि में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यय 1.42 प्रतिशत से बढ़कर 1.70 प्रतिशत हो गया। कुल बजट व्यय में से सामाजिक सेवाओं पर व्यय का भाग वर्ष 2021–22 में बढ़कर 33.91 प्रतिशत हो गया जो कि वर्ष 2016–17 में 29.52 प्रतिशत था।

अध्याय–14 ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर प्रकाश डाला। प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण (पी.एम.ए.वाई.–जी.) के तहत, 2021–22 में भारत सरकार ने 3,514 घरों का लक्ष्य आवंटित किया है, जिसमें से विभाग ने 1,620 घरों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2021–22 में ₹20.93 करोड़ का बजट प्रावधान है और सभी श्रेणियों के 1,257 घरों के निर्माण का प्रस्ताव है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अन्तर्गत् 2021–22 के दौरान ₹857.59 करोड़ खर्च किए गए है और 6,06,182 परिवारों को रोजगार प्रदान करते हुए 255.73 लाख मानव–दिवसों का सृजन किया गया है।

अध्याय–15 आवास और शहरी विकास क्षेत्र की स्थिति एवं प्रगति पर प्रकाश डाला गया। वर्ष 2021–22 के दौरान हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण ने विभिन्न निर्माण कार्यों के माध्यम से 6,61,330 मानव–दिवस सृजित किए। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 16.05. 2020 को मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना (MMSAGY) की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को 120 दिनों की गारंटीड मजदूरी रोजगार उपलब्ध करवाना है और इस योजना के अन्तर्गत् पंजीकृत परिवारों के सभी वयस्क सदस्य काम करने के पात्र होंगे।

अध्याय–16 सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विकास पर प्रकाश डाला गया है। आई.टी. विभाग ने प्रशासन और नागरिकों के दिन–प्रतिदिन के क्रियाकलापों के सुचारु रुप से संचालन की सुविधा के लिए विभिन्न आई.टी. एप्लीकेशन और समाधानों को विकसित और कार्यान्वित किया। राज्य सरकार विभिन्न स्तरों पर सूचना एकत्र करने, निगरानी और निर्णय लेने के साथ–साथ कार्यालय में कुशल तरीके से काम करने के लिए विभाग द्वारा प्रदान किए गए

प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ कई सरकारी बैठकें वर्चुअल मोड द्वारा आयोजित की जा रही हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान, एच.पी.एस.डी.सी. क्लाउड में 17 नई एप्लिकेशन/वेबसाइट होस्ट के साथ कुल संख्या 187 हो गई है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) ने महामारी के दौरान, विशेष रुप से नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करते हुए सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की संख्या को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सामान्य समीक्षा

1
अध्याय

1.1 दीर्घकालीन दृष्टिकोण

भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार एक सतत् प्रक्रिया है सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभाग आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए सरकार के रणनीतिक कार्यक्रमों और नीतियों को लागू कर रहे हैं। आर्थिक नीति निर्माण के लिए सरकार (उर्ध्वगामी) नीचे से ऊपर की ओर प्रक्रियाऐं जो जनता की जरूरतों को पूरा करती है, उपयोग कर रही है। कोविड–19 महामारी ने 2020 में सदी में विरले ही उत्पन्न होने वाले वैश्विक संकट का निर्माण किया। महामारी की शुरुआत में अभूतपूर्व अनिश्चितता का सामना करना पड़ा जिसके लिए भारत ने लंबे समय में लाभ के लिए अल्पकालिक दर्द के नजरिए से जीवन और आजीविका को बचाने पर ध्यान केंद्रित किया। भारत की प्रतिक्रिया इस मानवीय सिद्धांत से ऊपजी है कि अर्थव्यवस्था एक तीव्र लॉकडाउन के अस्थायी झटके से तो उभर जाएगी, लेकिन खोया हुआ मानव जीवन वापिस नहीं लाया जा सकता है।

पिछले दो साल कोविड–19 महामारी के कारण विश्व अर्थव्यवस्था के लिए कठिन रहे हैं। संक्रमण की बार–बार लहरें, आपूर्ति–श्रृंखला में व्यवधान और, हाल ही में मुद्रास्फीति ने नीति–निर्माण के लिए चुनौतीपूर्ण समय पैदा किया है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए, भारत सरकार की तत्काल प्रतिक्रिया समाज के कमजोर वर्गों और व्यापार क्षेत्र पर प्रभाव को कम करने के लिए सुरक्षा चक्र बनाने की रही। सरकार ने मध्यम अवधि की मांग को वापस लाने के लिए बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक विस्तार करने के लिए आक्रामक रूप से आपूर्ति–पक्ष उपाय किए।

कोविड–19 महामारी के दो साल के दौरान इसकी नई लहरों, आपूर्ति– श्रृंखला सतत और उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बढती महंगाई के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता से त्रस्त रही। इसके अलावा, अगले वर्ष के दौरान प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा तरलता की संभावित वापसी से भी वैश्विक पूंजी प्रवाह अधिक अस्थिर हो सकता है। इस संदर्भ में, भारत में विकास पुनरुद्धार की गति के साथ–साथ विस्तृत–आर्थिक स्थिरता संकेतकों दोनों का मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। टीकाकरण में प्रगति को देखना भी आवश्यक है क्योंकि यह न केवल एक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया है, बल्कि बार–बार महामारी की लहरों के कारण होने वाले आर्थिक व्यवधानों के खिलाफ एक प्रतिरोध भी है।

टीकाकरण केवल एक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया ही नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था को खोलने के लिए भी महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से संपर्क–गहन सेवाओं के लिए। इसलिए, इसे अभी के लिए एक व्यापक आर्थिक संकेतक के रूप में माना जाना चाहिए। टीकाकरण अभियान के एक वर्ष में भारत ने 16 फरवरी, 2022 तक 173.86 करोड़ खुराकें दी हैं, जिसमें 90.6 करोड़ लोगों

को कम–से–कम एक खुराक और 74.5 करोड़ लोगों को दोनों खुराकें दी गयी हैं। देश में स्वास्थ्य सेवा, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 साल से ऊपर के लोगों को कोविड–19 वैक्सीन की एहतियाती खुराक का टीकाकरण और 15–18 वर्ष आयु वर्ग के लिए टीकाकरण प्रक्रिया भी गति पकड़ रही है।

भारत की एक और प्रतिक्रिया मांग प्रबंधन पर पूर्ण निर्भरता के बजाय आपूर्ति पक्ष सुधारों पर जोर देना है। इन आपूर्ति–पक्ष सुधारों में कई क्षेत्रों का विनियमन, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, और पूर्वप्रभावी कर पुराने मुद्दों को हटाना, जैसे निजीकरण, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन आदि शामिल हैं।

आर्थिक पुनरूत्थान भारत सरकार की प्रमुख प्रमुखताओं में से एक है। इस ओर किए गए प्रयासों में "मेक इन इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया" और "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" शामिल है। डिजीटल प्रौद्योगिकी इस वर्ष सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र रहा जिससे हम इस वैश्विक महामारी के विनाशकारी प्रभाव से ऊभर सके। भारत सरकार मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके अनुकूल वातावरण बना रही है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर से अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने के लिए जो नीतिगत फैसले लिऐ गए, वह भारत को दुनिया में अद्वितीय बनाता है। वैश्विक महामारी में भारत की मानव केंद्रित प्रतिक्रिया जो भारत की विशेष संवेदनशीलताओं के अनुरूप है, ने अत्यंत गहन अनिश्चितता में आत्मविश्वास जगाने की शक्ति प्रदर्शित की। भारत ने जीवन और आजीविका के बीच अल्पकालिक अदला–बदली में दीर्घावधि विजेता बनते हुए जीवन और आजीविका दोनों को बचा लिया। कल्पना और दूरदर्शिता के साथ भारत ने इस संकट को अवसर में बदल कर अपने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया और सुधारों से अर्थव्यवस्था की दीर्घावधि विकास की संभाव्यता को बल दिया। केन्द्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) के विकास और विस्तार में मद्द के लिए एक योजना की शुरुआत की है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा अन्य प्रयास में कुशल वित्तीय मध्यस्थता, विवेकपूर्ण राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के माध्यम से व्यापक आर्थिक स्थिरता हेतु देश की अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरु किए गए हैं।

1.2 अवलोकन: भारतीय अर्थव्यवस्था

वैश्विक अर्थव्यवस्था में निरंतर गिरावट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने वृद्धि को काफी हद तक निरन्तर जारी रखा है। यह स्थिरता प्रभावी घरेलू व विदेशी नीतियों व सुशासन के फलस्वरुप है जिसके कारण अर्थव्यवस्था के विकास को बल मिला। विभिन्न सुधारों के फलस्वरुप भारतीय अर्थव्यवस्था में सत्त वृद्धि हुई है और शुद्ध सकल घरेलू उत्पादन में वृद्धि पिछले 4 वर्षों (2016 के बाद) से औसत 6.4 प्रतिशत के साथ उच्च रही।

खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं, निर्माण, व्यापार, होटल और रेस्तरां, परिवहन, भंडारण, संचार और प्रसारण और अन्य

सेवाओं से संबंधित सेवाओं में ऋणात्मक वृद्धि का अनुभव करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2020–21 में कोविड–19 महामारी के कारण वर्ष 2019–20 की तुलना में 6.6 प्रतिशत का संकुचन दिखा रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था का सकल घरेलू उत्पाद आधार वर्ष 2011–12 के अनुसार स्थिर कीमतों पर वर्ष 2020–21 में 6.6 प्रतिशत के संकुचन के साथ ₹135.58 लाख करोड़ आंका गया है जोकि वर्ष 2019–20 में ₹145.16 लाख करोड़ था। वर्ष 2020–21 के प्रचलित कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान है ₹198.01 लाख करोड़ आंका गया है जबकि वर्ष 2019–20 में यह ₹200.75 लाख करोड़ था, जो वर्ष 2020–21 के दौरान 1.4 प्रतिशत का संकुचन दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्थिर भाव (आधार 2011–12) पर सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 3.8 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2020–21 में 4.8 प्रतिशत का संकुचन देखा गया। इस संकुचन का मुख्य कारण खनन और उत्खनन (–8.6 प्रतिशत), विनिर्माण (–0.6 प्रतिशत), विद्युत, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता (–3.6 प्रतिशत), निर्माण (–7.3 प्रतिशत), व्यापार, होटल और रेस्तरा (–22.4 प्रतिशत), परिवहन, भंडारण, संचार और प्रसारण (–15.3 प्रतिशत) और अन्य सेवाओं (–11.5 प्रतिशत) में ऋणात्मक वृद्धि रही।

सारणी 1.1 : स्थिर कीमतों पर सकलमूल्य सवर्धनवृद्धि (आधार वर्ष 2011–12)

उद्योग	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि दर	
	2019–20	2020–21
1. कृषि, वानिकी और मत्स्यपालन	5.5	3.3
2. खनन और उत्खनन	–1.5	–8.6
3. विनिर्माण	–2.9	–0.6
4. विद्युत, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाएं	2.2	–3.6
5. निर्माण	1.2	–7.3
6. व्यापार, होटल, तथा रेस्तरां	7.1	–22.4
7. परिवहन, भण्डारण, संचार व प्रसारण से सम्बन्धित सेवाएं	3.6	–15.3
8. वित्तीय सेवाएं	3.5	5.1
9. वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं	8.0	1.2
10. लोक प्र”ाासन, रक्षा	5.1	2.3
11. अन्य सेवाए	7.2	–11.5
सकल मूल्य वर्धित	**3.8**	**–4.8**

वर्ष 2020–21 के दौरान अर्थव्यवस्था में संकुचन के बाद वित्तीय वर्ष 2021–22 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार भारत की विकास दर 9.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। इसका तात्पर्य यह है कि समग्र आर्थिक गतिविधियां पूर्व–महामारी के स्तर से आगे निकल गई है।

महामारी से कृषि और संबद्ध क्षेत्र सबसे कम प्रभावित रहे और इस क्षेत्र के पिछले वर्ष के 3.6 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2021–22 में 3.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अनुमान बताते हैं कि उद्योग क्षेत्र (खनन और निर्माण सहित) का सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2021–22 में 11.8 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जो कि वर्ष 2020–21 में 7 प्रतिशत कम हो गया था। सेवा क्षेत्र महामारी से सबसे अधिक प्रभावित था विशेष रूप से ऐसे खण्ड जिनमें मानव संपर्क शामिल है। इस क्षेत्र के पिछले वर्ष के 8.4 प्रतिशत संकुचन के बाद इस वित्तीय वर्ष में 8.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

वर्ष 2019–20 में प्रचलित भाव पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय ₹1,32,115 थी जो वर्ष 2020–21 में 4.0 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि के साथ ₹1,26,855 हो गई। स्थिर (2011–12) कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 2020–21 के लिए ₹85,110 अनुमानित है, जबकि 2019–20 में ₹94,270 के मुकाबले 9.7 प्रतिशत का संकुचन दिख रहा है।

मुद्रास्फीति प्रबंधन सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। मुद्रास्फीति दर, वर्ष–दर–वर्ष आधार पर थोक मूल्य सूचकांक द्वारा मापी जाती है। उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं दोनों में मुद्रास्फीति एक वैश्विक मुद्दे के रूप में फिर से प्रकट हुई है। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि, गैर–खाद्य वस्तुओं, निवेश मूल्य, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और बढ़ती माल ढुलाई लागत ने वर्ष के दौरान वैश्विक मुद्रास्फीति को बढ़ा दिया। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक मुद्रास्फीति में पिछले वित्तीय वर्षों के दौरान सौम्य रहने के बाद, 2021–22 (अप्रैल–दिसंबर) में 12.5 प्रतिशत की तेज वृद्धि देखी गई। थोक मुद्रास्फीति में देखी गई वृद्धि का एक हिस्सा पिछले वर्ष में कम आधार के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि, बढ़ती कारक लागत और वैश्विक कमोडिटी कीमतों ने भी थोक कीमतों की वृद्धि में योगदान दिया।

औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई.–आई.डब्ल्यू.) पर आधारित मुद्रास्फीति की दर वर्ष 2021–22 में 5.0 प्रतिशत रही जो कि वर्ष 2020–21 में 5.2 प्रतिशत थी।

1.3 अवलोकनः हिमाचल प्रदेश अर्थव्यवस्था

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के लोगों की तीव्र प्रगति और बेहतर जीवन के लिए केन्द्र सरकार से तालमेल रखते हुए कई कुशल नीतियां बनाई है। राज्य के सरल और मेहनती लोगों के निरंतर प्रयासों तथा केन्द्र और राज्य सरकार की प्रगतिशील नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के कारण हिमाचल की एक आकर्षक अर्थव्यवस्था है। हिमाचल अधिक समृद्ध और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। कोविड–19 महामारी के प्रभाव के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था में 2020–21 में 5.2 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि होने की संभावना है, लेकिन वर्तमान वित्त वर्ष 2021–22 में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।



संशोधित अनुमानों के अनुसार, प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) 2020–21 (प्रथम संशोधन) ₹1,56,675 करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2019–20 (द्वितीय संशोधन) में ₹1,59,162 करोड़ था जो वर्ष के दौरान 1.6 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2020–21 (प्रथम संशोधन) में ₹1,14,814 करोड़ अनुमानित है जो वर्ष 2019–20 (द्वितीय संशोधन) में पिछले वर्ष की विकास दर 4.1 प्रतिशत के मुकाबले 5.2 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि के साथ ₹1,21,168 करोड रही।

स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट मुख्यतः प्राथमिक क्षेत्र में 12.0 प्रतिशत की कमी, गौण क्षेत्र में 6.6 प्रतिशत व परिवहन, संचार, व्यापार होटल और रेस्तरां क्षेत्र में 10.6 प्रतिशत की कमी के कारण है। केवल दो क्षेत्र यानी बिजली, गैस और पानी की आपूर्ति व सामुदायिक और व्यक्तिगत सेवाओं ने क्रमशः 4.5 और 5.1 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। वित्त और रियल एस्टेट में 1.9 प्रतिशत की कमी आई, परिवहन और व्यापार में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र में 0.3 प्रतिशत, निर्माण में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि बिजली, गैस और जल आपूर्ति में 4.6 प्रतिशत की कमी हुई। खाद्य उत्पादन, जो 2019–20 के दौरान 15.94 लाख मीट्रिक टन था, 2020–21 में घटकर 15.28 लाख मीट्रिक टन रह गया जबकि 2021–22 में 16.75 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। फलों का उत्पादन 2020–21 में घटकर 6.24 लाख मीट्रिक टन रह गया, जबकि 2019–20 में यह 8.45 लाख मीट्रिक टन था, जो 26.15 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2022 तक) के दौरान फलों का उत्पादन 6.98 लाख मीट्रिक टन है।

सारणी–1.2: मुख्यसूचक

सूचक	2019–20	2020–21	2019–20	2020–21
	कुल पूर्ण मान		पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन	
1. सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹करोड़ में)				
• प्रचलित भावों पर	1,59,162	1,56,675	7.3	(-)1.6
• स्थिर भावों पर	1,21,168	1,14,814	4.1	(-)5.2
2. खाद्यान उत्पादन (लाख टन)	15.94	15.28	(-)5.8	(-)4.1
3. फलोत्पादन (लाख टन)	8.45	6.24	70.7	(-)26.2
4. उद्योग क्षेत्र का सकल मूल्य, संवर्धन (₹करोड़ में) (प्रचलित भाव पर)	43,322	42,283	(-)0.82	(-)2.40
5. विद्युत उत्पादन (मिलियन युनिट)	2246	1961	14.86	(-)12.69

वर्ष 2020–21 के लिए प्रथम संशोधित अनुमानों के अनुसार मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय ₹1,83,333 है, जो कि वर्ष 2019–20 की ₹1,85,728 की तुलना में 1.3 प्रतिशत की कमी दिखाता है।

अग्रिम अनुमानों के अनुसार तथा दिसम्बर,2021 तक की आर्थिक स्थिति एवं कोविड–19 प्रभाव से उबरने के बाद वर्ष 2021–22 में राज्य की अर्थव्यवस्था में **8.3 प्रतिशत** की वृद्धि होने की सम्भावना है।

राज्य की अर्थव्यवस्था का रुझान कृषि क्षेत्र से उद्योगों और सेवाओं की ओर बढ़ रहा है क्योंकि कुल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का प्रतिशत योगदान 1950–51 में 57.9 प्रतिशत से घटकर 1967–68 में 55.5 प्रतिशत, 1990–91 में 26.5 प्रतिशत और 2020–21 में 9.64 प्रतिशत रह गया है।

उद्योग और सेवा क्षेत्रों की हिस्सेदारी जो 1950–51 में क्रमशः 1.1 और 5.9 प्रतिशत थी, 1967–68 में बढकर 5.6 और 12.4 प्रतिशत हो गई, 1990–91 में 9.4 और 19.8 प्रतिशत और 2020–21 में क्रमशः 28.9 और 44.7 प्रतिशत हो गई। हालांकि, अन्य शेष क्षेत्रों का योगदान 1950–51 में 35.1 प्रतिशत से घटकर 2020–21 में 26.4 प्रतिशत हो गया।

कृषि क्षेत्र के घट रहे अंशदान के बावजूद भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र की महत्ता पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि राज्य की अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का विकास अधिकतर कृषि तथा उद्यान उत्पादन द्वारा ही निर्धारित होता है। सकल घरेलू उत्पाद में भी इसका मुख्य योगदान रहता है। यह कुल घरेलू उत्पाद में प्रमुख योगदान कर्ताओं में से एक है और निवेश सम्पर्क, रोजगार, व्यापार और परिवहन आदि के माध्यम से अन्य क्षेत्रों पर इसका

समग्र प्रभाव पड़ता है। सिंचाई सुविधाओं के अभाव में हमारा कृषि उत्पादन अभी भी मुख्यतः समयोजित वर्षा व मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। इसलिए सरकार भी इस ओर उच्च प्राथमिकता दे रही है।

राज्य ने उद्यान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। विविध जलवायु, उपजाऊ मिट्टी, गहन और उपयुक्त निकासी वाली भूमि तथा भू–स्थिति में भिन्नता एवं ऊंचाई वाले क्षेत्र समशीतोषण से उप्पोषण कटिबन्धीय फलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। प्रदेश का यह क्षेत्र फूलों, मशरूम, शहद और हॉप्स जैसे सहायक बागवानी उत्पादों की खेती के लिए भी उपयुक्त है।

वर्ष 2021–22 के दौरान 1,549 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र फलों के अधीन लाने का लक्ष्य है जबकि दिसंबर 2021 तक 1,932 हैक्टेयर क्षेत्र फलों के अधीन लाया जा चुका है तथा इसी अवधि में विभिन्न प्रजातियों के फलों के 5.35 लाख पौधों का वितरण किया गया। प्रदेश में बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2020–21 में 18.67 लाख टन सब्जी का उत्पादन हुआ जबकि वर्ष 2019–20 में 18.61 लाख टन का उत्पादन हुआ था। वर्ष 2021–22 में 18.50 लाख टन सब्जियों का उत्पादन होने का अनुमान है।

हिमाचल प्रदेश सरकार मौसम परिवर्तन से तालमेल बिठाने हेतु विभिन्न उपायों पर काम रही है। जलवायु परिवर्तन पर राज्य की कार्य योजनाओं का उद्देश्य संस्थागत क्षमता का निर्माण करना और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्षेत्रीय गतिविधियों को लागू करना है।

प्रदेश अर्थव्यवस्था की बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए सरकार ने राज्य में निर्बाधित विद्युत की आपूर्ति, विद्युत उत्पादन, संचारण तथा वितरण को बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण पग उठाए गए हैं। ऊर्जा संसाधन के रूप में जलविद्युत, आर्थिक रूप से व्यावहारिक, प्रदूषण रहित तथा पर्यावरण के अनुकूल है। इस क्षेत्र के पुनर्गठन के लिए राज्य की विद्युत नीति सभी पहलुओं जैसे कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच व उपलब्धता, वहन करने योग्य, पर्यावरण संरक्षण व प्रदेश के लोगों को रोज़गार सुनिश्चित करने पर जोर देती है। निजी क्षेत्रों की निवेश के रूप में भागीदारी उत्साहवर्धक है। सरकार द्वारा प्रदेश के निवेशकों के लिए 2 मैगावाट तक की लघु परियोजनाओं को आरक्षित रखा गया है और 5 मैगावाट की परियोजनाओं तक उन्हें प्राथमिकता दी जाती है।

कीमतों पर नियंत्रण रखना सरकार की प्राथमिकता सूची में रहा है। हि.प्र. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति वर्ष 2021–22 (अप्रैल से दिसंबर 2021) में 5.1 प्रतिशत रही ।

पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था में राजस्व प्राप्ति का एक महत्त्वपूर्ण स्त्रोत तथा विविध प्रकार के रोज़गार के अवसर प्रदान करता है। घरेलू तथा विदेशी पर्यटकों के प्रदेश आगमन में पिछले कुछ वर्षों के दौरान महत्त्वपूर्ण वृद्धि दर्ज हुई है परन्तु कोविड़–19 के कारण वर्ष 2020

में 81 प्रतिशत की गिरावट देखने में आई जबकि दिसंबर 2021 तक पर्यटकों की आमद में पिछले वर्ष की तुलना में 75.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसका विवरण निम्न सारणी 1.2 में दिया गया है।

सारणी 1.3: पर्यटकों का आगमन (लाखों में)

वर्ष	भारतीय	विदेशी	कुल
2010	128.12	4.54	132.66
2011	146.05	4.84	150.89
2012	156.46	5.00	161.46
2013	147.16	4.14	151.30
2014	159.25	3.90	163.15
2015	171.25	4.06	175.31
2016	179.28	4.53	184.51
2017	191.31	4.71	196.09
2018	160.94	3.56	164.50
2019	168.29	3.83	172.12
2020	31.70	0.43	32.13
2021 (दिसम्बर तक)	56.32	0.05	56.37

1.4 सरकार की प्राथमिकता हमेशा सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए रही है। सार्वजनिक सेवा वितरण की दक्षता और गुणवता में सुधार के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा सामाजिक कल्याण और पुर्नउत्थान के अन्तर्गत लागू की गई मुख्य योजनाएंः–

- **सामाजिक सुरक्षा**–राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 6.35 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनभोगी हैं। वर्तमान सरकार द्वारा 1,95,003 नए पेंशन मामलों को मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने 27 दिसंबर, 2017 को अपनी पहली कैबिनेट बैठक में बिना किसी आय सीमा के वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने की आयु सीमा 80 वर्ष से घटाकर 70 वर्ष कर दी। 70 वर्ष से अधिक आयु के 3,07,000 वृद्धों को पेंशन प्रदान की जा रही है। 60 से 69 वर्ष की आयु के बुजुर्गों के लिए पेंशन ₹700 से बढ़ाकर ₹850 प्रति माह और 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए ₹1,250 से बढ़ाकर ₹1,500 प्रति माह कर दिया गया है।

- **जन मंच**– सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता लाने के लिए एवं सुशासन के मद्देनज आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने तथा जन सुनवाई के माध्यम से मौके

पर ही उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान करने का कार्यक्रम है। नवंबर 2021 तक 232 जनमंचों का आयोजन किया जा चुका है। प्राप्त कुल 53,665 समस्याओं में से 93 प्रतिशत का निवारण किया जा चुका है।

- **मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन**– इस हेल्पलाइन 1100 का उद्देश्य राज्य के लोगों की सभी शिकायतों को समयबद्ध तरीके से घर बैठे टेलीफोन और इन्टरनेट पोर्टल के माध्यम से हल करना है। शिमला स्थित कॉल सेंटर में सोमवार से शनिवार तक सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक हेल्पलाइन के तहत ई–मेल या सेवा समाधान पोर्टल के माध्यम से शिकायतें प्राप्त होती हैं। हेल्पलाइन के तहत कुल 3.21 लाख समस्याएं प्राप्त हुईं जिसमें से 86 प्रतिशत समस्याओं का निवारण किया गया।

- **स्वर्ण जयंती नारी संबल योजना**–65–69 वर्ष की आयु की महिलाओं को ₹1,000 प्रति माह की उच्च सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जाती है। योजना के तहत 39,641 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

- **मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना**–इस योजना का उद्देश्य राज्य के उन पात्र परिवारों को जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में शामिल नहीं हो पाए हैं को स्वच्छ एवं धुंआ रहित ईंधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को सशक्त बनाना और पर्यावरण की रक्षा करना है योजना के तहत 3.24 लाख परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए गए जिसमें से 2.39 लाख लाभार्थियों को एक अतिरिक्त गैस रिफिल भी उपलब्ध कराया गया। ₹119.90 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

- **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना**–इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान करना है ताकि उन्हें खाना पकाने के लिए स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन मिले जिससे महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सके। इस योजना के तहत 1.36 लाख परिवारों को ₹21.86 करोड़ खर्च कर मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए।

- **मुख्यमंत्री हिमाचल स्वास्थ्य योजना**– हिमकेयर का उद्देश्य राज्य के उन लोगों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना है जो आयुष्मान भारत योजना में शामिल नहीं हो पाए हैं। योजना के तहत 5.13 लाख परिवारों को पंजीकृत किया गया और 2.17 लाख लोगों को मुफ्त इलाज दिया गया, जिस पर ₹196.16 करोड़ खर्च किए गए।

- **आयुष्मान भारत**– इस योजना का उद्देश्य कम आय वाले लोगों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। इस योजना के तहत 4.26 लाख परिवारों को

गोल्डन कार्ड प्रदान किए गए तथा 1.16 लाख लाभार्थियों को ₹143.31 करोड़ खर्च कर मुफ्त इलाज दिया गया।

- **अटल आशीर्वाद योजना**–इसके तहत अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को लगभग ₹1,200 की नई विज़िटर किट (नवागंतुक किट) प्रदान की जा रही है। ₹24.36 करोड़ की लागत से 2,07,364 नए विज़िटर किट वितरित किए गए।

- **मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष**–गंभीर बीमारियों से पीड़ित गरीब लोगों के इलाज के लिए चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष की स्थापना की गई है। इलाज के लिए प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल, पी.जी.आई. चंडीगढ़, सरकारी अस्पताल चंडीगढ़ और एम्स दिल्ली अस्पताल को मंजूरी दी गई है। 953 लाभार्थियों के इलाज पर ₹10.46 करोड़ खर्च किए गए हैं।

- **मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना**–इस योजना के तहत राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सभी रोगियों को 1374 प्रकार की दवाएं, सुई और पट्टी आदि मुफ्त प्रदान की जा रही हैं और लगभग ₹216 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

- **मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना**–इसका उद्देश्य 18 से 45 वर्ष के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। महिलाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान करते हुए 18 नई गतिविधियों को योजना में शामिल किया गया है। ₹860 करोड़ के निवेश से 4,862 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई तथा लगभग ₹430 करोड़ के निवेश से 2,593 इकाइयां स्थापित की जा रही हैं और 7,216 लोगों को रोजगार प्रदान किया है। लगभग ₹147 करोड़ का अनुदान प्रदान किया गया।

- **मुख्यमंत्री सहारा योजना**–इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के उन रोगियों को जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और उनके परिचारकों को सीधे उनके बैंक खातों में ₹3,000 की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत 17,546 लाभार्थियों को ₹61.39 करोड़ रुपये प्रदान गए।

- **मुख्यमंत्री स्टार्ट–अप योजना**–इसके तहत प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षुओं को एक वर्ष के लिए ₹25,000 प्रति माह का आजीविका भत्ता और इन्क्यूबेशन केंद्रों को 3 वर्ष के लिए ₹30 लाख की

सहायता प्रदान की गई है। योजना के तहत ₹11.35 करोड़ खर्च कर 191 स्टार्ट–अप और 12 इन्क्यूबेशन केन्द्रों को फायदा हुआ है।

- **मुख्यमंत्री कन्यादान योजना**–इस योजना के तहत निराश्रित महिलाओं/लड़कियों को शादी के लिए ₹51,000 की सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 6,224 लाभार्थियों पर ₹28.15 करोड़ खर्च किए गए हैं।

- **बेटी है अनमोल योजना**–योजना का उद्देश्य बेटियों के प्रति दृष्टिकोण को बदलना और उन्हें सशक्त बनाना है। गरीबी रेखा से नीचे (बी.पी.एल.) परिवारों के लिए बेटियों के नाम पर ₹21,000 जमा किए जाते हैं। प्रति परिवार अधिकतम दो बेटियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। अब तक 1,07,823 लाभार्थियों को ₹32.94 करोड़ दिए जा चुके हैं।

- **ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट**–राज्य में औद्योगीकरण और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें ₹96,721 करोड़ रुपये के 703 एम.ओ.यू. साइन किए गए। ₹13,488 करोड़ की 236 परियोजनाओं का पहला शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। दूसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 27 दिसंबर, 2021 को मंडी में आयोजित किया गया था जिसमें ₹28,197 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ 287 समझौता ज्ञापनों को आधार बनाया गया था। इन परियोजनाओं के तहत 80,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार की उम्मीद है।

- **हर घर पाठशाला**–इसके तहत कोरोना काल में सरकारी स्कूलों के सभी स्तरों पर शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रखने के लिए ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था की गई। छात्रों के 1.92 लाख व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए जिसमें 7,69,878 छात्रों ने भाग लिया।

- **स्वर्ण जयंती सुपर 100 योजना**–इसके तहत 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले 100 मेधावी छात्र, जिन्होंने कक्षा 10वीं में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं, को व्यावसायिक या किसी तकनीकी पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए प्रति छात्र ₹1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

- **प्राकृतिक खेती–खुशहाल किसान**–इस योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर उत्पादन लागत को कम करने पर

जोर दिया जा रहा है। इस योजना के तहत 9,192 हेक्टेयर क्षेत्र को लाया गया है जिसमें 1,53,643 किसानों के लाभ के लिए ₹46.15 करोड़ खर्च किए गए।

- **जल से कृषि को बल योजना**–इसके तहत राज्य में उपयुक्त स्थानों पर चेक डैम और तालाबों का निर्माण कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। सामुदायिक स्तर पर काम करने पर सरकार शत–प्रतिशत खर्च वहन कर रही है। 1,344 किसान लाभान्वित हुए हैं और ₹83.40 करोड़ खर्च किए गए हैं।

- **मुख्यमंत्री कृषि संरक्षण योजना और मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना**–इसके तहत जंगली जानवरों और आवारा जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत सौर बाड़ पर 80 प्रतिशत अनुदान, समूह आधारित सौर बाड़ पर 85 प्रतिशत अनुदान, कंटीले और चेन लिंक्ड बाड़ पर 50 प्रतिशत और कंपोजिट बाड़ पर 70 प्रतिशत अनुदान दिया गया। 4,592 किसान लाभान्वित हुए और ₹150.52 करोड़ खर्च किए गए।

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना**– इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसान परिवारों को तीन समान किश्तों में ₹6,000/– प्रति वर्ष की सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के 9.37 लाख से अधिक किसानों में लगभग ₹1,532.38 करोड़ खर्च किए गए हैं।

- **जल जीवन मिशन**– जल जीवन मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। 8.16 लाख घरों में नल से पानी की आपूर्ति की गई है। वर्ष 2021–22 में ₹1,429.08 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है।

- **हिमाचल पुष्प क्रांति योजना**–इसके तहत फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पॉली हाउस, पॉली टनल आदि की स्थापना पर 85 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। फूलों का परिवहन शुल्क भी माफ कर दिया गया है। इस योजना के तहत 1,282 किसान लाभान्वित हुए और ₹27.98 करोड़ खर्च किए गए।

राज्य की अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक वित्त व कराधान

02 अध्याय

2.1 राज्य की अर्थव्यवस्था

पहाड़ी क्षेत्र और औद्योगिक विकास के लिए प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हिमाचल प्रदेश ने आर्थिक विकास में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। एक तरफ राज्य की आर्थिक विकास दर राष्ट्रीय विकास दर के बराबर रही और दूसरी तरफ राज्य ने विकास संकेतकों में उच्च रैंकिंग हासिल की।

2.2 स्थिर कीमतों (2011–12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान

स्थिर कीमतों (2011–12) पर हिमाचल प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2019–20 (द्वितीय संशोधित अनुमान-द्वि.सं.अ.) में ₹1,21,168 करोड़ था जोकि वर्ष 2020–21 (पहले संशोधित अनुमान-प्र.सं.अ.) में ₹1,14,814 करोड़ अनुमानित है। 2020–21 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर (–)5.2 प्रतिशत रही जबकि राष्ट्रीय स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर (–)6.6 प्रतिशत है।

अर्थव्यवस्था को तीन विस्तृत क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है:

2.3 प्राथमिक क्षेत्र

प्राथमिक क्षेत्र में कृषि, बागवानी, पशुधन, वानिकी एवं लठ्ठे, मत्स्य पालन, खनन और उत्खनन उप क्षेत्र शामिल हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्र ने, जिस पर लगभग 56.5 प्रतिशत (आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2019–20 के अनुसार) जनसंख्या निर्भर करती है, वर्ष 2020–21 में (–)12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, वर्ष 2020–21 में (प्र.सं.अ.) स्थिर कीमतों पर (वर्ष 2011–12) कृषि और संबद्ध क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन ₹14,411 करोड़ हुआ है यह पिछले वर्ष 2019–20 में (द्वि.सं.अ.) ₹16,369 करोड़ था।

हिमाचल प्रदेश में अब बागवानी कृषि क्षेत्र का उप क्षेत्र नहीं रहा है क्योंकि इसने मूल्य वर्धन के मामले में कृषि क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है। पशुधन क्षेत्र आय को बढ़ाने के लिए एक वैकल्पिक और भरोसेमंद स्त्रोत के रूप में उभरा है। वर्ष में 2020–21 में दुग्ध उत्पादन में 2.95 प्रतिशत, अंडों के उत्पादन में 4.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि मांस उत्पादन की वृद्धि दर (–) 9.60 प्रतिशत रही तथा पशुधन एवं मत्स्य क्षेत्र में क्रमशः 5.6 एवं 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वानिकी और खनन क्षेत्र में 2020–21 (प्र.सं.अ.) में क्रमशः (–) 19.6 और (–) 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

2.4 गौण क्षेत्र

गौण क्षेत्र में विनिर्माण (संगठित और असंगठित), विद्युत, गैस, जलापूर्ति और निर्माण क्षेत्र शामिल हैं। स्थिर कीमतों (2011–12) पर वर्ष 2020–21 के लिए (प्र.स.अ.) के अनुसार गौण क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन ₹49,610 करोड़ हुआ है, जो कि वर्ष 2019–20 (द्वि.सं.अ.) में ₹53,137 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में (–)6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

2.5 तृतीयक अथवा सेवा क्षेत्र

राज्य के सकल मूल्य वर्धन में सेवा क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है और यह लगातार बढ रहा है। सेवा क्षेत्र में व्यापार, होटल तथा रेस्तरां, परिवहन, भंडारण, संचार, बैंकिंग और बीमा, रियल इस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं, सामुदायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवाओं ने पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020–21 (प्र.सं.अ.) में (–) 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।
सेवा क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2020–21 प्रथम संशोधित अनुमानों के अनुसार ₹44,198 करोड़ अनुमानित है, जो वर्ष 2019–20 (द्वि.सं.अ.) में ₹45,152 करोड़ था। क्षेत्रवार सकल मूल्य वर्धन स्थिर कीमतों पर निम्न दर्शाया गया है:–

प्राथमिक क्षेत्र 2020–21 (प्र.सं.अ.) में सकल मूल्य वर्धन ₹14,411 करोड़, वृद्धि (–12.0 प्रतिशत)

(₹करोड़ में)



गौण क्षेत्र 2020–21 (प्र.सं.अ.) में सकल मूल्य वर्धन ₹49,610 करोड़, वृद्धि (–) 6.6 प्रतिशत

(₹करोड़ में)



तृतीयक क्षेत्र 2020–21 (प्र.सं.अ.) में सकल मूल्य वर्धन ₹ 44,198 करोड, वृद्धि (–) 2.1 प्रतिशत

(₹ करोड़ में)



2.6 प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान

प्रचलित कीमतों पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2020–21 (प्र.सं.अ.) में ₹1,56,675 करोड़ आंका गया जोकि वर्ष 2019–20 (द्वि.सं.अ.) में ₹1,59,162 करोड़ था। प्रचलित आधारभूत कीमतों पर सकल मूल्य वर्धन उत्पाद वर्ष 2020–21 (प्र.सं.अ.) में ₹1,46,241 करोड़ अनुमानित है जोकि वर्ष 2019–20 (द्वि.सं.अ.) में ₹1,49,201 करोड़ था। प्रचलित आधारभूत कीमतों पर क्षेत्रवार योगदान निम्न सारणी 2.1 में दर्शाया गया है:–

सारणी 2.1 : वर्ष 2018–19 से 2020–21 (प्र.सं.अ.) तक प्रचलित भाव पर राज्य सकल मूल्य वर्धन में क्षेत्रवार योगदान

(मूल्य ₹ करोड़ में व योगदान प्रतिशत में)

क्षेत्र	2018–19	2019–20(द्वि.स.अ.)	2020–21(प्र.स.अ.)
1.कृषि एवं सम्बन्धित क्रियाएं (प्राथमिक क्षेत्र)	18,207	22,814	19,893
	(13.10%)	(15.30%)	(13.61%)
2.गौण क्षेत्र	62,381	62,479	61,004
	(44.88%)	(41.88%)	(41.71%)
3.सेवाएं (तृतीयक क्षेत्र)	58,396	63,908	65,344
	(42.02%)	(42.82%)	(44.68%)
4.सकल मूल्य वर्धन प्रचलित आधार मूल्य पर	**1,38,984**	**1,49,201**	**1,46,241**
	(100.00)	(100.00)	(100.00)
5.बजार कीमतों पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद	**1,48,383**	**1,59,162**	**1,56,675**

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हि.प्र. सरकार

प्रचलित आधारभूत कीमतों पर 2020–21 में प्रथम संशोधित अनुमान के अनुसार प्राथमिक क्षेत्र का राज्य सकल वर्धन में योगदान ₹19,893 करोड़ (13.61 प्रतिशत) रहा है। इसी समयावधि में गौण क्षेत्र का योगदान ₹61,004 करोड़ (41.71 प्रतिशत) है, व सेवा क्षेत्र का योगदान ₹65,344 करोड़ (44.68 प्रतिशत) है। भारत एवं हिमाचल प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद प्रचलित तथा स्थिर कीमतों (2011–12) पर, 2011–12 से 2020–21 (प्र.सं.अ.) में सारणी 2.2 में वर्णित है:

सारणी 2.2 : सकल घरेलू उत्पाद हिमाचल प्रदेश तथा भारत 2011–12 से 2020–21 (प्र.सं.अ.) प्रचलित एवं स्थिर कीमतों पर

(मूल्य ₹ करोड़ में और वृद्धि दर प्रतिशत में)

वर्ष	हिमाचल प्रदेश				भारत			
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रचलित कीमतों पर)	वृद्धि (+)	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (स्थिर कीमतों पर (2011–12)	वृद्धि (+)	सकल घरेलू उत्पाद (प्रचलित कीमतों पर)	वृद्धि (+)	सकल घरेलू उत्पाद (स्थिर कीमतों पर (2011–12)	वृद्धि (+)
2011–12	72,720		72,720		87,36,329		87,36,329	
2012–13	82,820	13.9	77,384	6.4	99,44,013	13.8	92,13,017	5.5
2013–14	94,764	14.4	82,847	7.1	1,12,33,522	13.0	98,01,370	6.4
2014–15	1,03,772	9.5	89,060	7.5	1,24,67,959	11.0	1,05,27,674	7.4
2015–16	1,14,239	10.1	96,274	8.1	1,37,71,874	10.5	1,13,69,493	8.0
2016–17	1,25,634	10.0	1,03,055	7.0	1,53,91,669	11.8	1,23,08,193	8.3
2017–18	1,38,551	10.3	1,09,407	6.2	1,70,90,042	11.0	1,31,44,582	6.8
2018–19	1,48,383	7.1	1,16,411	6.4	1,88,99,668	10.6	1,39,92,914	6.5
2019–20 (द्वि.स.अ.)	1,59,162	7.3	1,21,168	4.1	2,00,74,856	6.2	1,45,15,958	3.7
2020–21 (प्र.सं.अ.)	1,56,675	(-) 1.6	1,14,814	(-) 5.2	1,98,00,914	(-) 1.4	1,35,58,473	(-) 6.6

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हि.प्र. सरकार

2.7 प्रति व्यक्ति आय

वर्ष 2020–21 में (प्र.सं.अ.) के अनुसार, प्रचलित कीमतों पर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2019–20 (द्वि.सं.अ.) के ₹1,85,728 से घटकर ₹1,83,333 होने की संभावना है जो (–)1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। स्थिर कीमतों पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2019–20 (द्वि.सं.अ.) के ₹1,40,048 से घटकर वर्ष 2020–21 में (प्र.सं.अ.) ₹1,33,079 होने की संभावना है जो (–)5.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष 2011–12 से 2020–21 तक का हिमाचल प्रदेश और भारत की प्रति व्यक्ति आय (प्रचलित कीमतों पर) का तुलनात्मक विवरण निम्न सारणी में वर्णित है:

सारणी 2.3 : प्रति व्यक्ति आय

	प्रति व्यक्ति आय प्रचलित कीमतों पर (₹में)	
वर्ष	हिमाचल प्रदेश	भारत
2011–12	87,721	63,462
2012–13	99,730	70,983
2013–14	1,14,095	79,118
2014–15	1,23,299	86,647
2015–16	1,35,512	94,797
2016–17	1,50,290	1,04,880
2017–18	1,65,497	1,15,224
2018–19	1,74,804	1,25,946
2019–20 (द्वि.सं.अ.)	1,85,728	1,32,115
2020–21 (प्र.सं.अ.)	1,83,333	1,26,855

2.8 सम्भावनाएं– 2021–22

दिसंबर 2021 तक राज्य के आर्थिक प्रदर्शन के आधार पर राज्य आय के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2021–22 के दौरान राज्य की आर्थिक विकास दर 8.3 प्रतिशत होने की संभावना है, जो कोविड–19 महामारी के बाद तेज सुधार दिखा रहा है। राज्य ने 2020–21 (प्र.सं.अ.) में (–)5.2 प्रतिशत की वृद्धि और 2019–20 (द्वि.सं.अ.) में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। वर्ष 2021–22 (अग्रिम अनुमान) में प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान लगभग 1,75,173 करोड़ आंका गया है।

वर्ष 2021–22 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय ₹2,01,854 अनुमानित है जोकि वर्ष 2020–21 में ₹1,83,333 की तुलना में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

हिमाचल प्रदेश में आर्थिक विकास का संक्षिप्त विश्लेषण बताता है कि प्रदेश की आर्थिक विकास दर सदैव भारत की विकास दर के बराबर ही रही है, जैसा कि सारणी 2.4 में भी दर्शाया गया है:

सारणी 2.4 : हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की तुलनात्मक वृद्धि दर

अवधि	औसत विकास दर प्रतिशत	
	हिमाचल प्रदेश	भारत
प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–56)	(+) 1.6	(+) 3.6
द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956–61)	(+) 4.4	(+) 4.1
तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961–66)	(+) 3-0	(+) 2.4
वार्षिक योजना (1966–67 से 1968–69)	--	(+) 4.1
चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (1969–74)	(+) 3.0	(+) 3.4
पंचम पंचवर्षीय योजना(1974–78)	(+) 4.6	(+) 5.2
वार्षिक योजना (1978–79 से 1979–80)	(-) 3.6	(+) 0.2
छठी पंचवर्षीय योजना (1980–85)	(+) 3.0	(+) 5.3
सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90)	(+) 8.8	(+) 6.0
वार्षिक योजना (1990–91)	(+) 3.9	(+) 5.4
वार्षिक योजना (1991–92)	(+) 0.4	(+) 0.8
आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97)	(+) 6.3	(+) 6.2
नवम पंचवर्षीय योजना (1997–2002)	(+) 6.4	(+) 5.6
दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–2007)	(+) 7.6	(+) 7.8
ग्यारवीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012)	(+) 8.0	(+) 8.0
वारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017)	(+) 7.2	(+) 7.1
वार्षिक योजना (i) 2017–2018	(+) 6.2	(+) 6.8
वार्षिक योजना (ii) 2018–2019	(+) 6.4	(+) 6.5
वार्षिक योजना (iii) 2019–2020	(+) 4.1	(+) 3.7
वार्षिक योजना (iv) 2020–2021	(-) 5.2	(-) 6.6
वार्षिक योजना (V) 2021–2022	(+) 8.3	(+) 9.2

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हि.प्र. सरकार

2.9 सार्वजनिक वित्त एवं कराधान

राज्य सरकार, प्रशासन एवं विकासात्मक गतिविधियों पर खर्च को पूरा करने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों, गैरकर राजस्व, केंद्रीय करों से प्राप्त हिस्सा एवं केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान के माध्यम से वित्तीय साधन जुटाती है। वर्ष 2021–22 के बजट अनुमानों (ब.अ.) के अनुसार, कुल राजस्व प्राप्तिया ₹37,028 करोड़ है जबकि 2020–21 संशोधित अनुमानों (सं.अ.) के अनुसार यह ₹35,588 करोड़ थी।

आबकारी एवं कराधान विभाग ने वर्ष 2020–21 में विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत ₹7,044.24 करोड़ मूल्य के करों को एकत्रित किया है जिसका लक्ष्य ₹6,886.13 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2021–22 में कर राजस्व लक्ष्य ₹6,964.84 करोड़ था जबकि दिसम्बर, 2021 तक ₹6,232.24 का कर राजस्व एकत्र किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 और 2021–22 (दिसम्बर, 2021) तक कर राजस्व लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

सारणी 2.5 : राजकोषीय स्थिति व मापदण्ड

(₹ करोड़)

मद	लक्ष्य 2020–21	वास्तविक प्राप्तियां 2020–21	लक्ष्य 2021–22	उपलब्धियां दिसम्बर, 2021 तक
वस्तु एवं सेवा कर	3451.39	3466.58	3106.25	3157.00
राज्य आबकारी कर	1624.26	1599.74	1867.90	1436.02
वस्तु वर्धित मूल्य	1467.38	1630.11	1614.10	1309.74
अन्य कर	262.76	264.26	288.22	250.44
यात्री एवं वस्तु कर	80.34	83.55	88.37	79.04
योग	**6886.13**	**7044.24**	**6964.84**	**6232.24**

स्रोतः आबकारी एवं कराधान विभाग, हि.प्र.

2.10 राजस्व प्राप्तियां

राज्य सरकार की प्राप्तियां मुख्य रूप से दो भागों गैर–ऋण तथा ऋण प्राप्तियों में विभाजित की जा सकती हैं। गैर ऋण प्राप्तियों में कर राजस्व, कर रहित राजस्व, सहायता अनुदान, ऋण वसूली तथा विनिवेश होते हैं। ऋण प्राप्तियां अधिकतर बाज़ार ऋण तथा अन्य देनदारियों से प्राप्त होती हैं जिसे सरकार को भविष्य में लौटाने का दायित्व होता है।

सारणी–2.6 : राज्य सरकार के प्रमुख राजकोषीय मापदण्ड

(₹करोड़)

मद/वर्ष	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21 (सं.अ.)	2021–22 (ब.अ.)
1 राजस्व प्राप्तियां	27,367	30,950	30,742	35,588	37,028
2 कर राजस्व (केन्द्रीय भाग सहित)	11,909	13,003	12,301	12,312	14,806
3 गैर कर राजस्व	2,364	2,830	2,502	2,268	2,754
4 विनिवेश प्राप्तियां	35	9	2	0	0
5 ऋण वसूली	40	22	21	31	41
6 कुल व्यय	34,811	39,154	43,063	53,460	50,192
7 राजस्व व्यय	27,053	29,429	30,730	36,011	38,491
8 पूंजीगत व्यय	3,756	4,584	5,174	5,692	6,013
9 वितरित किए गए ऋण	503	468	458	361	354
10 व्याज अदायगी	3,788	4,022	4,234	4,623	5,018

स्रोतः वार्षिक वित्तीय विवरणिका (बजट), हिमाचल प्रदेश सरकार

(सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता)

मद/वर्ष	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21 (सं.अ.)	2021–22 (ब.अ.)
1 राजस्व प्राप्तियां	19.75	20.86	19.32	22.71	21.14
2 कर राजस्व (केन्द्रीय भाग सहित)	8.60	8.76	7.73	7.86	8.45
3 गैर कर राजस्व	1.71	1.91	1.57	1.45	1.57
4 विनिवेश प्राप्तियां	0.03	0.01	0.00	0.00	0.00
5 ऋण वसूली	0.03	0.01	0.01	0.02	0.02
6 कुल व्यय	25.13	26.39	27.06	34.12	28.65
7 राजस्व व्यय	19.53	19.83	19.31	22.98	21.97
8 पूंजीगत व्यय	2.71	3.09	3.25	3.63	3.43
9 वितरित किए गए ऋण	0.36	0.32	0.29	0.23	0.20
10 व्याज अदायगी	2.73	2.71	2.66	2.95	2.86

2.11 कर राजस्व

बजट अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2021–22 में कर राजस्व (केन्द्रीय कर सहित) 14,806 करोड़ होने का अनुमान है जोकि वर्ष 2020–21 (सं. अ.) में ₹12,312 करोड़ थे।

2.12 गैर कर राजस्व

गैर कर राजस्व मुख्यतः ऋण पर ब्याज प्राप्तियां, विद्युत बिक्री, सार्वजनिक उपक्रमों के लाभ व लाभांश, सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं–सामान्य सेवाओं जैसे लोक सेवा आयोग, सामाजिक सेवाओं में स्वास्थ्य और शिक्षा, आर्थिक सेवाओं जैसे कि सिंचाई इत्यादि से प्राप्त राशि शामिल होते हैं। गैर कर राजस्व वर्ष 2021–22 में 21.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए ₹2,754 करोड़ रहने का अनुमान है जोकि वर्ष 2020–21 में ₹ 2,268 करोड़ था। यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 1.57 प्रतिशत है।

2.13 गैर ऋण पूंजी प्राप्तियां

गैर ऋण पूंजी प्राप्तियों में ऋणों की वसूलियो तथा विनिवेश से प्राप्तियां शामिल हैं। वर्ष 2021–22 के बजट अनुमान में ऋणों की वसूलियों से ₹41.00 करोड़ मिलने की संभावना है और विनिवेश से कोई आय नहीं होगी।

बजट अनुमानों के अनुसार वर्ष 2021–22 में राज्य सरकार का कुल व्यय ₹50,192 करोड़ रहने की सम्भावना थी, जिसमें से ₹38,491 करोड़ (कुल बजट का 76.69 प्रतिशत) राजस्व व्यय होने का अनुमान था।

चित्र–2.1 कर–सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत रुप में



नोटः यह दर्शाता है कि वर्ष 2019–20 में कर राजस्व राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 7.73 प्रतिशत था जो 2020–21(सं.अ.) में बढ़कर 7.86 हो गया तथा वर्ष 2021–22 (ब.अ.) में बढ़कर 8.45 प्रतिशत हो गया ।

बजट अनुमानों के अनुसार राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियां वर्ष 2021–22 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की 21.14 प्रतिशत होने का अनुमान है जोकि वर्ष 2020–21 संशोधित अनुमानों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की 22.71 प्रतिशत थी। इसके साथ ही कर राजस्व वर्ष 2021–22 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 8.45 प्रतिशत होने की संभावना है जोकि वर्ष 2020–21 में 7.86 प्रतिशत था। इसके अतिरिक्त गैर कर राजस्व 2021–22 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 1.57 प्रतिशत होने की संभावना है जो वर्ष 2020–21 में 1.45 प्रतिशत था।

वर्ष 2021–22 में राज्य का कुल व्यय सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 28.65 प्रतिशत, राजस्व व्यय 21.97 प्रतिशत तथा पूंजीगत व्यय 3.43 प्रतिशत अनुमानित है ।

सारणी 2.7 : राज्य सरकार के राजकोषीय संकेतकों की वृद्धि दर

(प्रतिशत में)

मद / वर्ष	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21 (सं.अ.)	2021–22 (ब.अ.)
राजस्व प्राप्तियां	4.20	13.09	–0.67	15.76	4.05
कर राजस्व प्राप्तियां (केन्द्रीय भाग सहित)	4.62	9.18	-5.39	0.08	20.26
गैर कर राजस्व	37.67	19.72	-11.61	–9.34	21.41
व्याज अदायगी	12.78	6.16	5.28	9.19	8.54
कुल व्यय	-3.51	12.48	9.98	24.14	–6.11
राजस्व व्यय	6.74	8.78	4.42	17.18	6.89
पूंजीगत व्यय	7.34	22.06	12.86	10.01	5.65

स्रोतः वार्षिक वित्तीय बजट विवरण, हि.प्र. सरकार

2.14 राजकोषीय संकेतकों का रुझान

उपरोक्त तालिका 2.7 से पता चलता है कि वर्ष 2020–21 में राज्य के कुल व्यय और राजस्व व्यय की वृद्धि दर क्रमशः 24.14 प्रतिशत और 17.18 प्रतिशत अनुमानित की गई थी।

2.15 सरकारी व्यय

सरकारी व्यय की प्राथमिकता तय करना व युक्तिकरण राजकोषीय सुधार का अभिन्न अंग है, क्योंकि सकल राज्य घरेलू उत्पाद में राज्य कर का अनुपात कम है और राज्य सरकार को राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए निवेश और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था करना चुनौती है इसलिए पूंजीगत व्यय की गुणवत्ता में सुधार महत्वपूर्ण हो जाता है।

2.16 राजस्व व्यय की संरचना

राज्य सरकार कुल व्यय का अधिकतर भाग राजस्व व्यय में कर रही है। वर्ष 2021–22 में कुल बजट का 77 प्रतिशत राजस्व व्यय पर किया गया है। राजस्व व्यय की संरचना सारणी 2.8 में दी गई है जो यह दर्शाती है कि वर्ष 2021–22 (ब.अ.) में कुल व्यय का 55 प्रतिशत वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान एवं अनुदानों पर खर्च किया जाएगा। वेतन, पेंशन और ब्याज़ भुगतान एक प्रतिबद्ध व्यय है जिसके कारण इन मदों पर राजकोषीय प्रबन्धन का दायरा सीमित है। वर्ष 2021–22 में अनुदान को कुल खर्च के 2.1 प्रतिशत तक सीमित किया गया है।

सारणी 2.8 : मद के अनुसार राजस्व व्यय की संरचना

(₹ करोड़)

मद	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21 (सं.अ.)	2021–22 (ब.अ.)
1. वेतन एवं मजदूरी	10,671	11,016	11,669	14,836	14,403
• कुल व्यय में वेतन एवं मजदूरी का प्रतिशत	30.65	28.13	27.10	27.75	28.70
2. पेंशन	4,709	4,975	5,490	7,266	7,082
• कुल व्यय में पेंशन का प्रतिशत	13.53	12.71	12.75	13.59	14.11
3. ब्याज	3,788	4,022	4,234	4,623	5,018
• कुल व्यय में ब्याज का प्रतिशत	10.88	10.27	9.83	8.65	10.00
4. अनुदान	907	1283	1068	1158	1081
• कुल व्यय में अनुदान का प्रतिशत	2.61	3.28	2.48	2.17	2.15
कुल व्यय	**34,811**	**39,154**	**43,063**	**53,460**	**50,192**

स्रोतः वार्षिक वित्तीय बजट विवरण, हि.प्र. सरकार

उपरोक्त सारणी 2.9 दर्शाती है कि वेतन तथा पेन्शन व्यय में वृद्धि वर्ष दर वर्ष बढ़ी है। वेतन व्यय में वर्ष 2020–21 में 27.14 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, तथा वर्ष 2021–22 (ब.अ.) में 2.92 प्रतिशत की कमी होने की संभावना है। इसके अलावा पेंशन व्यय में वृद्धि में 2017–18 में 14.46 प्रतिशत, वर्ष 2018–19 में 6 प्रतिशत, वर्ष 2020–21 में 32 प्रतिशत रही परन्तु वर्ष 2021–22 (ब.अ.) में 2.53 प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है। ब्याज भुगतान में बढ़ोतरी 2017–18 में 13 प्रतिशत, 2018–19 में 6 प्रतिशत तथा 2021–22 (ब.अ.) में 9 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है। अनुदान पर व्यय में वर्ष 2017–18 में 19 प्रतिशत, वर्ष 2018–19 में 41 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, वर्ष 2019–20 में 17 प्रतिशत की की कमी हुई, वर्ष 2020–21 में इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो 2021–22 (ब.अ.) में पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत की कमी आएगी।

सारणी 2.9 : राजस्व व्यय की मुख्य मदों में वृद्धि दर

मद	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21 (सं.अ.)	2021–22 (ब.अ.)
1.वेतन एवं मजदूरी	13.27	3.23	5.93	27.14	–2.92
2.पेंशन	14.46	5.65	10.35	32.36	–2.53
3.ब्याज	12.78	6.16	5.28	9.19	8.54
4.अनुदान	18.72	41.46	–16.77	8.48	–6.67

सारणी 2.10 : राज्य सरकार की ऋण की स्थिति

(₹करोड़)

मद	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20
अ.लोक ऋण (अ1+अ2)	**22,659.48**	**25,198.06**	**27,919.56**	**32,570.27**	**34,670.71**	**36,424.77**	**40,571.41**
अ1. आन्तरिक ऋण	21,647.06	24,127.33	26,860.87	31,493.97	33,591.41	35,363.12	39,527.72
अ 2. केन्द्र सरकार से प्राप्त उधार एवं अग्रिम राशि	1,012.42	1,070.73	1,058.69	1,076.30	1,079.30	1,061.64	1,043.69
ब. सार्वजनिक खाता और अन्य देयता	**8,783.08**	**9,953.54**	**10,648.26**	**11,852.46**	**13,235.49**	**14,348.12**	**15,535.49**
स. कुल देयता (अ + ब)	**31,442.56**	**35,151.60**	**38,567.82**	**44,422.73**	**47,906.20**	**50,772.89**	**56,106.90**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद	**94,764**	**1,03,772**	**1,14,239**	**1,25,634**	**1,38,551**	**1,48,383**	**1,59,162**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद में ऋण का प्रतिशत	**33.18**	**33.87**	**33.76**	**35.36**	**34.58**	**34.22**	**35.25**

स्रोतः वित्त विभाग (बजट), हिमाचल प्रदेश सरकार

उपरोक्त सारणी 2.10 दर्शाती है कि ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से अनुपात वर्ष 2018–19 में 34.22 प्रतिशत था जो वर्ष 2019–20 में 35.25 प्रतिशत है।

कोविड–19 का हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव और सुधार

03
अध्याय

3.1 भूमिका

1930 के दशक की महामंदी के बाद से कोविड–19 महामारी के कारण विश्व अर्थव्यवस्था को शायद सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया की लगभग 60 प्रतिशत आबादी गंभीर या आंशिक रूप से लॉकडाउन रही है। दुनिया भर के देशों में बिना किसी स्पष्ट चिकित्सा उपचार के आर्थिक गतिविधियां या तो ठप हो गईं या लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई। कोरोना वायरस महामारी के बीच, दुनिया भर के कई देशों ने संक्रमण के ग्राफ को समतल करने के लिए लॉकडाउन का सहारा लिया। इस लॉकडाउन का मतलब अपने घरों में लाखों नागरिकों को कैद करना, व्यवसायों को ठप करना और लगभग सभी आर्थिक गतिविधियों को बंद करना था। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2020 में 3 प्रतिशत से अधिक सिकुड़ने की उम्मीद है जो महामंदी के बाद से सबसे बड़ी मंदी है।

मानव जीवन के दुर्भाग्यपूर्ण नुकसान के अलावा आर्थिक गतिविधियों के मामले में भारत पर कोविड–19 महामारी का प्रभाव अत्यधिक विघटनकारी रहा है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है क्योंकि घरेलू मांग और निर्यात में भारी गिरावट आई है। हालाँकि, कुछ उल्लेखनीय अपवाद थे जहाँ उच्च वृद्धि देखी गई थी।

अर्थव्यवस्था को कोरोना महामारी से एक अनूठा आर्थिक झटका लगा है, जिसने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं में आपूर्ति और मांग–दोनों को प्रभावित किया। अनिश्चितता, आत्मविश्वास में कमी, आय में कमी, कमजोर विकास की संभावनाएं, छूत की आशंका, सभी गतिविधियों को बंद होने के कारण खर्च करने के विकल्पों में कमी, एहतियाती बचत का बढ़ना, व्यवसायों के लिए जोखिम लेने में गिरावट और खपत और निवेश में परिणामी गिरावट से पहले चरण की मांग ने अत्याधिक प्रभावित किया।

सारणी 3.1 : हिमाचल प्रदेश में कोविड–19 का प्रसार

जनसंख्या 73,00,000 (रा. ज. आ. द्वारा 2019 जनसंख्या प्रक्षेपण पर आधारित)
प्रति लाख की पुष्टि (पु. प्र. ल.)

3,778

भारत में 3,171.4 पु. प्र. ल. है
हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक 10 लाख लोगों में से लगभग 3,788 लोगों का वायरस के लिए परीक्षण सकारात्मक आया है

सक्रिय अनुपात

2.3 प्रतिशत

प्रत्येक 100 पुष्ट मामलों के लिए, वर्तमान में लगभग 2 संक्रमित हैं

स्वस्थ होने का अनुपात

96.3 प्रतिशत

प्रत्येक 100 पुष्ट मामलों के लिए, ~लगभग 96 वायरस से स्वस्थ हुए हैं।

मृत्यु दर अनुपात

1.5 प्रतिशत

प्रत्येक 100 पुष्ट मामलों के लिए, ~ 1 दुर्भाग्य से मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं।

परीक्षण सकारात्मकता अनुपात

9.1 प्रतिशत

31 जनवरी – 06 फरवरी।
पिछले एक सप्ताह में, जांचे गए कुल मामलों में हर दिन औसतन 9.1 प्रतिशत सैंपल पॉजिटिव आए हैं।

परीक्षण प्रति लाख

59,556.5

06 फरवरी 2022 तक
हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक 1 लाख लोगों के लिए, ~ लगभग 59,557 नमूनों का परीक्षण किया गया।

स्रोत: कोविड–19 इंडिया पोर्टल

राज्य ने हाल ही में कोविड–19 मामलों में वृद्धि देखी है जिसे तीसरी लहर कहा जा सकता है जिसे चित्र 3.1 में दिया गया है।

चित्र 3.1 : परीक्षण सकारात्मकता दर (टीपीआर) में वेगवृद्धि बनाम मामलों का पता चला (हिमाचल प्रदेश)



दुनिया भर में व्यवसायों के अचानक बंद होने से बड़े पैमाने पर आर्थिक झटका लगा है और नीति निर्माताओं ने नुकसान को आंकने एवं उसे रोकने की कोशिश की है। कई लोगों के लिए, यह एक स्पष्ट आपूर्ति झटका रहा है – आपूर्ति झटका तब होता है जब कोई घटना वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में बाधा डालती है। कोविड–19 ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया है और इससे आपूर्तिकर्ता नेटवर्क के विभिन्न स्तरों में स्पिलओवर प्रभाव उत्पन्न हुए हैं। 2020 में व्यापार हर क्षेत्र में गिर गया है और इससे अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में अवरुद्ध किया है।

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने अपनी अर्थव्यवस्था पर बहु–प्रभाव देखा है जो निम्नलिखित चित्रों द्वारा दिए गए हैं।

चित्र 3.2 :महामारी द्वारा दोहरा आर्थिक आघात



3.2 कोविड–19 का राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

कोविड–19 का अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों पर प्रभाव तीव्र से लेकर न्यून रहा। वर्तमान अध्याय प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक जैसे क्षेत्रों के तहत राज्य अर्थव्यवस्था के मुख्य घटकों पर कोविड–19 प्रभाव का विश्लेषण करता है।

1 प्राथमिक क्षेत्र: फसलें, पशुधन और वानिकी और लॉगिंग

चूंकि कृषि देश की रीढ़ है और सरकार द्वारा घोषित आवश्यक श्रेणी का एक हिस्सा है, प्राथमिक कृषि उत्पादन और कृषि–आदानों के उपयोग दोनों पर कोविड–19 लॉकडाउन का प्रभाव कम होने की संभावना है। कई राज्य सरकारें पहले ही फलों, सब्जियों, दूध आदि की मुक्त आवाजाही की अनुमति दे दी थी। हिमाचल प्रदेश में वन संसाधनों की प्रचुर मात्रा है। यह

प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा है। कोविड–19 लॉकडाउन का इसके ऊपर स्थायी प्रभाव पड़ा है जो निम्न चित्र में दिया गया है:

चित्र 3.3 : फसलों, पशुधन और वानिकी और लॉगिंग की वृद्धि दर



पशुधन क्षेत्र में राज्य में कोरोनावायरस लॉकडाउन का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। जहां तक फसल क्षेत्र का संबंध है, वर्ष 2020–21 में इसमें बड़ी गिरावट देखी गई जो कि बागवानी फसलों के उत्पादन प्रभाव के कारण थी। फसल क्षेत्र में 2021–22 (अग्रिम अनुमान) में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है जो मौसमी के कारण भी है। बागवानी उत्पादन में वृद्धि का फसल क्षेत्र की विकास दर पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

लॉकडाउन के कारण वानिकी और लॉगिंग की वृद्धि दर में गिरावट आई थी जिसका कारण गतिविधियों का बंद होना और श्रम की अनुपलब्धता थी। लॉकडाउन के बाद हिमाचल प्रदेश में प्रवासी मजदूर अपने घरों को लौट गए। प्रतिबंध हटने के बाद, धीरे–धीरे ये प्रवासी श्रमिक वापस काम पर लौट आए जिससे वानिकी और लॉगिंग क्षेत्र में 'V' आकार की रिकवरी देखी जा सकती है।

2 गौण क्षेत्र: विनिर्माण (संगठित और असंगठित) और निर्माण

दूसरी लहर के दौरान अचल संपत्ति और निर्माण गतिविधियों में व्यवधान का सामना करना पड़ा क्योंकि बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों ने शहरी क्षेत्रों को छोड़ दिया। विनिर्माण और निर्माण किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ये गौण क्षेत्र के मुख्य घटक हैं जो राज्य सकल घरेलू उत्पादन में प्रतिशतता की दृष्टि से दूसरे उच्चतम स्तर पर हैं। शहरी क्षेत्रों और राज्यों में जहां वायरस तेजी से फैल रहा है वहां श्रमिकों की कमी ने आवास और निर्माण परियोजनाओं दोनों को प्रभावित किया है, इससे लंबित परियोजनाओं को पूरा करने में काफी देरी होने की संभावना है। निम्न आकृति इस क्षेत्र में संकुचन दर्शाती है:–

चित्र 3.4 : विनिर्माण की वृद्धि दर (संगठित और असंगठित) और निर्माण



लॉकडाउन के कारण श्रमशक्ति और कच्चे माल की अनुपलब्धता राज्य में निर्माण और निर्माण की विकास दर में गिरावट का मुख्य कारण है। विनिर्माण (संगठित और असंगठित) और निर्माण क्षेत्र का एक ही प्रभाव है जिसमें मांग और आपूर्ति दोनों झटके एक साथ काम करते हैं। लॉकडाउन के कारण विनिर्माण और निर्माण गतिविधियां ठप पड़ी थीं और दूसरी ओर श्रम और कच्चे माल की कमी थी। अर्थव्यवस्था के खुलने के बाद इस क्षेत्र में 'वी' आकार की रिकवरी देखी जा सकती है।

3.3) तृतीयक क्षेत्रः

तृतीयक क्षेत्र में विभिन्न आवश्यक सेवाएं शामिल हैं। लॉकडाउन के कारण प्रशासन और वित्तीय सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा या बहुत कम असर पड़ा। हालांकि, कुछ अन्य उप–क्षेत्रों में लॉकडाउन के कारण बड़ा प्रभाव देखा गया और फिर बाद में सकारात्मक विकास दर देखी गई। ऐसे क्षेत्रों का विश्लेषण अगले खंडों में दिया गया हैः

- **परिवहन, भंडारण और संचार और परिवहन के लिए आकस्मिक सेवाएं**

परिवहन तृतीयक क्षेत्र का एक हिस्सा है और राज्य की अर्थव्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अन्य परिवहन की अनुपस्थिति जैसे कि विमान और ट्रेन, पहाड़ी इलाके में सड़क परिवहन को एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करता है। निम्न आकृति इस क्षेत्र में कोरोनावायरस का प्रभाव दर्शाती हैः

चित्र 3.5 : परिवहन, भंडारण और संचार और परिवहन के लिए आकस्मिक सेवाओं की वृद्धि दर



परिवहन भंडारण और संचार में सबसे अधिक 24 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि परिवहन के लिए आकस्मिक सेवाओं में 2020–21 में कोविड –19 लॉकडाउन के कारण 11.8 प्रतिशत की गिरावट आई। प्रतिबंधों में ढील के बाद, इन क्षेत्रों ने सुधार करना शुरू कर दिया इसके परिणामस्वरूप परिवहन भंडारण और संचार में 19.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया। परिवहन से सम्बन्धित आकस्मिक सेवाओं के लिए, 16.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

- **व्यापार और मुरम्मत सेवाएं और होटल और रेस्तरां**

व्यापार और मुरम्मत क्षेत्र पर लॉकडाउन का प्रभाव लगभग न के बराबर था। वहीं, होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर उन कुछ सेक्टरों में शामिल है, जो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध ने पहले परिवहन और फिर होटल और पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया। दूसरी लहर के कारण प्रतिबंधों ने पर्यटन क्षेत्र को अशक्त बना दिया, जो पहले से ही 2020 में व्यवसायों को हुए शुरुआती नुकसान की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहा था। शुरुआती लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के साथ, इस क्षेत्र ने एक बार फिर से तेजी से वृद्धि दर्ज करना शुरू कर दिया। जबकि, 2020–21 में होटल और रेस्तरां की विकास दर (–) 78.7 प्रतिशत थी, यह 2021–22 में बढ़कर (+) 56.5 प्रतिशत हो गई (चित्र–3.6)।

चित्र 3.6 : व्यापार और मरम्मत सेवाएं और होटल और रेस्तरां में वृद्धि दर



- **पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र**

उड्डयन और पर्यटन पहले उद्योग थे जो महामारी से काफी प्रभावित हुए थे। जिन क्षेत्रों ने भारत के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के एक बड़े हिस्से में योगदान दिया है, वे राज्यों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और कर्फ्यू से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आतिथ्य क्षेत्र पर्यटन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

पर्यटन राज्य में राजस्व और रोजगार सृजन का मुख्य स्रोत बना हुआ है। हालांकि, कोविड–19 लॉकडाउन के कारण राज्य में पर्यटन क्षेत्र को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। भौगोलिक लाभ राज्य को पर्यटन क्षेत्र के लिए जीत की स्थिति में रखते हैं, लेकिन जब से कोविड–19 महामारी को देखते हुए आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया तब से पर्यटकों के आगमन में भारी कमी आई है।

पर्यटकों के आगमन से राज्य में वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि दर में भिन्नता देखी जा सकती है। हालाँकि, देशव्यापी लॉकडाउन के समय में विकास दर में एक बड़ा बदलाव देखा जा सकता है, जिसने न केवल घरेलू पर्यटकों को अपने घरों में बंद रहने के लिए मजबूर किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध के कारण विदेशी पर्यटकों को अपने देशों में ही रहना पड़ा। चित्र 3.7 पिछले वर्ष की तुलना में पर्यटकों के आगमन में उच्चतम (–81.33 प्रतिशत) संकुचन दर्शाता है। शुरुआती लॉकडाउन के बाद पर्यटकों के आगमन में काफी सुधार हुआ जिससे की 2021 में पर्यटकों का आगमन (+) 75.43 प्रतिशत तक पहुंच गया (चित्र–3.7)।

चित्र 3.7 : वर्ष दर वर्ष पर्यटकों की आमद की वद्धि दर



नोटः इन आंकड़ों का डेटा कैलेंडर वर्ष से संबंधित है
स्रोत्र: पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

3.3 कोविड–19 के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिक्रिया

राज्य ने कोविड–19 का मुकाबला करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों को सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जो निम्नानुसार हैं:

- राज्य सरकार ने सबसे अधिक प्रभावित परिवहन क्षेत्र को टोकन टैक्स, विशेष सड़क कर (एस.आर.टी.) और यात्री और माल कर (पी.जी.टी.) के रूप में लगभग ₹153 करोड़ (सारणी 3.2) की राहत प्रदान की है। इसमें स्टेज कैरिज ऑपरेटरों की कार्यशील पूंजी पर ब्याज सबवेंशन योजना शामिल है, जिसके तहत बस ऑपरेटरों को कार्यशील पूंजी के रूप में प्रति बस 2 लाख रुपये और अधिकतम राशि 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। ऋण की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष अधिस्थगन अवधि का होगा और 75 प्रतिशत ब्याज सबवेंशन उपलब्ध करवाया गया, जिसका भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा, दूसरे वर्ष में 50 प्रतिशत ब्याज सबवेंशन होगा जो राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस योजना पर सरकार द्वारा लगभग 11 करोड़ रुपये की राहत प्रदान की गई है।

इसके अलावा, परिवहन क्षेत्र को वेतन के लिए सहायता अनुदान (जी.आई.ए.) के रूप में राहत, गैर–वेतन के लिए जी.आई.ए., सब्सिडी और निवेश के लिए फंड भी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रदान किया गया था (सारणी 3.2)।

सारणी 3.2: परिवहन क्षेत्र को राहत

क्रम सं	राहत	2020—21	2021—22	कुल (3+4)
1	2	3	4	5
1	टोकन टैक्स (₹ करोड़ में)	29.59	19.73	49.32
2	विशेष सड़क कर (एस.आर.टी.) (₹ करोड़ में)	40.28	26.85	67.13
3	यात्री और माल कर (पी.जी.टी.) (₹ करोड़ में)	22.00	14.67	36.67
	कुल(1+2+3)	**91.87**	**61.25**	**153.12**
1	वेतन के लिए सहायता अनुदान (₹ करोड़ में)	345.50	309.96	655.46
2	अनुदान सहायता गैर वेतन	12.50	.	12.50
3	सब्सिडी (₹ करोड़ में)	171.20	171.20	342.4
4	निवेश (₹ करोड़ में)	62.0	117.50	179.5
	कुल (1+2+3+4)	**591.20**	**598.66**	**1189.86**

- सरकार ने 1 अप्रैल 2020 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान विशेष सड़क कर और टोकन टैक्स पर 100 प्रतिशत राहत प्रदान की है, जिससे स्टेज कैरिज, टैक्सी, मैक्सी, ऑटोरिक्शा, अनुबंध कैरिज बसों और संस्थागत बसों को लाभ हुआ है।

- महामारी से पर्यटन क्षेत्र सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आतिथ्य उद्योग के लिए कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज सबवेंशन के लिए एक योजना को संशोधित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन इकाई संचालकों को मौजूदा बाजार दरों से कम ब्याज दर पर कार्यशील पूंजी तक आसान पहुंच प्राप्त हो सके। इस योजना में प्रथम वर्ष में 75 प्रतिशत ब्याज उपवर्तन का प्रावधान है और भुगतान अवधि को भी बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। नई योजना में रोप वे और ट्रैवल एजेंटों जैसी कुछ अन्य श्रेणियों को भी शामिल किया गया है।

- पर्यटन क्षेत्र को टोकन टैक्स, पी.जी.टी., जी.आई.ए. के रूप में वेतन और निवेश के लिए निधि के रूप में कुल राहत भी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रदान की गई थी (सारणी—3.3)।

सारणी 3.3 पर्यटन क्षेत्र को राहत

क्र.सं	राहत	2020—21	2021—22	कुल (3+4)
1	2	3	4	5
1	टोकन टैक्स (₹ लाख में)	1.53	4.61	6.14
2	यात्री और माल कर (पी.जी.टी.) (₹ लाख में)	2.57	7.76	10.33
	कुल(1+2)	**4.10**	**12.37**	**16.47**
1	वेतन के लिए सहायता अनुदान (₹ करोड़ में)	40.21	20.0	60.21
2	निवेश के लिए निधि (₹ करोड़ में)	.	2.0	2.0
	कुल(1+2)	**40.21**	**22.0**	**62.21**

- वर्ष 2020–21 के लिए राज्य वार्षिक ऋण योजना का आकार ₹23,625 करोड़ है, जिसमें से ₹22,110 करोड़ कृषि और संबद्ध, एमएसएमई, शिक्षा और आवास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित किए गए हैं।

- कोविड–19 से मरने वाले और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के पात्र नहीं होने वाले लोगों को राज्य सरकार द्वारा 30 लाख रुपये का बीमा कवर दिया गया है।

विभिन्न श्रेणी के अंशकालिक श्रमिकों/पैरा श्रमिकों आदि की मजदूरी दरों में 4 वर्षों से वृद्धि की गई है। हालांकि, तालिका 3.4 विभिन्न श्रेणियों के लिए चार वर्षों से बढ़ी हुई दरों को प्रस्तुत करती है, लेकिन अधिकतर वृद्धि कोविड के समय में उपलब्ध करवाई गई। निम्नलिखित सारणी ऐसी ही नौकरी श्रेणियों को सूचीबद्ध करती है:

सारणी 3.4: विभिन्न श्रेणियों के वेतन में वृद्धि

(राशि ₹ में)

क्रम सं	पद नाम	2021 में पद नाम दरें (प्रति माह)	पिछले 4 वर्षों में कुल वृद्धि (प्रति माह)
1	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	7300	2850
2	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	5200	2200
3	आंगनवाड़ी सहायिकाएं	3800	1700
4	विशेष पुलिस अधिकारी	6000	1000
5	आशा कार्यकर्ता	2750	1750
6	पंचायत चौकीदार	5600	1450
7	सिलाई शिक्षक	7100	800
8	जल वाहक	3000	1100
9	जल रक्षक	3600	1900
10	पैरा पंप ऑपरेटर/पैरा फिटर	4600	1600
11	दैनिक वेतन/अंशकालिक	300 (दैनिक)	90 (दैनिक)
12	मध्याह्न भोजन कार्यकर्ता	2600	1100
13	राजस्व चौकीदार/अंशकालिक	4100	1100
14	राजस्व लम्बरदार	2300	800
एस.एम.सी. शिक्षक			
15	पी.जी.टी.	13978	4678
16	डी.पी.ई.	13978	4678
17	टी.जी.टी.	13978	4678
18	सी एंड वी	10609	3589
19	जे.बी.टी.	8362	2902

- सरकार ने वन विभाग को कोरोना मृतक के दाह संस्कार के लिए मुफ्त लकड़ी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सभी नगर निगमों को डेड बॉडी वैन किराए पर लेने की अनुमति दी गई थी।

- सरकार ने उन परिवारों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम (प्राथमिकता परिवार श्रेणी) के तहत शामिल करने का निर्णय लिया, जिस परिवार में कोविड–19 महामारी के कारण मृत्यु हुई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत प्राथमिकता वाले परिवारों की पहचान के लिए 1 अगस्त, 2013 को जारी दिशा–निर्देशों में उन्हें तत्काल राहत देने के लिए ढील दी गई है। ऐसे परिवारों में केवल कोविड–19 मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करके जिनकी मृत्यु कोरोना के कारण हुई हो को ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (प्राथमिकता परिवार (पी.एच.एच.) श्रेणियां) के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में शामिल किया गया है।

- टोल बैरियर पर वर्ष 2020–21 के लिए टोल शुल्क में छूट / छूट प्रदान की गई थी।

सतत विकास लक्ष्य तथा राज्य में सुशासन के लिए पहल

04
अध्याय

4.1 परिचय

सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और पर्यावरण सहित सभी प्रमुख विकास क्षेत्रों को शामिल किया गया है और उन्हें प्राप्त करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता अनिवार्य बनी हुई है। हाल के वर्षों में देश भर में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन एसडीजी को पूरी तरह से प्राप्त करने के लिए प्रगति की गति को संशोधित किया जाना चाहिए। कोफी अन्नान, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव के अनुसार **"सुशासन गरीबी उन्मूलन और विकास को बढ़ावा देने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है।"**

सितंबर, 2015 में, विश्व समुदाय ने नए विकास पर एक अंतर्राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया। सतत विकास लक्ष्य, जिसे आधिकारिक तौर पर "ट्रांसफॉर्मिंग अवर वर्ल्डः द 2030 एजेंडा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट" के रूप में जाना जाता है, जिसमें अंतर सरकारी सेट का 169 लक्ष्यों और 300 से अधिक संकेतकों के साथ 17 महत्वपूर्ण लक्ष्य है। संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से यह आशा है कि वह आगामी 15 वर्षों में अपनी राजनीतिक नीतियों में इस विकासात्मक ढांचे का उपयोग करेंगे। वर्ष 2001 में समस्त देशों की सहमति से विकास लक्ष्य (एम.डी.जी.) जो कि

वर्ष 2015 में समाप्त हो रहे थे, इन्ही लक्ष्यों का एस.डी.जी. के रूप में विस्तार किया गया और 1 जनवरी, 2016 को अस्तित्व में आए हैं जिसकी समय सीमा 31 दिसंबर, 2030 है।

सतत विकास–2030 के एजेंडे, का लक्ष्य "Leaving No One Behind" के तहत विकास के लाभ को सांझा करना है। एस.डी.जी. को विश्वव्यापी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए तैयार किया गया जिसमें गरीबी, असमानता को कम करने, जलवायु परिवर्तन से निपटने, वन और जैव विविधता सहित पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा करना हैं।

एस.डी.जी. को भारत सरकार द्वारा जिम्मेदारी के साथ अपनाया गया है। इसके अन्तर्गत सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वन मंत्रालय, भारत सरकार ने 309 संकेतक विकसित किए हैं। जो कि परिमेय तथा निरीक्षण योग्य हैं। नीति आयोग भारत में एस.डी.जी. के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है और देश में इन्हें अपनाने, देखरेख करने और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्य के साथ काम कर रहा है।

एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स का पहला संस्करण दिसंबर 2018 में लॉन्च किया गया, जिसमें 13 एस.डी.जी. के 39 लक्ष्यों में से 62 संकेतकों का उपयोग किया गया, संकेतक लक्ष्य 12, 13, 14 और 17 को राज्य–वार आंकड़ों की उपलब्धता न होने के कारण छोड़ना पड़ा। दिसम्बर, 2019 में सूचकांकों का दूसरा संस्करण प्रस्तुत किया गया जो कि 100 मानकों के साथ अधिक विस्तृत है। जिसमें सभी 17 उद्देश्यों तथा 54 लक्ष्यों का वर्णन किया गया। इनमें 68 पूरी तरह से राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (एन.आई.एफ.) के साथ संरेखित, 20 परिष्कृत, और अन्य 12 आधिकारिक सरकारी स्रोत पर आधारित थे। तीसरा और वर्तमान संस्करण (इंडेक्स 3.0) लक्ष्यों की वर्णन व्यापक दृष्टि से अधिक है। जो कि 2019–20 संस्करण में सुधार का प्रतीक है। सूचकांक एस.डी.जी. हासिल करने की दिशा में देश और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति की अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। सूचकांक को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह नीति निर्माता, नागरिक समाज, व्यवसाय और आम जनता सभी के लिए सुलभ हो गया है।

वर्तमान सूचकांक के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं:

- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 16 एस.डी.जी. में उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक करना। जिसने राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को कई लक्ष्यों में उनके प्रदर्शन को रैंक देने के लिए एक समग्र स्कोर की भी गणना की गई।
- वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना।
- उन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपने समकक्ष की अच्छी कार्यप्रणाली से सीखने में सक्षम बनाना।

- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सांख्यिकीय प्रणाली में डेटा अंतराल को उजागर करना और उन क्षेत्रों की पहचान करना जिनमें मजबूत और अधिक लगातार डेटा एकत्र करने की आवश्यकता है।

नीति आयोग ने सभी राज्यों को उनके अंकों के अनुसार निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया है:

सारणी 4.1: नीति आयोग द्वारा प्रदर्शन के अनुसार राज्यों का वर्गीकरण

क्रमांक	उपलब्धि श्रेणी	स्कोर की सीमा
1	रेसपीरन्ट	0–49
2	परफोर्मर	50–64
3	फ्रंट रनर	65–99
4	अचीवर	100

स्रोत: एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स और डैशबोर्ड 2020–21

- एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए 16 एस.डी.जी. पर लक्ष्य–वार स्कोर की गणना करता है।
- ये स्कोर 0–100 के बीच होते हैं, और यदि कोई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र 100 का स्कोर प्राप्त करता है, तो यह दर्शाता है कि उसने 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया है।
- किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का स्कोर जितना अधिक होता है, वह अपने अंतिम लक्ष्य के उतना ही नजदीक होता है।
- प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए समग्र स्कोर की गणना व्यक्तिगत लक्ष्य स्कोर के अंकगणितीय माध्यम को लेकर, लक्ष्यों में उनके प्रदर्शन को मिलाकर की गई थी।

एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स 3.0 में, 115 संकेतकों में से 75 इंडेक्स 2.0 के समान हैं। इनमें से 2019 की तुलना में 57 संकेतकों के लिए अद्यतन मूल्यों का उपयोग किया गया है। 115 संकेतकों में से 76 पूरी तरह से राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (एन.आई.एफ.) के साथ संरेखित हैं, 31 सम्बन्धित एन.आई.एफ. से संदर्भित हैं, और 8 संकेतक सम्बन्धित मंत्रालयों के परामर्श से बनाए गए हैं। कुल 109 संकेतकों का सूचकांक अनुमान के लिए उपयोग किया गया। एस.डी.जी. 14 के तहत 5 संकेतकों को शामिल नहीं किया गया क्योंकि वे केवल 9 तटीय राज्यों से संबंधित हैं, जबकि लक्ष्य 10 में एक संकेतक का उपयोग तुलनात्मकता आंकड़ों की कमी के कारण गणना के लिए नहीं किया गया है।

अप्रत्याशित और अभूतपूर्व, कोविड–19 महामारी ने दुनिया भर में सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति को चुनौती दी है। भारत ने एक व्यवस्थित महामारी प्रबंधन योजना के अन्तर्गत विशिष्ट समूहों पर केंद्रित प्रणाली पर बल दिया है।

हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर राज्यों में फ्रंट रनर श्रेणी में। इसने सतत विकास लक्ष्यों के आकलन में लगातार शीर्ष स्थान हासिल किया है। हालांकि सभी संकेतकों में हिमाचल प्रदेश ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वहनीय और स्वच्छ ऊर्जा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। सतत विकास लक्ष्य 2 में भी हिमाचल ने सबसे कम स्कोर हासिल किया जो कि जीरो हंगर से संबंधित है। इसके अलावा, सतत विकास लक्ष्य 2 में तीन ऐसे संकेतक हैं जिनमें हिमाचल प्रदेश को ध्यान देने की आवश्यकता है जिसमें कम वजन वाले बच्चों, बौने बच्चों और एनीमिया से पीड़ित महिलाओं का प्रतिशत शामिल है। एस.डी.जी. 3.0 के अनुसार राज्य ने तमिलनाडु के साथ समग्र रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है।

सारणी 4.2: हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय सतत लक्ष्यों (शीर्ष पांच राज्य)

क्रमांक	राज्य	संयुक्त स्कोर	पिछले वर्ष के स्कोर में लाभ
1	केरल	75	+ 5
2	हिमाचल प्रदेश	74	+ 5
3	तमिलनाडु	74	+ 7
4	आंध्र प्रदेश	72	+ 5
5	गोवा	72	+ 7

स्रोतः एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स और डैशबोर्ड 2020–21

सारणी: 4.3 में शीर्ष पांच राज्यों का एस.डी.जी. में प्रदर्शन

एस.डी.जी. लक्ष्य	केरल	तमिलनाडु	आंध्र प्रदेश	गोवा	हिमाचल प्रदेश
एस.डी.जी. 1: पूर्णत समाप्त	83	86	81	83	80
एस.डी.जी. 2: भुखमरी का अंत	80	66	52	78	52
एस.डी.जी. 3: अच्छा स्वास्थ्य और जीवन स्तर	72	81	77	72	78
एस.डी.जी. 4: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा	80	69	50	71	74
एस.डी.जी. 5: लैंगिक समानता	63	59	58	55	62
एस.डी.जी. 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता	89	87	92	100	85
एस.डी.जी. 7: वहनीय और स्वच्छ ऊर्जा	100	100	100	100	100
एस.डी.जी. 8: अच्छा कार्य और आर्थिक विकास	62	71	67	76	78
एस.डी.जी. 9: उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा का विकास	60	71	52	68	61
एस.डी.जी. 10: असमानताओं में कमी	69	74	74	75	78
एस.डी.जी. 11: सतत शहर और समुदाय	75	79	78	89	79
एस.डी.जी. 12: जिम्मेदार के साथ उपभोग व उत्पाद	65	78	94	47	77
एस.डी.जी. 13: जलवायु परिवर्तन	69	61	63	44	62
एस.डी.जी. 15: भूमि पर जीवन	77	63	69	59	68
एस.डी.जी. 16: शांति, मजबूत न्याय के लिए संस्था	80	71	77	63	73

***एस.डी.जी. 14** – केवल तटीय राज्यों के लिए

हिमाचल प्रदेश ने सतत विकास लक्ष्य एस.डी.जी.–2 पर सबसे कम स्कोर किया है जो भूख और कुपोषण से संबंधित है। लक्ष्य संख्या 2 में सात संकेतक हैं और सात संकेतकों में हिमाचल प्रदेश में पांच वर्ष से कम वजन वाले बच्चों के प्रतिशत, पांच साल से कम उम्र के बच्चों का प्रतिशत जो अविकसित हैं, 15–49 वर्ष की आयु की महिलाओं का प्रतिशत जो एनीमिक हैं और 10–19 वर्ष की आयु के किशोरों का प्रतिशत जो एनीमिक हैं का कम स्कोर है।

योजना विभाग राज्य में, सतत विकास लक्ष्य ढांचे के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग है और सतत विकास लक्ष्य को लागू और निगरानी करने के लिए "दृष्टि हिमाचल प्रदेश–2030 सतत विकास लक्ष्यों" नामक राज्य दृष्टि प्रलेख प्रकाशित किया है। निर्धारित किए गए 17 संकेतकों के प्रगति की निगरानी की जा रही है और हर तीन साल में इसे अद्यतन किया जा रहा है। इस प्रलेख में 2022 तक प्राप्त किए जाने वाले संकेतकों की पहचान की है। कोविड महामारी के कारण, 2020 सामाजिक दूरियों वाला वर्ष था, लेकिन फिर भी योजना विभाग ने एस.डी.जी. पर सम्बन्धित विभागों के लिए एक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा प्रायोजित, जो कि 23 से 27 नवंबर 2020 तक राज्य के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान (हिपा) में किया गया।

राज्य ने सतत विकास लक्ष्यों पर प्रगति की निगरानी के लिए 138 प्रमुख संकेतकों और लक्ष्यों को चयनित किया है, जिनमें से 12 को हासिल किया गया है, 39 को 2022 तक हासिल किया जाना है और 2030 तक 87 को प्राप्त करने की योजना है। संकेतकों पर प्रगति की निगरानी के लिए सरकार डैशबोर्ड के विकास पर भी विचार कर रही है। इन संकेतकों को सम्बन्धित विभागों के परामर्श से अंतिम रूप दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नोडल विभाग घोषित किए गए हैं जिनका निम्नानुसार सारणी 4.4 में वर्णन किया गया है।

सारणी 4.4: एस.डी.जी. और नोडल विभाग

सतत विकास लक्ष्य	लक्ष्य	नोडल विभाग
लक्ष्य 1	गरीबी की पूर्णतः समाप्ति	ग्रामीण विकास
लक्ष्य 2	भूखमरी का अन्त	कृषि
लक्ष्य 3	अच्छा स्वास्थ्य और जीवन स्तर	स्वास्थ्य
लक्ष्य 4	गुणवत्तापूर्ण शिक्षा	शिक्षा
लक्ष्य 5	लैंगिक समानता	सामाजिक न्याय और अधिकारिता
लक्ष्य 6	साफ पानी और स्वच्छता	जल शक्ति
लक्ष्य 7	वहनीय ओर स्वच्छ ऊर्जा	एम.पी.पी. और पावर
लक्ष्य 9	उद्योग, नवाचार ओर बुनियादी ढांचे का विकास	उधोग
लक्ष्य 11	सतत शहरी और सामुदायिक विकास	शहरी विकास
लक्ष्य 12 और 13	जिम्मेदारी के साथ उपभोग, उत्पादन और जलवायु परिवर्तन	पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी
लक्ष्य 15	वनों और जैव विविधता	वन
लक्ष्य 16	शांति और मज़बूत न्याय के लिए संस्थान	आावास
लक्ष्य 8 **और 10**	सभ्य कार्य और आर्थिक विकास असमानता में कमी	योजना

स्रोत: दृष्टि हिमाचल प्रदेश–2030, (एस.डी.जी.) योजना विभाग

4.2 सुशासन सूचकांक

सुशासन सूचकांक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शासन की स्थिति का आकलन करने के लिए एक व्यापक और कार्यान्वयन योग्य ढांचा है जो राज्यों / जिलों की रैंकिंग को सक्षम बनाता है। सुशासन सूचकांक का उद्देश्य एक ऐसा उपकरण तैयार करना है जिसे केंद्र शासित प्रदेशों सहित केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए विभिन्न हस्तक्षेपों के प्रभाव का आकलन करने के लिए राज्यों में समान रूप से उपयोग किया जा सकता है। सुशासन सूचकांक रूपरेखा के आधार पर, यह सूचकांक सुधार के लिए प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करते हुए राज्यों के बीच एक तुलनात्मक अध्ययन प्रदान करता है। सुशासन सूचकांक 2019 में 10 शासन सेक्टर और 50 शासन संकेतक शामिल थे। सुशासन सूचकांक 2020–21 के लिए वही 10 शासन क्षेत्र निर्धारित रखे गए हैं जबकि संकेतकों को संशोधित कर 58 कर दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 25 दिसंबर 2021 को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा तैयार सुशासन सूचकांक 2021 जारी किया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के शुभ अवसर को चिह्नित करता है। सुशासन आर्थिक परिवर्तन का प्रमुख घटक है और वर्तमान सरकार के न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन पर ध्यान देने के साथ, सुशासन सूचकांक और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

इसके अतिरिक्त, सुशासन सूचकांक 2020–21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत करता है, अर्थात,

(I) अन्य राज्य – समूह ए;
(II) अन्य राज्य – ग्रुप बी;
(III) उत्तर–पूर्व और पहाड़ी राज्य; और
(IV) केंद्र शासित प्रदेश।

सारणी 4.5: क्षेत्रों में शीर्ष रैंकिंग वाले राज्य और साथ ही सुशासन सूचकांक 2020–21 के संकेतक

सेक्टर	ग्रुप ए	ग्रुप ब	उत्तर पूर्व एवं पहाड़ी राज्य	केंद्र शासित प्रदेश
1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	मध्य प्रदेश	मिजोरम	दादरा और नगर हवेली
2. वाणिज्य और उद्योग	तेलंगाना	उत्तर प्रदेश	जम्मू और कश्मीर	दमन और दीव
3. मानव संसाधन विकास	पंजाब	ओडिशा	**हिमाचल प्रदेश**	चंडीगढ़
4. जन स्वास्थ्य	केरल	पश्चिम बंगाल	मिजोरम	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह
5. सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और उपयोगिता क्षेत्र	गोवा	बिहार	**हिमाचल प्रदेश**	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह
6. आर्थिक शासन	गुजरात	ओडिशा	त्रिपुरा	दिल्ली

7 समाज कल्याण और विकास	तेलंगाना	छत्तीसगढ़	सिक्किम	दादरा और नगर हवेली
8. न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा	तमिलनाडु	राजस्थान	नागालैंड	चंडीगढ़
9. पर्यावरण	केरल	राजस्थान	मणिपुर	दमन और दीव
10. नागरिक केंद्रित शासन	हरियाणा	राजस्थान	उत्तराखंड	दिल्ली
समग्र रैंकिंग	**गुजरात**	**मध्य प्रदेश**	**हिमाचल प्रदेश**	**दिल्ली**

स्रोतः सुशासन सूचकांक –2020–21, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार।

हिमाचल प्रदेश को पहाड़ी राज्यों में मानव संसाधन विकास और सार्वजनिक आधारभूत ढांचे के मामले में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता का मूल्यांकन किया गया है।

सारणी 4.6: विभिन्न क्षेत्रों और संकेतकों पर सुशासन सूचकांक 2020–21 में हिमाचल की स्थिति

सेक्टर	सेक्टर स्कोर और स्थिति
1 कृषि और संबद्ध क्षेत्र	0.371 (8वां स्थान)
2 वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र	0.669 (दूसरा स्थान)
3 मानव संसाधन विकास क्षेत्र	0.649 (पहला स्थान)
4 सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र	0.693 (छठा स्थान)
5 सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और उपयोगिता क्षेत्र	0.822 (पहला स्थान)
6 आर्थिक शासन क्षेत्र	0.291 (6वां स्थान)
7 सामाजिक कल्याण और विकास क्षेत्र	0.580 (दूसरा (स्थिति)
8 न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्र	0.428 (तीसरा स्थान)
9 पर्यावरण क्षेत्र	0.312 (तीसरा स्थान)
10 नागरिक केंद्रित शासन क्षेत्र	0.480 (चौथा स्थान)
उत्तर पूर्व और पहाड़ी राज्यों में हिमाचल प्रदेश का समग्र रैंकिंग स्कोर	**5.084 (प्रथम स्थान)**

स्रोतः सुशासन सूचकांक –2020–21, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार।

सुशासन सूचकांक 2020–21 पर हिमाचल की स्थिति दर्शाती है कि राज्य ने सार्वजनिक आधारभूत ढांचे और उपयोगिताओं और सामाजिक कल्याण और विकास में सुधार किया है और पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य में पहले स्थान पर है जिसे तालिका 4.6 में दर्शाया गया है, जिसमें यह भी दिखाया गया है कि मानव संसाधन विकास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और उपयोगिताओं के मामलों में हिमाचल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र हैं। जबकि, कृषि और संबद्ध क्षेत्र में राज्य को 8वां स्थान प्राप्त हुआ है जो चिंता का विषय है।

4.3 जिला सुशासन सूचकांक (डी.जी.जी.आई.)

सुशासन आर्थिक परिवर्तन का प्रमुख घटक है और वर्तमान सरकार के न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन पर ध्यान देने के साथ सूचकांक अधिक महत्व रखता है।

जिला सुशासन सूचकांक का विचार तब उत्पन्न हुआ जब हिमाचल प्रदेश को पब्लिक अफेयर सेंटर (पी.ए.सी.), बेंगलुरु द्वारा जारी पब्लिक एफेयर इंडेक्स (पी.ए.आई.) पर 2016, 2017, 2018 और 2019 में लगातार 12 छोटे राज्यों में पहला स्थान प्रदान किया।

हिमाचल प्रदेश में जिला सुशासन सूचकांक को वार्षिक संकलन करने के लिए 19 जनवरी, 2019 को हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया था कि यह सूचकांक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा संकलित किया जाएगा। तदनुसार, विभाग ने जिला सुशासन सूचकांक 2019 तैयार किया है। बजट 2020–21 में माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ने इस सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन करने व जिलों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावे के लिए शीर्ष तीन जिलों यानी प्रथम – 50 लाख, द्वितीय – 35 लाख और तृतीय – 25 लाख पुरस्कार राशि की घोषणा की थी। जिला सुशासन सूचकांक–2020 के आधार पर, शीर्ष तीन जिलों को वर्ष 2021 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सुशासन को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयास के एक अंश के रूप में जिला सुशासन सूचकांक (डी.जी.जी.आई.), 2020 को नीति निर्माण में अधिक समावेश के उद्देश्य से डी.जी.जी.आई. 2019 की तुलना में मापदंडों में कुछ प्रासंगिक परिवर्तनों के साथ विकसित किया गया है। जिलेवार रैंकिंग से जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी जिससे नागरिकों को अत्यधिक लाभ होगा। डी.जी.जी.आई. 2019 में 7 थीम, 19 फोकस विषय और 45 शासन संकेतक शामिल हैं और डी.जी.जी.आई. 2020 के लिए समान 7 थीम, और 19 फोकस विषय और 75 संकेतक संशोधित किए गए हैं। विभिन्न जिलों की तुलनात्मक स्थिति नीचे सारणी 4.7 में प्रस्तुत की गई है।

सारणी 4.7: सुशासन सूचकांक के आधार पर सभी जिलों का तुलनात्मक प्रदर्शन

जिले	डी.जी.जी.आई. (2020)		डी.जी.जी.आई. (2019)	
	स्कोर	रैंक	स्कोर	रैंक
हमीरपुर	0.674	1	0.645	3
बिलासपुर	0.634	2	0.758	1
कुल्लू	0.617	3	0.621	6
मंडी	0.613	4	0.702	2
शिमला	0.608	5	0.568	10
ऊना	0.604	6	0.633	4
कांगड़ा	0.598	7	0.612	7
सोलन	0.561	8	0.573	9
सिरमौर	0.558	9	0.575	8
किन्नौर	0.543	10	0.625	5
चंबा	0.529	11	0.559	11
लाहुल–स्पीति	0.471	12	0.555	12

स्रोतः जिला सुशासन सूचकांक 2019 और 2020, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

सारणी 4.7 दर्शाती है कि जिला हमीरपुर ने अपनी स्थिति में 3 से 1 रैंक का सुधार किया और जिला कुल्लू ने 2020 में अपनी स्थिति में सुधार किया जिला कुल्लू 2019 में प्राप्त छठे स्थान की तुलना में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिला मंडी दूसरे से चौथे स्थान पर और बिलासपुर पहले स्थान से फिसलकर दूसरे स्थान पर आ गया है। शिमला जिला, पिछले वर्ष में 10वें के मुकाबले 2020 में 05 वें स्थान पर आ गया है। सारणी 4.8 प्रत्येक विषय के लिए जिलों का व्यक्तिगत स्कोर प्रस्तुत करती है। मानव विकास सूचकांक और सामाजिक सुरक्षा सूचकांक में हमीरपुर की स्थिति बेहतर है।

सारणी 4.8: प्रत्येक विषय के लिए जिले का व्यक्तिगत स्कोर

जिला	आवश्यक आधारभूत संरचना सूचकांक	मानव विकास सूचकांक के लिए समर्थन	सामाजिक सुरक्षा सूचकांक	महिला और बच्चे सूचकांक	अपराध, कानून और व्यवस्था सूचकांक	पर्यावरण सूचकांक	पारदर्शिता और जवाबदेही	समग्र स्कोर	रैंक
हमीरपुर	0.691 (2)	0.685 (2)	0.769 (2)	0.631 (5)	0.676 (5)	0.762 (3)	0.501 (4)	0.674	1
बिलासपुर	0.681 (3)	0.706 (1)	0.568 (7)	0.702 (2)	0.441 (11)	0.873 (1)	0.471 (6)	0.634	2
कुल्लू	0.625 (5)	0.629 (5)	0.519 (9)	0.595 (6)	0.895 (1)	0.516 (11)	0.536 (3)	0.617	3
मंडी	0.566 (9)	0.664 (3)	0.630 (4)	0.469 (11)	0.611 (9)	0.716 (5)	0.634 (1)	0.613	4
शिमला	0.580 (7)	0.649 (4)	0.623 (5)	0.679 (3)	0.623 (7)	0.623 (10)	0.480 (5)	0.608	5
ऊना	0.771 (1)	0.542 (8)	0.459 (10)	0.585 (7)	0.804 (2)	0.731 (4)	0.335 (9)	0.604	6
कांगड़ा	0.676 (4)	0.545 (7)	0.521 (8)	0.461 (12)	0.758 (3)	0.648 (8)	0.576 (2)	0.598	7
सोलन	0.575 (8)	0.612 (6)	0.364 (12)	0.709 (1)	0.613 (8)	0.709 (6)	0.342 (8)	0.561	8
सिरमौर	0.402 (12)	0.508 (10)	0.787 (1)	0.534 (8)	0.585 (10)	0.652 (7)	0.436 (7)	0.558	9
किन्नौर	0.603 (6)	0.515 (9)	0.692 (3)	0.672 (4)	0.170 (12)	0.830 (2)	0.319 (10)	0.543	10
चंबा	0.480 (10)	0.473 (12)	0.622 (6)	0.511 (10)	0.671 (6)	0.638 (9)	0.310 (11)	0.529	11
लाहुल–स्पीति	0.419 (11)	0.486 (11)	0.458 (11)	0.517 (9)	0.752 (4)	0.377 (12)	0.287 (12)	0.471	12
हिमाचल प्रदेश	**0.589**	**0.584**	**0.584**	**0.589**	**0.633**	**0.673**	**0.436**	**0.584**	

स्रोतः जिला सुशासन सूचकांक 2020, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

4.4 राज्य के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम.पी.आई.) की स्थिति

एम.पी.आई. को सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) 1 को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जिसमें कहा गया है कि "हर जगह गरीबी को सभी रूपों में समाप्त करें"। एम. पी.आई. का उपयोग संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) द्वारा 2010 से अपने प्रमुख मानव विकास रिपोर्ट में किया गया है और यह दुनिया में सबसे व्यापक रूप से नियोजित गैर–मौद्रिक गरीबी सूचकांक है। यह संबंधित बारह संकेतकों पर स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में अतिव्यापी अभाव को दर्शाता है: 1) पोषण, 2) बाल किशोर और मृत्यु दर, 3) प्रसवपूर्व देखभाल 4) स्कूली शिक्षा के वर्ष, 5) स्कूल में उपस्थिति, 6) खाना पकाने का ईंधन, 7) स्वच्छता, 8) पेयजल, 9) बिजली, 10) आवास, 11) संपत्ति और 12) बैंक खाता। यह आय गरीबी माप का पूरक है क्योंकि यह सीधे वंचितों को मापता और तुलना करता है।

एम.पी.आई. = एच * ए

यहाँ एच = हेड काउंट, का अर्थ है उन लोगों का प्रतिशत जो बहुआयामी रूप से गरीब हैं और ए = भारित वंचितों का प्रतिशत है, यानी औसत बहुआयामी गरीब व्यक्ति जो की इससे पीड़ित है।

एम.पी.आई. 2021 पर नीति आयोग की रिपोर्ट के आधार पर हिमाचल प्रदेश और भारत के बहुआयामी गरीबी सूचकांक में उपलब्धियों का तुलनात्मक अवलोकन नीचे सारणी 4.9 में दिया गया है।

सारणी 4.9: भारत में एम.पी.आई. के साथ हिमाचल प्रदेश में एम.पी.आई. की तुलनात्मक स्थिति

	शीर्ष गणना अनुपात	तीव्रता	एमपीआई (एच*ए)
भारत	25.01	47.13	0.118
ग्रामीण	32.75	47.38	0.155
शहरी	8.81	45.25	0.04
हिमाचल	7.62	39.43	0.03
ग्रामीण	8.24	39.28	0.032
शहरी	1.46	48.24	0.007

स्रोतः राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, नीति आयोग, भारत सरकार।

एम.पी.आई. की संगणना दो चरण शामिल हैं (i) पहचान और (ii) एकत्रीकरण। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पहचान एक महत्वपूर्ण कदम है जो एक विशेष राष्ट्र/राज्य की मौजूदा सामाजिक–आर्थिक स्थितियों के आधार पर एक देश से दूसरे देश में और एक

राज्य से दूसरे राज्य में एम.पी.आई. की संगणना से भिन्न हो सकता है। संकेतकों की पहचान एम.पी.आई. का मूल है जो किसी राष्ट्र/राज्य में तीव्रता और अभाव की तस्वीर को दर्शाता है।

हिमाचल प्रदेश के दो जिलों, चंबा और सिरमौर ने राष्ट्रीय एम.पी.आई. में सभी जिलों में सब से कम और दूसरा सब से निचला स्थान हासिल किया है। इन जिलों में पोषण, मातृ स्वास्थ्य और खाना पकाने का ईंधन आदि संकेतकों में सबसे अधिक अभाव था। सिरमौर और चंबा में पोषण के लिए 9.51 प्रतिशत और 9.69 प्रतिशत हेड काउंट अनुपात है जो राज्य के सभी जिलों में सबसे अधिक है। इसी तरह इन दो जिलों में खाना पकाने के ईंधन की सबसे अधिक कमी है, जहां चंबा के लिए शीर्ष संख्या 10.96 है, जबकि सिरमौर में 10.58 प्रतिशत है। आवास के मामले में भी चंबा के लिए हेड काउंट 7.95 प्रतिशत और 6.99 प्रतिशत है जो राज्य के अन्य सभी जिलों में सबसे अधिक है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण विषय जहां ये दोनों जिले अन्य जिलों की तुलना में कम प्रदर्शन करते हैं। जहां चंबा का हेड काउंट अनुपात 9.63 प्रतिशत और सिरमौर में 6.92 प्रतिशत है। मातृ स्वास्थ्य की स्थिति सोलन और मंडी के लिए भी चिंताजनक है जहां हेड काउंट अनुपात 7.1 प्रतिशत और 6.68 प्रतिशत है।

अंत में यह देखा जा सकता है कि जहां चंबा और सिरमौर को एम.पी.आई. के मामले में शासन स्थिति भी, वहीं इन दो जिलों को डी.जी.जी.आई. के मामले में भी निम्न रैंकिंग के रूप में देखा गया है, जहां चंबा 11वें और सिरमौर 9वें स्थान पर है। डी.जी.जी.आई. में सुधार एम.पी.आई. में भी प्रदर्शित है।

संस्थागत एवम् बैंक वित्त

05
अध्याय

5.1 परिचय

प्रदेश में तीन बैंकों को लीड बैंक की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें पंजाब नैशनल बैंक को जिला हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, मण्डी तथा ऊना में, यूको बैंक को जिला बिलासपुर, शिमला, सोलन तथा सिरमौर में तथा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को जिला चम्बा तथा लाहौल–स्पिति में यह कार्य आबंटित किया गया है। यूको बैंक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एस.एल.बी.सी.) का संयोजक बैंक हैं। राज्य में कुल 2,244 बैंक शाखाओं का नेटवर्क है और 76 प्रतिशत से अधिक शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रही है। अक्तूबर, 2020 से सितम्बर, 2021 तक 13 नई बैंक शाखाएं खोली गई हैं। वर्तमान में 1,715 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में, 414 शाखाएं अर्ध शहरी क्षेत्रों में तथा 115 शिमला में स्थित हैं, जो राज्य में केवल एक ही शहरी क्षेत्र है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्गीकृत किया है।

जनगणना, 2011 के अनुसार प्रति शाखा औसत जनसंख्या 3,059 है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 11,000 है। सितम्बर, 2021 तक राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पी.एस.बी.) की कुल 1,165 शाखाएं हैं जो कि राज्य में बैंकिंग क्षेत्र का कुल शाखा नेटवर्क का 51 प्रतिशत है। पंजाब नैशनल बैंक (PNB) का सबसे बड़ा नेटवर्क 350 शाखाओं का है। उसके बाद स्टेट बैंक आफ इंडिया (SBI) की 329 शाखाएं हैं, यूको बैंक की 173 शाखाएं हैं। निजी क्षेत्रों के बैंकों का 188 शाखाओं का नेटवर्क हैं जिसमें सबसे अधिक उपस्थिति एच.डी.एफ.सी. की 75 शाखाओं के साथ है उसके उपरान्त आई.सी.आई.सी.आई. बैंक है जिसकी 32 शाखाएं हैं। राज्य में 4 लघु वित्तीय बैंक कार्य कर रहे हैं और इनका नेटवर्क 16 शाखाओं का है। राज्य में 2 पेमेंट बैंक, भारतीय डाक पेमेंट बैंक तथा FINO पेमेंट बैंक कार्यरत है जिनका 13 शाखाओं का नेटवर्क है।

एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आर.आर.बी.) अर्थात् हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (एच.पी.जी.बी.) को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रायोजित किया गया है जिसका सितम्बर, 2021 तक कुल 265 शाखाओं का शाखा नेटवर्क है। इसके अतिरिक्त सहकारी बैंकों का कुल 571 शाखाओं का नेटवर्क है। राज्य एपैक्स सहकारी बैंक जो कि हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक (एच.पी.एस.सी.बी.) है, का 241 शाखाओं का नेटवर्क है तथा कांगड़ा केन्द्रीय सैन्ट्रल बैंक (के.सी.सी.बी.) की 217 शाखाएं हैं। राज्य में 5 शहरी सहकारी बैंक भी 26 शाखाओं के साथ कार्य कर रहे हैं। जिला–वार बैंक शाखाओं के प्रसार के संदर्भ में कांगड़ा जिले में सबसे अधिक 423 बैंक शाखाएं तथा लाहौल स्पिति में सबसे कम 23 बैंक शाखाएं हैं। विभिन्न बैंकों द्वारा अपनी बैंक सेवाओं को आगे बढ़ाते हुए 2,049 ए.टी.एम. स्थापित किए गए हैं।

बैंकों द्वारा दूर दराज के क्षेत्रों में जहां ढांचा आधारित शाखाएं आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं हैं बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु व्यापार संवाददाता प्रतिनिधि (जिन्हें बैंक

मित्र के रूप में जाना जाता है) को तैनात किया है। वर्तमान में गांवों में मूलभूत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा 5,969 बैंक मित्र तैनात किए गए हैं। राज्य में समकक्ष बैंकों के रूप में पी.एन.बी. बैंक, एस.बी.आई. बैंक, यूको बैंक, कैनरा बैंक, सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक के पूर्ण विकसित नियंत्रण कार्यालय (अर्थात क्षेत्रीय कार्यालय /अंचल कार्यालय/सर्कल कार्यालय) हैं। भारतीय रिजर्व बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में तथा नाबार्ड का भी क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में शिमला में स्थित है।

राज्य के सामाजिक–आर्थिक विकास के पहिये को बढ़ाने के लिए बैंक भागीदार के रूप में ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं। ऋण का प्रवाह सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बढ़ाया गया है। सितम्बर, 2021 तक राज्य के बैंकों ने आर.बी.आई. द्वारा तय सात में से छः राष्ट्रीय मानकों को प्राप्त किया है जिस में प्राथमिक क्षेत्र में कृषि क्षेत्र,लघु तथा सीमान्त किसान, लघु उद्योग, कमजोर वर्ग तथा महिलाओं को ऋण उपलब्ध करवाया है। वर्तमान में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधियों के लिए कुल ऋण का 59.86 प्रतिशत ऋण दिया गया है।

बैंकों द्वारा दिए गए कुल ऋण में से सितम्बर, 2021 तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 18 प्रतिशत के राष्ट्रीय मानकों की तुलना में 19.47 प्रतिशत कृषि अग्रिम राशि प्रदान की है। बैंको द्वारा कुल ऋण में कमजोर वर्गों तथा महिलाओं का क्रमशः 17.75 प्रतिशत तथा 10.48 प्रतिशत अग्रिम राशि का भाग है जोकि राष्ट्रीय मानकों के अनुसार क्रमशः 10 प्रतिशत तथा 5 प्रतिशत होनी चाहिए। राज्य में बैंकों का ऋण जमा अनुपात 38.28 प्रतिशत पर स्थिर रहा। राष्ट्रीय मानकों की स्थिति नीचे सारणी 5.1 में दर्शाई गई है।

सारणी 5.1 : हिमाचल प्रदेश में बैंकों के व्यावसायिक राष्ट्रीय मानकों की स्थिति

क.सं.	क्षेत्र	अग्रिम प्रतिशत 30.9.2020	अग्रिम प्रतिशत 30.9.2021	राष्ट्रीय मानक प्रतिशत
1.	प्राथमिकता के क्षेत्र में अग्रिम	56.14	59.86	40
2.	कृषि अग्रिम	17.06	19.47	18
3.	लघु तथा सीमांत कृषकों को अग्रिम	12.10	14.89	8
4.	लघु उद्योगों को अग्रिम	10.78	12.49	7.5
5.	कमजोर वर्ग के लिए ऋण	36.09	17.75	10
6.	महिला ऋण	10.77	10.48	5
7.	जमा एवं अग्रिम अनुपात (थरोट)	42.33	38.28	60
8	डी.आर.आई. योजना के तहत अग्रिम	0.01	0.03	1
9	एम.एस.एम.ई. अग्रिम (पी.एस.सी.)	41.73	45.80	–
10.	अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ऋण (पी.एस.सी.)	7.95	5.98	–
11.	अल्पसंख्यक अग्रिम (पी.एस.सी.)	2.06	2.83	–

स्रोतः राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, हिमाचल प्रदेश

5.2 वित्तीय समावेशन पहल

वित्तीय समावेश समाज के निम्न वर्गों और कम आय वाले समूहों के लिए सस्ती दर पर वित्तीय सेवाओं और उत्पादों के वितरण को दर्शाता है। भारत सरकार द्वारा देश भर में वित्तीय समावेश, व्यापक अभियान के अन्तर्गत "प्रधानमन्त्री जन–धन योजना" का शुभारंभ करके हिमाचल प्रदेश में औपचारिक बैंकिंग प्रणाली वंचित वर्ग के लिए की गई। इस अभियान ने सात वर्ष पूरे कर लिए है और इसके अन्तर्गत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं, छोटे और सीमांत किसानों और मज़दूरों सहित समाज के कमज़ोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कई पहलें की जा रही हैं।

5.3 प्रधानमन्त्री जन–धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.):

बैंकों द्वारा राज्य में प्रत्येक घर में कम से कम एक बुनियादी बचत जमा (बी.एस.बी.डी.ए.) खाते के साथ समस्त परिवारों को सम्मिलित किया गया है। बैंकों द्वारा इस योजना के अन्तर्गत कुल 17.53 लाख खाते सितम्बर, 2021 तक खोले गए है। इन खातों में से 15.34 लाख बुनियादी बचत जमा खाते ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 2.19 लाख शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। राज्य में बैंकों द्वारा पी.एम.जे.डी.वाई. खाताधारकों को 11.73 लाख रूपे (RuPay) डेबिट कार्ड जारी किए गए, जिससे पी.एम.जे.डी.वाई. के अन्तर्गत खोले गए खातों को 66 प्रतिशत तक शामिल कर लिया गया है। सितम्बर, 2021 तक बैंकों द्वारा 83 प्रतिशत पी.एम.जे.डी.वाई. खातों को आधार संख्या तथा मोबाइल नंबर के साथ जोड़ने की पहल की है।

5.4 प्रधानमन्त्री जन–धन योजना के अन्तर्गत सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा पहलः

प्रधानमन्त्री जन–धन योजना के कार्यान्वयन के द्वितीय चरण के अन्तर्गत भारत सरकार ने गरीबों तथा दलित वर्गों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा पहल के रूप में तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को शुरू किया है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित हैः–

i) प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.)

इस योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से 70 वर्ष के आयु के सभी बचत बैंक खाताधारकों को प्रति वर्ष ₹12.00 के प्रीमियम से प्रति ग्राहक को एक वर्ष के नवीनीकरण पर आकस्मिक मृत्यु सह दिव्यांगता के लिए ₹2.00 लाख (आंशिक स्थायी दिव्यांगता के लिए ₹1.00 लाख) प्रदान किए जाते हैं तथा हर वर्ष 1 जून को नवीनीकरण किया जाता है। प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत सितम्बर, 2021 तक बैंकों ने 15.72 लाख ग्राहकों को जोड़ा है। विभिन्न बीमा कम्पनियों द्वारा इस योजना के अन्तर्गत 30 नवम्बर, 2021 तक 909 बीमा दावों का निपटारा किया गया है।

ii) प्रधान मन्त्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई)

इस योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष के आयु के सभी बचत बैंक खाताधारकों को बैंक प्रति वर्ष ₹330.00 के प्रीमियम से प्रति ग्राहक को एक वर्ष के नवीनीकरण पर किसी भी कारण से हुई मृत्यु पर ₹2.00 लाख प्रदान किए जाते हैं तथा हर वर्ष 1 जून को नवीनीकरण होता है। सितम्बर, 2021 तक बैंकों में 4.32 लाख ग्राहकों को प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.) के अन्तर्गत जोड़ा है। 30 नवम्बर, 2021 तक इस योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 1,902 बीमा दावों का बीमा कम्पनियों द्वारा निपटारा किया गया है।

iii) अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.)

अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र पर केंद्रित है तथा इस योजना के अन्तर्गत ग्राहकों को 60 वर्ष की आयु पर न्यूनतम पेंशन ₹1,000, ₹2,000, ₹3,000, ₹4,000 और ₹5,000 प्रति माह उपलब्ध करवाई जाती है, यदि ग्राहक ने 18 वर्ष से 40 वर्ष के दौरान अंशदान विकल्प के आधार पर चुना हो। इस प्रकार इस योजना के अन्तर्गत ग्राहक द्वारा 20 वर्ष या इससे अधिक की अवधि में अंशदान किया हो तो निर्धारित न्यूनतम पेंशन की गारंटी सरकार द्वारा दी जायेगी। अटल पेंशन योजना में राज्य सरकार भी योगदान करती है। इसके अंतर्गत पात्र खाताधारकों को सह–योगदान के रूप में ग्राहक द्वारा कुल योगदान का 50 प्रतिशत या ₹2,000 की राशि, जो भी कम हो। राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। राज्य सरकार मनरेगा श्रमिकों, मिड–डे मील कार्यकर्ताओं, कृषि एवं बागवानी श्रमिकों तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अटल पेंशन योजना के अन्तर्गत लाने हेतु ध्यान दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा जोरदार अभियानों, शिविरों, मीडिया प्रचार, प्रैस इत्यादि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) के अर्न्तगत बैंकों द्वारा आरंभ से सितम्बर, 2021 तक 2,02,666 ग्राहकों को नामांकित किया गया है। ए.पी.वाई. योजना के अन्तर्गत डाक एवं तार विभाग भी भाग ले रहा है।

5.5 प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना (पी.एम.एम.वाई.)

प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना हिमाचल प्रदेश सहित देश भर में चल रही है। छोटे सूक्ष्म उद्यमों में मुख्य रूप से विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं में गैर कृषि उद्यम शामिल हैं, जिनकी ऋण आवश्यकताएं ₹10.00 लाख से कम है और आय सृजन के लिए इन खण्डों को दिए सभी ऋणों को मुद्रा ऋण के रूप में जाना जाएगा। इस श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले सभी अग्रिम जो 08.04.2015 को या इसके बाद इस योजना के अधीन आए हो, को मुद्रा ऋण के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बैंकों द्वारा हिमाचल प्रदेश में सितम्बर, 2021 तक चालू वित्त वर्ष

2021–22 में इस योजना के अन्तर्गत 36,509 नए लघु उद्यमियों को ₹775.90 करोड़ के नए ऋण स्वीकृत किए गए हैं। सितम्बर, 2021 तक पी.एम.एम.वाई. के अन्तर्गत 1,72,048 उद्यमियों को ₹2,566.70 करोड़ के नए ऋण वितरित करते हुए बैंकों की संचयी स्थिति है।

5.6 स्टैण्ड अप इण्डिया योजना (एस.यू.आई.एस.)

स्टैण्ड अप इण्डिया योजना को देश भर में औपचारिक रूप से शुरू किया गया जिसका लक्ष्य समाज में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला प्रतिनिधित्वों द्वारा असेवित तथा कम सेवित क्षेत्रों मे उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस योजना के अन्तर्गत कम से कम एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति उधारकर्ता या कम से कम एक महिला उधारकर्ता को विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्र (इसे ग्रीन फील्ड उद्यम भी कहा जाता है) में एक नए उद्यम की स्थापना के लिए ₹10.00 लाख से लेकर ₹1.00 करोड़ के ऋण की बैंक द्वारा सुविधा दी जाती है। सितम्बर,2021 तक इस योजना के अर्न्तगत बैंकों द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को 1,445 नए उद्यमों को स्थापित करने के लिए ₹297.56 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

5.7 वित्तीय जागरूकता और साक्षरता अभियानः

वित्तीय साक्षरता और जागरूकता अभियान, लक्षित समूहों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैंक हिमाचल प्रदेश में वित्तीय साक्षरता केन्द्रों (एफ.एल.सी.) तथा अपनी बैंक शाखाओं के माध्यम से वित्तीय साक्षरता अभियान चला रहे है।

5.8 बैंकों की व्यवसायिक स्थितिः

राज्य के सभी बैंकों द्वारा कुल जमा राशि सितम्बर, 2020 से ₹1,39,352 करोड़ से बढ़कर ₹1,50,098 करोड़ सितम्बर, 2021 तक दर्ज की गई। बैंकों की जमा राशि में वर्ष दर वर्ष 7.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। कुल अग्रिम सितम्बर, 2020 में ₹56,308 करोड़ से बढ़ कर सितम्बर, 2021 तक ₹54,423 करोड़ हो गए जो वर्ष दर वर्ष ऋणात्मक वृद्धि (-)3.35 प्रतिशत दर्शाते हैं। कुल बैंकिंग कारोबार ₹2,04,511 करोड़ तक बढ़ गया तथा वर्ष दर वर्ष वृद्धि 4.52 प्रतिशत दर्ज की गई।

बैंकिग क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पी.एस.बी.) का सबसे अधिक 63 प्रतिशत भाग है, आर.आर.बी. का 5 प्रतिशत भाग है, निजी बैंक का 12 प्रतिशत तथा सहकारी बैंक का 20 प्रतिशत भाग है। तुलनात्मक आंकड़े नीचे सारणी 5.2 में दर्शाए गए है।

सारणी 5.2 : हिमाचल प्रदेश में बैंकों के तुलनात्मक आंकड़े

(₹ करोड़ में)

क.सं.	मद	30.09.2020	30.09.2021	सितम्बर, 2020 से सितम्बर, 2021 में परिवर्तन (वर्ष दर वर्ष)	
				सम्पूर्ण	प्रतिशत
1.	**जमा राशि पी.पी.डी.**				
	ग्रामीण	85300.62	90648.39	5347.77	6.27
	शहरी/अर्ध शहरी	54051.68	59439.96	5388.28	9.97
	कुल	**139352.30**	**150088.35**	**10736.10**	**7.70**
2.	**अग्रिम (ओ/एस)**				
	ग्रामीण	31358.65	28196.62	(-)3162	(-)10.08
	शहरी/अर्ध शहरी	24949.06	26226.32	1277.26	5.12
	कुल	**56307.71**	**54422.94**	**(-)1884.80**	**(-)3.35**
3.	**कुल बैंकिंग व्यापार (जमा+अग्रिम)**	**195660.01**	**204511.29**	**8851.28**	**4.52**
4.	जमा उधार अनुपात थरोट कमेटी के आधार पर	42.33	38.28	(-)4.05	(-)9.57
5.	**प्राथमिक क्षेत्रों में अग्रिम (ओ/एस) जिनमें से:**	**31613.47**	**29749.13**	**(-)1863.30**	**(-)5.89**
	i) **कृषि**	9603.96	9627.44	23.48	0.24
	ii) **एम.एस.एम.ई.**	13192.82	13656.09	462.27	3.51
	iii) **ओ.पी.एस.**	8815.69	6465.60	(-)2350.10	(-)26.66
6.	कमजोर वर्ग को अग्रिम	20322.94	8840.66	(-)11482	(-)56.50
7.	डी.आर.आई.अग्रिम	3.23	17.09	13.86	429.10
8.	गैर प्राथमिक क्षेत्रों में अग्रिम	24695.24	19996.25	(-)4699	(-)19.03
9.	शाखाओं की संख्या	2195	2244	49	2.23
10.	महिलाओं के लिए अग्रिम	6062.55	5221.49	(-)841.06	(-)13.87
11.	अल्प–संख्यकों को ऋण	649.94	842.42	192.48	29.62
12.	अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों को अग्रिम	2513.44	1782.40	(-)731.04	(-)29.09

स्रोतः राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, हिमाचल प्रदेश

5.9 वार्षिक जमा योजना के अन्तर्गत प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए बैंकों ने नाबार्ड की सहायता से, क्षमता के आधार पर विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्र की गतिविधियों के लिए वार्षिक जमा योजना तैयार कर नए ऋण अदा किए हैं। वार्षिक जमा योजना 2021–22 के अधीन पिछली योजना के वित्तीय परिव्यय में 10.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा ₹30,538 करोड़ परिव्यय का लक्ष्य तय किया गया। सितम्बर, 2021 तक बैंकों ने वार्षिक जमा योजना के अन्तर्गत ₹14,115.30 करोड़ के नए ऋण वितरित किए तथा 46.25 प्रतिशत की वार्षिक प्रतिबद्धता हासिल की। क्षेत्रवार लक्ष्य तथा उपलब्धि 30.09.2021 तक सारणी 5.3 में दर्शाई गई है।

सारणी 5.3: सितम्बर, 2021 तक की स्थिति पर एक दृष्टि

(₹ करोड़ में)

क.सं.	क्षेत्र	वार्षिक लक्ष्य 2021–22	लक्ष्य सितम्बर, 2021	उपलब्धि सितम्बर, 2021	प्रतिशत उपलब्धि सितम्बर, 2021
1.	कृषि प्रत्यक्ष	12253.73	6126.87	3874.74	63.24
2.	एम.एस.एम.ई.	9522.44	4771.22	4803.85	100.68
3.	शिक्षा	480.74	240.37	37.74	15.70
4.	आवास	1787.43	893.72	451.87	50.56
5.	अन्य प्राथमिक क्षेत्र	1916.99	958.50	265.61	27.71
6.	**कुल प्राथमिक क्षेत्र (1 से 5)**	**25961.33**	**12990.68**	**9433.81**	72.62
7.	कुल गैर प्राथमिक क्षेत्र	4556.87	2278.44	4681.49	205.47
	कुल योग(6+7):	30518.20	15269.12	14115.30	92.44

स्रोत: राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, हिमाचल प्रदेश

5.10 सरकारी प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन:

i) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एन.आर.एल.एम.)

ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम को संचालित किया है जिसमें कि गरीबी कम करने के लिए मजबूत संस्थानों का निर्माण, महिलाओं को समर्थ करना, नई वित्तीय सेवाओं और आजीविका सेवाओं तक पहुंच पाना है। इस योजना को राज्य में हि.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित किया गया है। राज्य में इस योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा ₹110.00 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य को 8,000 लाभार्थियों में आबंटित करके अर्जित किया है। बैंकों ने एन.आर.एल.एम. योजना में 30 सितम्बर, 2021 तक ₹30.47 करोड़ के 1,683 ऋणों की स्वीकृति दी है।

ii) राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कार्यक्रम (एन.यू.एल.एम.)

भारत सरकार, आवास मन्त्रालय और शहरी गरीबी उन्मूलन (एम.ओ.एच.यू.पी.ए.) ने मौजूदा स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एस.जे.एस.आर.वाई.) को पुनर्गठित किया और राष्ट्रीय शहरी जीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) को शुरू किया। स्वयं रोजगार कार्यक्रम (एस.ई.पी.) एन.यू.एल.एम. के घटकों (4 घटक) में से एक है जो व्यक्तिगत और समूह उद्यमों तथा शहरी गरीबों के स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) की स्थापना के लिए ऋणों पर ब्याज अनुदान के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। एन.यू.एल.एम. हिमाचल प्रदेश में शहरी विकास विभाग के द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

बैंको ने सितम्बर, 2021 तक एन.यू.एल.एम. के अन्तर्गत ₹2.78 करोड़ के ऋण वितरित किए हैं।

iii) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.)

प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.)एक क्रेडिट लिंक्ड अनुदान कार्यक्रम है जोकि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मन्त्रालय द्वारा प्रशासित है। इस योजना के कार्यन्वयन के लिए खादी एवं ग्राम उद्योग कमीशन (के.वी.आई.सी.) राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख एजेंसी है। राज्य स्तर पर के.वी. आई.सी.,खादी एवं ग्रामीण बोर्ड (के.वी.आई.बी.) तथा जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से यह योजना कार्यान्वित की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में 1,451 नई इकाइयों के वित्तपोषण का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अन्तर्गत कार्यान्वयन शाखाओं ने ₹43.73 करोड़ का अतिरिक्त राशि के वितरण का लक्ष्य रखा है। 469 इकाइयों के लिए उद्यमियों को ₹12.50 करोड़ सितम्बर, 2021 तक की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है।

5.11 किसान क्रेडिट कार्ड(के.सी.सी.)

किसानों को बैंकिंग प्रणाली के अन्तर्गत् अल्पकालिक ऋण, फसलों की खेती तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए एक ही स्थान एवं समय पर पर्याप्त ऋण बैंकों की ग्रामीण शाखाओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से दिया जा रहा है। सितम्बर, 2021 तक बैंकों द्वारा 1,04,020 किसानों को ₹1,658.74 करोड़ की नई राशि के.सी.सी. के माध्यम से वितरित की गई है। सितम्बर, 2021 तक बैंकों द्वारा कुल 3,92,757 किसानों को के.सी.सी. योजना के अन्तर्गत ₹6,769.74 करोड़ की राशि से वित्तपोषित किया गया हैं।

5.12 ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस.ई.टी.आई.)

जिला स्तर पर ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देने, कौशल उन्नयन के लिए एवं उद्यमिता विकास हेतु बुनियादी ढाचे के लिए ग्रामीण विकास मन्त्रालय (एम.ओ.आर.डी.) की पहल पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस.ई.टी.आई.) चलाए जा रहे है। राज्य के 10 जिलों (लाहौल–स्पिति, किन्नौर छोड़कर) में अग्रणी बैंक, जिनमें यूको बैंक, पी.एन.बी. व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शामिल हैं, द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आर.एस.ई.टी.आई.) का गठन किया है। यह ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस.ई.टी.आई.) प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन (पी.एम.ई.जी.पी.) योजना व विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत गरीबी उन्मूलन तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आर.एस.ई.टी.आई.ने वर्ष 2021–22 में कुल 220 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य रखा है तथा चालू वित्त वर्ष में कुल 5,730 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

5.13 बैंक खातों के साथ आधार लिंकेज के लिए विशेष अभियान तथा सभी मौजूदा बैंक खातों में आधार का सत्यापनः

हिमाचल प्रदेश में विभिन्न बैंकों द्वारा आधार नामांकन और अद्यतन (अपडेट) के लिए 97 केन्द्रों को चिन्हित किया है।

5.14 राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण संरचना विकास, लघु ऋण, ऋण वितरण व्यवस्था में सुदृढ़ीकरण व विस्तृतीकरण करके एकीकृत ग्रामीण विकास प्रक्रिया में निरन्तर सहयोग दिया है, जैसे कि किसान उत्पादक संगठन, ग्रामीण खेत तथा गैर कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, पुर्नवित्त की सुविधा राज्य में ग्रामीण ऋण वितरण प्रणाली को मजबूत करना। नाबार्ड अपनी योजनाओं के अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण युक्त अनुदान योजनाओं को भी प्रभावी ढंग से कार्यान्वित कर रहा है।

5.14.1 ग्रामीण अधोसंरचना

ग्रामीण अधोसंरचना विकास (आर.आई.डी.एफ.) निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों व बुनियादी ढांचे का विकास किया जाता है, 1995–96 में इसकी शुरुआत से ही, राज्य सरकारों की साझेदारी में नाबार्ड एक प्रमुख सहयोगी के रूप में उभरा है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य सरकारों तथा राज्य के स्वामित्व वाले निगमों की चल रही योजनाओं को पूर्ण करने तथा कुछ चुने हुए क्षेत्रों में नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए रियायती ऋण दिए जाते हैं। वर्षों से, समय के साथ–साथ इस निधि के उपयोग से वित्तीय सहायता का क्षेत्र विस्तृत करके 39 उपर्युक्त गतिविधियां जिनमें कृषि तथा संबंधित क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र तथा ग्रामीण सम्पर्क सम्बन्धित आधारभूत गतिविधि को भी शामिल किया गया है।

इस निधि के अन्तर्गत् वर्ष 1995–96 में आर.आई.डी.एफ–I में ₹15.00 करोड़ का बजट प्रावधान था जो अब बढ़कर आर.आई.डी.एफ–XXVII में (वर्ष 2021–22) में ₹1000 करोड़ हो गया है। आर.आई.डी.एफ. ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे सिंचाई, सड़कें तथा पुल निर्माण, बाढ़ नियन्त्रण, पेयजल आपूर्ति, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन सेवाएं, जलागम विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी इत्यादि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल ही के वर्षों में, पॉली हाऊस के विकास के लिए अभिनव परियोजना–घरों और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों और सौर सिंचाई का समर्थन किया गया है, जो वाणिज्यिक पद्धतियों पर कृषि व्यवसाय और टिकाऊ खेती के विकास की सुविधा प्रदान करेगा। आर.आई.डी.एफ. निधि के अन्तर्गत राज्य को मार्च, 2021 तक परियोजनाओं को लागू करने के लिए ₹8,890 करोड़ की वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी जा चुकी है जिनमें मुख्यतः ग्रामीण सड़कें, पुल, सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, पशुपालन आदि की परियोजनाएं भी शामिल हैं। आर.आई.डी.एफ.–XXVII के तहत ₹965 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है और राज्य को चालू वित्त वर्ष के लिए दिसम्बर, 2021 तक ₹410 करोड़

का वितरण किया गया है। स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन/पूर्ण होने के बाद, 11,790 कि.मी. सड़क मोटर योग्य हो जाएगी, 25,743 मीटर पुलों का निर्माण किया जाएगा और 1,58,030 हेक्टैयर भूमि को सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्राथमिक स्कूलों में 2,921 कमरे, 64 विज्ञान प्रयोगशालाएं, 25 आई.टी. केन्द्रों और 397 पशु चिकित्सा अस्पतालों का निर्माण ही किया जाएगा।

5.14.2 भण्डारण अधोसंरचना निधि (डब्ल्यू.आई.एफ)

नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए राज्य सरकार को ₹4.18 करोड की राशि मंजूर की गई है। एक 500 मीट्रिक टन क्षमता वाली नियंत्रित तापमान की भण्डार योजना चुराह, चम्बा में एच.पी.एम.सी. द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। रोहड़ू, ओडडी तथा पतलीकूहल में ₹8.54 करोड में 3,480 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोर को सी.ए. स्टोर्स में आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए दिसम्बर, 2021 को मंजूरी दी गई है।

5.14.3 फूड प्रोसेसिंग फंड (एफ.पी.एफ)

नाबार्ड ने निर्दिष्ट खाद्य पार्कों, व्यक्तिगत भोजन/कृषि प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता के लिए 2014–15 में ₹2,000 करोड़ के साथ एक खाद्य प्रसंस्करण कोष (FPF) की स्थापना की है। मेसर्ज क्रेमिका मेगा फूड पार्क को राज्य में कुल परियोजना लागत ₹103.85 करोड़ में से ₹37.94 करोड़ की वित्तीय सहायता दी गई है। इस परियोजना के हब एंड स्पोक मॉडल से राज्य के किसानों को लाभ तथा रोज़गार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

5.14.4 पुर्नवित्त सहायता

नाबार्ड ने दीर्घ अवधि के लिए पुर्नवित्त सहायता हेतु विभिन्न कार्य–कलाप, जिनमें ग्रामीण आवास, लघु सड़क परिवहन आपरेटरों, भूमि विकास, लघु सिंचाई, डेयरी विकास, स्वंय सहायता समूह, कृषि यंत्रीकरण, मुर्गी पालन, वृक्षारोपण एवं बागवानी, भेड़/ बकरी/ सुअर पालन, पैकिंग ग्रेडिंग, घरेलू कार्यकलापों व अन्य शामिल क्षेत्रों के विभिन्न कार्यो के लिए वित्त वर्ष 2021–22 में ₹646.00 करोड़ प्रदान किए हैं। नाबार्ड ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंको ने भी दिसम्बर, 2021 को दीर्घकालिक पुनर्वित्त के तहत ₹219.19 करोड़ और वाणिज्यिक बैंकों को ₹ 69.44 करोड़ की राशि प्रदान की है। इसके अतिक्ति वाणिज्यिक बैंकों को ₹ 6.02 करोड़ पुनर्वित्त के रूप में प्रदान हैं।

नाबार्ड ने सहकारी बैंकों और आर.आर.बी. के प्रयासों को भी परिपूरक किया है, राज्य में फसल ऋण संवितरण के लिए लघु अवधि (एस.टी.) के लिए ₹1,960 करोड़ की ऋण सीमा को मंजूरी दी है जिसके अंतर्गत बैंकों की 2020–21 के दौरान ₹1,960 करोड़ की पुनर्वित्त सहायता आहरण की है। इसके अतिरिक्त चालू वर्ष में ₹1,060 करोड़ की राशि स्वीकृत की

गई, जिसमें से ₹960 करोड़ दिसम्बर, 2021 तक आहरित किए गए हैं। कोविड–19 के प्रभाव को कम करने के लिए, नाबार्ड ने सहकारी बैंकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों को ₹660 करोड़ की विशेष नकदी सुविधा प्रदान की है।

5.14.5 विशेष पुनर्वित्त योजनाएं

पोस्ट कोविड युग में कृषि ओर ग्रामीण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड ने 4 नई योजनाएं शुरु की।

क) पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों) का एम.एस.सी. (बहु सेवा केन्द्र) के रुप में परिवर्तन:

इस योजना का लक्ष्य आने वाले तीन वर्षों में संरचित तरीके से लगभग 35,000 पैक्स को देश भर में बहु सेवा केंद्रों (MSCS) में परिवर्तित करना है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य में 42 पैक्स को दिसम्बर, 2021 तक ₹11.15 करोड़ की राशि मंजूर की गई है।

ख) नाबार्ड वाटरशैड और वादी परियोजना क्षेत्रों में विशेष पुनर्वित योजना:

इस योजना का उद्देश्य अंतिम आर्थिक लाभार्थियों को सस्ता ऋण देने के लिए बैंकों को रियायती पुनर्वित्त सुविधा 3 प्रतिशत की दर से प्रदान करके, नाबार्ड वाटरशैड ओर वादी क्षेत्रों में स्थायी आर्थिक गतिविधियों, आजीविका ओर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

ग) सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए विशेष पुनर्वित्त योजना:

इस योजना का उद्देश्य प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना को बल देने के लिए एक विकल्प प्रदान करना है। नाबार्ड सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में पूंजी निर्माण में तेजी लाने के लिए सभी पात्र बैंकों/वित्तीय संस्थाओं को 4 प्रतिशत दर से रियायती दीर्घकालिक पुनर्वित्त उपलब्ध करवाएगा।

घ) जल स्वच्छता और स्वच्छ गतिविधियों के लिए योजनाबद्ध पुनर्वित्त:

इस योजना का उद्देश्य बैंकों/वित्तीय संस्थाओं की क्रेडिट आवश्यकता को पूरा करना है ताकि वे पात्र लाभार्थियों/उद्यमियों को समय पर ओर परेशानी मुक्त ऋण प्रदान कर सकें ताकि स्वच्छता (WASH) सम्बन्धित गतिविधियों को सुविधाजनक बनाया जा सके।

5.14.6 सरकारी प्रायोजित योजनाएं

क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अन्तर्गत् राज्य में ₹1.48 करोड़ की अनुदान वित्तीय वर्ष 2019–20 में, ₹2.36 करोड़ वर्ष 2020–21 में और वर्ष 2021–22 के लिए ₹25.85 लाख दिसम्बर, 2021 तक जारी की गई है।

ख) नई कृषि विपणन अवसंरचना योजना को मार्च, 2022 तक सावधि. ऋणों के लिए बढ़ा दिया गया है।

5.14.7 लघु ऋण

स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) कार्यक्रम का अब सारे प्रदेश में एक सशक्त आधार के साथ विस्तार हो गया है। इस कार्यक्रम को उच्च शिखर पर पहुंचाने में मानव संसाधनों और वित्तीय उत्पादों का विशेष योगदान रहा है। हिमाचल प्रदेश में 60,293 क्रेडिट लिंक्ड स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगभग 13,367 ग्रामीण परिवारों को 31 मार्च, 2021 तक ₹14,508.14 लाख का कुल ऋण दिया जा चुका है। केन्द्रीय बजट 2014–15 में संयुक्त कृषि समूहों के वित्तपोषण के लिए नाबार्ड द्वारा किए गए वित्तपोषण के प्रयासों से संयुक्त देयता समूह साधन से "भूमिहीन किसानों" तक वित्तीय सहायता पहुंचाने के लिए नवीन पहल हुई है। प्रदेश में 31 मार्च, 2021 तक 11,661 संयुक्त देयता समूहों को ₹16,485.65 लाख का कुल ऋण दिया जा चुका है। वर्ष 2020–21 के दौरान नाबार्ड ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यूको बैंक को प्रत्येक 3 वर्ष की अवधि में 1,000 संयुक्त दयता समूह के प्रचार ओर ऋण लिंकेज के लिए ₹40.00 लाख की मंजूरी दी है। इसके अलावा नाबार्ड बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए 2020–21 और 2021–22 के दौरान लघु अवधि के कौशल विकास प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करता है। 39 सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एम.ई.डी.पी.) को मंजूरी दी गई है और 1170 स्वयं सहायता समूह सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से या समूह में प्रशिक्षित किया गया है। एक अन्य आजीविका उद्यम विकास कार्यक्रम (एल.ई.डी.पी.) में वर्ष 2021–22 के दौरान 31.12.2021 तक 1470 स्वयं सहायता समूह सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।

5.14.8 कृषक उत्पादन संगठन का प्रचार

कृषक उत्पादक संगठन एक कानूनी संस्था (एफ.पी.ओ) है, जिसका गठन प्राथमिक उत्पादकों जैसे कि किसान, दुग्ध उत्पादकों तथा मछुआरों द्वारा किया जाता है। एफ.पी.ओ. एक निर्माता कंपनी, सहकारी समिति या कोई अन्य वैध रुप में हो सकती है, जो सदस्यों के बीच लाभ/सुविधाओं का बंटवारा करती है। एफ.पी.ओ. का मुख्य उद्देश्य स्वंय संगठित होकर उत्पादकों के लिए बेहतर आय सुनिश्चित करना है। हिमाचल प्रदेश राज्य में नाबार्ड ने सभी 12 जिलों में 107 एफ.पी.ओ. के गठन/प्रचार के लिए ₹10.89 करोड़ के अनुदान को स्वीकृत किया है। यह एफ.पी.ओ. संयुक्त रुप से सब्जियों, औषधियों और सुगंधित पौधों, दुग्ध और फूलों के उत्पादन, प्राथमिक प्रसंस्करण और विपणन का कार्य करेंगे। दिसम्बर, 2021 तक इन एफ.पी.ओ. के लिए ₹6.59 करोड़ की राशि जारी की गई है। ये एफपीओ राज्य भर के लगभग 15,000 किसानों को सुरक्षा देते हैं जिनकी सालाना बिक्री ₹27.00 करोड़ है। एक अन्य केंद्रीय क्षेत्र की योजना में नाबार्ड ''एक जिला एक उत्पाद'' की अवधारणा के साथ 10,000 एफ.पी.ओ. के गठन और संवर्धन के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होगा। राज्य में क्लस्टर आधारित व्यावसायिक संगठनों (सी.बी.बी.ओ.) के माध्यम से एफ.पी.ओ. को बढ़ावा और पोषित किया

जाएगा। नाबार्ड ने इस योजना के तहत कुल स्वीकृत अनुदान ₹2.88 करोड़ के साथ 16 एफ.पी.ओ. का गठन किया है।

5.14.9 वाटरशैड डेवलपमेंट

नाबार्ड ने राज्य के दस जिलों में 38 वाटरशैड विकास परियोजनाओं (वाटरशैड और स्प्रिंग शैड परियोजना) को मंजूरी दी है। मार्च, 2021 तक इन परियोजनाओं के अर्न्तगत 35,127 हेक्टेयर को सुरक्षित करते हुए 78,031 लाभार्थियों वाले 237 गावों को ₹17.99 करोड़ की राशि लाभान्वित करते हुए वितरित की गई है। इन परियोजनाओं के द्वारा पानी की उपलब्धता, पर्यावरण संरक्षण, उत्पादकता, किसानों की आय में वृद्धि, घटती हुई चरागाहों का संरक्षण और पशुपालन की सुविधा प्रदान होगी। शेष दो जिलों अर्थात् किन्नौर और लाहौल–स्पिति को अगले वित्तीय वर्ष में समाविष्ट किया जाएगा।

5.14.10 जनजातीय विकास निधि के माध्यम से जनजातीय लोगों का विकासः (टी.डी.एफ.)

नाबार्ड ने 12 जनजातीय विकास परियोजनाओं के अर्न्तगत् कुल ₹18.33 करोड की वित्तीय सहायता द्वारा दिसम्बर, 2021 तक 3,355 परिवारों को समाविष्ट किया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य चयनित गांवों में वादी (छोटे उद्यानों) और डेयरी इकाइयों की स्थापना करना है। इनके अर्न्तगत् 2,355 एकड़ भूमि में आम, किन्नू, नींबू, सेब, अखरोट, नाशपाती और जंगली खुबानी के पौधे लगाए गए हैं। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत छोटे उद्यानों और डेयरी के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को अपनी आय बढ़ाने के अवसर मिल रहे हैं।

5.14.11 कृषि क्षेत्र प्रोत्साहन कोष के माध्यम से सहायताः (एफ.एस.पी.एफ.)

एफ.एस.पी.एफ. के अन्तर्गत अब तक 16,087 किसानों को 31 परियोजनाओं द्वारा लाभान्वित करने के लिए ₹32.13 करोड़ की संचयी अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है। वर्ष 2021–22 के दौरान जिला कांगड़ा में बाजरा और पारम्परिक फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य

से ₹19.88 लाख की अनुदान सहायता से एक परियोजना को मंजूरी दी गई है। किसानों की आय के साथ–साथ उत्पादकता बढ़ाने वाली परियोजनाओं को निधि के तहत प्राथमिकता दी जाएगी।

5.14.12 नाबार्ड (NABCONS) की परामर्श सेवाएं

नाबार्ड की परामर्श सेवाएं (नैबकॉन्स) नाबार्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी है और यह कृषि, ग्रामीण विकास और इससे सम्बन्धित क्षेत्रों में परामर्श प्रदान करती है। कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों में विशेषकर बहु–विषयी परियोजनाएं, जैसे बैंकिंग, संस्थागत विकास, बुनियादी सुविधाओं और प्रशिक्षण आदि के लिए नैबकॉन्स, नाबार्ड की विशेष योग्यता का लाभ उठाती है। नैबकॉन्स ने निम्नलिखित प्रमुख कार्य किये हैं:

i) राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पराला और खड़ापत्थर में एकीकृत शीत श्रृंखला परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श।
ii) राज्य स्तर पर एग्री–इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के तहत पी.एम.यू. की स्थापना।
iii) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का तृतीय पक्ष प्रभाव आकलन।
iv) एफ.पी.ओ. के प्रभाव का मूल्यांकन अध्ययन।
v) हथकरघा क्षेत्र का व्यापक अध्ययन।
vi) नैबकॉन्स हिमाचल प्रदेश में डी.डी.यू.–जी.के.वाई. के लिए केंद्रीय तकनीकी सहायता एजेंसी है।
vii) एस.जे.वी.एन. द्वारा चार राज्यों में निर्मित शौचालयों का तृतीय पक्ष सर्वेक्षण।
viii) सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम का तृतीय पक्ष निरीक्षण।

5.14.13 हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के लिए नाबार्ड की पहल

नाबार्ड को अनुकूलन निधि (AF), हरित जलवायु निधि (GCF) के लिए राष्ट्रीय कार्यान्यवन इकाई (नेशनल इंप्लीमेंटिंग एंटिटी) नामित किया गया है, जिसे जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन की संरचना (फ्रेमवर्क कन्वेंशन) के अन्तर्गत् पर्यावरण, वन ओर जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है। नाबार्ड ने परियोजना के समाधान के लिए जलवायु स्मार्ट समाधानों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिले में कृषि निर्भर समुदायों की सत्त आजीविका पर परियोजना के लिए ₹20.00 करोड़ मंजूर किए हैं। इसके तहत सिरमौर जिले के लिए ₹19.12 करोड़ की राशि दिसम्बर,2021 तक नाबार्ड द्वारा जारी की गई है।

मूल्य संचलन और खाद्य प्रबन्धन

06
अध्याय

6.1 परिचय

पिछले दो वर्ष, वैश्विक महामारी कोविड–19 की वजह से अभूतपूर्व रुप से प्रभावित हुए, जिसने सोशल डिस्टेंसिंग को प्रेरित किया और वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बाधित किया। कोविड–19 महामारी के कारण से जैसे ही दूसरे वर्ष में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत दिखना शुरु हुए वैसे ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को, बढ़ती वैश्विक मंहगाई की नई चुनौती का सामना करना पड़ा। घरेलू स्तर पर, दो विपरीत शक्तियां सक्रिय रही। एक तरफ, तो निम्न आर्थिक गतिविधियों के कारण मांग कम हो गई थी। दूसरी तरफ आपूर्ति श्रृंख्लाओं में व्यवधान उत्पन्न होने की वजह से खाद्य मंहगाई की दर में वृद्धि हुई जो अर्थव्यवस्था के खुलने के दौरान जारी रही। ऊर्जा, खाद्य, गैर–खाद्य वस्तुओं और इनपुट कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति बाधाओं, वैश्विक आपूर्ति श्रृंख्लाओं में व्यवधान और दुनिया भर में बढ़ती माल ढुलाई लागत ने वर्ष के दौरान वैश्विक मंहगाई को और बढ़ा दिया। उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बढती मांग और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगी देशों द्वारा उत्पादन मे प्रतिबन्ध के कारण कच्चे तेल में भी वर्ष के दौरान तेजी देखी गई।

नियमित साप्ताहिक प्रणाली द्वारा आवश्यक वस्तुओं के भावों पर निगरानी आर्थिक व सांख्यिकी विभाग द्वारा रखी गई ताकि भावों में अनावश्यक बढ़ोतरी को समय पर अंकुश के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सके।

सारणी 6.1: सामान्य मुद्रास्फीति विभिन्न कीमत सूचकांक के आधार पर (प्रतिशत में)

सूचकांक	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2020-21^	2021-22*(अ)
थोक मूल्य सूचकांक (समस्त भारत)	1.7	3.0	4.3	1.7	1.3	0.0	12.5
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(ग्रामीण)	4.7	4.5	-0.4	3.1	4.7	4.8	6.1
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(शहरी)	4.1	5.4	4.9	5.4	7.1	7.6	5.2
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(संयुक्त)	4.6	4.6	0.5	3.5	5.2	5.3	6.0
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(औद्योगिक श्रमिक)	4.7	4.1	3.1	4.9	5.5	5.5	5.1
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (कृषि श्रमिक)	4.8	2.7	1.2	4.3	4.2	4.8	4.7
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण श्रमिक)	5.6	2.6	1.3	4.3	4.2	4.8	4.8

स्रोत: आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग संवर्धन विभाग और डब्ल्यूपीआई के लिए आंतरिक व्यापार (डी.पी.आई.आई.टी.) सी.पी.आई.–सी. के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एन.एस.ओ.) और सीपीआई – आई डब्ल्यू (औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) सीपीआई– एएल (कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य संचकांक) और सीपी आई–आरएल के लिए श्रम ब्यूरो। टिप्पणी: 2020–21 के लिए सीपीआई आईडबल्यू मुद्रास्फीति नई श्रृंखला 2016= 100 पर आधारित है।
^अप्रैल से दिसम्बर तक 2020–21 *अप्रैल से दिसम्बर तक 2021–22
(अ) अस्थिर

6.1.1 मुद्रास्फीति में वर्तमान रुझान

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के द्वारा उपभोक्ता द्वारा चुनिंदा वस्तुओं और सेवाओं के वहन किए जाने वाले औसत मूल्य में समय के साथ बदलाव को मुद्रास्फीति भी कहते हैं। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। मुद्रास्फीति आम व्यक्ति को उसकी आय को कीमतों के अनुरूप न बढ़ने के कारण आहत करती है। मुद्रास्फीति के उतार–चढ़ाव को विभिन्न सूचकांकों के द्वारा मापा जाता है जैसे थोक मूल्य सूचकांक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शहरी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिकों के लिए), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (कृषि श्रमिकों के लिए), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण श्रमिकों के लिए) आदि।

चित्र 6.1 मुद्रास्फीति में रुझान (संयुक्त, ग्रामीण, शहरी)



स्रोत: सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार

6.1.2 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) मुद्रास्फीति

मुद्रास्फीति वर्ष 2016–17 में 4.6 प्रतिशत थी जोकि 2020–21 में 5.2 प्रतिशत हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2020–21 में (अप्रैल से दिसम्बर) संयुक्त मुद्रास्फीति की दर 6.0 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही जबकि पिछले वर्ष इसी दौरान (अप्रैल से दिसम्बर) यह वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति की यह बढ़ोतरी खाद्य पदार्थ के मूल्यों वद्वि के कारण थी जो अर्थव्यवस्था के खुलने के दौरान भी जारी रही, हालाँकि हाल ही में खुदरा मुद्रास्फीति में मंदी आई है।

कैलेण्डर वर्ष 2017 तथा 2021 के बीच तुलनात्मक विश्लेषण नीचे (चित्र 6.2) दिया गया है। सामान्य मुद्रास्फीति की दर वर्ष 2017 में 5.0 प्रतिशत के विरुद्ध वर्ष 2021 में 5.8

प्रतिशत रही। आयात प्रतिबन्धों के कारण कपड़ा व जूता समूह में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.2 प्रतिशत तक पंहुच गई। ईंधन व प्रकाश समूह की मुद्रास्फीति 2017 से 13 प्रतिशत से कम होकर 2021 में 9.3 प्रतिशत रही, पान तम्बाकू व मादक पदार्थ की मुद्रास्फीति 2017 में 11.9 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2021 में 4.2 प्रतिशत रही ।

चित्र 6.2 समूह–वार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) मुद्रास्फीति तुलनात्मक विवेचन 2021 व 2017 आधार वर्ष (2012=100)



6.1.3 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण) मुद्रास्फीति

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण) के आधार पर वर्ष 2016–17 में मुद्रास्फीति 4.7 प्रतिशत थी जोकि 2020–21 में भी 4.7 प्रतिशत ही रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्रामीण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सरकार द्वारा आपूर्ति प्रबंधन प्रतिक्रिया के द्वारा खाद्य कीमतों में काफी कमी आई। चालू वित्त वर्ष 2021–22 में (अप्रैल से दिसम्बर) के दौरान सी.पी.आई.(ग्रामीण) सूचकांक वर्ष 2020–21 की इसी अवधि की तुलना में 6.1 प्रतिशत रही। यह वृद्धि मुख्य रुप से ग्रामीण मांगों को दर्शाती है। (चित्र 6.1)

6.1.4 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शहरी) मुद्रास्फीति

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शहरी) वर्ष 2016–17 में मुद्रास्फीति 4.1 प्रतिशत थी जोकि बढ़कर 2020–21 में 7.1 प्रतिशत हो गयी। वर्ष 2021–22 के (अप्रैल से दिसम्बर) महीने के दौरान मुद्रास्फीति की दर 5.2 प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष इसी दौरान यह 7.6 प्रतिशत थी। (चित्र.6.1)

6.1.5 समूह–वार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति (शहरी और ग्रामीण) 2021–22 (अप्रैल से दिसम्बर, 2021)

ग्रामीण मुद्रास्फीति अप्रैल से दिसम्बर, 2021 तक 6.1 प्रतिशत रही जबकि शहरी मुद्रास्फीति की दर 5.2 प्रतिशत थी। 2017–18 से 2020–21 तक ग्रामीण और शहरी सी.पी.आई. मुद्रास्फीति के बीच बड़ा अंतर मुख्य रुप से ईंधन तथा प्रकाश समूह की अंतर दरों के कारण था। यह अंतर 2021–22 तक (सारणी 6.1 तक) जारी रहा है। ग्रामीण और शहरी मुद्रास्फीति में परिवर्तन न केवल एक घटक के कारण बल्कि विभिन्न घटकों द्वारा आया है। चित्र 6.3 घटक–वार ग्रामीण और शहरी मुद्रास्फीति के प्रवाह को दर्शाता है। अध्ययन में यह देखा गया कि अप्रैल से दिसंबर 2021 तक तीन उप समूहों अर्थात् खाद्य और पेय, कपडे और जूते और विविध में ग्रामीण मुद्रास्फीति की परिवर्तनशीलता शहरी उप–समूह मुद्रास्फीति की तुलना में अधिक हैं। शहरी क्षेत्रों में ईंधन और प्रकाश पदार्थों का समूह की मुद्रास्फीति ग्रामीण मुद्रास्फीति में 12.5 प्रतिशत की तुलना में सबसे अधिक 22.4 प्रतिशत मुद्रास्फीति है।

चित्र 6.3 2021–22 (अप्रैल से दिसंबर) में घटक–वार ग्रामीण और शहरी मुद्रास्फीति



स्रोतः सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार

चित्र 6.4: उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण) मुद्रास्फीति में विभिन्न समूहों का अंशदान व संचालक 2020–21 (अप्रैल–दिसम्बर) से 2021–22 (अप्रैल–दिसम्बर)
प्रतिशत

	खाद्य पेय पदार्थ	ईंधन और प्रकाश	कपड़े और जूते	विविध	पान तंबाकू और नशीले पदार्थ
2020-21	22.8	-32	32.51	29.9	46.8
2021-22	16.7	40.8	24	15.8	2.6

स्रोत: सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार
2021–22 (अस्थिर)

6.1.6 मुद्रास्फीति में विभिन्न समूहों का अंशदान व संचालक

ग्रामीण मुद्रास्फीति का प्रमुख चालक ईंधन और प्रकाश था जो अप्रैल से दिसंबर, 2021–22 में कुल मुद्रास्फीति के अन्य घटकों की तुलना में 40.84 प्रतिशत था। कपड़ों और जूते का कुल मुद्रास्फीति में दूसरा सबसे बडा योगदान है और इसका योगदान 24.0 प्रतिशत है। पान, तम्बाकू और नशीले पदार्थों का घटक 2.6 प्रतिशत का सबसे छोटा योगदानकर्ता है (चित्र–6.4)

6.1.7 शहरी मुद्रास्फीति में विभिन्न समूहों का अंशदान व संचालक

2021–22 अप्रैल से दिसंबर के दौरान शहरी मुद्रास्फीति का प्रमुख चालक ईंधन और प्रकाश है जो कुल मुद्रास्फीति 46.5 प्रतिशत का लगभग आधा योगदान देता है। शहरी मुद्रास्फीति में दूसरा सबसे बडा योगदानकर्ता पान तम्बाकू और नशीले पदार्थों का समूह 15 प्रतिशत है, हालांकि इसका योगदान 2021–22 में 29.3 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत हो गया है। (चित्र–6.5)

चित्र 6.5 : उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शहरी) मुद्रास्फीति में विभिन्न समूहों का अंशदान व संचालक 2020–21 (अप्रैल–दिसम्बर) से 2021–22 (अप्रैल–दिसम्बर) प्रतिशत



	खाद्य पेय पदार्थ	ईंधन और प्रकाश	कपड़े और जूते	आवास	विविध	पान तंबाकू और नशीले पदार्थ
2020-21	13.6	24.7	10	5.6	16.9	29.3
2021-22	10	46.5	12.4	6.7	9.4	15

स्रोतः सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार 2021–22 (अस्थिर)

6.1.8 औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रम ब्यूरो द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण सूचकांक है, जो कुछ चुनिंदा उद्योगों में फैले श्रमिकों के लिए रहने की लागत में मूल्य वद्धि के प्रभाव को मापने के लिए जारी किया जाता है। सितम्बर,2020 से हिमाचल प्रदेश में आधार वर्ष को 2001 से 2016 के लिए संशोधित किया गया है। नई श्रृंखला में सात वर्गों के औद्योगिक श्रमिकों को इस सूचकांक में सम्मिलित किया गया है जिसमें कारखानों, खानें, वृक्षारोपण, रेलवे, सार्वजनिक मोटर परिवहन उमक्रम, विद्युत उत्पादन और वितरण प्रतिष्ठान, बंदरगाहें आदि शामिल हैं। प्रदेश में दिसम्बर, 2021 के दौरान इस सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी राष्ट्रीय स्तर से अधिक रही जोकि चित्र 6.6 और सारणी 6.2 और 6.3 में प्रदर्शित है।

चित्र 6.6 परिवर्तनशीलता हिमाचल प्रदेश उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिकों के लिए) में राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2020–21 (अप्रैल से दिसम्बर 2021)
आधार वर्ष 2016=100



स्रोतः श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार

सारणी 6.2: हिमाचल प्रदेश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) (आधार वर्ष 2001 व 2016*)

माह	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	पिछले वर्ष से प्रतिशतता में परिवर्तन
अप्रैल	237	248	257	270	282	121.8	6.25
मई	238	247	256	271	280	121.7	6.92
जून	241	250	258	272	282	122.5	6.86
जुलाई	246	257	265	274	288	123.8	5.75
अगस्त	246	259	267	275	291	124.0	4.82
सितम्बर	245	258	266	277	120.8*	124.6	3.15
अक्तूबर	248	258	267	280	122.1*	126.7	3.17
नवम्बर	248	260	266	281	122.5*	127.6	4.16$
दिसम्बर	246	259	265	283	120.6*	125.7	4.23$
जनवरी	251	258	266	282	120.0*		
फरवरी	252	256	266	280	120.5*		
मार्च	253	256	267	281	121.4*	121.4	..
औसत	**246**	**256**	**264**	**277**	**118.9$**	**124.3$**	**..**

स्रोतः श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार
* आधार वर्ष 2016
$ अस्थाई

सारणी 6.3: अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) (आधार वर्ष 2001 व 2016*)

माह	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	पिछले वर्ष से प्रतिशतता में परिवर्तन
अप्रैल	271	277	288	312	329	120.1	5.13
मई	275	278	289	314	330	120.6	5.25
जून	277	280	291	316	332	121.7	5.57
जुलाई	280	285	301	319	336	122.8	5.26
अगस्त	278	285	301	320	338	123.0	4.80
सितम्बर	277	285	301	322	118.1*	123.3	4.40
अक्तूबर	278	287	302	325	119.5*	124.9	4.52
नवम्बर	277	288	302	328	119.9*	125.7	4.84$
दिसम्बर	275	286	301	330	118.8*	125.4	5.56$
जनवरी	274	288	307	330	118.2*	..	..
फरवरी	274	287	307	328	119.0*	..	..
मार्च	275	287	309	326	119.6*	..	..
औसत	**276**	**284**	**300**	**323**	**117.6$**	**123.1$**	..

स्रोतः श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार
* आधार वर्ष 2016
$ अस्थाई

6.1.9 थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.):

थोक मूल्य सूचकांक वस्तुओं को उपभोक्ता तक पंहुचने से पूर्व भाव में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाता है। वे सामान जो थोक में बेचे जाते हैं और उपभोक्ताओं के बजाए व्यवसायों के बीच व्यापार किए जाते हैं इसे व्यापार से व्यापार (बी. 2 बी.) मूल्य भिन्नता कहा जाता है। यह सूचकांक देश की मुद्रास्फीति के स्तर मापने का एक संकेतक भी है। जबकि सभी तीन प्रमुख समूहों में पिछले वर्ष की तुलना में चालू वित्त वर्ष में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति अधिक रही है, यह 'ईंधन और विद्युत' समूह में 20 प्रतिशत से अधिक थी, जो उल्लेखित उच्च अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम मूल्यों को दर्शाती है (सारणी 6.4)। प्राथमिक वस्तु समूह के भीतर, क्रूड पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस उप–समूह ने बहुत अधिक मुद्रास्फीति देखी है और दिसंबर 2021 में यह 55.7 प्रतिशत थी। वर्ष भर खनिज समूह में अधिक मंहगाई दर देखी गई। डब्ल्यू.पी.आई. विनिर्माण में बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था, जो कि विशेष रूप से खाद्य उत्पादों के लिए था। खाद्य उत्पाद के विनिर्माण में तथा खाद्य तेल का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। 2021–22 (अप्रैल से दिसंबर) के दौरान, डब्ल्यू.पी.आई. में खाद्य तेलों की मुद्रास्फीति 36.4 प्रतिशत थी। खाद्य तेलों पर उच्च आयात निर्भरता का मतलब है कि इन उत्पादों में उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्य भी घरेलू कीमतों में परिलक्षित होते है।

कोविड–19 महामारी के प्रभाव के परिणामस्वरुप, उत्पादन गतिविधि 2020–21 में व्यवधात के कारण और मांग में कमी के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड निचले स्तर पर पंहुच गई। इसलिए 2020–21 में डब्ल्यू.पी.आई. आधारित मुद्रास्फीति दर 1.3 प्रतिशत के निचले स्तर को छू गई। 2021–22 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने और वैश्विक कच्चे

तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ 2020–21 के निम्न आधार के कारण डब्ल्यू.पी.आई. मुद्रास्फीति नवम्बर 2021 में सबसे ऊपर 14.2 प्रतिशत और अप्रैल–दिसम्बर 2021–22 के दौरान 12.5 प्रतिशत पर पंहुच गई। (अप्रैल–दिसम्बर 2020–21 के दौरान 0.04 प्रतिशत के मुकाबले)। इसलिए, 2021 में उच्च डब्ल्यू.पी.आई. आधारित मुद्रास्फीति दर काफी हद तक पिछले वर्ष के निम्न आधार के कारण है। दूसरी ओर, खुदरा मुद्रास्फीति जो आपूर्ति श्रृंखला व्यय धारा के कारण उच्च बनी हुई थी, प्रभावी आपूर्ति पक्ष प्रबंधन के कारण 2021–22 में कम हो गई, जिसके परिणामस्वरुप डब्ल्यू.पी.आई. और सी.पी.आई. आधारित मुद्रास्फीति के बीच विचलन हुआ।

6.1.10 थोक मूल्य सूचकांक (मासिक)

राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दिसम्बर, 2020 के दौरान 125.4 था जो बढ़कर दिसम्बर, 2021 में 142.4 (अ) हो गया जो मुद्रास्फीति में 13.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। वर्ष 2021–22 में थोक मुद्रास्फीति की दर सारणी 6.4 में दर्शायी गई है।

थोक मूल्य संचकांक का तुलनात्मक विश्लेषण (अप्रैल से दिसंबर) 2021–22 और (अप्रैल से दिसंबर) 2017–18 तक का चित्र–6.7 में दर्शाया गया है। अप्रैल से दिसंबर, 2017 तक डब्ल्यू.पी.आई. मुद्रास्फीति 0.9 प्रतिशत से 4.0 प्रतिशत के बीच समेकित हुई। डब्ल्यू.पी. आई. मुद्रास्फीति अप्रैल से दिसंबर 2021 तक 10.7 प्रतिशत से 14.2 प्रतिशत तक बनी रही। जो मुद्रास्फीति में एक बड़ी वृद्धि है यह इंगित करता है कि आने वाले महीनों में खुदरा कीमतें पूरे भारत में अधिक रहेंगी।

सारणी 6.7 थोक मूल्य सूचकांक(अप्रैल से दिसंबर) 2021 तथा अप्रैल से दिसंबर, 2017 के बीच में तुलना (प्रतिशत में)



स्रोतः आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग संवर्धन विभाग और डब्ल्यू.पी.आई. के लिए आंतरिक व्यापार (डी.पी.आई.आई.टी.)

सारणी 6.4: थोक मूल्य सूचकांक आधार 2011–12 के चयनित समूह में मुद्रास्फीति (प्रतिशत में)

विवरण	भार	2019–20	2020–21	2020–21*	2021.22#	अप्रैल–21	मई–21	जून–21	जुलाई–21	अगस्त–21	सितम्बर–21	अक्तूबर–21	नवम्बर–21 (अ)	दिसम्बर–21 (अ)
सभी वस्तुएं	100	1.7	1.3	0.0	12.5	10.7	13.1	12.1	11.6	11.6	11.8	13.8	14.2	13.6
प्रथमिक वस्तुऐं	22.6	6.8	1.7	1.3	8.6	9.9	9.4	8.6	6.3	5.9	6.0	7.4	10.3	13.4
खाद्य वस्तुएं	15.3	8.4	3.2	4.0	2.5	4.6	4.2	3.3	0.1	-0.8	-2.6	1.0	4.9	9.6
अनाज	2.8	7.5	-2.6	-1.4	0.1	-3.1	-2.6	-2.8	-2.9	-1.1	1.3	3.2	4.0	5.1
दालें	0.6	15.9	11.6	12.1	8.1	10.7	12.1	11.6	8.4	9.5	9.3	5.0	2.9	3.9
सब्जियॉ	1.9	31.1	3.4	7.6	-6.6	-9.0	-7.2	-0.8	-8.3	-12.6	-32.3	-17.4	3.9	31.6
गैर खाद्य पदार्थ	4.1	4.6	1.3	-0.4	20.4	15.6	18.4	18.6	22.9	28.7	29.5	18.4	13.8	19.0
खनिज पदार्थ	0.8	13.2	6.8	3.5	15.3	20.6	13.3	15.3	12.6	7.2	30.8	16.6	20.9	3.8
कच्चा पैट्रालियम और प्राकृतिक गैस	2.4	-7.6	-17.4	-25.2	57.9	80.8	59.5	47.0	42.3	34.5	49.0	86.4	76.6	55.7
इंधन और पावर	13.2	-1.8	-8.0	-11.6	31.4	21.3	36.7	29.3	27.0	28.2	29.5	38.6	39.8	32.3
विनिर्मित उत्पाद	64.2	0.3	2.8	1.5	11.3	9.4	11.3	11.0	11.5	11.6	11.6	12.9	11.9	10.6
खाद्य पदार्थ	9.1	4.1	5.6	5.0	12.5	13.1	15.6	13.3	13.1	12.7	12.9	12.8	10.3	8.7
खाद्य तेल	2.6	1.5	20.3	17.5	36.4	44.5	51.9	43.6	42.7	40.7	37.4	33.2	23.2	16.8
खाद्य सूचकांक	24.4	6.9	4.0	4.3	5.9	7.5	8.2	6.7	4.5	3.8	2.6	4.3	6.7	9.2
गैर खाद्य विनिर्मित उत्पाद (कोर)	55.1	-0.4	2.2	0.8	11.1	8.7	10.4	10.5	11.1	11.3	11.3	12.9	12.3	11.0

स्रोत: आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग संवर्धन विभाग और आंतरिक व्यापार, भारत सरकार (डी.पी.आई.आई.टी.)
*अप्रैल से दिसम्बर तक 2020–21 #अप्रैल से दिसम्बर तक 2021–22
(अ) अस्थिर

चित्र 6.8 मोटा आनाज के थोक मूल्य की गुणांक का परिवर्तन



स्रोत: आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश

चित्र 6.9 दालों का थोक मूल्य की गुणांक का परिवर्तन



स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश

6.1.11 थोक मुद्रास्फीति के संचालक

मुद्रास्फीति में तीव्र कमी के कई सहायक कारण हो सकते है जैसेः समायोजनशील मौद्रिक और राजकोषीय नीति को अपनाना, श्रम और उत्पाद बाजार में संरचनात्मक सुधार जो प्रतिस्पर्धा को बढ़ाए और मुद्रास्फीति को नियन्त्रण करने में सक्षम हो इत्यादि। 24 उभरते और विकासशील अर्थव्यवस्था कम खाद्य मुद्रास्फीति के कारण 2014 से सामान्य मुद्रास्फीति की साक्ष्य बनी। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान ईंधन और बिजली, गैर खाद्य विनिर्मित पदार्थों की मुद्रास्फीति का व्यवहार अलग रहा है खाद्य मुद्रास्फीति मुख्य रुप से बढ़ती सब्जियों और दालों की कीमतों के कारण ऊपर की ओर रहा है जबकि गैर–खाद्य में मुद्रास्फीति की प्रवृति 2019–20 से 2020–21 तक कम हो रही है लेकिन मई, 2021 के बाद औद्योगिक गतिविधियों के फिर से शुरु होने के कारण त्रीव वृद्धि देखी गई है। (सारणी 6.4)

6.1.12 मासिक थोक मूल्य

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मासिक आधार पर पूरे जिला सांख्यिकीय कार्यालयों के माध्यम से 104 वस्तुओं का थोक मूल्य का संकलन और विश्लेषण करता है जिसके लिए जिला के चुनिंदा दुकानों से महीने के प्रथम शुक्रवार को कीमतें एकत्रित करने के उपरांत मुख्यालय प्रेषित की जाती है और मुख्यालय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के लिए उपलब्ध करवायी जाती है। इन वस्तुओं में अप्रैल से दिसम्बर, 2017 तथा अप्रैल से दिसम्बर, 2021 के बीच की अस्थिरता को चित्र 6.8, 6.9, 6.10 में दर्शाया गया है।

(चित्र 6.8) वर्ष 2017 (अप्रैल से दिसम्बर) और 2021 (अप्रैल दिसम्बर) के बीच मोटे अनाजों के थोक मूल्यों में अस्थिरता के गुणांक को दर्शाया गया है और मोटे अनाजों के थोक मूल्य जैसे मक्का, मक्की का आटाए, जौ और गेंहू की कीमतों में 2021–22 के दौरान अधिक अस्थिरता देखी गई।

(चित्र 6.9) वर्ष 2017 (अप्रैल से दिसम्बर) और 2021 (अप्रैल दिसम्बर) के बीच दलहन की थोक मूल्य अस्थिरता के गुणांक को दर्शाया गया और सोयाबीन, काबली चना, मलका, मसूर दाल, राजमाह, मूंग और कूल्थ में अधिक अस्थिरता रही।

(चित्र 6.10) सब्जियों के थोक मूल्य गुणांक 2021 अप्रैल से दिसम्बर में मेथी, हरा धनिया, फूलगोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, पेठा, खीरा, टिंडा, मटर, पालक और अदरक मे अधिक विविधता दर्शाई गई है।

चित्र 6.10 सब्जियों के थोक मूल्य की गुणांक का परिवर्तन



स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश

6.1.13 साप्ताहिक खुदरा मूल्य

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सभी जिला कार्यालयों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों का संकलन एवं विश्लेषण प्रत्येक शुक्रवार को विशिष्ट दुकानों से एकत्र करने के उपरांत किया जाता है। जांच के उपरान्त इसे विभाग की वैबसाइट weeklyprices.hp.gov.in पर अपलोड किया जाता है। मुख्यालय स्तर पर इसका विवेचन उपरान्त इसे निदेशक खाद्य आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग व वित्त सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजी जाती है (चित्र 6.11)

6.1.14 आवश्यक वस्तु की कीमतों में परिवर्तनशीलता

प्रतिशत में अस्थिरता कोविड–19 के दौरान प्रतिबन्ध व श्रमिकों की कमी के कारण भी हुई। आवश्यक वस्तुओं के भाव में अस्थिरता अप्रैल से दिसम्बर, 2017 और अप्रैल से दिसम्बर, 2021 के मध्य गुणांक के द्वारा की गई है। इसके लिए साधारण विश्लेषण प्रणाली को अपनाया गया। मापने की यह प्रणाली मध्य से मदों की दूरी को दर्शाती है, इससे यह प्रतीत हुआ कि गुड़, उड़द, दाल, गेहूं आटा,और चावल परमल के भाव अप्रैल, 2017 से प्रर्याप्त आपूर्ति व अधिक घरेलू उत्पादन के साथ–साथ चावल व गेहूं के पर्याप्त बफर स्टॉक जो खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी थे जिसके चलते मुद्रास्फीति नहीं बढ़ी। अप्रैल से दिसम्बर, 2017 तथा 2021 के दौरान सरसों का तेल, चीनी, वनस्पति घी, मिट्टी का तेल, चाय ब्रोक बांड, मुंगफली का तेल और सीमेंट की कीमतों में अधिक अस्थिरता देखी गई जोकि मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी के कारक भी बने।

चित्र 6.11 आवश्यक वस्तु की खुदरा कीमतों में गुणांक का परिवर्तन



स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश

6.2 खाद्य सुरक्षा एवं नागरिक आपूर्ति

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत् प्रदेश में लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सरकार की नीति का एक विशेष घटक है, जो उचित मूल्य की 5,043 दुकानों द्वारा जरूरी वस्तुएं जैसे गेहूँ, गेहूँ का आटा, चावल, लेवी चीनी इत्यादि की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। जरुरी खाद्य पदार्थों के वितरण करने हेतु सभी परिवारों को दो श्रेणियों में बांटा गया है।

i) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, (एन.एफ.एस.ए.)

- अन्तोदय अन्न योजना
- प्राथमिकी गृहस्थियां

ii) एन.एफ.एस.ए.(ए.पी.एल.) के अलावा

राज्य में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कुल 19,30,866 राशन कार्ड हैं, जो डिजीटल रिकॉर्ड से 73,89,337 आबादी को सम्मिलित करते हैं। इन कार्डधारकों को 5,043 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्रदान की जाती हैं, जिसमें 3,275 सहकारी समितियां, 15 पंचायत, 59 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के 1,673 व्यक्तिगत और 1 स्वयं सहायता समूह और 20 महिला मण्डल शामिल हैं। वर्ष 2021–22 में (दिसंबर, 2021 तक) आवश्यक वस्तुओं के वितरण का ब्यौरा निम्न प्रकार से सारणी 6.6 में किया गया है।

सारणी 6.5 आवश्यक वस्तुओं का वितरण

क्र0सं0	वस्तु का नाम	इकाई	वस्तुओं का वितरण (बैकलॉग सहित)
1	2	3	4
1.	गेहूँ/गेहूँ का आटा (ए.पी.एल.)	मी. टन	1,16,907
2.	चावल (ए.पी.एल.)	मी. टन	58,171
3.	गेहूँ/ आटा (बी.पी.एल.)/(पी.एच.एच.)/ए.ए.वाई/ एन.एफ.एस.ए.	मी. टन	1,01,856
4.	चावल (बी.पी.एल.)/ (पी.एच.एच.)/.ए.ए.वाई/एन.एफ.एस.ए.	मी. टन	79,023
5.	चावल अन्नपूर्णा	मी. टन	1
6.	चीनी	मी. टन	31,183
7.	दालें	मी. टन	33,324
8.	आयोडीन नमक	मी. टन	8,534
9.	सरसों का तेल	कि.लीटर	22,863
10.	रिफाइन्ड तेल	कि.लीटर	4,994

स्रोतः खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं उपभोक्ता मामले, हि.प्र. सरकार

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश राज्य विशेष अनुदानित योजना टी.पी.डीएस के अंतर्गत निम्नलिखित खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है जो सारणी 6.7 के अनुसार है।

सारणी 6.6: वस्तुओं की मात्रा का वितरण व रेट प्रति राशन कार्ड/ प्रति परिवार /प्रति सदस्य/प्रति माह

हिमाचल प्रदेश सरकार ने 01.04.2007 से सभी राशन कार्ड धारको के लिए राज्य विशेष अनुदानित योजना शुरु की है जिसे समय–2 पर संशोधित किया गया है। उपभोक्ताओं को 4 मे से 3 दालों का विकल्प दिया गया है।						
क्र. स.	**वस्तु का नाम**	**इकाई**	**एनएफ.एस.ए. @₹ में**	**ओ.टी.एन.एफ.एस. ए.(ए.पी.एल.) @₹ में**	**ओ.टी.एन.एफ.एस.ए. (ए.पी.एल.) आयकरदाता @₹ में**	**स्केल**
1	दाल चना	प्रति कि.ग्रा.	37	47	70	3 किलोग्राम सभी राशन कार्ड धारको के लिए प्रति माह प्रति परिवार
2	दाल उड़द साबुत	प्रति कि.ग्रा.	55	65	89	
3	मूंग साबुत	प्रति कि.ग्रा.	54	64	88	
4	दाल मलका	प्रति कि.ग्रा.	64	74	98	
5	खाद्य तेल (फॉटीफाईड मर्स्टड ऑयल)	प्रति कि.ग्रा.	151	156	175	1 किलो लीटर 1 व 2 सदस्य तक, 2 लीटर 3 व 3 से ज्यादा वाले परिवार को प्रति राशन कार्ड
6	खाद्य तेल (फॉर्टी फाईड सोया रिफांईड ऑयल)	प्रति कि.ग्रा.	135	140	157	
7	(डबल फॉर्टी फाईड आयोडीन नमक)	प्रति कि.ग्रा.	8	8	16	1 किलोग्राम सभी राशन कार्ड धारको के लिए प्रति माह प्रति परिवार
8	चीनी	प्रति कि.ग्रा.	13	30	43	500 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाहः नोटः– अन्तोदय परिवार के एक व दो सदस्य वाले लाभार्थी परिवार को 1 किलो ग्राम चीनी प्रतिमाह व दो से ज्यादा सदस्य वाले लाभार्थी परिवार को 500 ग्राम अतिरिक्त चीनी प्रतिमाह @₹13.00 प्रति किलो की दर से उपलब्ध करवाई जा रही है।
9	**एन.एफ.एस.ए. के अलावा**					
ए.पी.एल. और ए.पी.एल. आयकर दाता			11–13 किलोग्राम फॉर्टीफाइर्ड गंदम आटा @₹9.30 प्रति किलो, 3 किलो ग्राम गन्दम, @7.60 किलोग्राम व 5–6 किलोग्राम चावल @₹10 प्रति किलो ग्राम प्रति परिवार प्रति माह			
नोट प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र के ए.पी.एल. उपभोक्ताओं को 20 किलोग्राम गंदम/फॉर्टीफाइड गंदम आटा व 15 किलो ग्राम चावल प्रति परिवार प्रति माह सितम्बर, 2014 से उपलब्ध करवाया जा रहा है।						
10	**एन.एफ.एस.ए.**					
(1)	ए.ए.वाई. कार्ड धारकों को		18.800 किलोग्राम फॉर्टीफाइड गन्दम आटा @₹3.20 प्रति किलो/20 किलोग्राम गंदम @₹2.00 प्रति किलो व 15 किलो चावल @₹3 प्रति किलो ग्राम प्रति परिवार प्रति माह ।			
(2)	प्राथमिकी गृहस्थियां		2.8 किलोग्राम फॉर्टीफाइड गंदम आटा @₹3.20 प्रति किलाग्राम, गंदम 2 प्रति किलोग्राम ₹2.00 प्रति किलोग्राम व 2 किलो चावल @₹3 प्रति किलोग्राम प्रति सदस्य प्रति माह 1,2,3 सदस्य वाले प्राथमिकी गृहस्थियां परिवारों को राज्य के ओ.टी.एन.एफ.एस.ए. आवंटन से ओ.टी.एन.एफ.एस.ए. (ए.पी.एल.) की दरों पर अतिरिक्त खाद्यान्न (गंदम व चावल) उपलब्ध करवाया जाता है ताकि उनकी पात्रता क्रमशः 10,15,20 किलोग्राम प्रति राशनकार्ड हो सके।			

<table>
<tr>
<td></td>
<td>बी.पी.एल.
(एन.एफ.एस.ए. की पात्रता के अतिरिक्त बी.पी.एल. दरों पर)</td>
<td>वितरित की जा रही गन्दम/गंदम आटा @₹5.25/@₹7.00 का विवरण निम्न प्रकार से है:
<table>
<tr><th>स्कीम</th><th>1 सदस्य वाले परिवार के लिए</th><th>2 सदस्य वाले परिवार के लिए</th><th>3 सदस्य वाले परिवार के लिए</th><th>4 सदस्य वाले परिवार के लिए</th><th>5 सदस्य वाले परिवार के लिए</th><th>6 सदस्य वाले परिवार के लिए</th></tr>
<tr><td>गन्दम/ गंदम आटा</td><td>17 कि.ग्रा.</td><td>14 कि.ग्रा.</td><td>11 कि.ग्रा.</td><td>8 कि.ग्रा.</td><td>5 कि.ग्रा.</td><td>2 कि.ग्रा.</td></tr>
<tr><td>चावल</td><td>13 कि.ग्रा.</td><td>11 कि.ग्रा.</td><td>9 कि.ग्रा.</td><td>7 कि.ग्रा.</td><td>5 कि.ग्रा.</td><td>3 कि.ग्रा.</td></tr>
</table>
</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>अन्नपूर्णा कार्ड धारकों को</td>
<td>10 किलो चावल मुफ्त में</td>
</tr>
</table>

6.2.1 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम

हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम हिमाचल प्रदेश सरकार की लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अर्न्तगत नियन्त्रित व अनियन्त्रित वस्तुओं के प्रापण एवं वितरण की एक नोडल एजैन्सी के रुप में सन्तोषजनक कार्य कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष दिसम्बर, 2021 तक निगम ने विभिन्न वस्तुएं जिनका मूल्य ₹1,442.12 करोड़ था, का प्रापण व वितरण किया है जो पिछले वर्ष में इसी अवधि में ₹1,221.38 करोड़ था।

निगम जनजातीय तथा दुर्गम क्षेत्रों में मिट्टी के तेल ओर तरल पैट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.) सहित सभी आवश्यक पैट्रोलियम उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां निजी व्यापारी उद्यम नहीं चलाते क्योंकि व्यापार की आर्थिक उपलब्धता नहीं है। चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान सरकार की जनजातीय कार्य योजना के अनुसार जनजातीय तथा बर्फीले क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं तथा पैट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में निगम अन्य आवश्यक वस्तुओं जैसे कि रसोई गैस, डीजल/पैट्रोल/मिट्टी का तेल और जीवन रक्षक दवाईयों को उचित मूल्यों पर 117 थोक बिक्री केन्द्रों, 59 उचित मूल्यों की दुकानों 54 गैस एजेंसियों, 4 पेट्रोल पम्प और 36 दवाईयों की दुकानों के माध्यम से प्रदेश में वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त निगम थोक व परचून बिक्री केन्द्रों के माध्यम से अन्य आवश्यक वस्तुएं जैसे चीनी, दालें, चावल, आटा, डिटरजैंट पाउडर, चाय पत्ती, कॉपियां, सीमेंट, सी.जी.आई. शीट्स, दवाईयां, फर्नीचर, विशेष पोषाहार स्कीम के अन्तर्गत विभिन्न वस्तुएं, मनरेगा सीमेन्ट व पट्रोलियम पदार्थों इत्यादि का प्रापण एवं वितरण कर रहा है। निश्चित रुप से इन वस्तुओं के लिए प्रदेश में महंगाई स्थिर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निगम द्वारा की जा रही है। वर्तमान वित्त वर्ष में दिसम्बर, 2021 तक निगम द्वारा ₹746.00 करोड़ विभिन्न वस्तुओं का प्रापण एवं वितरण किया गया है जो पिछले वर्ष इसी अवधि के लिए ₹687.81 करोड़ था।

निगम दोपहर के भोजन योजना के अन्तर्गत प्राथमिक व अपर प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को सम्बन्धित जिलाधीशों द्वारा आवंटित चावल एवं अन्य खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति की व्यवस्था कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में (दिसम्बर, 2021) तक निगम ने 10,724.32 मी.टन चावल जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 10,054.32 मी.टन था का वितरण

किया है। निगम सरकार की विशेष अनुदानित स्कीम के अंतर्गत चिन्हित वस्तुओं (दालें, खाद्य सरसों का तेल व रिफाईड तेल और नमक) की सरकार द्वारा गठित प्राप्ण कमेटी के निर्णयानुसार आपूर्ति कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में (दिसम्बर, 2021 तक) ₹655.80 करोड़ की विभिन्न वस्तुएं सभी राशनकार्ड धारकों को तय मानकों के अनुसार प्रापण व वितरण किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि में ₹513.31 करोड़ थी। इस योजना को लागू करने के लिए वर्ष 2021–22 में ₹220.00 करोड़ राज्य अनुदान के रुप में बजट में प्रावधान किया गया है। वर्ष 2021–22 के दौरान निगम का कारोबार ₹1,550 करोड़ रहने की संभावना है, जो गत वर्ष 2020–21 के दौरान ₹1,500 करोड़ का था।

6.2.2 सरकारी आपूर्ति

हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम सरकारी अस्पतालों को आयुर्वेदिक दवाईयां, सरकारी विभागों/ बोर्डों/उपक्रमों/ अन्य सरकारी संस्थाओं को सीमेंट और जी.आई./ डी.आई/सी.आई.पाईपें, जल शक्ति एव जन–स्वास्थ्य विभाग को शिक्षा विभाग को स्कूल की वर्दियों का प्रबन्धन कर रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष 2021–22 में सरकारी आपूर्ति की अनन्तिम स्थिति निम्न प्रकार हैः

सारणी 6.7 सरकारी आपूर्ति

क्र. सं.	वस्तुएं	(₹करोड़ में)
1	आयुर्वेदिक दवाईयों की आपूर्ति	**8.17**
2	सीमेंट की आपूर्ति	64.56
3	स्कूल की वर्दी की आपूर्ति	56.10
4	जी.आई./डी.आई/सी.आई. पाईप	382.35
	जोड़	**511.18**

6.2.3 मनरेगा सीमेंट की आपूर्ति

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान (दिसम्बर, 2021 तक) निगम ने राज्य में विकास कार्यों के लिए विभिन्न पंचायतों को ₹163.01 करोड़ की राशि के 64,10,960 बैग सीमेंट की खरीद और वितरण का प्रबन्ध किया है।

6.2.4 राज्य के आदिवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा

उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती मांग और पेट्रोलियम निर्धारित देशों की संगठन और उनके सहयोगियों द्वारा उत्पादन के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भी वर्ष के दौरान तेजी दर्ज की गई ।

6.2.5 लाभांश

निगम अपनी स्थापना वर्ष 1980 से लाभ अर्जित कर रहा है। वर्ष 2020–21 के दौरान ₹1.11 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया तथा ₹35.15 लाख की राशि हिमाचल प्रदेश सरकार को लाभांश के रूप में देना प्रस्तावित था।

6.2.6 राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एन.एफ.एस.ए.) का कार्यान्वयन

भारत सरकार द्वारा राज्यों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अनुसार सौंपे गये कार्य व उत्तरदायित्व के अन्तर्गत हि.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम इस योजना के कार्यान्वयन में आबंटित खाद्यानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में प्रापण/भण्डारण व आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपरान्त, अपने 117 थोक बिक्री केन्द्रों द्वारा चयनित उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से लाभार्थियों में वितरण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान (दिसम्बर, 2021 तक) 62,472 मी.टन चावल व 364 मी.टन गेहूँ चयनित लाभार्थियों को क्रमशः ₹3.00 व ₹2.00 प्रति किलो प्रतिमाह की दर से वितरित करना सुनिश्चित किया है। उपरोक्त के अतिरिक्त प्रदेश सरकार के अलग गौदाम के अभाव में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम राज्य में अपने स्तर पर 22,945 मी.टन व 37,111 मी.टन किराये पर लिए गए गोदामों के माध्यम से भंडारण क्षमता का प्रबन्धन कर रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के सफल कार्यान्वयन को देखते हुए अतिरक्त भंडारण क्षमता का सृजन किया जा रहा है और गोदामों के निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं। नेरवा, जिला शिमला में 550 मी.टन, क्षमता के 7 गौदाम, सिद्धपुर सरकारी, जिला कांगड़ा में 1,000 मी.टन व राजगढ़ जिला सिरमौर में 300 मी.टन, बिलासपुर (प्रथम चरण) में 500 मी.टन., चम्बा में 907.47 मी.टन., चैतुड़, जिला कांगड़ा में 500 मी.टन. और संधोल, जिला कांगड़ा में 500 मी.टन. के खाद्यान्न भण्डारण गौदाम बन कर तैयार कर लिए गए हैं तथा सम्बन्धित कार्यकारी एंजैसी से कब्जा ले लिया गया है। बिलासपुर (दूसरा चरण) ओर थुनाग में निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही कंडाघाट, कालाअम्ब व पॉऊटा साहिब में गोदामों का कार्य शुरु कर दिया जाएगा जिसके अन्तर्गत शीघ्र ही अनुमोदित 5,000 मी.टन की अपनी खाद्यान्न भंडारण विभिन्न वस्तुओं की क्षमता हेतु उपलब्ध हो जाएगी।

कृषि, बागवानी, पशुपालन और सम्बद्ध सेवाएं

07
अध्याय

7.1 परिचय

कृषि और संबद्ध क्षेत्र किसी भी विकास प्रक्रिया में लोगों को शामिल करने और रोजगार देने, भोजन उपलब्ध कराने और खाद्य सुरक्षा और कच्चे माल को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। कृषि अर्थव्यवस्था में गरीबी को कम करने, भूखमरी को शून्य करने, अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

फसल, पशुधन, मछली पकडने और वानिकी क्षेत्र ने 2020–21 (स्थिर मूल्य) में राज्य के सकल राज्य मूल्य वर्धित (जीएसवीए) में 13.31 प्रतिशत का योगदान दिया। पिछले कुछ वर्षों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र का हिस्सा लगातार गिर रहा है। हिमाचल में कृषि क्षेत्र में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के हिस्से में गिरावट के रूप में महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं जो कृषि अर्थव्यवस्था से बदलाव का संकेत देते हैं। कृषि प्रदर्शन प्रकृति की अनिश्चितताओं के साथ–साथ कीमतों में उतार–चढ़ाव के कारण साल दर साल परिवर्तनशील है।

राज्य स्तर पर, सकल मूल्य वर्धित (जी.वी.ए.) में फसलों, पशुधन, वानिकी और मछली पकडने के क्षेत्र की हिस्सेदारी वर्ष 2015–16 में 15.89 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2020–21 में 13.31 प्रतिशत हो गई है। जीवीए में फसलों की हिस्सेदारी 2015–16 में 8.99 प्रतिशत से घटकर 2020–21 में 7.85 प्रतिशत हो गई। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की विकास दर में उतार–चढाव रहा है, जैसा कि चित्र 7.1 में देखा गया है। जबकि ग्रामीण आबादी की आजीविका खाद्य सुरक्षा के लिए कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

चित्र–1 कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में जीवीए में प्रतिशत परिवर्तन



प्रदेश के कुल 55.67 लाख हैक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 9.44 लाख हैक्टेयर क्षेत्र 9.97 लाख किसानों द्वारा जोता जाता है और प्रदेश में औसतन जोत 0.95 हैक्टेयर है। कृषि गणना 2015–16 के अनुसार कुल जोतों में से 88.86 प्रतिशत जोतें लघु व सीमान्त किसानों की है। लगभग 10.84 प्रतिशत अर्ध–मध्यम/मध्यम व केवल 0.30 प्रतिशत जोतें बड़े किसानों की है। भू–जोतों के वर्गीकरण नीचे दी गई सारणी 7.1 से स्पष्ट है।

सारणी 7.1: भू–जोतों का वर्गीकरण

जोतों का आकार (हैक्टेयर)	वर्ग)किसान)	जोतो की संख्या (लाख)	क्षेत्र (लाख हैक्टेयर)	जोत का औसत आकार (है0)
1.0 से कम	सीमान्त	7.12 (71.41%)	2.86 (30.30%)	0.40
1.0–2.0	लघु	1.74 (17.45%)	2.42 (25.63%)	1.39
2.0–4.0	अर्ध–मध्यम	0.82 (8.23%)	2.23 (23.62%)	2.72
4.0–10.0	मध्यम	0.26 (2.61%)	1.46 (15.47%)	5.62
10.0 व अधिक	बड़े	0.03 (0.30%)	0.47 (4.98%)	15.67
योग		**9.97**	**9.44**	**0.95**

कुल जोते गए क्षेत्र में से 80 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा पर आधारित है। चावल, गेंहू, तथा मक्की राज्य की मुख्य खाद्य फसलें हैं। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, सफेद सरसों, उड़द, बीन, मूंग तथा राजमाश खरीफ की तथा तोरिया, चना तथा मसूर रबी मौसम की प्रमुख फसलें हैं। कृषि जलवायु के अनुसार राज्य को चार क्षेत्रों में बांटा जा सकता है जैसे

- उपोष्णीय, उप पर्वतीय तथा निचले पहाड़ी क्षेत्र।
- उप समशीतोष्ण नमी वाले मध्य पर्वतीय क्षेत्र।
- नमी वाले ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र।
- शुष्क तापमान वाले ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र व शीत मरूस्थल।

प्रदेश की कृषि जलवायु नकदी फसलों जैसे बीज आलू, अदरक तथा बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए बहुत ही उपयुक्त है। खाद्यान्न उत्पादन के अतिरिक्त राज्य सरकार, समयानुसार तथा प्रचुर मात्रा में कृषि संसाधनों की उपलब्धता, उन्नत कृषि तकनीकी जानकारी, पुराने किस्म के बीजों को बदल कर एकीकृत कीटाणु प्रबन्धन से उन्नत करना, जल प्रबन्धन के अंतर्गत अधिक से अधिक भूमि को शामिल करना एवं जल संरक्षण कर बेकार जमीन का

विकास करके बेमौसमी सब्जियों आलू, अदरक, दालों व तिलहन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वर्षा के अनुसार चार विभिन्न मौसम है। लगभग आधी वर्षा बरसात में ही होती है तथा शेष बाकी मौसमों मे होती है। राज्य में औसतन 1,251 मि.मी. वर्षा हुई है। जिसमें सबसे अधिक वर्षा कांगड़ा जिले में होती है और उसके बाद चम्बा, सिरमौर और मण्डी जिला आती हैं।

7.1.1 मानसून 2021

कृषि कार्यकलापों का मानसून के स्वरूप से गहन सम्बन्ध है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (Indian Metrological Department) की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 2021 के मानसून (जून–सितंबर) के मौसम के दौरान कुल्लू जिले में अधिक, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगडा, किन्नौर, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना में सामान्य बारिश हुई है और जिला चम्बा तथा लाहौल स्पिति में कम बारिश हुई है। समग्र रूप से हिमाचल के लिए, इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में मौनसून मौसम में वार्षिक सामान्य वर्षा की तुलना में 10 प्रतिशत कम वर्षा हुई। सारणी 7.2 और 7.3 में विभिन्न जिलों में दक्षिण–पश्चिम मानसूनी वर्षा के आंकड़े दिए गए हैं।

सारणी 7.2: मानसून वर्षा के आंकड़े
(जून–सितम्बर 2021)

जिला	वास्तविक मि.मी.	सामान्य मि.मी.	अधिकता / कमी	
			मि.मी.	प्रतिशतता
बिलासपुर	881	874	7	1
चम्बा	589	1052	(-)463	(-)44
हमीरपुर	993	1019	(-) 26	(-) 3
कांगड़ा	1468	1596	(-)128	(-) 8
किन्नौर	236	252	(-) 16	(-) 6
कुल्लू	708	504	204	40
लाहौल–स्पिति	123	395	(-)272	(-)69
मण्डी	1174	1062	(-)112	(-)11
शिमला	699	644	(-) 55	(-) 9
सिरमौर	1161	1350	(-)189	(-)14
सोलन	875	983	(-)109	(-)11
ऊना	709	820	(-)111	(-)14
औसत	**686**	**764**	**(-) 77**	**(-)10**

सारणी 7.3: मानसून बाद वर्षा के आंकड़े
अक्तूबर–दिसम्बर, 2021

जिला	वास्तविक मि.मी.	सामान्य मि.मी.	अधिकता / कमी	
			मि.मी.	प्रतिशतता
बिलासपुर	60	65	(-) 5	(-) 7
चम्बा	85	132	(-)47	(-)36
हमीरपुर	43	69	(-)26	(-)37
कांगड़ा	82	85	(-) 3	(-) 4
किन्नौर	96	75	21	28
कुल्लू	114	89	25	28
लाहौल–स्पिति	84	114	(-)30	(-)26
मण्ड़ी	42	64	(-)22	(-)34
शिमला	63	79	(-)16	(-)20
सिरमौर	56	64	(-) 8	(-)12
सोलन	66	70	(-) 4	(-) 5
ऊना	68	53	15	(-)29
औसत	**76**	**93**	**(-)17**	**(-)18**

टिप्पणी:

- सामान्य = (–)19 % से +19 %,
- अधिक = 20 % से अधिक ,
- न्यून = (–)20 % से (–) 59 %,
- अपर्याप्त = (–)60 %से (–)99 %

7.1.2 फसल निष्पादन 2020–21

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि पर निर्भर करती है तथा खाद्यान्न उत्पादन में कोई भी अस्थिरता अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित करता है। वर्ष 2020–21 कृषि के लिए सामान्य वर्ष रहा और खरीफ सीजन 2020 में उत्पादन लक्ष्य 9.21 लाख मी.टन था जबकि उत्पादन 8.89 लाख मी.टन. हासिल होने का अनुमान है। दिसंबर 2020, जनवरी, फरवरी और मार्च 2021 के दौरान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्षा की रवानगी क्रमशः 22 प्रतिशत, 57 प्रतिशत, 81 प्रतिशत, 62 प्रतिशत की सीमा तक था, जो कि कम था जिसके परिणामस्वरूप राज्य में मौसम शुष्क रहा। इस तरह, रबी फसलें, मुख्य रूप से गेहूं और जौ, विकास अवधि के दौरान बुरी तरह प्रभावित हुए थे इसके कारण रबी सीजन में कम उत्पादन का अनुमान है। रबी फसल का कुल उत्पादन 6.39 लाख मी.टन. हासिल होने का अनुमान है। वर्ष 2019–20 में खाद्यान्न उत्पादन 15.94 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 2020–21 में खाद्यान्न उत्पादन 15.28 लाख मीट्रिक टन है। 2020–21 में आलू का उत्पादन 1.96 लाख मीट्रिक टन है, जबकि 2019–20 में 1.97 लाख मीट्रिक टन था। वर्ष 2020–21 के दौरान सब्जियों का उत्पादन 18.67 लाख मीट्रिक टन है, जबकि 2019–20 में यह 18.61 लाख मीट्रिक टन था।

7.1.3 फसल संभावनाएं 2021–22

वर्ष 2021–22 के लिए खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 16.35 लाख मीट्रिक टन है जिसमें खरीफ सीजन के लिए 9.21 लाख टन और रबी सीजन के दौरान 7.54 लाख टन, शामिल हैं। खरीफ उत्पादन मुख्य रूप से दक्षिण पश्चिम मानसून के व्यवहार पर निर्भर करता है, क्योंकि कुल खेती वाले क्षेत्र का लगभग 80 प्रतिशत वर्षा पर निर्भर है। खरीफ फसलों की बुवाई अप्रैल के अंत से शुरू होकर जून के मध्य तक चलती है। मक्का और धान खरीफ मौसम के दौरान उगाई जाने वाली प्रमुख खाद्यान्न फसलें हैं और अन्य छोटी फसलें रागी, बाजरा और दालें हैं। इस मौसम के दौरान, लगभग 20 प्रतिशत क्षेत्र अप्रैल–मई के महीने में बोया जाता है जबकि शेष क्षेत्र जून और जुलाई के महीने में बोया जाता है जो कि खरीफ की बुवाई का चरम समय होता है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य बारिश के कारण बुवाई समय पर हो सकी और कुल मिलाकर फसल की स्थिति सामान्य रही। हालांकि, अगस्त, 2021 के महीने के दौरान, राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई और खरीफ की खड़ी फसलें विशेष रूप से मक्का और सब्जियों की फसलें प्रभावित हुईं, जिसके परिणामस्वरूप लक्षित उत्पादन से कम उत्पादन हुआ।

रबी सीजन की बुवाई आमतौर पर अक्टूबर में शुरू होती है और दिसंबर के पहले पखवाडे तक चलती है। बुवाई के मौसम के दौरान राज्य में सामान्य वर्षा हुई। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर, 2021 के महीनों में वर्षा क्रमशः 106 प्रतिशत, 95 प्रतिशत और 60 प्रतिशत हुई। यदि जनवरी, 2022 के महीने में बारिश होती है, तो फसल की स्थिति सामान्य हो जाएगी। फसलवार खाद्यानों एवं वाणिज्य फसलों का उत्पादन सारणी 7.4 में दर्शाया गया हैः–

सारणी 7.4 : खाद्यान्न उत्पाद

('000 मी.टन मे)

फसले	2018–19	2019–20	2020–21 (अनुमानित)	2021–22 (संभावित)
I. खाद्यान्न				
चावल	146.68	143.66	145.68	135.20
मक्की	771.11	729.73	714.67	762.00
रागी	1.82	2.06	2.65	2.40
छोटा अनाज	4.12	4.77	5.46	4.50
गेंहू	682.63	627.96	569.86	672.00
जौं	32.08	30.83	22.69	35.50
चना	0.40	0.42	0.45	0.45
दालें	53.60	54.80	66.96	63.00
कुल खाद्यान्न	**1692.44**	**1594.23**	**1528.40**	**1675.35**
II.वाणिज्यिक फसलें				
आलू	186.80	196.71	196.30	196.50
सब्जियां	1722.14	1860.67	1867.41	1850.00
अदरक (हरा)	33.74	33.99	33.89	34.50

7.1.4 खाद्यान्न उत्पादन का विकास

कृषि योग्य भूमि के विस्तार द्वारा उत्पादन बढ़ाने की सीमित सीमाएं हैं। जहां तक कृषि योग्य भूमि का प्रश्न है पूरे देश की तरह हिमाचल भी अब ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां कृषि के अन्तर्गत भूमि को बढ़ाया नहीं जा सकता। अतः उत्पादकता स्तर को बढ़ाने के साथ विविधता पूर्ण उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाने का प्रयास आवश्यक है। नकदी फसलों की तरफ बदले हुए रूझान की वजह से खाद्यान्न उत्पादन/फसलों के अंतर्गत क्षेत्र धीरे–धीरे कम हो रहा है जैसे कि यह 1997–98 में 853.88 हजार हैक्टेयर था जो घटते हुए वर्ष 2020–21 में 727.69 हजार हैक्टेयर रह गया। खाद्यान्नों के अंतर्गत क्षेत्र तथा उत्पादन का सारणी 7.5 से पता चलता है।

सारणी 7.5: खाद्यान्नों के अंतर्गत क्षेत्र तथा उत्पादन

वर्ष	क्षेत्र ('000 हैक्टेयर)	उत्पादन ('000 मी.टन)	प्रति हैक्टेयर उत्पादकता (मी.टन)
2016–17	752.88	1562.73	2.07
2017–18	748.72	1581.42	2.11
2018–19	732.62	1692.44	2.31
2019–20	735.04	1594.23	2.17
2020–21(अनुमानित)	727.69	1528.40	2.10
2021–22(लक्ष्य)	763.25	1675.35	2.19

7.1.5 अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्में संबंधित कार्यक्रम (एच.वाई.वी.पी.)

खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को अधिक उपज देने वाले बीजों के वितरण पर जोर दिया गया। अधिक उपज देने वाली मुख्य फसलों जैसे मक्की, धान, गेहूं के अंतर्गत 2018–19, 2019–20, 2020–21 में लाया गया क्षेत्र तथा 2021–22 के लिए लक्षित क्षेत्र सारणी 7.6 में दिया गया है।

सारणी 7.6: अधिक उपज देने वाली फसलों के अंतर्गत क्षेत्र

('000 हैक्टेयर)

वर्ष	मक्की	धान	गेहूं
2017 –18	280.81	71.61	342.68
2018–19	280.69	74.32	343.62
2019–20	205.00	62.00	330.00
2020–21	207.00	62.00	330.00
2021–22(लक्ष्य)	207.00	62.00	330.00

प्रदेश में बीज उत्पादन के 20 फार्म केन्द्र स्थापित किए गए है जिनसे पंजीकृत किसानों को बीज उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 3 सब्जी विकास केन्द्र, 12 आलू विकास केन्द्र तथा 1 अदरक विकास केन्द्र भी स्थापित किए गए हैं।

7.1.6 पौध संरक्षण कार्यक्रम

फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से पौध संरक्षण उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जरूरी है। प्रत्येक मौसम में फसलों की बीमारियों, इनसैक्ट तथा पैस्ट इत्यादि से लड़ने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़े क्षेत्रों के किसानों तथा सीमान्त व लघु किसानों को पौध संरक्षण रसायन व उपकरण, 50 प्रतिशत कीमत पर उपलब्ध करवाएं गए। विभाग का दृष्टिकोण है कि पौध संरक्षण रसायनों का प्रयोग कम करके धीरे धीरे कीटों/रोगों के जैविक नियन्त्रण पर बढ़ावा दिया जाये। रसायनों का वितरण सारणी 7.7 में दिखाया गया है।

सारणी 7.7: रसायनों का वितरण

वर्ष	रसायनोंका वितरण (मी.टन)
2017—18	103.54
2018—19	109.83
2019—20	84.25
2020—21	64.48
2021— 22(31 दिसंबर, 2021 तक)	77.73

7.1.7 मिट्टी की जांच कार्यक्रम

प्रत्येक मौसम में मिट्टी की उर्वरकता को बनाए रखने के लिए किसानों से मिट्टी के नमूने इकट्ठे किए जाते हैं तथा मिट्टी जांच प्रयोगशाला में इनका विश्लेषण किया जाता है। (लाहौल—स्पिति को छोड़कर) सभी जिलों में मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं और चार मोबाईल मिट्टी परीक्षण वैन/प्रयोगशालाएं जिनमें से एक विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्र के लिए है जो मौके पर मिट्टी के नमूनों के लिए क्रियाशील में है। वर्तमान में 11 मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया गया, 10 मोबाईल प्रयोगशालाएं व 47 छोटी प्रयोगशालाएं विभाग द्वारा स्थापित की गई । भारत सरकार ने एक नई योजना शुरू की है जिसके आधार पर जी.पी.एस. के आधार पर मिट्टी का नमूना लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत मृदा परीक्षण सेवा को भी शामिल किया जा रहा है। सरकार लोक सेवा अधिनियम, 2011 जिसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन सेवा के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

7.1.8 प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना शून्य बजट के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार ने राज्य में प्राकृतिक खेती कुशल किसान योजना शुरू की है। सरकार का इरादा शून्य बजट प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि खेती की लागत को कम किया जा सके। रसायनिक उर्वरकों और रसायनिक कीटनाशकों के प्रयोग को हतोत्साहित किया जा रहा है। कृषि एवं बागवानी विभाग को कीटनाशकों के लिए उपलब्ध कराए गए बजट का उपयोग जैव–कीटनाशकों को उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। 2021–22 के लिए ₹20.87 करोड का बजट प्रावधान रखा गया है।

7.1.9 उर्वरक उपभोग तथा उपदान

उर्वरक उपभोग का स्तर वर्ष 1985–86 के 23,664 मी.टन से बढ़कर वर्ष 2020–21 में 65,241 मी.टन हो गया। रसायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मिश्रित उर्वरक पर ₹1,000 प्रति मी.टन तथा बड़े पैमाने पर घुलनशील उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 25 प्रतिशत मूल्य सीमा उपदान स्वरूप दिया जा रहा है। वर्ष 2021–22 में लगभग 56,500 मी.टन उर्वरक पोषक तत्वों के रूप में वितरित किया जाएगा।

7.1.10 फसल बीमा योजना

राज्य में 2016 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है। इस बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम के दौरान मक्का, धान तथा रबी मौसम में गेंहू तथा जौ फसलों को शामिल किया गया है। फसलों के नुकसान के विभिन्न अग्रणी जोखिम जो बुआई में देरी, कटाई के बाद नुकसान, स्थानीय आपदाओं और खड़ी फसलों को नुकसान (बुआई से कटाई तक) के कारण पैदा होते हैं, को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। यह योजना में खरीफ 2020 से ऋणी एवं गैर ऋणी किसानों के लिए उनकी मर्जी पर आधारित है। पी.एम.एफ.बी.वाई. योजना के अंतर्गत् 350 प्रतिशत से अधिक एकत्रित प्रीमियम राशि अथवा 35 प्रतिशत से अधिक बीमाकृत राशि, जो भी राष्ट्रीय स्तर पर सभी कम्पनियों को मिलाकर, अधिक हो उसके लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार बराबर भागीदारी में भुगतान करेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ, 2020 और रबी, 2020–21 में 1,76,510 किसानों को शामिल किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत ₹9.30 करोड़ का बजट परिव्यय 2021–22 के लिए प्रस्तावित किया गया है जो कि प्रीमियम सब्सिडी के राज्य हिस्सेदारी के भुगतान के लिए उपयोग किया गया है।

7.1.11 कृषि विपणन

कृषि विपणन तथा कृषि उत्पादन को राज्य में व्यवस्थित करने के लिए हिमाचल प्रदेश कृषि वानिकी उत्पादन विपणन एक्ट, 2005 लागू किया गया। इस एक्ट के अंतर्गत राज्य

स्तर पर हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड की स्थापना की गई। हिमाचल प्रदेश को 10 अधिसूचित विपणन क्षेत्रों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य कृषक समुदाय के अधिकारों को सुरक्षित रखना है। व्यवस्थित स्थापित मण्डियां किसानों को लाभदायक सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। सोलन में कृषि उत्पादों हेतु एक आधुनिक मण्डी ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है तथा अन्य स्थानों पर भी मार्केट यार्डों का निर्माण हुआ है। वर्तमान में 10 मण्डी कमेटियां कार्य कर रही हैं तथा 63 मण्डियों को कार्यात्मक बनाया गया है। बाजार की जानकारी अलग अलग मीडिया के माध्यम से जैसे आकाशवाणी (AIR), दूरदर्शन, प्रिंट मीडिया और इंटरनेट के द्वारा किसानों को पहुंचाई जा रही है। राज्यों के 19 थोक बाजार इलेक्ट्रॉनिक–राष्ट्रीय कृषि बाजार (e-NAM) के माध्यम से जुडे हुए हैं।

7.1.12 चाय विकास

चाय उत्पादन के अन्तर्गत 2,310.71 हैक्टेयर क्षेत्र है जिसमें वर्ष 2020–21 के दौरान 11.45 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ। लघु एवं सीमांत कृषकों को कृषि औजारों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। चाय की खेती मुख्य रूप कांगडा, मंडी और चंबा जिलों में की जाती है। वर्तमान में राज्य में 5,900 चाय उत्पादक हैं।

7.1.13 भू एवं जल संरक्षण

राज्य सैक्टर के अन्तर्गत मिट्टी एवं जल संरक्षण की दो योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। यह योजनाएं हैं:

- भू संरक्षण कार्य
- जल संरक्षण और विकास

कृषि विभाग द्वारा वर्षा जल दोहन के लिए टैंक, तालाब, चैक डैम व भण्डार संरचनाओं के निर्माण के लिये योजना तैयार की है। इस के अलावा कम पानी उठाने वाले उपकरण व फव्वारों के माध्यम से कुशल सिंचाई प्रणाली को भी लोकप्रिय किया जा रहा है।

7.1.14 मुख्यमन्त्री नूतन पॉली हाऊस योजना

कृषि क्षेत्र में अधिक व शीघ्र विकास हेतु नकदी फसलों का उत्पादन पौली हाऊस के द्वारा खेती करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने नूतन पौली हाऊस योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत 100 हैक्टेयर भूमि को लाया जाएगा तथा 5,000 पॉलीहाऊस का निर्माण किया जाएगा यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। प्रथम चरण 2020–21 से 2022–23 तक होगा जिसके अन्तर्गत ₹78.57 करोड़ रुपये की लागत से 2,522 पॉलीहाऊस का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत स्वीकृत माडल के पॉलीहाऊस बनाने के लिए 85 प्रतिशत सहायता प्रदान की जाएगी और इस योजना में वर्ष 2021–22 के लिए ₹22.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

7.1.15 राष्ट्रीय कृषि विकास योजना– कृषि और संबद्ध क्षेत्र के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आर.के.बी.वाई. –रफ्तार)

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना–रफ्तार वर्ष 2007 में कृषि व सम्बन्धित क्रियाकलापों के सम्पूर्ण विकास के लिए एक छत्रीय योजना शुरु की गई। इस परियोजना में वर्ष 2021–22 के लिए ₹14.20 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है। इस योजना के उद्देश्य निम्न प्रकार से हैः–

- कृषि विकास नीति के अन्तर्गत सरकार द्वारा कृषि फसल हेतु बुनियादी ढांचा संरचना के माध्यम से किसानों को कृषि फसल से पूर्व और पश्चात गुणवत्ता, आदान–प्रदान भण्डारण व बाजार आदि से सम्बन्धित प्रयासों के विकल्प अपनाने में सक्षम बनाता है।
- राज्यों को कृषि एवम् समवर्गी क्षेत्र योजना के लिए योजनाएं बनाने तथा कार्यान्वयन करने के लिए लचीलापन और स्वतन्त्रता देना।
- किसानों को अपनी आय व उत्पादन सक्षमता को बढ़ाने हेतु मूल्य श्रृंखला/सारणी के अतिरिक्त उत्पादन लिंक्ड (उत्पादन से सम्बन्धी) मूल्य पद्वति अपनाने में प्रोत्साहित करता है।
- अतिरिक्त आय सृजन गतिविधियों जैसे एकीकृत खेती, मशरुम उत्पादन, मधु–मक्खी पालन, सुगंधित पौधों की खेती, फूलों की खेती आदि पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ किसानों के जोखिम को कम करने के लिए।
- उपयोजनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में भाग लेना।
- युवाओं को कौशल विकास, नवाचार, और कृषि–उद्यमिता आधारित कृषि माडल के माध्यम से सशक्त बनाना तथा उन्हें कृषि के लिए आकर्षित करना।

7.1.16 कृषि विस्तार एंव प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय मिशन (NMAET)

इस योजना के दौरान कृषि विस्तार एंव प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय मिशन (NMAET) के अन्तर्गत तकनीक की प्रसार प्रणाली किसान आधारित बनाने के लिए शुरू की गई है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो क्रमशः 90:10 केंद्र और राज्य के हिस्से के अनुपात में होगा। इस मिशन को तीन उप–मिशन में विभाजित किया गया है।

- कृषि विस्तार उप–मिशन (SAME): वर्ष 2021–22 के लिए ₹16.67 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।
- बीज एवं रोपण सामग्री उप–मिशन (SMSP): वर्ष 2021–22 के लिए ₹4.79 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।
- कृषि यंत्रीकरण उप–मिशन(SMAM): वर्ष 2021–22 के लिए ₹21.58 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

7.1.17 सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन (NMSA)

वर्षा सिंचिंत क्षेत्रों में सतत कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एन.एम.एस.ए. का गठन किया गया है। इस मिशन के तहत तीन विभिन्न घटक हैं:

- वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी): वर्ष 2021–22 के लिए ₹5.33 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।
- मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन (एसएचएम): वर्ष 2021–22 के लिए ₹2.16 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।
- परम्परागत कृषि विकास योजना, जल का कुशलतापूर्वक उपयोग(पी.के.वी.वाई.): वर्ष 2021–22 के लिए ₹10.64 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

7.1.18 राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM)

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे 2007 में शुरू किया गया था। इस मिशन के तहत, गेहूं के लिए 11 जिले (शिमला को छोड़कर), चावल के तहत दो जिले कांगडा और मंडी और मक्का के तहत शिमला, किन्नौर और लाहौल और स्पीति को छोडकर नौ जिले और दालों में माश, मूंग, मटर, मसूर और चना के तहत सभी जिलों का चयन किया गया है। सभी जिलों को न्यूट्री–अनाज (जवार, बाजरा, कोडोमिलेट, प्रोसोमिल्ट, फॉक्सटेलमिल्ट, लिटलमिल्ट और फिंगरमिल्ट) के लिए भी चुना गया है। इस मिशन में क्लस्टर प्रदर्शनों, प्रमाणित बीज के वितरण, सूक्ष्म पोषक तत्वों, पौधे और मिट्टी की सुरक्षा सामग्री, उन्नत उपकरणों और मशीनरी के लिए सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत वर्ष 2021–22 के लिए ₹15.00 करोड का बजट प्रावधान किया गया है।

7.1.19 प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना

कृषि उत्पादकता में सुधार करने के प्रयास में भारत सरकार ने एक नई योजना "प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना" के नाम से शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं (हर खेत को पानी) और अन्तिम छोर तक सिंचाई समाधान पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस योजना का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र स्तर पर सिंचाई में निवेश के अभिसरण प्राप्त करना, सुनिश्चित सिंचाई के अन्तर्गत कृषि योग्य क्षेत्र का विकास करना, खेत में सिंचाई की विधि में सुधार करना ताकि पानी के अपव्यय को कम किया जा सके, सही सिंचाई एवम् पानी की अन्य बचत तकनीकें शामिल हैं। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 के लिए राज्य योजना में ₹10.00 करोड़ रखे गए हैं।

7.1.20 कुशल सिंचाई के अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई योजना

सिंचाई की कुशल प्रणाली के लिए, सरकार ने ₹154.00 करोड के परिव्यय के साथ "सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से कुशल सिंचाई" नामक एक योजना शुरू की है। इस परियोजना के माध्यम से 8,500 हेक्टेयर क्षेत्र को ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के तहत लाया जाएगा जिससे 14,000 किसानों को लाभ होगा। किसानों को स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लगाने पर 80 प्रतिशत की दर से सब्सिडी दी जाएगी।

7.1.21 उत्तम चारा उत्पादन योजना

राज्य में चारे के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने "उत्तम चारा उत्पादन योजना" शुरू की है जिसके अन्तर्गत 42,000 हैक्टेयर क्षेत्र चारा उत्पादन के लिए लाया गया है। इस योजना के अन्तर्गत किसानों को रियायती दरों पर उत्तम घास बीज, कलमें तथा उत्तम गुणवता के चारे की किस्मों में सुधार के लिए बीजों की आपूर्ति की जाएगी। भूसा कटर पर अनुदान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति और बी.पी.एल. किसानों को उपलब्ध है। राज्य सरकार भी किसानों को अजोला घास की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार पिट तैयार करने के लिए 50 प्रतिशत सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2021–22 के लिए ₹7.10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

7.1.22 मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना

बंदर और वन्य जीवन के खतरे से सालाना फसलों को भारी नुकसान होता है। मैनुअल रखवाली द्वारा फसल सुरक्षा की वर्तमान प्रथा 100 प्रतिशत फसल को सुनिश्चित नहीं करती है। इसलिए, हिमाचल प्रदेश ने एक योजना मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 80 प्रतिशत सब्सिडी व्यक्तिगत किसान को तथा 85 प्रतिशत किसानों के समूह को सोलर बाड़ लगाने के लिए प्रदान की जाती है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 2019–20 से कंटीले और चेन लिंक फेंसिंग के साथ–साथ कम्पोजिट फेंसिंग की स्थापना को

भी मंजूरी दे दी है। कांटेदार और चेन लिंक (बुना जाल) बाड प्रणाली की स्थापना के लिए सब्सिडी 50 प्रतिशत होगी और समग्र बाड़ लगाने के लिए तथा भौगोलिक संकेतों के साथ एकीकृत सौर बाड़ के लिए 70 प्रतिशत होगी और इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2022 तक 1,080 लाभार्थियों के लिए ₹36.75 करोड़ व्यय किए जा चुके हैं।

7.1.23 मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना

कृषि मशीनरी के संचालन के कारण चोट लगने या मृत्यु होने की स्थिति में किसानों और खेतीहर मजदूरों को बीमा कवर प्रदान करने के लिए, राज्य सरकार ने 2015–16 में मुख्यमंत्री किसान और खेतीहार मजदूर जीवन सुरक्षा योजना शुरू की है। मृत्यु के मामले में ₹3.00 लाख, स्थायी दिव्यांगता ₹1.00 लाख और आंशिक अक्षमता के लिए ₹10,000 से ₹40,000 प्रभावित किसानों को प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021–22 के लिए ₹40.00 लाख का बजट प्रावधान किया गया है।

7.1.24 प्रवाह सिंचाई योजना

इस योजना के तहत कुहलों के स्रोत स्थान के नवीनीकरण के अलावा, सामान्य क्षेत्र में कुहलों को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा और समुदाय आधारित कार्यों पर सरकार द्वारा 100 प्रतिशत खर्च वहन किया जाएगा। सरकार ने इस योजना के तहत व्यक्तिगत रूप से सिंचाई के लिए बोरवेल और कम गहरे कुओं के निर्माण के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का फैसला किया है। वर्ष 2021–22 के लिए ₹15.00 करोड का बजट प्रावधान रखा गया है।

7.1.25 प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना(पी.एम.–कुसुम)

दूरदराज के क्षेत्रों में जहां बिजली की पहुंच महंगी है, राज्य सरकार ने फसलों को सुनिश्चित सिंचाई प्रदान करने, उत्पादन और उत्पादकता बढाने के उद्देश्य से एक नई योजना प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान शुरू की है इस योजना के तहत किसानों के छोटे और सीमांत किसान समूहों को 85 प्रतिशत सहायता प्रदान की जाएगी और 80 प्रतिशत सहायता किसानों के मध्यम और बडे समूहों को व्यक्तिगत और सामुदायिक आधार पर सोलर पंपिंग मशीनरी की स्थापना के लिए प्रदान की जाएगी। वर्ष 2021–22 के लिए ₹12.51 करोड का बजट प्रावधान रखा गया है।

7.1.26 जल से कृषि को बल योजना

सरकार ने "जल से कृषि को बल" योजना शुरु की है। इस योजना के अन्तर्गत चैक डैम और तालाबों का निर्माण किया जाएगा। 2021–22 के लिए ₹25.01 करोड का बजट प्रावधान रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत समुदाय आधारित लघु जल बचत योजना के क्रियान्वयन पर शत प्रतिशत व्यय सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

7.1.27 मुख्यमंत्री कृषि कोष योजना

किसान उत्पादक संगठन जो संसाधन जुटाने में कमजोर है और अपने दम पर बुनियादी ढांचा बनाने में समस्याओं का सामना कर रहें हैं वे कृषक, बागवानी किसानों डेयरी किसानों और मछुआरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें बुआई, कटाई और कटाई के बाद बुनियादी ढांचे जैसे ग्रेडिंग और पैकेजिंग मशीन, परिवहन वाहन, भण्डारण गोदाम और पैक हाऊस आदि के लिए बुनियादी इनपुट के लिए दीघ्रकालिक पूंजी की आवश्यकता होती है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने बीज धन का समर्थन करने के लिए कृषि कोष, किसानों के लिए ब्याज और ऋण की गारंटी के लिए एक नई योजना का शुरु की है, वर्ष 2021–22 के लिए ₹5.00 करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है।

7.1.28 कृषि उत्पादन संरक्षण योजना (एंटी हेल नेट)

फसलों को ओलावृष्टि से बचाने के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2020–21 से एक नई योजना कृषि उत्पादन संरक्षण योजना (एंटी हेल नेट) शुरु की है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार किसानों को एंटी हेल नेट खरीदने पर 80 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी। राज्य के सभी सब्जी उत्पादक किसानों को अपनी फसलों को ओलावृष्टि, आवारा जानवरों और बंदरों जैसी प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए एंटी हेल नेट प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2021–22 के लिए इस योजना में ₹10.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

7.2 बागवानी

हिमाचल प्रदेश की विविध जलवायु, भौगोलिक क्षेत्र तथा उसकी स्थिति में भिन्नता, उपजाऊ, गहन तथा उचित जल निकास व्यवस्था वाली भूमि समशीतोष्ण तथा ऊष्ण कटिबन्धीय

फलों की खेती के लिए बहुत उपयुक्त है। यह क्षेत्र अन्य गौण उद्यान उत्पादन जैसे फूल, खुम्ब, शहद तथा हॉप्स की खेती के लिए भी बहुत उपयुक्त है।

प्रदेश की इस अनुकूल स्थिति के परिणामस्वरूप पिछले कुछ दशकों में भूमि उपयोग अब कृषि से फलोत्पादन की ओर स्थानान्तरित होता जा रहा है। वर्ष 1950–51 में फलों के अधीन कुल क्षेत्र 792 हैक्टेयर था जिसमें कुल उत्पादन 1,200 टन होता था अब यह बढ़ कर वर्ष 2020–21 में 2,34,779 हैक्टेयर क्षेत्र हो गया तथा कुल फल उत्पादन 6.24 लाख टन हुआ तथा वर्ष (दिसम्बर, 2021 तक) कुल फल उत्पादन 6.97 लाख टन आंका गया है। वर्ष 2021–22 में 1,549 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को फल पौधों के अंतर्गत् लाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 2021 तक 1,932.49 हैक्टेयर क्षेत्र को पौधरोपण के अंतर्गत लाया गया तथा दिसम्बर, 2021 तक फलों के 5.35 लाख पौधे वितरित किए गए।

हिमाचल प्रदेश में फलोत्पादन में सेब का प्रमुख स्थान है जिसके अंतर्गत फलों के अधीन कुल क्षेत्र का लगभग 49 प्रतिशत है तथा उत्पादन कुल फल उत्पादन का लगभग 85 प्रतिशत है। वर्ष 1950–51 में सेबों के अंतर्गत 400 हैक्टेयर क्षेत्र था जोकि 1960–61 में बढ़कर 3,025 हैक्टेयर तथा वर्ष 2021–21 में 1,14,646 हैक्टेयर हो गया।

सेब के अतिरिक्त समशीतोषण फलों के अंतर्गत वर्ष 1960–61 में 900 हैक्टेयर क्षेत्र से बढ़कर 2020–21 में 27,870 हैक्टेयर हो गया। सूखे फल तथा मेवों का क्षेत्र 1960–61 के 231 हैक्टेयर से बढ़कर 2020–21 में 10,029 हैक्टेयर हो गया तथा निम्बू प्रजाति एवं उपोषण कटिबंधीय फलों का क्षेत्र वर्ष 1960–61 के 1,225 हैक्टेयर तथा 623 हैक्टेयर से बढ़कर 2020–21 में क्रमशः 25,654 हैक्टेयर तथा 56,580 हैक्टेयर हो गया। गत कुछ वर्षों से सेब उत्पादन में आ रहे निरन्तर उतार–चढ़ाव ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। प्रदेश के विशाल फलोत्पादन क्षमता के पूर्ण दोहन के लिए अब विभिन्न कृषि पारिस्थितक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। वर्ष 2021–22 में बागवानी में मशीनीकरण को बढ़ावा देने हेतु बागवानी विकास योजना के अर्न्तगत बागवानों को 8,900 शक्ति चलित स्प्रैयर, 584 पॉवर टिल्लरों (<8Break Horse Power) व 136 पॉवर टिल्लरों (>8 Break Horse Power) उपदान पर बांटे जा रहे है।

7.2.1 कृषि यांत्रिकीकरण (एस.एम.ए.एम.) के उप–मिशन

कृषि यांत्रिकीकरण के उप–मिशन को राज्य में लागू किया जा रहा है जहां किसानों को बैक एंडेड सब्सिडी के रूप में विभिन्न आधुनिक कृषि उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिए सहायता प्रदान की जाती है। राज्य कृषि विभाग, हिमाचल प्रदेश योजना का प्रमुख विभाग है। वर्ष 2021–22 के दौरान ₹21.50 करोड़ की राशि बागवानी विभाग को आबंटित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत 31 दिसम्बर, 2021 तक ₹12.00 करोड़ व्यय किये गए तथा 4,000 किसानों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2021–22 के दौरान, 73,216.67 मीट्रिक टन

सी–ग्रेड सेब जिसका मूल्य ₹69.55 करोड और 15.02 मीट्रिक टन आम जिसका मूल्य ₹1.43 लाख है, की खरीद की गई है।

प्रदेश के गर्म क्षेत्रों में आम एक मुख्य फसल के रूप में उभरा है। कुछ क्षेत्रों में लीची भी महत्व प्राप्त कर रही है। आम तथा लीची की बाजार में बेहतर कीमतें मिल रहीं है। मध्यम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में नए फलों जैसे कीवी, जैतून, पीकैन, अनार तथा स्ट्राबैरी की खेती लोकप्रिय हो रही है। फल उत्पादन आंकड़ें सारणी 7.8 में दर्शाए गए हैं।

सारणी 7.8: फल उत्पादन

(*000 टन)

मद	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22 (31 दिसम्बर,2021 तक)
सेब	368.60	715.25	481.06	601.95
अन्य समषीतोष्ण फल	37.15	49.85	40.65	35.18
सूखे मेवे	3.65	4.24	4.69	2.00
नींबू प्रजाति के फल	29.34	32.11	33.29	10.07
अन्य उष्णकटिबंधीय फल	56.62	43.97	64.80	48.76
कुल	**495.36**	**845.42**	**624.49**	**697.96**

प्रदेश में बागवानी उद्योग में विविधता लाने हेतु 31दिसम्बर, 2021 तक 373.57 हैक्टेयर क्षेत्र पुष्प खेती के अर्न्तगत लाया गया है। पुष्प खेती को बढ़ावा देने हेतु दो टिशू कल्चर प्रयोगशालाएं, आर्दश पुष्प केन्द्रों, महोगबाग, (चायल जिला सोलन) तथा पालमपुर जिला कांगड़ा में स्थापित की गई है। फूलों के उत्पादन तथा विपणन हेतु प्रदेश में 10 किसान कोओपरेटिव सोसाईटियां जो जिला शिमला, कांगड़ा, लाहौल–स्पिति, सोलन, चम्बा तथा हमीरपुर में कार्य कर रही है। प्रदेश में खुम्ब उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन जैसी सहायक उद्यान गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2021–22 में दिसम्बर, 2021 तक सोलन, रामपुर, बजौरा तथा पालमपुर स्थित विभागीय खुम्ब विकास परियोजनाओं में 524.72 मीट्रिक टन पास्चूराईजड खाद तैयार कर खुम्ब उत्पादकों को बांटी गई। प्रदेश में 31 दिसम्बर, 2021 तक कुल 18,308.03 मीट्रिक टन खुम्ब उत्पादन हुआ। इसके अतिरिक्त मधुमक्खी पालन गतिविधि के अंतर्गत 31 दिसम्बर, 2021 तक प्रदेश में 1,566.08 मीट्रिक टन शहद का भी उत्पादन हुआ।

7.2.2 हिमाचल प्रदेश में मौसम आधारित फसल बीमा योजना को रबी सीजन वर्ष 2009–10 में प्रायोगिक आधार पर 6 विकास खण्डों में सेब फसल के लिए तथा 4 विकास खण्डों में आम फसल हेतु लागू किया गया था। इस योजना की लोकप्रियता के दृष्टिगत अगले वर्षो में इस योजना का दायरा बढ़ाया गया। वर्तमान में, 42 विकास खण्डों में सेब फसल के लिए, 39 विकास खण्डों में आम फसल के लिए, 18 विकास खण्डों में निम्बू वर्गीय फसल के लिए, 14 विकास खण्डों में पलम फसल के लिए तथा 5 विकास खण्डों में आड़ू

फसल के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत लाया गया। इसके अतिरिक्त सेब की फसल को ओलावृष्टि से होने वाली क्षतिपूर्ति के लिए बीमा हेतु 19 विकास खण्डों को Add-on cover Scheme के अंतर्गत लाया गया है। वर्ष 2016–17 से इस योजना का नाम बदल कर Restructured Weather Based Crop Insurance किया गया है और बीमित राशि को संशोधित कर इसमें बोली प्रणाली लागू की गई है। वर्ष 2019–20 में 84,624 बागवानों को सेब, आम, पलम, आडू व निम्बू वर्गीय फसल के लिए R-WBCIS में सम्मिलित किया गया है जिनके द्वारा 64,33,231 वृक्षों को बीमित किया गया जिसके लिए प्रीमियम भाग लगभग ₹20.31 करोड़ राज्य सरकार द्वारा वहन किये गए।

7.2.3 वर्ष 2021–22 के दौरान केंद्र प्रायोजित योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास **योजना** (आर.के.वी.वाई.–रफ्तार) के कार्यान्वयन के लिए 30 सितम्बर, 2021 को एस.एल.एस.सी. (राज्य स्तरीय स्वीकृति कमेटी) द्वारा ₹374.64 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

7.2.4 हिमाचल खुम्ब विकास योजना राज्य में मशरूम की खेती को बढावा देने के लिए 2019–20 के दौरान शुरू की गई थी। वर्ष 2021–22 के दौरान ₹5.00 करोड प्राप्त हुए और ₹65.85 लाख खर्च किए गए। योजना के तहत 168 इकाइयां स्थापित की गई और 411 किसान लाभान्वित हुए। जिलेवार स्थिति तालिका 7.9 में दर्शाई गई है।

सारणी 7.9: जिलावार ईकाईयां एवं लाभार्थी

क्रम संख्या	जिलों के नाम	HKVY के अन्तर्गत बनाई गई ईकाइयां	HKVY के अन्तर्गत लाभार्थियों की संख्या
1.	बिलासपुर	10	111
2.	चम्बा	3	3
3.	हमीरपुर	15	45
4.	कांगड़ा	62	122
5.	किन्नौर	0	0
6.	कुल्लू	0	0
7.	लाहौल–स्पिति	0	0
8.	मण्ड़ी	18	18
9.	शिमला	31	31
10.	सिरमौर	25	25
11.	सोलन	1	53
12.	ऊना	3	3
	कुल	**168**	**411**

स्रोत : उद्यान विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

7.2.5 कुशल एवं अकुशल बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं राज्य में वाणिज्यिक पुष्प कृषि को बढावा देने के लिए **"हिमाचल पुष्प क्रांति योजना"** के अंतर्गत वर्ष

2021—22 के दौरान ₹11.00 करोड़ की राशि आबंटित की गई है, जिसमें से ₹1.82 करोड़ 31 दिसम्बर, 2021 तक व्यय किए गए हैं तथा 99 किसान लाभान्वित भी हुए हैं। इसी प्रकार गुणवत्तायुक्त फल फसलों के उत्पादन एवं उत्पादन में वृद्धि, शहद उत्पादन एवं अन्य मधुमक्खी उत्पादों को बढाने के लिए मुख्यमंत्री मधु विकास योजना प्रारम्भ की गई है तथा ₹6.20 करोड़ की निधि वर्ष 2020—21 के दौरान आबंटित की गई है। कृषि उत्पाद संरक्षण योजना के तहत वर्ष 2020—21 के लिए स्थायी समर्थन (इस्पात और बांस) के निर्माण के लिए ₹20.00 करोड़ की राशि आवंटित की गई थी, जिसमें से ₹19.62 लाख खर्च किए गए हैं और 79 किसानों को 31 दिसंबर 2021 तक लाभान्वित किया गया है।

7.2.6 केंद्र प्रायोजित योजना, **"बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन"** (एम.आई.डी.एच.) राज्य में लागू किया जा रहा है जिसके तहत किसानों को विभिन्न बागवानी गतिविधियों जैसे फलों की खेती, फूल, सब्जियां, प्रजातियां और नए उद्यानों की स्थापना, मशरूम उत्पादन, उच्च मूल्य के फूलों और सब्जियों की ग्रीन हाउस की खेती, एंटी हेल नेट, बागवानी मशीनीकरण, कटाई के बाद प्रबंधन आदि करने के लिए 40—85 प्रतिशत तक सब्सिडी के रूप में सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2021—22 में ₹48.89 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें से पहली किशत के रूप में ₹12.22 करोड़ सरकार से प्राप्त हो चुके हैं। इस मिशन के तहत वर्ष 2003—04 से दिसंबर, 2021 तक कुल 2,60,421 किसान लाभान्वित हुए हैं।

7.2.7 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना—प्रति बूंद अधिक फसल(पी.एम.के.एस.वाई.—पी.डी.एम.सी.) एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे 2015—16 से राज्य में लागू किया जा रहा है। वर्ष 2017—18 में, छोटे और सीमांत किसानों के लिए 55 प्रतिशत और बडे किसानों के लिए 45 प्रतिशत सब्सिडी के प्रावधान के साथ पी.एम.के.एस.वाई.—प्रति बूंद अधिक फसल दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया था। राज्य छोटे और सीमांत किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी देने के लिए राज्य का 25 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा प्रदान कर रहा है। वर्ष 2020—21 के लिए, भारत सरकार ने (PMKSY-PDMC) के लिए ₹1,200 लाख मंजूर किए हैं। अब तक (2015—16 से दिसंबर, 2021) 5,813.71 हेक्टेयर क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के तहत लाया गया है, जिससे 24,306 किसान लाभान्वित हुए हैं।

7.3 हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड (एच.पी.एम.सी.)

एच.पी.एम.सी., एक राज्य सार्वजनिक उपक्रम, की स्थापना ताजे फलों और सब्जियों के विपणन, अप्राप्य अधिशेष के प्रसंस्करण और प्रसंस्कृत उत्पादों के विपणन के उद्देश्य से की गई थी। अपनी स्थापना के बाद से, एच.पी.एम.सी. राज्य के फल उत्पादकों को उनकी उपज का लाभकारी रिटर्न प्रदान करके उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वर्ष 2020–21 के दौरान एच.पी.एम.सी. ने ₹70.93 करोड़ का कुल कारोबार दर्ज किया था। मण्डी मध्यस्थ योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आम, सेब और नीम्बू प्रजाति के फलों के लिए समर्थन मूल्य जारी रखा, जो निम्न प्रकार से हैं:–

सारणी 7.10: फलों के लिए समर्थन मूल्य

क0 सं0	फलों के नाम	समर्थन मूल्य (₹ प्रति कि.ग्रा.)
1.	आम (ग्राफ्टिड किस्म)	9.50
2	आम (सीडिंग किस्म)	9.50
3.	आम आचारी	9.50
4.	सेब	9.50
5.	किन्नू,माल्टा और संतरा (ग्रेड बी)	8.50
6.	किन्नू,माल्टा और संतरा (ग्रेड सी)	8.00
7.	गलगल (सभी ग्रेड)	7.00

- निगम ने सफलतापूर्वक पांच नियंत्रित वातानुकूलित भण्डार सेब उत्पादन क्षेत्रों में जैसे जिला शिमला तथा कुल्लू के अन्तर्गत जरोल–टिक्कर (कोटगढ़) 640 मी.टन, गुम्मा (कोटखाई) 640 मी. टन, ओडी (कुमारसेन) 700 मी.टन, तथा रोहडू में 700 मी.टन क्षमता सहित कुल 2,680 मी.टन क्षमता के स्थापित किए है।
- परवाणू में एप्पल जूस कॉन्संट्रेट (ए.जे.सी.) संयंत्र के उन्नयन के लिए ₹8.00 करोड़ की सहायता अनुदान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) से प्राप्त किया गया है और उन्नयन का कार्य वर्ष 2018 में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है और उसी वर्ष परीक्षण उत्पादन शुरू किया गया था। प्लांट को 2019 में व्यावसायिक उत्पादन के लिए स्थापित किया गया था और उस दौरान एप्पल जूस कॉन्सेंट्रेट का उत्पादन 1,012 मीट्रिक टन था। सेब सीजन 2021 के दौरान खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र परवाणू में कुल 617.83 मीट्रिक टन सेब के रस का उत्पादन किया गया।

- फल प्रसंस्करण संयंत्र, जारोल सुंदरनगर में कैलेंडर वर्ष 2019–20 के दौरान कुल 235 मीट्रिक टन और 2020–21 में, 112 मीट्रिक टन एप्पल जूस का उत्पादन किया गया। इसके अलावा, 2021 के नवीनतम सेब सीजन के दौरान कुल 81.27 मीट्रिक टन एप्पल जूस का उत्पादन किया गया था।

- एच.पी.एम.सी. ने एफ.पी.पी. परवाणू में एप्पल साइडर के निर्माण और मेसर्स माउंटेन बैरल के साथ एफ.पी.पी. जारोल में फलों और रेड वाइन के निर्माण के लिए मैसर्स पीएच 4 पार्टियों के साथ एक अनुबंध प्रतिपादित किया है इससे आने वाले वर्षों में बिक्री के साथ–साथ लाभ का बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

- निगम की योजना है, कि विभिन्न फलों की ग्रैडिंग/पैंकिग, प्रसंस्करण का उनके उत्पादन क्षेत्रों में विश्व बैंक की सहायता से वर्तमान भण्डारण क्षमता को बढ़ाया जा सके। इस परियोजना के पोस्ट हार्वेस्ट सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर घटक के तहत सीए स्टोर्स जारोल टिक्कर, गुम्मा और रोहडू की मौजूदा स्टोरेज क्षमता को मौजूदा 2,680 मीट्रिक टन से बढाकर 6,618 मीट्रिक टन करने की प्रक्रिया मार्च, 2022 तक पूरी कर ली जाएगी।

7.4 पशुपालन और डेरी

पशुधन विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। हिमाचल प्रदेश में पशुधन एवं फसलों तथा सांझी सम्पति साधन जैसे वन, पानी, चरने योग्य भूमि, में बहुत गहन सम्बन्ध है।

सिंगल विंडो सिस्टम को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है और उद्योग से संबंधित सभी सेवाओं को उद्योग विभाग के सिंगल विंडो पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया गया है जो निवेशक के साथ वन स्टॉप इंटरफेस के रूप में कार्य करेगा।

9.4 विनियामक अनुपालन बोझ को कम करना

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डी.पी.आई.आई.टी.) ने ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार के लक्ष्यों को साकार करने हेतू देश भर में अनुपालना बोझ को कम करने की पहल की है। इस पहल के पीछे, मुख्य उद्देश्य सभी बोझिल अनुपालना को पहचानना, कम करना, समाप्त करना ताकि सरकार से व्यवसाय (G2B) सरकार से नागरिक (G2C) के बीच मानवीय हस्तक्षेप कम हो सके और सरकार सेवाओं की परेशानी मुक्त सुविधा प्रदान कर सके। राज्य में नियामक अनुपालन को कम करने के लिए राज्य द्वारा अनेक पहल एवं सक्रिय उपाय किए गए हैं।

उद्योग निदेशालय हिमाचल प्रदेश राज्य में सभी विभागों के साथ कार्यान्वयन और समन्वय के लिए एक नोडल एजेंसी है। राज्य में विभिन्न विनियमों को न्यूनतम करने के लिए अन्य प्रशासनिक सचिवों के साथ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है।

9.5 प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिककरण योजना (पी.एम.एफ.एम.एफ.पी.ई.)

आत्मनिर्भर भारत के तहत, असंगठित क्षेत्र के खाद्य आधारित सूक्ष्म उद्यमों की सहायता करने और उन्हें संगठित क्षेत्र में लाने के उद्देश्य से पी.एम.एफ.एम.एफ.पी.ई. योजना शुरू की गई है। इस योजना को राज्य में लागू करने के लिए विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

वर्ष 2020–21 के दौरान 185 स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को ₹70.98 लाख की सीड़ कैपिटल उपलब्ध करवाई गई। जिसमें 3 इनक्यूबेशन सेंटर, एक इन्क्यूबेशन सेंटर डॉ वाई.एस. परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, सोलन और अन्य दो चौधरी सरवन कुमार, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर और कृषि विज्ञान केंद्र कुकुमसेरी में क्रमशः ₹3.72 करोड, ₹2.59 करोड और ₹2.52 करोड अनुदान के साथ स्थापित किए जाएंगे जिन्हें खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। इस योजना के तहत क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी के लिए 126 व्यक्तिगत आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

9.6 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.)

पी.एम.ई.जी.पी. केंद्र सरकार का क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी प्रोग्राम है। यह योजना 15 अगस्त, 2008 को दो योजनाओं, प्रधानमंत्री रोजगार योजना और ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम के विलय उपरान्त शुरू की गई थी। योजना के अन्तर्गत् सेवा क्षेत्र के तहत विनिर्माण क्षेत्र में परियोजना की अधिकतम लागत क्रमशः ₹25 लाख और ₹10 लाख है। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार को प्रस्तावित उद्यम इकाई के लिए स्थापना क्षेत्र के आधार पर 15–25 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है और परियोजना लागत में स्वंय का योगदान 10 प्रतिशत निर्धारित है। अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को प्रस्तावित उद्यम इकाई के लिए स्थापना क्षेत्र के आधार पर 25–35 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है और उनका स्वयं का योगदान केवल 5 प्रतिशत निर्धारित है। इस योजना के तहत जनवरी, 2022 तक 725 मामलों के लिए ₹21.45 करोड के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि लक्ष्य 1,451 मामलों का था। पी.एम.ई.जी.पी. के उद्देश्य निम्न हैंः

- नए स्वरोजगार उपक्रमों/परियोजनाओं/सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना।
- व्यापक रूप से फैले हुए पारम्परिक कारीगरों, ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं को एक साथ लाना और उन्हें उनके स्थान पर यथासंभव स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना।
- देश में पारंपरिक, भावी कारीगरों, ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं के एक बड़े वर्ग को निरंतर और स्थायी रोजगार प्रदान करना, ताकि ग्रामीण युवाओं का शहरी क्षेत्रों में पलायन को रोकने में मदद मिल सके।
- कारीगरों की मजदूरी अर्जन क्षमता में वृद्धि करना और ग्रामीण और शहरी रोजगार की वृद्धि दर में योगदान देना।

9.7 मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना (एम.एम.एस.वाई.)

एम.एम.एस.वाई. राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की एक

महत्वाकांक्षी योजना है। कोविड–19 महामारी के चलते भी स्वीकृत मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ यह योजना बहुत लोकप्रिय हो गई है। योजना को 60 प्रतिशत फ्रंट लोडिंग सब्सिडी के प्रावधान के साथ ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीण युवाओं को लाभ प्रदान करने के लिए कृषि, पशुपालन, रेशम उत्पादन और खनन से संबंधित गतिविधियों को जोड़कर हाल ही में इस योजना में संशोधन किया गया है। महिलाओं की पात्रता आयु सीमा को 18–45 वर्ष से संशोधित कर 18–50 वर्ष कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं योजना का लाभ उठा सकें और आत्मनिर्भर बन सके। इस योजना की उच्च स्तर पर नियमित रूप से निगरानी की जा रही है और युवाओं में बहुत लोकप्रिय बनती जा रही है।

एम.एम.एस.वाई. के अन्तर्गत, दिसंबर, 2021 तक, बैंकों द्वारा 5,000 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे 15,073 स्वरोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

9.8 हिमाचल राज्य खाद्य मिशन

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एम.एफ.पी.आई.) ने 12वीं योजना (2012–13) के दौरान राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से कार्यान्वयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन (एन.एम.एफ.पी.) शुरू किया था। इसके अलावा, भारत सरकार ने शेष 12वीं पंचवर्षीय योजना (2013–17) के दौरान मिशन को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस मिशन का मूल उद्देश्य मंत्रालय की योजनाओं के कार्यान्वयन का विकेन्द्रीकरण करना है, जिससे राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों की पर्याप्त भागीदारी होगी। इस योजना को केंद्रीय सहायता से अलग कर दिया गया है और 2015–16 से राज्य सरकार द्वारा अपने स्तर पर चलाया जा रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान, हिमाचल राज्य खाद्य मिशन के अंतर्गत ₹2.27 करोड़ की सहायता अनुदान वाली 14 परियोजनाएं स्वीकृत की गई।

9.9 रेशम उत्पादन उद्योग

रेशम उत्पादन गतिविधियाँ राज्य के कमजोर वर्ग के लोगों को अंशकालिक रोजगार प्रदान कर रही हैं। राज्य में रेशमकीट पालन को बढावा देने के लिए विभिन्न परियोजनाओं के तहत 146 समुदाय आधारित “संगठन और रेशम साथी” नामित किए गए हैं।

9.10 खनन

पारदर्शिता व समय की बचत के लिए खनन पट्टा स्वीकृति की समस्त प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। अवैध खनन को रोकने के लिए प्रावधान कड़े किए गए हैं, जिसके अंतर्गत जुर्माना ₹25,000 से बढ़ाकर ₹5,00,000 व सजा 1 वर्ष से बढ़ाकर 2 वर्ष या दोनों एक साथ करने का प्रावधान किया गया है। पिछले नियमों के अनुसार प्रदेश के नदी नालों में मशीनों द्वारा किए गए अवैध खनन के लिए न्युनतम ₹25,000 की जुर्माना राशि वसूल किए जाने का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर अब ₹50,000 कर दिया गया है। अवैध खनन की

रोकथाम हेतु जहां एक ओर सरकार नियमों में संशोधन करने के उपरांत अवैध खनन में संलिप्त दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए पग उठा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में वैध तरीके से खनिज सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रयास कर रही है। प्रदेश के सीमावर्ती जिले, जिनमें कांगड़ा, ऊना, सोलन व सिरमौर प्रमुख रूप से आते हैं और अवैध खनन के लिए संवेदनशील बने रहते है। इस निर्णय के अनुरुप अवैध खनन एवं ओवर लोडिंग को रोकने के लिए प्रदेश में सोलन–1 एवं ऊना–5 खनन पड़ताल चौंकियां स्थापित कर दी गई हैं। विभाग ने पिछले 04 वर्षों के दौरान 220 से अधिक खनन स्थलों को निविदा–सह–नीलामी के माध्यम से नीलाम किया है।

9.11 हिमाचल प्रदेश में औद्योगीकरण की स्थिति

राज्य में 31.01.2022 तक उद्यम पोर्टल पर 33,094 उद्यमों ने पंजीकरण कराया है जिनमें से 31,217 सूक्ष्म, 1,637 लघु और 240 मध्यम उद्यम हैं। इसके अलावा राज्य में 48 बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी कार्यरत हैं। विनिर्माण और सेवा उद्यमों सहित उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण का जिलावार आंकड़े सारणी 9.1 में सूचीबद्ध है।

सारणी 9.1: जिलावार पंजीकृत उद्यम

जिला	उद्यम पंजीकरण (विनिर्माण और सेवा उद्यम)				क्षेत्र द्वारा प्रभुत्व
	कुल	सूक्ष्म	लघु	मध्यम	
बिलासपुर	1,310	1,273	34	3	खाद्य उद्योग
चंबा	1,364	1,338	26	0	खाद्य उद्योग
हमीरपुर	1,660	1,622	36	2	फर्नीचर उद्योग
कांगडा	5,708	5,519	178	11	खाद्य उद्योग
किन्नौर	271	270	1	0	हथकरघा उद्योग
कुल्लू	2,426	2,358	65	3	हथकरघा उद्योग
लाहुल स्पीति	1,49	149	0	0	ऊन आधारित उद्योग
मंडी	3,783	3,679	101	3	खाद्य उद्योग
शिमला	3,767	3,627	132	8	खाद्य उद्योग
सिरमौर	2,369	2,084	217	68	फार्मास्युटिकल उद्योग
सोलन	7,769	6,890	744	135	फार्मास्युटिकल उद्योग
ऊना	2,518	2,408	103	7	खाद्य उद्योग
कुल	**33,094**	**31,217**	**1,637**	**240**	

स्रोतः एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार

9.12 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) की हिमाचल में स्थिति

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.) उद्यमिता को बढावा देकर और रोजगार के अवसर पैदा करके राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सरकार ने एम.एस.एम.ई. को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। 1 जुलाई, 2020 में करके

निवेश (विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए समान सीमाएं) और वार्षिक कारोबार का एक समग्र–मानदंड पेश किया, इसका विवरण तालिका 9.2 में दिखाया गया है।

सारणी 9.2: एम.एस.एम.ई.–वर्गीकरण

वर्तमान एम.एस.एम.ई. वर्गीकरण–मानदंड– संयंत्र मशीनरी उपकरण में निवेश			
वर्गीकरण	**सूक्ष्म**	**लघु**	**मध्यम**
विनिर्माण उद्यम	निवेश < ₹25 लाख	निवेश < ₹5 करोड़	निवेश < ₹10 करोड़
सेवा उद्यम	निवेश < ₹10 लाख	निवेश < ₹2 करोड़	निवेश < ₹5 करोड़
संशोधित एम.एस.एम.ई. वर्गीकरण			
समग्र मानदंडः संयंत्र मशीनरी या उपकरण में निवेश और वार्षिक टर्न ओवर			
वर्गीकरण	**सूक्ष्म**	**लघु**	**मध्यम**
सेवाएं प्रदान करने वाले और विनिर्माण उद्यम	निवेश < ₹ 1 करोड़	निवेश < ₹10 करोड़	निवेश < ₹50 करोड़
	वार्षिक कारोबार < ₹ 5 करोड़	वार्षिक कारोबार < ₹ 50 करोड़	वार्षिक कारोबार < ₹250 करोड़

स्रोतः एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार

इस संशोधित पहल से एम.एस.एम.ई. कई सरकारी प्रोत्साहनों को खोए बिना उत्पादकता बढ़ा सकते हैं जिसमें बाजार सहयोग, निर्यात में प्रोत्साहन, सार्वजनिक खरीद में प्राथमिकता, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एम.एस.एम.ई.–सी.डी.पी.) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्फुर्ति ओर सूचना प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र इत्यादि शामिल है। यह सक्षम वातावरण प्रतिस्पर्धा को बढावा देगा और एम.एस.एम.ई. के बीच शक्तिहीनता को कम करेगा। एम.एस.एम.ई. ईज आफ डूइंग में सुधार के लिए सरकार द्वारा हाल ही में किए गए उपायों में जुलाई, 2020 में नए उद्यम पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ भी शामिल है। इस पोर्टल के अन्तर्गत् पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन, डिजिटल और कागज रहित और स्व–घोषणा पर आधारित है। नई पंजीकरण प्रक्रिया ने लेनदेन के समय और लागत को कम करके एम.एस.एम.ई. को व्यापार करने में अधिक आसानी हुई है।

9.13 खादी और ग्रामोद्योग आयोग (के.वी.आई.सी.)

खादी और ग्रामोद्योग आयोग एक वैधानिक निकाय है जिसका गठन अप्रैल 1957 में (द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान) भारत सरकार द्वारा संसद के अधिनियम, खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम 1956 के तहत किया गया था। यह भारत में खादी और ग्रामोद्योग के संबंध में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, मंत्रालय के तहत एक शीर्ष संगठन है, जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में खादी और ग्रामोद्योग की योजना, विकास, बढ़ावे देने, संगठित करने की सुविधा प्रदान करता है और जहां तक आवश्यक हो ग्रामीण विकास की अन्य संगठन के साथ मिलकर स्थापना करने में सहायता प्रदान करता है। के.वी.आई.सी. की राज्य शाखा शिमला के

अन्तर्गत् प्रदेश में 13 कार्यरत खादी संस्थान हैं। के.वी.आई.सी. से संबद्ध पंजीकृत समितियों और संस्थानों के माध्यम से उत्पादन और बिक्री की स्थिति तालिका 9.3 में दिखाई गई है।

सारणी 9.3: संबद्ध पंजीकृत सोसायटी और संस्थान में के.वी.आई.सी./ के.वी.आई.बी. के माध्यम से उत्पादन और बिक्री की स्थिति

वर्ष	उत्पादन मूल्य	बिक्री मूल्य	रोजगार (संख्या में)
	(₹लाख में)		
2017—18	440.58	796.99	1418
2018—19	370.10	828.55	1615
2019—20	559.95	856.16	1668
2020—21	234.61	568.73	1804
2021—22	329.00	763.00	1804

स्रोतः एच.पी.के.वी.आई.सी., हिमाचल प्रदेश

खादी कार्यक्रम के अलावा, के.वी.आई.सी., पी.एम.ई.जी.पी. भी चला रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत् खादी और ग्राम औद्योगिक बोर्ड और संबंधित राज्य में उद्योग निदेशालय की भागीदारी के साथ क्रेडिट लिंक्ड बैक एंडेड सब्सिडी योजना पूरे भारत में लागू की जा रही है। स्थानीय सरकारी एजेंसियों और बैंकों के सक्रिय समर्थन से, के.वी.आई.सी. 2009 से पी.एम.ई.जी.पी. योजना को संचालित करते हुए शिक्षित और अशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। औद्योगिक इकाइयों की स्थिति, सब्सिडी का उपयोग और रोजगार सृजन तालिका 9.4 में दर्शाया गया है।

सारणी 9.4: सब्सिडी और रोजगार की स्थिति (पी.एम.जी.ई.पी. के तहत)

वर्ष	परियोजना की संख्या	सब्सिडी की (₹लाख में)	रोजगार सृजन
2017—18	886	2042.50	7088
2018—19	1399	4135.61	11192
2019—20	1216	3213.86	9728
2020—21	1208	3381.10	9664
2021—22	796	2312.49	6368

स्रोतः एच.पी.के.वी.आई.सी., हिमाचल प्रदेश

के.वी.आई.सी. ने राज्य में पारंपरिक उद्योगों के उत्थान के लिए क्लस्टरों की भी पहचान की है। स्फुर्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत् सिरमौर मधुमक्खी पालन क्लस्टर की पहचान की गई है और महिला समाज कल्याण समिति, राजगढ, सिरमौर इसकी कार्यान्वयन एजेंसी होगी। ली.बी.इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बी कीपिंग और एग्रो एंटरप्राइज, लुधियाना के तकनीकी

सहयोग से, 300 कारीगरों को सम्मिलित किया जाएगा, जिसकी परियोजना लागत ₹255.76 लाख है।

9.14 हिमाचल प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड (HPKVIB)

हिमाचल प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड विधानसभा के एक अधिनियम (1966 की संख्या 8) द्वारा बनाई गई एक वैधानिक निकाय है। यह 8 जनवरी, 1968 को अस्तित्व में आया। 1966 के मूल अधिनियम को बाद में वर्ष 1981 और 1987 के दौरान संशोधित किया गया है। उद्योग विभाग के.वी.आई.बी. का प्रशासनिक विभाग है। बोर्ड के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार दिए गए हैं:

- रोजगार उपलब्ध कराने का सामाजिक उद्देश्य।
- बिक्री योग्य वस्तुओं के उत्पादन का आर्थिक उद्देश्य।
- गरीबों के बीच आत्मनिर्भरता पैदा करने और एक मजबूत ग्रामीण सामुदायिक भावना का निर्माण करने का व्यापक उद्देश्य।

बोर्ड ग्रामीण कारीगरों उद्यमियों को उनके दरवाजे पर सूक्ष्म ग्रामउद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करके ग्रामीण औद्योगीकरण और रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे कि स्थानीय रूप से उपलब्ध कच्चे माल और कौशल का उपयोग किया जा सके।

9.15 हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (एच.पी.एस.आई.डी.सी.)

यह राज्य में लघु, मध्यम और बडे पैमाने पर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को बढावा देने वाली एक प्रमुख एजेंसी है। निगम राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थान के रूप में भी कार्य करता है। हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों के प्रचार और स्थापना के लिए एच.पी. एस.आई.डी.सी. प्रमुख एजेंसी है। यह प्रमुख राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थान भी है और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक ऋण प्रदान करता है। निगम की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ हैं:

- पूरे हिमाचल प्रदेश में औद्योगीकरण को बढावा देना।
- उद्योगों का संवर्धन, विकास और वित्त पोषण।
- औद्योगिक बुनियादी ढांचे का विकास।
- उद्यमियों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना।
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर.आई.एन.एल.) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आई.ओ.सी.एल.) जैसे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के डीलर के रूप में स्टील और बिटुमेन का विपणन।
- औद्योगिक क्षेत्रों सम्पदाओं का विकास।

एच.पी.एस.आई.डी.सी. को दो प्रतिष्ठित परियोजनाओं के निष्पादन के लिए राज्य कार्यान्वयन एजेंसी के रुप में नियुक्त किया गया है जिनमें भारत सरकार की संशोधित औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन योजना (एम.आई.आई.यू.एस.) के तहत कन्दरोड़ी, जिला कांगड़ा और पंडोगा, जिला ऊना स्टेट ऑफ आर्ट औद्योगिक क्षेत्र शामिल है और परियोजनाओं का परिव्यय ₹ 275.00 करोड़ है।

एच.पी.एस.आई.डी.सी. को वित्त वर्ष के दौरान 2021–22 के दौरान ₹1,494.95 लाख का सकल लाभ अर्जित करने की संभावना है और ₹480.48 लाख के कराधान और लाभांश का प्रावधान करने के बाद ₹1,014.47 लाख शुद्ध लाभ कमाने की आशा है।

मुख्यमंत्री ने एच.पी.एस.आई.डी.सी. के पोर्टल 'उन्नति' और मोबाइल एप का शुभारंभ किया। यह पोर्टल उपयोगकर्ताओं को दूसरों के सहयोग से काम करने और व्यक्तिगत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता प्रदान करेगा। वास्तविक सहयोग के अलावा, उन्नति पोर्टल उपयोगकर्ताओं को किसी भी स्थान और किसी भी समय दस्तावेजों को एक साथ साझा करने और उन पर काम करने की अनुमति देगा।

9.16 हिमाचल प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (एच.पी.आई.डी.बी.)

राज्य सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास के लिए एच.पी.आई.डी.बी. हिमाचल प्रदेश अवसंरचना विकास अधिनियम 2001 के उद्देश्य से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण, निर्माण, रखरखाव और संचालन में राज्य सरकार और सरकारी एजेंसियों के अलावा अन्य व्यक्तियों की भागीदारी से सरकार के लिए संसाधन जुटाने हेतू स्थापित किया गया हैं। वर्तमान में, इस संगठन के माध्यम से जुटाए गए निवेश राज्य योजना के तहत व्यय के अंतर को कम कर रहा है। अब तक, निम्नलिखित क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं।

- राज्य सडकें और पुल परियोजनाएं।
- संचाई और सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाएं।
- स्वास्थ्य अवसंरचना।
- विद्युत परियोजनाएं।
- शहरी स्थानीय निकाय और अन्य अवसंरचना

एच.पी.आई.डी.बी. अपने मूल गतिविधियों के अलावा प्रदेश सरकार के लिए सार्वजनिक ओर निजी भागीदारी प्रकोष्ठ के रुप में भी कार्य कर रहा है। एच.पी.आई.डी.बी. को विभिन्न क्षेत्रों के 20 परियोजनाएं सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के रुप में सौंपी गई और विभिन्न विभागों की परियोजनाएं जोकि विभिन्न कार्यान्वयन स्तर पर हैं जिनका वर्णन सारणी 9.5 एवं 9.6 में दिखाया गया है।

सारणी 9.5 : सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के अन्तर्गत प्रदान की गई परियोजनाओं की संख्या

क्षेत्र	प्रदान की गई परियोजनाओं की संख्या
भाहरी	12
पर्यटन	5
स्वास्थ्य	2
पर्यावरण	1
योग	**20**

सारणी 9.6 : सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के अन्तर्गत परियोजनाएं जो कार्यान्वयन के विभिन्न स्तर पर है

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या
पर्यटन	9
शहरी	4
बागवानी	2
परिवहन	2
लोक निर्माण	1
योग	**18**

वर्ष 2020–21 के दौरान एच.पी.आई.डी.बी. को सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के अन्तर्गत् शहरी अधोसंरचना क्षेत्र में परामर्श हेतू विभिन्न कार्य सौंपे गए हैं जिनमें श्री चिंतपूर्णी सदन, ब्लॉक सी, चिंतपूर्णी का संचालन व रख–रखाव, नगर निगम शिमला का विशेष रेस्तंरा, टाउन हाल, धरातल मंजिल, दी माल शिमला का संचालन, रख–रखाव एवं प्रबंधन और परिवहन क्षेत्र में हमीरपुर के बस अड्डे और कार पार्किंग का विकास शामिल है।

9.17 निवेश / पंहुच बनाने हेतू

- राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए, सरकार ने 07 और 08 नवंबर, 2019 को धर्मशाला में पहली वैश्विक निवेशक बैठक–2019 का आयोजन किया। इसका उद्देश्य कृषि व्यवसाय, खाद्य प्रसंस्करण और पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स, पर्यटन, आतिथ्य और नागरिक उड्डयन, जल और नवीकरणीय ऊर्जा, कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल और आयुष, आवास, शहरी विकास, परिवहन, बुनियादी ढांचे, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं, आई.टी.ई.एस., इलेक्ट्रॉनिक्स, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना था।

- मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने से पहले, राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश के नेतृत्व में जर्मनी, नीदरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात (यू.एई.) में तीन अंतरराष्ट्रीय रोड शो आयोजित किए। अंतरराष्ट्रीय रोड शो के अलावा, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, नई दिल्ली, अहमदाबाद और चंडीगढ में छह घरेलू रोड शो और मनाली और शिमला में दो मिनी कॉन्क्लेव आयोजित किए गए।

- सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में ₹96,720.88 करोड के प्रस्तावित निवेश और 1,96,800 व्यक्तियों के प्रस्तावित रोजगार के साथ विभिन्न क्षेत्रों में 703 समझौता ज्ञापनों (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए।

- **पहला ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, 27–12–2019 को शिमला में आयोजित किया गया था, जिसमें 13,488 करोड़ के 236 समझौता ज्ञापनों को धरातल पर उतारा गया।**

- कोविड–19 महामारी की स्थिति के बावजूद, ₹4,483 करोड़ के निवेश वाली 102 परियोजनाओं को चालू किया गया है और ₹6,917 करोड के निवेश के साथ 87 परियोजनाओं में सिविल कार्य मशीनरी स्थापना प्रगति पर है। धरातल पर उतारे गए कुल निवेश का लगभग 84 प्रतिशत भौतिक हो गया है।

सारणी 9.7: पहली जी.बी.सी. में आधारित समझौता ज्ञापनों की स्थिति

विभाग	एम.ओ.यू. की संख्या	₹करोड	उत्पादन शुरू संचालन शुरू		सिविल कार्य प्रगति		सिविल कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ	
			एमओयू की संख्या	₹करोड़ में	एमओयू की संख्या	₹करोड़ में	एमओयू की संख्या	₹करोड़ में
1. उद्योग	112	3157	74	1692	27	1224	11	241
2. आयुर्वेद	18	357	3	12	11	322	4	24
3. प्रारंभिक शिक्षा	2	4	2	4				
4. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	2	60	1	20	1	40		
5. उच्च शिक्षा	9	345	1	250	7	91.5	1	3
6. आवास	9	1696			7	1648.5	2	47
7. सूचना प्रौद्योगिकी	4	2090	4	2090				
8. एम.पी.पी. और पावर	2	2395			2	2395		
9. पर्यटन	76	3134	17	415	32	1196	27	1523
10. शहरी विकास	2	250					2	250
कुल	**236**	**13488**	**102**	**4483**	**87**	**6917**	**47**	**2088**

स्रोतः उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।

- हिमाचल प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में राज्य में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए 05.09.2021 को चंडीगढ में एक रोड शो का आयोजन किया। इसके दौरान ₹3,307 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ कुल 27 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

- **दूसरा ग्राउंड–ब्रेकिंग समारोह (दूसरा जी.बी.सी.) 27 दिसंबर 2021 को मंडी में आयोजित किया गया था जिसमें 287 समझौता ज्ञापन ₹ 28,197 करोड के प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतारा गया। इन परियोजनाओं के तहत 80,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रुप में रोजगार की उम्मीद है। पुष्टि किए गए समझौता ज्ञापनों का सारांश दिया गया है (सारणी–9.8)।**

सारणी 9.8 : दूसरे जी.बी.सी. में आधारित समझौता ज्ञापनों की स्थिति

विभाग	समझौता ज्ञापनों की संख्या	राशि (₹करोड)
1. उद्योग	133	11847.42
2. एम.पी.पी. और पावर	15	12,457.80
3. हिम ऊर्जा	46	1,414
4. पर्यटन	65	1,747
5. आवास	4	275
6. शहरी विकास	2	160
7. आयुर्वेद	8	128
8. उच्च शिक्षा	9	121
9. सूचना प्रौद्योगिकी	2	34
10. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	1	10
11. बागवानी	1	1.45
12. प्रारंभिक शिक्षा	1	0.6
कुल	287	28,197

स्रोतः उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।

9.18 औद्योगिक क्षेत्र का रूझान

सकल राज्य मूल्य वर्धित (जी.एस.वी.ए.) में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 2021–22 में 2020–21 की तुलना में 1.54 प्रतिशत अंक के साथ बढा है। वर्तमान कीमतों पर जी.एस.वी.ए. में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान वर्ष 2018–19 में 31.43 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019–20 में 29.04 प्रतिशत हो गया है (सारणी–9.9)। वर्ष 2020–21 में यह घटकर 28.91 प्रतिशत हो गया है, यह कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के तहत किए गए लॉकडाउन उपायों के कारण हुआ है, जिससे औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। राज्य सरकार अपने योगदान को बढाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन और ईज आफ डूंईग बिजनस आदि को सक्षम करने जैसी कई पहल कर रही है। वर्तमान कीमतों पर जी.एस.वी.ए. में खनन और उत्खनन क्षेत्र का योगदान घट गया है क्योंकि यह वर्ष 2018–19 में 0.32 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2021–22 में 0.25 प्रतिशत हो गया है, जिसका कारण कोविड–19 से बाधित उत्पादन एवं खनन और उत्खनन क्षेत्र का योगदान घटना है। राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए की गई कड़ी कार्रवाई से भी इस क्षेत्र का योगदान घटा है। विवरण सारणी 9.9 में दिखाया गया है:

सारणी 9.9 : वर्तमान मूल्य पर सकल राज्य मूल्य वर्धन में उद्योग एवं खनन का योगदान (प्रतिशत) में

(आधार 2011–12)

क्षेत्र	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22
विर्निमाण	31.43	29.04	28.91	30.51
खनन और उत्खनन	0.32	0.31	0.32	0.25

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश

वर्ष 2017–18 से 2021–22 की अवधि के लिए हिमाचल प्रदेश में विनिर्माण एवं खनन और उत्खनों क्षेत्र के जी.एस.वी.ए. की वृद्धि दर (स्थिर कीमतों पर) की प्रवृत्ति को चित्र 9.1 में दिखाया गया है। स्थिर कीमतों पर विनिर्माण एवं खनन और उत्खनों क्षेत्र की जी.एस.वी.ए. में वृद्धि दर 2018–19 के दौरान 10.1 प्रतिशत थी और 2019–20 में घटकर 0.88 प्रतिशत हो गई। 2020–21 में (–)7.33 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि दर दिखाने के बाद यह 2021–22 में 11.3 प्रतिशत रहने की संभावना है ।

चित्र 9.1 : संबंधित क्षेत्र की विकास दर के साथ–साथ विनिर्माण और खनन क्षेत्र में जी.एस.वी.ए.



स्रोतः आर्थिक और सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।

9.19 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) औद्योगिक विकास को मापने के लिए एक पैमाना है, इसमें पिछली अवधि की तुलना में विशिष्ट अवधि के दौरान उद्योग के क्षेत्र मे भौतिक उत्पादन के सापेक्ष परिवर्तन शामिल हैं। इस सूचकांक का मुख्य उद्देश्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद में

औद्योगिक क्षेत्र के योगदान का अनुमान लगाना है। राज्य में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) आधार वर्ष 2011–12 पर संकलित किया जा रहा है। विनिर्माण, खनन, उत्खनन और बिजली की चयनित इकाईयों से आंकड़ों को एकत्रित करके औद्योगिक उत्पादन के त्रैमासिक अनुमान तैयार किए जाते हैं, त्रैमासिक सूचकांको के आधार पर वार्षिक सूचकांक तैयार किए गए हैं, जिन्हें निम्न सारणी 9.10 में दर्शाया गया है।

सारणी 9.10 : औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

वर्ष	खनन	विनिर्माण	बिजली	सामान्य
2019–20	89.1	157.8	478.0	223.9
2020–21	102.0	153.9	482.7	221.9
2021–22*	99.7	173.4	664.9	274.7

*सूचकांक दो तिमाहियों के औसत हैं अर्थात जून और सितम्बर, 2021.

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश

वर्ष 2020–21 में सामान्य सूचकांक 223.9 से घटकर 221.9 हो गया है, जो कि 0.9 प्रतिशत की कमी दर्शाता है, यह कमी मुख्य रुप से जून तिमाही में विनिर्माण सूचकांक में गिरावट के कारण है। यह कोविड–19 के अन्तर्गत किए गए लॉकडाउन उपायों के कारण हुआ, जिससे औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ। वर्ष 2021–22 के सूचकांकों को दो तिमाहियों (जून और सितम्बर, 2020) के आधार पर तैयार किया गया है। 2020–21 के जून और सितम्बर तिमाही सूचकांक की तुलना में 2021–22 में 5.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है जिसका श्रेय औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि को जाता है, जो कि विनिर्माण में वृद्धि के साथ–साथ राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है।

श्रम और रोजगार

10
अध्याय

10.1 परिचय

भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 में कहा गया है कि आर्थिक विकास का अर्थ न केवल नौकरियों का सृजन है, परन्तु काम करने की ऐसी स्थिति भी है जिसमें कोई भी स्वतंत्रता, सुरक्षा और सम्मान के साथ काम कर सकता है। राज्य में स्वतंत्र और सुरक्षित काम करने की स्थिति नीतियों और सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क के रूप में राज्य के नियोजित हस्तक्षेप के कारण है। देश के अन्य हिस्सों की तुलना में, हिमाचल प्रदेश में कृषि और गैर–कृषि दोनों क्षेत्रों में श्रमिकों की मजदूरी दर अधिक है (आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण)। हिमाचल प्रदेश में उच्च मजदूरी दर राज्य में प्रवासियों को आकर्षित करती है, खासकर उन राज्यों से जहां मजदूरी की दरें बहुत कम हैं। राज्य को अब अतिरिक्त रोजगार के अवसर और रोजगार–गहन विकास की आवश्यकता है, जिसके लिए श्रम बल को कम–मूल्य–वर्धित से उच्च–मूल्य–वर्धित गतिविधियों की ओर बढ़ना है। राज्य का लक्ष्य राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में नए रोजगार सृजित करने के लिए अर्थव्यवस्था में रोजगार प्रेरित समावेशी विकास हासिल करना है।

राज्य में रोजगार प्राप्त या सहायता के लिए/सूचना सेवा प्रदान की जाती है राज्य में 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों, 9 जिला रोजगार कार्यालयों, 2 विश्वविद्यालयों में रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र और 65 उप–रोजगार कार्यालय, दिव्यागों के लिए निदेशालय में एक विशेष रोजगार कार्यालय, एक केन्द्रीय रोजगार कक्ष निदेशालय में जो पूरे प्रदेश के युवाओं को व्यावसायिक एवं रोजगार परामर्श सम्बन्धित जानकारी के साथ–साथ रोजगार बाजार की जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु कार्यरत है। सभी 77 रोजगार कार्यालयों को कम्पयूटराईज किया जा चुका है।

10.1.1 न्यूनतम मजदूरी

हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 के अन्तर्गत कामगारों को न्यूनतम वेतन निर्धारित करने के सम्बन्ध में सलाह देने के लिए राज्य न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। राज्य सरकार ने दिनांक 01.04.2021 से अकुशल कामगारों का वेतन ₹275 से ₹300 प्रतिदिन अथवा ₹8,250 से ₹9,000 प्रतिमाह किया गया है। वर्तमान में न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत सभी 19 अनुसूचित व्यवसायों के लिए निर्धारित कर दिया गया है।

10.1.2 रोजगार बाजार सूचना कार्यक्रम

वर्ष 1960 से रोजगार बाजार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार आंकड़े जिला स्तर पर एकत्र किए जा रहे हैं। प्रदेश में 31.03.2020 तक सार्वजनिक क्षेत्र के कुल

कामगारों की संख्या 2,75,526 है और निजी क्षेत्र में कामगारों की संख्या 1,83,293 है। और उद्यमों की दृष्टि से सार्वजनिक क्षेत्र में कुल 4,407 व निजी क्षेत्र में कुल 1,814 कार्यरत है।

10.1.3 व्यावसायिक मार्गदर्शन

श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं को व्यावसायिक /आजीविका मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। और साथ ही स्कूलों/कॉलेजों/आई.टी.आई./ पॉलिटेक्निक आदि में मार्गदर्शन शिविर भी आयोजित करता है। आजीविका कार्यक्रमों में श्रम एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों/सक्षम कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य विभागों/संस्थानों के अधिकारी/प्रतिनिधियों आदि द्वारा युवाओं के हितों में जानकारी प्रदान की जाती हैं । वित्तीय वर्ष के दौरान कोविड –19 की वजह से विभाग द्वारा वांछित परिणाम प्राप्त नही किये जा सके फिर भी रोजगार के लिए आने वाले आवेदकों को व्यावसयिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा 31.12.2021 तक 10,708 युवाओं को विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत/समूह परामर्श प्रदान किया गया।

10.1.4 केन्द्रीय रोजगार कक्ष

हिमाचल प्रदेश के निजी क्षेत्र में कार्यरत एवं लगाई जा रही औद्योगिक इकाईयों, संस्थानों के लिए तकनीकी रूप से कुशल कामगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में श्रम एवं रोजगार निदेशालय में गठित केन्द्रीय रोजगार कक्ष हमेशा की तरह वर्ष 2021–22 में भी अपनी सेवाएं देता रहा है। इस प्रकार रोजगार कक्ष रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों को उनकी योग्यता के अनुसार निजी क्षेत्र में उचित रोजगार प्राप्त करवाये जाते हैं। केन्द्रीय रोजगार कक्ष निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं के अकुशल कामगारों की मांग हेतु कैम्पस साक्षात्कार करवाता है। इस वित्तीय वर्ष में 31.12.2021 तक केन्द्रीय रोजगार कक्ष के माध्यम से जॉब फेयर 138 कैंम्पस साक्षात्कार करवाये गये, जिसमें 1,663 आवेदकों की नियुक्तियां की गई है ।

10.1.5 विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगों हेतु)

सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार सहायता प्रदान करने हेतु श्रम एवं रोजगार निदेशालय में प्रभारी अधिकारी के अधीन वर्ष 1976 से विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यागों हेतु) की स्थापना की गई। यह कक्ष दिव्यागों को व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में रोजगार दिलवाने में सहायता करता है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कई प्रकार की सुविधाएं/रियायतें दी गई हैं जैसे कि मैडिकल बोर्ड जोकि जिला एवं राज्य स्तर पर गठित है द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, ऊपरी अंगों की (हाथ तथा बाजू) अपंगता होने पर टंकण कार्य के लिए तथा तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में 5 प्रतिशत का आरक्षण इत्यादि शामिल है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान नवम्बर, 2021 तक सक्रिय पंजिका में 531 दिव्यांगों को पंजीकृत करके विकलांग पंजीकृतों की संख्या 19,205 हो गई है तथा 119 दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाए गए है।

10.1.6 कर्मचारी भविष्य निधि एवं बीमा योजना

राज्य कर्मचारी बीमा योजना सोलन, परवाणु, बरोटीवाला, नालागढ़, बद्दी जिला सोलन, मैहतपुर, गगरेट, बाथरी जिला ऊना, पांवटा साहिब, काला अम्ब जिला सिरमौर, गोलथाई जिला बिलासपुर, मण्डी, रती, नैर चौक, भंगरोटू, चक्कर व गुटकर, जिला मण्डी, औद्योगिक क्षेत्र शोघी व शिमला नगर–निगम क्षेत्र जिला शिमला में लागू हैं। राज्य के लगभग 13,325 संस्थानों में 3,15,331 बीमा कामगार/ कर्मचारी इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत किए गए तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत 23,363 संस्थानों में कार्यरत 17,28,643 कामगारों को मार्च, 2021 तक पंजीकृत किए गए।

10.1.7 भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार (नियोजन तथा सेवा शर्तो का विनियम) अधिनियम–1996 व उपकर अधिनियम–1996

इस अधिनियम के अंतर्गत कल्याणकारी योजनाओं जिसमें मातृत्व/ पैतृत्व लाभ, सेवानिवृति पेंशन, पारिवारिक पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, चिकित्सा सहायता, शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, स्वयं व दो बच्चों तक की शादी हेतु आर्थिक सहायता, कौशल विकास भत्ता, महिला कामगारों को साईकल तथा वॉशिंग मशीन, इंडक्शन हीटर, सोलर कूकर व सोलर लैम्प इत्यादि लाभार्थियों को देने का प्रावधान किया गया है। कुल 2,236 संस्थान व 3,39,049 लाभार्थी हि.प्र. भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत किये गये हैं तथा कुल ₹317.19 करोड़ की राशि बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को बांटी गयी है और लगभग ₹737.27 करोड़ की धनराशि दिसम्बर, 2021 तक हि.प्र. भवन एंव सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड शिमला के पास जमा की गई है।

10.1.8 कौशल विकास भत्ता योजना

कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में ₹80 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के पात्र बेरोजगार युवाओं को उनके कौशल विकास हेतु भत्ते का प्रावधान है ताकि उनकी कौशल विकास व रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ सके। यह भत्ता बेरोजगार व्यक्ति को ₹1,000 प्रतिमाह देय है और 50 प्रतिशत या इसके अधिक स्थायी दिव्यांग आवेदकों को ₹1,500 प्रति माह की दर से कौशल विकास प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम दो वर्ष तक देय है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान दिसम्बर, 2021 तक 32,182 लाभार्थियों को ₹15.01 करोड़ कौशल विकास भत्ता दिया गया। विभाग **औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना, 2018** को भी लागू कर रहा है। इस योजना के तहत कौशल उन्नयन और बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए राज्य के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में लगे, रोजगार प्राप्त युवाओं को औद्योगिक कौशल विकास भत्ते का प्रावधान है। इस योजना के तहत वितरण मापदंड कौशल विकास भत्ता योजना 2013 के अनुरूप है और इसके तहत इस वित्तीय वर्ष 2,398 लाभार्थियों को ₹1.74 करोड की राशि का वितरण किया गया।

10.1.9 बेरोजगारी भत्ता योजना

बेरोजगारी भत्ता योजना के अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष 2021—22 के लिए ₹29.00 करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। इस योजना के अन्तर्गत पात्र हिमाचली बेरोज़गारों को बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान है। यह भत्ता ₹1,000 प्रतिमाह देय है तथा 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी विकलांग आवेदकों को ₹1,500 प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्ष तक देय है। इस अवधि के दौरान दिसम्बर, 2021 तक कुल 51,613 लाभार्थियों को ₹20.38 करोड़ का लाभ दिया गया।

10.1.10 रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना

इस वित्तीय वर्ष में दिसम्बर, 2021 तक कुल 1,68,239 आवेदक रोजगार सहायता हेतु पंजीकृत हुए तथा इस अवधि में 616 नियुक्तियां सरकारी क्षेत्र में 1,301 अधिसूचित रिक्तियों के समकक्ष हुई व 2,183 नियुक्तियां निजी क्षेत्र में 6,629 अधिसूचित रिक्तियों के समकक्ष हुई। सभी रोजगार कार्यालयों में दिसम्बर, 2021 तक सक्रिय पंजिका में कुल संख्या 8,73,060 थी। इस वित्त वर्ष में जिलावार रोजगार केन्द्रों में अप्रैल से दिसम्बर, 2021 तक पंजीकरण एवं नियुक्तियां सारणी संख्या 10.1 में दर्शाई गई हैः

सारणी 10.1: रोजगार केन्द्रों की सूचना

जिला	पंजीकरण	अधिसूचित रिक्तियां	नियोजन		सक्रिय पंजिका
			सरकारी	निजी	
बिलासपुर	3,329	0	1	318	59,248
चम्बा	14,749	1,796	28	96	64,684
हमीरपुर	13,678	275	80	130	67,340
कांगड़ा	38,694	976	102	129	1,84,793
किन्नौर	3,669	0	0	0	0
कुल्लू	9,474	0	28	109	57,696
लाहौल स्पिति	830	0	0	0	5,290
मण्डी	34,032	66	148	501	1,66,051
शिमला	14,011	1,027	86	18	79,735
सिरमौर	11,818	963	8	247	63407
सोलन	12,799	2,765	10	191	55,684
ऊना	11,156	62	125	444	69,132
हिमाचल प्रदेश	**1,68,239**	**7,930**	**616**	**2,183**	**8,73,060**

नोटः नियुक्ति आंकडों में वे नियुक्तियां आंकड़े सम्मलित नहीं है जोकि अन्य विभागों बोर्डो, निगमों एवं हि.प्र. लोक सेवा आयोग व हि.प्र. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीधे एवं प्रतियोगिता आधार पर की गई है।

10.2 हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम राज्य सरकार का निगम है जो राज्य कौशल मिशन के रूप में 14 सितम्बर, 2015 को कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत गठित किया गया। हिमाचल प्रदेश के युवाओं को परिक्षण देने हेतु कौशल विकास निगम द्वारा तीन प्रमुख परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है। जैसे कि (i) एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा हिमाचल युवा कौशल विकास परियोजना (HPSDP) में सहायता देना (ii) प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना (PMKVY) के अन्तर्गत राज्य घटक तथा (iii) आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (SANKALP)

10.2.1 एशियन विकास बैंक की सहायता से हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना (HPSDP)

इस परियोजना के अन्तर्गत ₹429.00 करोड़ उपलब्ध करवाए गए और ₹163.00 करोड़ क संवितरण किया गया।

i. **उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना(सी.ओ.ई.)**
हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना के अन्तर्गत, एशियन विकास बैंक की सहायता से राज्य में दीर्घकालीन कौशल विकास की आवश्यकताओं के अन्तर्गत संस्थागत ढांचा बनाने के लिए एक उत्कृष्टता केन्द्र (सी.ओ.ई.) वाकनाघाट, सोलन में ₹68.00 करोड़ की लागत से स्थापित किया जा रहा है। यह संस्थान आतिथ्य और पर्यटन, व सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

ii. प्रतिष्ठित सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के साथ समझौते

उच्च श्रेणी के प्रशिक्षणों को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने सरकारी संस्थाओं और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों जैसे राष्ट्रीय इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सीडैक, राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता प्रबंधन संस्थान, भारतीय अधिकृत लेखापाल संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, उद्यान एवं वाणिकी विश्वविद्यालय, के साथ समझौता ज्ञापन किए हैं जिसके अन्तर्गत 9,170 हिमाचली युवाओं को उच्च कौशल वाली नौकरियां जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेब डिजाइनिंग, मशीन लर्निंग और उन्नत कर कानून इत्यादि के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा 1,167 से अधिक उम्मीदवारों का उक्त पाठयक्रमों में नामांकन किया गया है।

iii. 50 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, महिला पोलिटैक्निक, (रैहन,जिला कांगडा) तथा राजकीय अभियांत्रिक महाविद्यालयों के उन्नयन के लिए औजार एवं उपकरण उपलब्ध करवाना

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना, 50 आई.टी.आई. के उन्नयन में भी मदद कर रहा है, जहां 23 ट्रेड राज्य कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग से राष्ट्रीय कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट में परिवर्तित होंगे। इससे 23,000 छात्रों को लाभ होगा। अपेक्षित प्रकरणों की खरीद की प्रक्रिया विभिन्न ट्रेडों (मकैनिकल, इलैक्ट्रीकल, इलैक्ट्रॉनिक्स, हैण्ड टूल्स, कढ़ाई, सूचना और प्रौद्योगिकी और सौंदर्य कल्याण आदि) के उपकरण शामिल तथा कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, महिला पॉलिटेक्निक (रेहन, जिला कांगड़ा) और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए उपकरण भी खरीदे जाने हैं। महिला पॉलीटेक्निक रेहान का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रशिक्षण चल रहा है। इसके अतिरिक्त संस्थानों में 300 अभ्यर्थियों/प्रशिक्षुओं के लिए आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी।

iv. सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से लघु अवधि के राष्ट्रीय कौशल योग्यता प्रशिक्षण कोर्स

हिमाचल प्रदेश कौशल निगम ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना के अन्तर्गत 54 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लघु अवधि के प्रशिक्षण कोर्स शुरु किये हैं जिसमें 8,347 प्रशिक्षणार्थियों का विभिन्न क्षेत्रों में जैसा कि मोटर वाहन, निर्माण, प्लंबिंग, सूचना प्रौद्योगिकी की सक्षम सेवाएं, परिधान, इलैक्ट्रोनिक एवं हार्डवेयर, सौन्दर्य, स्वास्थ्य, लोह एवं स्टील, मीडिया एवं मनोरंजन आदि क्षेत्रों में नामांकन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बहु कौशल मानव शक्ति का उद्योगों एवं स्वयं रोजगार क्षेत्रों में उपलब्ध करवाना है।

v. स्नातक युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

रोज़गार क्षमता को बढ़ाने के लिए 25 सरकारी डिग्री कॉलेजों के अंतिम वर्ष के स्नातक छात्रों की हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क मुख्य अध्ययन के पूरक क्षेत्रों में प्रशिक्षण देना तय किया है। बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा, इलैक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, सौंदर्य कल्याण और परिधान क्षेत्र शामिल हैं। वर्तमान में राज्य भर के 13 महाविद्यालयों के 1,850 विद्यार्थियों ने वर्ष 2019–2020 तथा 2020–2021 प्रशिक्षण प्राप्त कर चूके हैं। शैक्षणिक वर्ष 2019–20 और वर्ष 2020–21 में 15 से अधिक महाविद्यालयों में 5,500 स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के अधीन लाया गया। वर्तमान में सचंयी नामांकन आकडें 5,947 हैं (2019–20 और 2020–21 शैक्षणिक वर्षों के 2,216 नामांकन सहित)।

vi. वोकेशन डिग्री कार्यक्रम में स्नातक शिक्षा

व्यवसाय में स्नातक कार्यक्रम, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम तथा उच्च शिक्षा विभाग का संयुक्त कार्यक्रम है। यह 3 साल का पूर्णकालिक डिग्री कार्यक्रम राज्य के 18 डिग्री कॉलेजों में से 2 क्षेत्रों (खुदरा, पर्यटन तथा आतिथ्य) में चल रहा है। वर्तमान में 4,638 से अधिक छात्रों का नामांकन हुआ है।

vii. प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अन्य लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने हिमाचल प्रदेश के 9,000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों जिसमें ऑटोमोबाइल सेवा, विनिर्माण, बिजली निर्माण और प्लबिंग, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा, इलैक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य देखभाल, पर्यटन और आतिथ्य के लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को नियुक्त किया है। इस कार्यक्रम में अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में 2,648 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किए जाएगा।

viii. दिव्यांग व्यक्तियों की आजीविका आधारित कौशल प्रशिक्षण

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने विभिन्न दिव्यांग व्यक्तियों में रोज़गार और उद्यमिता कौशल के पोषण के लिए **''नव धारणा''**एक आजीविका आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है जिसके अन्तर्गत खुदरा, आतिथ्य, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में लगभग 300 दिव्यांग व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण सेवा प्रदाता के चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चूकी है।

ix. शहरी आजीविका केन्द्र (सी.एल.सी.), ग्रामीण आजीविका केन्द्र (आर.एल.सी.) और मॉडल कैरियर केन्द्र (एम.सी.सी.)

राज्य भर में कौशल विकास गतिविधियों के लिए संस्थागत सहायता प्रदान करने के लिए शहरी आजीविका केन्द्र, ग्रामीण आजीविका केन्द्र (आर.एल.सी) और मॉडल कैरियर केन्द्र (एम.सी.सी.) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शहरी आजीविका केन्द्र (सुंदरनगर, नाहन, सिदभरी, शमशी) ग्रामीण आजीविका केन्द्र (सदियाना, प्रगतिनगर)का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। तथा सी.एल.सी. एवं आर.एल.सी. केन्द्रों में शीघ्र प्रशिक्षण कार्य शुरू किया जाना है। 1 सी.एल.सी.(बिलासपुर) और 5 आर.एल.सी. (नालागढ़, नगरोटा बगवां, बंगाणा, सेराज और चौपाल) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, 11 एम.सी.सी. (धर्मशाला, चंबा, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, बद्दी, सोलन, डाडासिबा, उदयपुर और काजा) का निर्माण / नवीनीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हिमाचली युवाओं को उनकी आकांक्षाओं के साथ उनको उचित परामर्श प्रदान करने और उन्हें नौकरी के लिए राष्ट्रीय कैरियर पोर्टल तक पहुॅच प्रदान करने के लिए एम.सी.सी., हमीरपुर के संबंध में निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

10.2.2 प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पी.एम.के.वी.वाई.)

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0 और 3.0 के राज्य घटक के लिए कार्यान्वयन एजेन्सी है। उक्त शासनादेश को पूरा करने के लिए हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान पी.एम.के.वी.वाई.) 2.0 के तहत 22 क्षेत्रों में नौकरी के लिए 16,200 से अधिक युवाओं को नामांकित किया जिनमें से 9,000 से अधिक युवाओं का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, पी.एम.के.वी.वाई. 3.0 राज्य घटक के तहत 5 सरकारी आई.टी.आई. (303 नामांकन के साथ) के माध्यम से प्रशिक्षण शुरू हो गया है और 1,800 रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आर.पी.एल.) प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है।

10.2.3 आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता

एच.पी.के.वी.एन ₹2.1 करोड़ रुपये की स्वीकृत निधि के साथ आजीविका संवर्धन के लिए विश्व बैंक सहायता प्राप्त कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता को लागू कर रहा है और इसका उद्देश्य पूरे राज्य में संस्थागत तंत्र और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को

मजबूत करना है। एच.पी.के.वी.एन ने हस्तशिल्प और हथकरघा निगम लिमिटेड के साथ 12 अक्टूबर, 2021 को ₹ 44.80 लाख रुपये की राशि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत 200 हितधारक कारीगरों को लक्षित राज्य विशिष्ट कला और शिल्प के कौशल उन्नयन, डिजाइन हस्तक्षेप और विपणन से संबंधित क्षमता वृद्धि के प्रयास फरवरी, 2022 से शुरू होने हैं। बिलासपुर, चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में चंबा रुमाल, वुड क्राफ्ट, कुल्लू कैप्स, मिट्टी के बर्तनों का क्राफ्ट, कांगड़ा पेंटिंग, बैम्बू क्राफ्ट, पाइन नीडल ट्रेनिंग और हैंड निटिंग जॉब रोल्स के लिए विशेषत: महिलाओं, एस.सी., एस.टी., पी.डब्ल्यू.डी. और समाज के अन्य कमजोर वर्ग के कारीगरों के लिए शुरू किया जाना है।

10.2.4 जागरूकता सृजन और प्रचार

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने व्यवसायिक शिक्षा के इच्छुक सभी हिमाचली युवाओं के लिए विस्तृत प्रचार योजना तैयार की है। सूचना, शिक्षा तथा संचार सामग्री के व्यापक प्रसार को सुनिश्चित करने के लिए एफ.ए.क्यू., परामर्श पुस्तिका, कार्यक्रम विवरणिका, विडियो, पोस्टर और पत्रिका को लिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नियमित टी.वी. और रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सोशल नैटवर्किंग साईटों को जैसे कि फेसबुक, टविटर तथा इंस्टाग्राम का उपयोग किया जा रहा है।

10.3 रोजगार परिदृश्यः हिमाचल प्रदेश, पड़ोसी राज्य और भारत

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) एक नई श्रृंखला है जिसे भारत सरकार ने 2017 में पंचवार्षिक रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षण जो राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एन.एस.एस.ओ.), जो की अब राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एन.एस.ओ.) है, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एम.ओ.एस.पी.आई.) के अंतर्गत, आना है। और उसे बंद करके शुरू किया जो वार्षिक आधार पर श्रम बल डेटा प्रदान करता है। पी.एल.एफ.एस. डेटा अब राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है। भारत सरकार ने मई 2019 में पहली आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण(पी.एल.एफ.एस.) 2017–18 रिपोर्ट जारी की, जो कि एन.एस.ओ. द्वारा जुलाई 2018 से जून 2019 तक किए गए सर्वेक्षण और जून 2020 में दूसरी पी.एल.एफ.एस. 2018–19 रिपोर्ट, जो एन.एस.ओ. द्वारा जुलाई 2019 से जून 2020 तक आयोजित किया गए सर्वेक्षण पर आधारित है। वर्तमान में तीसरी वार्षिक रिर्पोट एन.एस.ओ. द्वारा जुलाई 2019 से जून 2020 तक आयोजित सर्वेक्षण के आधार पर प्रकाशित की है। गतिविधि की स्थिति द्वारा जनसंख्या के वर्गीकरण के लिए सर्वेक्षण में अपनाई गई सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस) दृष्टिकोण और वर्तमान साप्ताहिक स्थिति दृष्टिकोण के आधार पर श्रम बल संकेतकों का अनुमान लगाया जाता है। सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) दृष्टिकोण के लिए संदर्भ अवधि एक वर्ष है और वर्तमान साप्ताहिक स्थिति दृष्टिकोण के लिए एक सप्ताह है।

10.3.1 हिमाचल प्रदेश में लेबर फोर्स

हिमाचल प्रदेश में श्रम बल की स्थिति का अंदाजा, श्रम बल भागीदारी दर (एल.एफ.पी.आर.), श्रमिक जनसंख्या दर (डब्लू.पी.आर.), दैनिक मजदूरी दर और औद्योगिक संबंधों में रुझानो से लगाया जा सकता है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2019–20 (पी.एल.एफ.एस.) के अनुसार, श्रम बल का गठन वे व्यक्ति जो काम कर रहे थे (या कार्यरत हैं) या 'काम की खोज या काम के लिए उपलब्ध (या बेरोजगार) हैं,शामिल किया जाता है। श्रम बल या दूसरे शब्दों में, आर्थिक रूप से सक्रिय 'आबादी, उस आबादी को संदर्भित करती है जो उत्पादन के लिए श्रम की आपूर्ति करती है या आपूर्ति करना चाहती है और इसलिए यह 'नियोजित 'और 'बेरोजगार' दोनों व्यक्तियों को शामिल करती है। श्रम बल भागीदारी दर को 'आबादी में व्यक्तियों के बीच श्रम बल में व्यक्तियों का प्रतिशत' के रूप में परिभाषित किया गया है।

सारणी 10.2 पी.एल.एफ.एस. के अनुसार हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और भारत में 2018–19 और 2019–20 में एल.एफ.पी.आर. प्रस्तुत करता है। 2018–19 की तुलना में, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और भारत में 2019–20 में समस्त आयु के एल.एफ.पी.आर. में वृद्धि हुई है। एल.एफ.पी.आर. (समस्त भारत) के लिए 2019–20 में, हिमाचल प्रदेश (57.7), उत्तराखंड (41.0), पंजाब (40.8), हरियाणा (34.3) और भारत (40.1) से अधिक है।

सारणी 10.2: हिमाचल प्रदेश पडोसी राज्य व पूरे भारत के लिए सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) के अनुसार श्रम बल भागीदारी दर (एल.एफ.पी.आर.) (प्रतिशत में)

क्रम संख्या	आयु के अनुसार समूह	ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी			ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी		
		पी.एल.एफ.एस.(2018–19)									पी.एल.एफ.एस.(2019–20)								
		हिमाचल प्रदेश									हिमाचल प्रदेश								
		पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
1	15–29 वर्ष	53.1	45.5	49.5	55.1	25.4	42.2	53.3	43.1	48.6	67.9	54.1	61.1	64.8	31.5	50.0	67.3	50.9	59.4
2	15–59 वर्ष	80.3	67.5	73.8	78.4	34.1	58.0	80.1	64.1	72.1	85.6	74.3	79.8	82.5	43.2	63.7	85.2	70.3	77.6
3	15 वर्ष या अधिक	76.1	62.1	68.9	73.4	31.4	53.8	75.8	59.2	67.4	82.4	68.2	75.0	79.5	40.6	60.8	82.0	65.0	73.2
4	सभी उम्र	**59.1**	**49.0**	**54.0**	**56.7**	**25.8**	**42.7**	**58.8**	**46.9**	**52.8**	**64.5**	**54.7**	**59.4**	**60.6**	**30.9**	**46.3**	**63.9**	**51.8**	**57.7**
		उत्तराखंड									उत्तराखंड								
1	15–29 वर्ष	48.9	15.4	31.5	56.4	18.1	40.1	51.3	16.1	33.9	58.0	26.4	43.6	59.7	17.5	38.9	58.4	23.8	42.3
2	15–59 वर्ष	74.9	23.2	48.4	77.7	17.4	49.2	75.8	21.6	48.6	78.1	40.9	59.9	79.9	19.5	50.0	78.6	34.8	57.1
3	15 वर्ष या अधिक	71.3	20.8	45.4	72.7	15.5	45.6	71.7	19.4	45.4	74.6	37.3	56.1	74.5	17.5	46.1	74.6	31.8	53.4
4	सभी उम्र	**52.3**	**16.1**	**34.2**	**54.6**	**11.8**	**34.3**	**53.0**	**15.0**	**34.3**	**56.5**	**28.8**	**43.0**	**56.5**	**13.9**	**35.9**	**56.5**	**24.8**	**41.0**
		पंजाब									पंजाब								
1	15–29 वर्ष	59.7	13.8	39.0	65.4	19.7	45.2	61.9	16.0	41.4	68.4	24.4	49.2	65.5	22.6	45.7	67.4	23.7	47.9
2	15–59 वर्ष	77.9	20.9	50.5	83.1	21.3	54.2	80.0	21.1	51.9	82.5	27.7	56.6	83.6	25.1	55.5	82.9	26.7	56.2
3	15 वर्ष या अधिक	72.0	18.9	46.3	77.0	19.3	50.0	73.9	19.1	47.7	76.6	24.8	51.9	78.1	21.9	51.1	77.2	23.7	51.6
4	सभी उम्र	**56.7**	**15.0**	**36.6**	**59.1**	**15.0**	**38.6**	**57.7**	**15.0**	**37.4**	**61.5**	**19.9**	**41.6**	**59.8**	**17.2**	**39.6**	**60.9**	**18.9**	**40.8**
		हरियाणा									हरियाणा								
1	15–29 वर्ष	61.5	8.2	37.9	58.8	15.5	40.3	60.6	10.6	38.7	59.9	7.1	34.3	59.8	17.6	41.5	59.8	10.5	36.8
2	15–59 वर्ष	80.0	15.1	49.3	79.3	21.0	52.5	79.7	17.1	50.4	79.7	15.1	48.5	80.2	23.3	54.4	79.9	18.0	50.6
3	15 वर्ष या अधिक	74.7	13.7	45.3	73.9	18.5	48.0	74.4	15.3	46.2	73.9	13.4	44.2	73.3	20.2	48.7	73.7	15.7	45.8
4	सभी उम्र	**53.7**	**10.1**	**32.9**	**56.8**	**14.4**	**37.2**	**54.8**	**11.5**	**34.3**	**53.8**	**10.1**	**32.8**	**55.8**	**15.4**	**37.2**	**54.5**	**11.9**	**34.3**
		भारत									भारत								
1	15–29 वर्ष	58.8	15.8	37.8	58.6	17.1	38.7	58.8	16.2	38.1	60.8	20.7	41.3	58.3	20.3	40.0	60.0	20.6	40.9
2	15–59 वर्ष	80.6	28.3	54.5	79.6	22.5	51.6	80.3	26.5	53.6	81.5	35.4	58.5	80.6	25.7	53.5	81.2	32.3	56.9
3	15 वर्ष या अधिक	76.4	26.4	51.5	73.7	20.4	47.5	75.5	24.5	50.2	77.9	33.0	55.5	74.6	23.3	49.3	76.8	30.0	53.5
4	सभी उम्र	**55.1**	**19.7**	**37.7**	**56.7**	**16.1**	**36.9**	**55.6**	**18.6**	**37.5**	**56.3**	**24.7**	**40.8**	**57.8**	**18.5**	**38.6**	**56.8**	**22.8**	**40.1**

स्रोत : आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) 2018–19 और 2019–20

10.3.2 श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यू.पी.आर.)

डब्ल्यू.पी.आर. एक संकेतक है जिसका उपयोग रोजगार की स्थिति का विश्लेषण करने और आबादी का अनुपात जो अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में सक्रिय योगदान देता है, को जानने के लिए किया जाता है। डब्ल्यू. पी.आर. को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। सारिणी 10.3 हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, और भारत में श्रमिक जनसंख्या अनुपात को दर्शाता है। यह सभी उम्र वर्ग में स्पष्ट है कि 2019–20 में हिमाचल प्रदेश की स्थिति (55.6) उत्तराखंड (38.1), पंजाब (37.8), हरियाणा (32.1) और पुरे भारत (38.2) से बेहतर है। सर्वेक्षण के नतीजों से स्पष्ट होता है कि हिमाचल प्रदेश में महिलाएं (50.3 प्रतिशत) अखिल भारतीय स्तर पर और पड़ोसी राज्यों में अपने समकक्षों की तुलना में आर्थिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले रहीं हैं (चित्र 10.1) 2018–19 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्लू.पी.आर.) सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) में लगभग 50.1 प्रतिशत था जो कि 2019–20 में 55.6 प्रतिशत हो गया है। 2018–19 में ग्रामीण क्षेत्रों में यह 51.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 39.0 प्रतिशत था, जो एक साथ बढ़कर 57.4 प्रतिशत और 43.5 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण पुरुषों के लिए सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस) में डब्ल्यू.पी.आर. वर्ष 2019–20 में यह बढ़कर 61.6 प्रतिशत हो गया जो कि वर्ष 2018–19 में में 56.0 था ग्रामीण महिलाओं के लिए यह 2019–20 में 53.5 है जो कि वर्ष 2018–19 में 46.9 प्रतिशत था ।

चित्र 10.1 सभी उम्र वर्ग में महिला (डब्ल्यू.पी.आर.) (ग्रामीण+शहरी) 2020–21



सारणी 10.3: हिमाचल, पड़ोसी राज्यों और सभी भारत के लिए सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) के अनुसार श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यू.पी.आर.) (प्रतिशत में)

क्रम संख्या	आयु के अनुसार समूह	ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी			ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी		
		पी.एल.एफ.एस.(2018–19)									पी.एल.एफ.एस.(2019–20)								
		हिमाचल प्रदेश									हिमाचल प्रदेश								
		पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
1	15–29 वर्ष	42.1	38.2	40.3	46.7	17.2	33.9	42.7	35.7	39.5	57.3	49.4	53.5	57.0	23.4	42.1	57.3	45.7	51.7
2	15–59 वर्ष	75.4	64.2	69.8	73.0	28.8	52.6	75.1	60.6	67.9	81.2	72.4	76.7	78.8	38.8	59.6	80.9	68.1	74.4
3	15 वर्ष या अधिक	72.1	59.4	65.6	68.6	26.7	49.0	71.7	56.3	63.9	78.7	66.7	72.4	76.2	36.7	57.2	78.4	63.1	70.5
4	सभी उम्र	**56.0**	**46.9**	**51.4**	**53.0**	**21.9**	**39.0**	**55.6**	**44.6**	**50.1**	**61.6**	**53.5**	**57.4**	**58.1**	**27.9**	**43.5**	**61.1**	**50.3**	**55.6**
		उत्तराखंड									उत्तराखंड								
1	15–29 वर्ष	42.3	9.0	25.0	43.5	8.0	28.4	42.7	8.8	26.0	45.7	22.7	35.3	48.9	11.8	30.6	46.6	19.5	34.0
2	15–59 वर्ष	70.6	19.9	44.6	69.5	12.1	42.4	70.3	17.8	44.0	71.3	39.2	55.6	73.6	16.5	45.3	72.0	32.7	52.7
3	15 वर्ष या अधिक	67.6	18.1	42.1	65.3	10.8	39.5	66.9	16.2	41.4	68.7	35.8	52.4	68.8	14.8	41.9	68.8	30.1	49.5
4	सभी उम्र	**49.6**	**14.0**	**31.8**	**49.1**	**8.2**	**29.7**	**49.4**	**12.5**	**31.2**	**52.1**	**27.7**	**40.1**	**52.2**	**11.8**	**32.6**	**52.1**	**23.4**	**38.1**
		पंजाब									पंजाब								
1	15–29 वर्ष	47.0	9.1	29.9	55.1	14.7	37.3	50.1	11.2	32.7	56.0	20.2	40.3	53.2	17.1	36.5	55.0	19.1	39.0
2	15–59 वर्ष	71.5	19.1	46.2	77.8	18.8	50.2	74.0	19.0	47.8	75.9	25.9	52.2	77.8	22.1	51.1	76.6	24.5	51.8
3	15 वर्ष या अधिक	66.6	17.3	42.7	72.4	17.1	46.5	68.8	17.3	44.2	70.9	23.3	48.2	73.0	19.4	47.2	71.7	21.8	47.8
4	सभी उम्र	**52.4**	**13.8**	**33.8**	**55.5**	**13.3**	**35.9**	**53.6**	**13.6**	**34.6**	**56.9**	**18.7**	**38.6**	**55.9**	**15.2**	**36.5**	**56.5**	**17.4**	**37.8**
		हरियाणा									हरियाणा								
1	15–29 वर्ष	45.9	6.3	28.4	49.5	12.5	33.7	47.1	8.3	30.1	49.0	5.7	28.0	51.0	13.4	34.7	49.8	8.1	30.3
2	15–59 वर्ष	71.4	14.0	44.3	72.1	19.1	47.8	71.7	15.7	45.5	74.2	14.4	45.3	75.2	21.3	50.7	74.6	16.8	47.3
3	15 वर्ष या अधिक	67.2	12.8	41.0	67.5	16.8	43.8	67.3	14.1	41.9	69.1	12.7	41.4	68.9	18.5	45.5	69.0	14.7	42.9
4	सभी उम्र	**48.3**	**9.4**	**29.8**	**51.9**	**13.2**	**34.0**	**49.5**	**10.6**	**31.1**	**50.1**	**9.6**	**30.7**	**52.5**	**14.1**	**34.8**	**51.0**	**11.2**	**32.1**
		भारत									भारत								
1	15–29 वर्ष	49.1	13.6	31.7	47.6	12.7	30.9	48.6	13.3	31.5	52.5	18.6	35.9	47.7	15.2	32.1	51.0	17.6	34.7
2	15–59 वर्ष	75.8	27.2	51.5	73.7	20.2	47.5	75.1	25.0	50.3	77.5	34.4	55.9	75.1	23.3	49.6	76.7	30.9	53.9
3	15 वर्ष या अधिक	72.2	25.5	48.9	68.6	18.4	43.9	71.0	23.3	47.3	74.4	32.2	53.3	69.9	21.3	45.8	73.0	28.7	50.9
4	सभी उम्र	**52.1**	**19.0**	**35.8**	**52.7**	**14.5**	**34.1**	**52.3**	**17.6**	**35.3**	**53.8**	**24.0**	**39.2**	**54.1**	**16.8**	**35.9**	**53.9**	**21.8**	**38.2**

स्रोत: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) 2018–19 और 2019–20

10.3.3 बेरोजगारी दर

बेरोजगारी दर (यू.आर.) को श्रम बल में व्यक्तियों के बीच बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। इसे पी.एल.एफ.एस. सर्वेक्षणों में सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) और साप्ताहिक स्थिति के संदर्भ में मापा जाता है जिसे सारणी 10.4 में दर्शाया गया है। यह श्रम बल के उस हिस्से को दर्शाता है जो सक्रिय रूप से काम की तलाश में हैं या उपलब्ध हैं । आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) 2020–21 के अनुसार सभी राज्यों और अखिल भारत में सामान्य स्थिति (पी.एस+एस.एस.) के तहत हिमाचल में बेरोजगारी दर 3.7 प्रतिशत (सबसे कम) है, जबकि अखिल भारतीय 4.8 प्रतिशत, उत्तराखंड 7.1 प्रतिशत, पंजाब 7.4 प्रतिशत, हरियाणा 6.5 प्रतिशत है (चित्र 10.2)

चित्र 10.2: बेरोजगारी दर (यू.आर.) सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) के अनुसार सभी आयु के व्यक्तियों के लिए प्रतिशत में



हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी दर 2018–19 में 5.2 प्रतिशत से घटकर 2019–20 में 3.7 प्रतिशत हो गई है। सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर पुरुषों के बीच 4.4 प्रतिशत और महिलाओं में 2.3 प्रतिशत थी, जबकि शहरी क्षेत्रों में पुरुषों में यह दर 4.1 प्रतिशत और महिलाओं में 9.7 प्रतिशत थी। (सारणी 10.4)

सारणी 10.4: हिमाचल, पड़ोसी राज्यों और अखिल भारतीय के लिए सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) के अनुसार बेरोजगारी दर (यू.आर.) (प्रतिशत में)

क्रम संख्या	आयु के अनुसार समूह	ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी		
		पी.एल.एफ.एस.(2018–19)								
		पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
		हिमाचल प्रदेश								
1	15–29 वर्ष	20.7	15.9	18.6	15.2	32.2	19.6	20.0	17.0	18.8
2	15–59 वर्ष	6.1	4.8	5.5	6.9	15.7	9.3	6.2	5.4	5.8
3	15 वर्ष या अधिक	5.3	4.3	4.8	6.5	14.9	8.8	5.4	4.8	5.1
4	सभी उम्र	**5.3**	**4.3**	**4.8**	**6.5**	**14.9**	**8.8**	**5.4**	**4.8**	**5.2**
		उत्तराखंड								
1	15–29 वर्ष	13.5	41.3	20.6	22.9	55.8	29.2	16.8	45.3	23.5
2	15–59 वर्ष	5.7	14.0	7.8	10.5	30.2	13.8	7.2	17.5	9.5
3	15 वर्ष या अधिक	5.2	13.3	7.1	10.2	30.2	13.4	6.7	16.8	8.9
4	सभी उम्र	**5.3**	**13.3**	**7.2**	**10.2**	**30.0**	**13.4**	**6.7**	**16.8**	**8.9**
		पंजाब								
1	15–29 वर्ष	21.3	34.3	23.4	15.7	25.2	17.5	19.0	30.2	21.0
2	15–59 वर्ष	8.3	8.9	8.4	6.4	11.8	7.4	7.5	10.0	8.0
3	15 वर्ष या अधिक	7.6	8.3	7.7	6.0	11.3	7.0	6.9	9.4	7.4
4	सभी उम्र	**7.6**	**8.3**	**7.7**	**6.1**	**11.3**	**7.0**	**7.0**	**9.4**	**7.4**
		हरियाणा								
1	15–29 वर्ष	25.3	22.9	25.1	15.9	19.4	16.5	22.2	21.2	22.1
2	15–59 वर्ष	10.7	7.3	10.2	9.0	9.0	9.0	10.1	8.0	9.8
3	15 वर्ष या अधिक	10.0	6.7	9.6	8.7	8.9	8.7	9.6	7.6	9.3
4	सभी उम्र	**10.0**	**6.7**	**9.5**	**8.6**	**8.9**	**8.7**	**9.6**	**7.6**	**9.2**
		भारत								
1	15–29 वर्ष	16.6	13.8	16.0	18.7	25.7	20.2	17.2	17.7	17.3
2	15–59 वर्ष	6.0	3.8	5.4	7.4	10.3	8.0	6.5	5.5	6.2
3	15 वर्ष या अधिक	5.5	3.5	5.0	7.0	9.8	7.6	6.0	5.1	5.8
4	सभी उम्र	**5.6**	**3.5**	**5.0**	**7.1**	**9.9**	**7.7**	**6.0**	**5.2**	**5.8**

क्रम संख्या	आयु के अनुसार समूह	ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण+शहरी		
		पी.एल.एफ.एस.(2019–20)								
		पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
		हिमाचल प्रदेश								
1	15–29 वर्ष	15.5	8.8	12.6	12.0	25.8	15.9	15.0	10.3	13.0
2	15–59 वर्ष	5.2	2.6	3.9	4.4	10.2	6.3	5.1	3.2	4.2
3	15 वर्ष या अधिक	4.5	2.3	3.4	4.1	9.7	5.9	4.4	2.8	3.7
4	सभी उम्र	**4.4**	**2.3**	**3.4**	**4.1**	**9.7**	**5.9**	**4.4**	**2.8**	**3.7**
		उत्तराखंड								
1	15–29 वर्ष	21.1	13.8	19.1	18.1	32.5	21.3	20.3	17.9	19.7
2	15–59 वर्ष	8.7	4.2	7.2	7.9	15.5	9.4	8.5	6.0	7.7
3	15 वर्ष या अधिक	7.9	3.9	6.5	7.6	15.5	9.1	7.8	5.6	7.1
4	सभी उम्र	**7.8**	**3.9**	**6.5**	**7.6**	**15.5**	**9.1**	**7.8**	**5.6**	**7.1**
		पंजाब								
1	15–29 वर्ष	18.1	17.2	17.9	18.8	24.3	20.1	18.4	19.7	18.7
2	15–59 वर्ष	8.1	6.5	7.7	6.9	12.0	8.0	7.6	8.4	7.8
3	15 वर्ष या अधिक	7.4	6.1	7.1	6.5	11.7	7.5	7.1	8.0	7.3
4	सभी उम्र	**7.4**	**6.4**	**7.2**	**6.6**	**11.6**	**7.7**	**7.1**	**8.2**	**7.4**
		हरियाणा								
1	15–29 वर्ष	18.1	20.5	18.4	14.6	24.0	16.3	16.8	22.4	17.6
2	15–59 वर्ष	6.9	5.2	6.7	6.2	8.5	6.7	6.6	6.7	6.7
3	15 वर्ष या अधिक	6.5	4.9	6.3	6.0	8.4	6.5	6.3	6.5	6.4
4	सभी उम्र	**6.8**	**4.9**	**6.5**	**6.0**	**8.4**	**6.5**	**6.5**	**6.5**	**6.5**
		भारत								
1	15–29 वर्ष	13.8	10.3	12.9	18.2	24.9	19.9	15.1	14.6	15.0
2	15–59 वर्ष	5.0	2.8	4.3	6.8	9.4	7.4	5.5	4.5	5.2
3	15 वर्ष या अधिक	4.5	2.6	3.9	6.4	8.9	6.9	5.0	4.2	4.8
4	सभी उम्र	**4.5**	**2.6**	**4.0**	**6.4**	**8.9**	**7.0**	**5.1**	**4.2**	**4.8**

स्रोत : आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) 2018–19 और 2019–20

सारणी 10.5: प्रमुख श्रम बल संकेतकों के आंकलन की विधि नीचे दी गई है

गतिविधि प्रोफाइल	प्रमुख श्रम बल संकेतक
श्रमिक	• श्रम बल भागीदारी दर (एल.एफ.पी.आर.)= कार्यरत व्यक्तियों की संख्या + बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या / कुल जनसंख्या × 100
	• श्रमिक जनसंख्या अनुपात(डब्ल्यू.पी.आर.)= नियोजित व्यक्तियों की संख्या / कुल जनसंख्या × 100
बेरोजगार	• आनुपातिक बेरोजगार (पी.यु.)= बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या /कुल जनसंख्या × 100
श्रम बल में नहीं	• बेरोजगारी दर (यू.आर.)= बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या / नियोजित व्यक्तियों की संख्या + बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या / कुल जनसंख्या × 100

चित्र 10.3: पी.एल.एफ.एस. (2018–19) और पी.एल.एफ.एस. (2019–20) के दौरान सामान्य स्थिति (पी.एस.+एस.एस.) के अनुसार बेरोजगारी दर (प्रतिशत)



स्रोतः आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) 2018–19 और 2019–20

ऊर्जा

11
अध्याय

11.1 परिचय

ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की जीवनदायिनी होती है। यह आधुनिक दुनिया की लगभग सभी वस्तुओं और सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण निवेश (इनपुट) है। हिमाचल प्रदेश में ऊर्जा के पारंपरिक और नवीकरणीय स्रोत जैसे कि पनबिजली, सौर और ईंधन की लकड़ी मौजूद हैं।

हिमाचल प्रदेश को एक पहाड़ी राज्य होने के नाते जल विद्युत शक्ति के दोहन मामले में प्रकृति से भरपूर आर्शीवाद मिला है। राज्य में जल विद्युत उत्पादन की अपार संभावनाएं है इसे देश के पनबिजली हब के रूप में जाना जाता है। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक क्रियाकलापों में उत्प्रेरक की भूमिका स्वीकार्यता के साथ–साथ विद्युत राजस्व अर्जन, रोजगार के अवसर बढ़ाने व लोगों के रहन–सहन के स्तर व जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्रदेश ने जल विद्युत क्षेत्र में कुल 27,436 मैगावाट क्षमता का आंकलन किया है। परन्तु इसमें से 24,567 मैगावाट को ही दोहन योग्य पाया है, शेष क्षमता को पर्यावरण को बचाने, पारिस्थितिक संतुलन एवं विभिन्न सामाजिक कारणों से त्याग कर दिया गया है। राज्य जल विद्युत के विकास को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी से गति प्रदान हो रही है। राज्य में ऊर्जा का उत्पादन व खपत सारणी 11.1 में दर्शाया गया है।

सारणी 11.1: बिजली का उत्पादन और खपत (मिलियन यूनिट)

क्रम संख्या	मद	2020–21	2021–22 (दिसंबर 2021 तक)
1	बिजली का उत्पादन	1961.134	1903.395
2	बी.बी.एम.बी. और अन्य से खरीदी गई बिजली	11845.767	9458.06
3	राज्य के भीतर कुल बिजली की खपत		
(क)	घरेलू	2356.535	1736.710
(ख)	गैर–घरेलू गैर–वाणिज्यिक	124.648	89.499
(ग)	वाणिज्यिक	518.424	432.130
(घ)	औद्योगिक	4769.451	4462.723
(ण)	सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था	10.479	7.925
(च)	कृषि	72.639	69.716
(छ)	थोक और विविध	133.310	95.654
(ज)	सरकारी सिंचाई और जलापूर्ति योजना	602.924	486.901
(झ)	अस्थायी आपूर्ति	46.897	41.267
	कुल (3)	8635.308	7422.524
4	राज्य के बाहर बेची गई ऊर्जा	3431.31	2677.10
	कुल खपत/बिक्री	**12066.618**	**10099.624**

11.2 ऊर्जा निदेशालय

वर्ष 2009 के दौरान एक स्वतंत्र ऊर्जा निदेशालय बनाया गया था, इससे पहले यह हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड का एक हिस्सा था। ऊर्जा निदेशालय बहुउद्देश्यीय परियोजना विभाग (एम.पी.पी.) और हिमाचल प्रदेश की बिजली सरकार (जी.ओ.एच.पी.) का नोडल कार्यालय है, यह हिमाचल प्रदेश राज्य के बिजली क्षेत्र की सभी बिजली उपयोगिताओं के बीच प्रभावी और त्वरित समन्वय के लिए काम करता है। यह 5 मेगावाट क्षमता से ऊपर जलविद्युत परियोजनाओं के आवंटन की देखभाल करता है। **ऊर्जा निदेशालय** कार्यों में 5 मेगावाट से ऊपर जल विद्युत परियोजनाओं की निगरानी, तकनीकी आर्थिक मंजूरी (टी.ई.सी.), जल विद्युत सुरक्षा से संबंधित मुद्दे, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दे, स्थानीय क्षेत्र का प्रबंधन विकास निधि, गुणवत्ता नियंत्रण, बिजली प्रवाह का प्रबंधन, विभिन्न केंद्रीय, राज्य और निजी जल विद्युत परियोजनाओं से प्राप्त बिजली हिस्सेदारी की बिक्री, राज्य में ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों का कार्यान्वयन और बांध सुरक्षा संगठन की क्षमता में सभी बड़े बांधों के लिए सुरक्षा पहलू शामिल हैं।

11.2.1 प्रमुख उपलब्धियां

ऊर्जा निदेशालय की प्रमुख उपलब्धियां 438.4 मेगावाट की कुल क्षमता वाली परियोजनाओं को पूरा करना है। 233.4 मेगावाट की कुल क्षमता वाली पहली 6 परियोजनाओं को 01.04.2021 से 31.12.2021 के दौरान चालू किया गया है और 205 मेगावाट की कुल क्षमता वाली अंतिम 2 परियोजनाओं के 01.01.2022 से 31.03.2022 के दौरान चालू होने की संभावना है (सारणी 11.2)।

सारणी 11.2: जल विद्युत परियोजनाओं में क्षमता वृद्धि (मेगावाट में)

क्रमांक	परियोजना का नाम	क्षमता मेगावाट में	जिला	बेसिन
1	चांजू – 2	13.2	चंबा	रावी
2	सोरंग	100	किन्नौर	सतलुज
3	करेरी	4.80	शिमला	सतलुज
4	सावरा कुड्डू	111	शिमला	यमुना
5	जेल	2.4	कुल्लू	ब्यास
6	मनिहार	2	कुल्लू	ब्यास
7	बजोली होली	180	चंबा	रावी
8	लम्बादुग	25	कांगड़ा	ब्यास

- 3.25 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 7 परियोजनाओं को 01/04/2021 और 31.12.2021 के बीच चालू किया गया; जबकि, 0.90 मेगावाट सौर ऊर्जा की दो परियोजनाओं को 01.01.2022 और 31.03.2022 के बीच चालू होने की संभावना है।
- 2020–21 में क्षमता वृद्धि शुल्क/अपफ्रंट प्रीमियम की वसूली ₹ 218.055 लाख थी।
- 1.04.2021 से 31.12.2021 की अवधि के दौरान, परियोजना प्रभावित परिवारों को आगे संवितरण के लिए विभिन्न उपायुक्तों/स्थानीय क्षेत्र विकास समितियों को ₹41.16 करोड़ हस्तांतरित किए गए हैं।
- राज्य की स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 में पूर्ण ऊर्जा क्षमता विशेष रूप से हाइड्रो और सोलर के माध्यम से स्वच्छ और हरित ऊर्जा विकास की परिकल्पना की गई है। 2030 तक पनबिजली, सौर और अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से 10000 मेगावाट अतिरिक्त हरित ऊर्जा जोड़ने के लिए, हरित ऊर्जा स्रोतों का तेजी से विकास, राज्य, संयुक्त, केंद्रीय और निजी क्षेत्रों की भागीदारी के माध्यम से एक चौतरफा रणनीति पर जोर देती है। ऊर्जा नीति–2021 का उद्देश्य पनबिजली और सौर परियोजनाओं की योजना और समय पर निष्पादन की सुविधा के लिए ट्रांसमिशन मास्टर प्लान बनाकर राज्य में पर्याप्त और कुशल ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित करना है। यह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर भी बल देती है जैसे सौर, पवन, बायोमास और अन्य गैर–पारंपरिक ऊर्जा स्रोत।
- 31 दिसंबर 2021 तक हिमाचल प्रदेश के हिस्से की बिजली की बिक्री से प्राप्त राजस्व ₹936.70 करोड़ है और जनवरी, 2022 से मार्च, 2022 तक अनुमानित राजस्व ₹77.00 करोड़ है।

11.3 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड

एच.पी.एस.ई.बी.एल. हिमाचल प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के लिए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है। राज्य में बिछाए गए ट्रांसमिशन, सब–ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों के नेटवर्क के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। अपनी स्थापना के बाद से, बोर्ड ने इसे सौंपे गए लक्ष्यों को निष्पादित करने में अभूतपूर्व प्रगति की है जो सारणी 11.3 में दिया गया है।

सारणी 11.3: एच.पी.एस.ई.बी.एल. के पावर हाउसों से बिजली का जिलावार उत्पादन(एम.यू.में)

जिले का नाम		2020–21	2021–22 (दिसंबर, 2021 तक)
1	बिलासपुर	–	–
2	चंबा	6.68	10.18
2	हमीरपुर	–	–
3	कांगड़ा	168.30	132.75
4	किन्नौर	487.67	602.36
5	कुल्लू	616.21	506.84
6	लाहुल–स्पीति	8.16	7.11
7	मंडी	304.40	275.83
8	शिमला	205.00	207.88
9	सिरमौर	164.71	160.94
10	सोलन	–	–
11	ऊना	–	–
कुल		1961.13	1903.39

सारणी 11.4: केन्द्रीय प्रायोजित और विभागीय योजनाएं

क. सं.	योजनाएं	स्थिति
1.	दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY)	ग्रामीण परिवारों के विद्युतीकरण के लिए भारत सरकार ने 2014 में यह योजना शुरू की थी। नौ जिलों का काम पूरा हो गया है। अब तक, भारत सरकार/राज्य का कुल अंशदान/वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण ₹127.23 करोड़ है और इसका उपयोग किया जा चुका है।
2.	एकीकृत बिजली विकास योजना (IPDS)	भारत सरकार ने ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने और कुशल मापन के लिए 2014 में शहरी क्षेत्रों के लिए यह योजना शुरू की थी। सभी 12 आई.पी.डी.एस. सर्किलों में काम पूरा कर लिया गया है।
3	पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आर.डी.एस.एस.)	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने "पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना एक सुधार आधारित और परिणाम से जुड़ी योजना" शुरू की है। इस योजना के दो भाग हैं जिनमें मीटरिंग, वितरण अवसंरचना कार्य, परियोजना प्रबंधन और प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण शामिल हैं।
4	हिमाचल जल विद्युत और नवीकरणीय विद्युत क्षेत्र विकास कार्यक्रम	इसे केंद्र स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी, आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा 20.05.2020 को आयोजित अपनी 106 वीं बैठक में 200 मिलियन अमरीकी डालर (यानी लगभग ₹1,500 करोड़) की ऋण सहायता के लिए बाहरी

		सहायता प्राप्त विश्व बैंक परियोजना के लिए राज्य इक्विटी के साथ सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित किया गया है। परियोजना की कुल लागत लगभग ₹1,800 करोड़ रुपये होगी जिसमें से एच.पी.एस.ई.बी.एल. की हिस्सेदारी ₹600 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना के तहत स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाएगा।
5	राज्य के कम वोल्टेज क्षेत्रों में एस.आई. योजना	प्रदेश के दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान ₹158 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं और पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है। इस योजना के स्वीकृत 31 दिसंबर, 2021 तक 919 डायनेमिक ट्रांसफॉर्मेशन रेटिंग (डी.टी. आर), 574.99 किमी हाई टेंशन (एच.टी.) लाइन और 366.646 कि.मी. लो टेंशन (एल.टी) लाइनें स्थापित की गई हैं।
6	मुख्यमंत्री रोशनी योजना	इस योजना की घोषणा राज्य के मुख्यमंत्री ने 2019–20 के बजट भाषण में राज्य के गरीब परिवारों को 17,550 बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए की थी। वर्ष 2019–20 में 4,898 तथा 2020–21 के दौरान 6,186 परिवारों को लाभान्वित किया गया है और 2021–22 के लिए 1,748 पात्र परिवारों को 31.12.2021 तक लाभान्वित किया गया है।
7	एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ई.आर.पी.) प्रोजेक्ट	13,500 कर्मचारियों के वेतन, 14,400 के पेंशन और 11,000 कर्मचारियों के जी.पी.एफ को एस.ए.पी.ई.आर.पी. सिस्टम के माध्यम से संसाधित किया जा रहा है।
8	आई.टी. पहल	एच.पी.एस.ई.बी.एल. के ऑपरेशन इलेक्ट्रिकल सब–डिवीजनों की विभिन्न गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण वर्ष 2006–07 में शुरू किया गया था। एस.ए. पी.–आई.एस.यू. बिलिंग को जनवरी, 2020 से नवंबर 2022 तक 45 इलेक्ट्रिकल सब डिवीजनों में लागू किया गया था। सिस्टम एप्लीकेशन एंड प्रोडक्ट्स–यूटिलिटीज के लिए इंडस्ट्री स्पेसिफिक सॉल्यूशन (एस.ए.पी.–आई. एस.यू.) आधारित कम्प्यूटरीकृत बिलिंग स्टैंड एच.पी.एस.ई.बी.एल. के सभी 238 ऑपरेशनल इलेक्ट्रिकल सब–डिवीजनों में लागू किया गया।

एच.पी.एस.ई.बी.एल. द्वारा निम्नलिखित पहलें भी शुरू की गई हैं:–

- एच.पी.एस.ई.बी.एल. ने हिमाचल प्रदेश के शिमला और धर्मशाला कस्बों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों शहरों में 1,51,740 स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, जिसमें शिमला में 1,18,581 और धर्मशाला में 33,159 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। कुल परियोजना लागत ₹168.35 करोड़ रुपए है। 31.12.2021 तक शिमला में 20,365 और धर्मशाला में 14,438 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

- बिजली के बुनियादी ढांचे और उपभोक्ताओं की जी.आई.एस./जी.पी.एस. मैपिंग को बिलिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया गया है ताकि समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (ए.टी. एवं सी.) नुकसान की गणना की जा सके।

- उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए, एच.पी.एस.ई.बी.एल. आई.वी.आर.एस. (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम) सुविधा कंप्यूटर टेलीफोनी के साथ नया उपभोक्ता कॉल सेंटर स्थापित कर रहा है। कॉल सेंटर सॉल्यूशन का कार्यान्वयन प्रगति पर है और

फर्म को पहले ही काम सौंपा जा चुका है। इसके अलावा उपभोक्ता कॉल सेंटर को सिस्टम एप्लिकेशन और उत्पादों के साथ एकीकृत किया जाएगा – उपभोक्ता संबंधित डेटा को एक स्क्रीन में देखने के लिए उपयोगिताओं के लिए उद्योग विशिष्ट समाधान ग्राहक संबंध प्रबंधन (एस.ए.पी.–आई.एस.यू. सी.आर.एम.) प्रणाली विकसित की जाएगी, ताकि शिकायत लॉगिंग और उपभोक्ता डेटा एक स्थान पर संग्रहीत किया जा सके और कॉल सेंटर एजेंट आसानी से सक्षम हो सकें ताकि वे प्रश्नों का सटीक उत्तर दे सकें।

11.3.1 पनबिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन

i. पनबिजली उत्पादन

एच.पी.एस.ई.बी.एल. में 489.35 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली 27 पनबिजली परियोजनाएं चल रही हैं। एच.पी.एस.ई.बी.एल. की सहायक कंपनी बी.वी.पी.सी.एल. द्वारा एक हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट उहल स्टेज–III (100 मेगावाट) निर्माणाधीन है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, एच.पी.एस.ई.बी.एल. के अपने बिजली घरों द्वारा 1,961.13 एम.यू. अतिरिक्त ऊर्जा का उत्पादन हुआ है और वर्ष 2021–22 (दिसंबर 2022 तक) 1903.39 एम.यू. ऊर्जा का उत्पादन होने की उम्मीद है।

ii. ट्रांसमिशन

एच.पी.एस.ई.बी.एल. की ट्रांसमिशन विंग ने वित्तीय वर्ष 2020–21 तक 4,974.89 एम.बी.ए. और 3,630.47 सी.के.एम. किलोमीटर ई.एच.वी. की परिवर्तन क्षमता के साथ 54 ई.एच.वी. सब–स्टेशन स्थापित किए हैं। वर्ष 2021–22 में दिसम्बर, 2021 तक 1.39 सी.के.एम. किलोमीटर ई.एच.वी. लाइनों को चालू कर दिया गया है।

सारणी 11.5: हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड लिमिटेड के तहत नई जल विद्युत परियोजनाएं

क्र.सं.	परियोजना	क्षमता (मेगावाट)	स्थिति
1	साईं कोठी स्टेज– 1, 2 और देवी कोठी और हेल	67	इन परियोजनाओं के लिए एफ.आर.ए. सहित सभी एन.ओ.सी. प्राप्त कर ली गई है। सैकोठी–I के लिए एफसीए चरण–I अनुमोदन प्रदान किया गया है, जबकि शेष परियोजनाओं के मामले लंबित हैं।
2	रायसन, न्यू नोगली, टिक्कर और कुठार	18, 11, 5, 5	परियोजना की डी.पी.आर. तकनीकी आर्थिक मंजूरी के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को जमा कर दी गई है। विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों, एफ.आर.ए. और एफ.सी.ए. से एन.ओ.सी. प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

11.4 हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटिड (एच.पी.पी.सी.एल.)

हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटिड (एच.पी.पी.सी.एल.) को पनबिजली के सभी पहलुओं के विकास की योजना बनाने, बढ़ावा देने और व्यवस्थित करने के लिए कंपनी अधिनियम 1956 के तहत दिसंबर 2006 में शामिल किया गया था। एच.पी.पी.सी.एल. अन्य उत्पादन कंपनियों जैसे नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटिड (एन.टी.पी.सी.)/सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटिड (एस.जे.वी.एन.एल.)/नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एन.एच.पी.सी.) के बराबर तकनीकी और संगठनात्मक क्षमताएं रखता है।

11.4.1 संचालन/निष्पादन चरण के तहत परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

- प्रारंभिक अध्ययन में तकनीकी व्यावसायिक दृष्टिकोण से त्रिवेणी महादेव एच.ई.पी. (78 मेगावाट) का प्रस्ताव व्यवहार्य पाया गया है, इसलिए हि.प्र.पॉ.का.लि. हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड लिमिटिड के साथ मिलकर इस परियोजना की डी.पी.आर. तैयार कर रहा है।
- जिला किन्नौर में कशंग स्टेज–IV (48 मेगावाट) तथा बारा खंबा (45 मेगावाट) की डी.पी.आर. तैयार की जा रही है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जांच कार्यों की अनुमति प्राप्त करने के लिए जिस्पा बांध परियोजना (300 मेगावाट) के लिए अनुरोध किया गया है। टी.ओ.आर. जारी होने के उपरान्त निविदा निकाली जाएगी।
- जिला किन्नौर में बड़ा खंबा एच.ई.पी. (45 मेगावाट) एच.पी.एस.ई.बी.एल. के साथ संयुक्त रूप से डी.पी.आर. तैयार की जा रही है।

सारणी 11.6: परियोजनाओं की कार्यप्रणाली एवं कार्यान्वयन

क. सं	परियोजनाएं	क्षमता मै.वा.	स्थिति
1.	एकीकृत कशांग	243	यह सतलुज के कशांग और केरंग धाराओं के विकास की परिकल्पना करता है। चालू होने की तिथि से 31.12.2021 तक परियोजना से 781.53 एमयू उत्पादन हुआ है और 31.03. 2022 तक उत्पादन का लक्ष्य 793.53 एम.यू. है। काशांग (स्टेज–1) हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (एच.ई.पी) ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए बिजली के 185 एम.यू. के उत्पादन लक्ष्य और बिक्री के मुकाबले 194.91 मिलियन यूनिट का उत्पादन हुआ और 72.28 करोड़ का राजस्व अर्जित किया।
2.	सैंज	100	सैंज एच.ई.पी. को ई.पी.सी. मोड पर क्रियान्वित किया गया है। सैंज एच.ई.पी. ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 340 एम.यू. के उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले 386.65 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया है और बिजली की बिक्री से ₹146.90 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ है।
3.	सावरा कुड्डू	111	यह परियोजना 21.01.2021 से वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन है। चालू होने की तिथि से 31.12.2021 तक परियोजना से 295.55 एमयू बिजली उत्पादन हुआ है और 31–03–2022 तक उत्पादन का लक्ष्य 335.55 एम.यू. है। सावरा कुड्डू एच.ई.पी. ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 296 एम.यू. के उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले 278.32 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया है और बिजली की बिक्री से ₹ 117.54 करोड़ राजस्व अर्जित किया है।
4.	शोंगटोंग करछम	450	कार्य प्रगति पर है और परियोजना में निर्धारित कार्य शुरू होने की तिथि मार्च, 2025 है।
5.	चांजू एच. ई.पी. और देथल चांजू	48.30	फ्रांसीसी विकास एजेंसी ने इन परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए अपनी सहमति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के टेंडर जल्द ही दिए जाने की उम्मीद है। एच.पी.पी.सी.एल. वित्तीय वर्ष 2022–23 की शुरुआत तक दोनों परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू कर देगी।
6.	रेणुका जी	40	आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सी.सी.ई.ए.) ने 15–12–2021 को प्रधान मंत्री किसान सिंचाई योजना– त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पी.एम.के.एस.वाई.–ए.आई.बी.पी.) के तहत परियोजना के वित्तपोषण के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। भारत के प्रधान मंत्री ने 27–12–2021 को परियोजना की आधारशिला रखी है।
7.	थाना प्लौन	191	07.09.2021 को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) द्वारा थाना प्लान एच.ई.पी. की तकनीकी आर्थिक मंजूरी (टी.ई.सी.) प्रदान की गई है। के.एफ.डब्ल्यू और पी.एफ.सी. के माध्यम से परियोजना वित्त पोषण प्रक्रिया में है। परियोजना की वित्तीय व्यवस्था मिलते ही परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
8.	सुरगणी सुंडला	48	प्रोजेक्ट फंडिंग का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया था और 19.12.2017 को डी.ई.ए. की 78वीं स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में चर्चा की गई थी, जिसमें समिति ने उच्च लागत यानी ₹ 768.17 करोड़ (जुलाई 2017 पी.एल.) को देखते हुए परियोजना प्रस्ताव पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया था। परियोजना की उच्च लागत के कारण तब से डिजाइन की समीक्षा की गई है और अक्टूबर 2019 के स्तर पर लागत को घटाकर ₹581. 86 करोड़ कर दिया गया है।
9.	नकथान	460	नक्थान और तोश दोनों वार्ड द्वारा वन अधिकार के दावे दायर किए गए हैं और एफ.आर. ए. प्रमाणपत्रों के संबंध में मामला विचाराधीन है।
10	किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना	660	मेसर्स किशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिनांक 07.01.2022 को किशाऊ एम.पी.पी. की संशोधित, अद्यतन, व्यापक और बैंक योग्य डी.पी.आर. तैयार करने के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान की गई हैं और डी.पी.आर. अपडेशन का काम शुरू हो जाएगा।

11.4.2 विद्युत विकास के अन्य क्षेत्रः

पनबिजली के अलावा, एच.पी. पावर कॉर्पोरेशन राज्य और राष्ट्र के विकास के लिए बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए सौर जैसे अन्य नवीकरणीय स्रोतों को शामिल करने के लिए अपनी बिजली विकास गतिविधियों में विविधता लाने का इरादा रखता है।

i. बेरा– डोल सौर ऊर्जा परियोजना (5 मेगावाट):
एच.पी.पी.सी.एल. ने जिला बिलासपुर में श्री नैना देवी जी तीर्थ के पास 5 मेगावाट क्षमता की बेर्रा–डोल सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण किया है। यह राज्य की पहली सौर ऊर्जा परियोजना थी जिसे सरकारी क्षेत्र में बनाया गया था। परियोजना के संचालन की तिथि (04.01.2019) से 31.12.2021 तक परियोजना से 24.69 एम.यू. बिजली उत्पादन हुआ है।

ii. अघ्लोर सौर ऊर्जा परियोजना (10 मेगावाट):
एच.पी.पी.सी.एल. ने ऊना जिले के अघलोर में 10 मेगावाट क्षमता का एक और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। एच.पी.पी.सी.एल. भूमि हस्तांतरण के मामले को उद्योग विभाग के समक्ष रख रहा है।

11.4.3 निर्माणाधीन/कार्यान्वयन चरण के तहत परियोजनाओं के संबंध में वित्तीय उपलब्धियाः

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटिड के तहत निर्माण/कार्यान्वयन के तहत परियोजनाओं की उपलब्धियां सारणी 17.2 द्वारा दर्शाई गई हैः–

सारणी 11.7: वित्तीय उपलब्धियां

(₹करोड़ में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	बजट 2021-22	व्यय (अप्रैल 2021 से दिसम्बर 2021 तक)	उपयोग %
1	शौंगटोंग कड़छम जल विद्युत परियोजना	277.09	104.56	37.74
2	एकीकृत कशांग एच.ई.पी. स्टेज 2 और 3	44.11	16.83	38.15
जोड़		**321.20**	**121.39**	**37.95**

सारणी 11.8: बिजली की बिक्री से राजस्व सृजन

(₹करोड़ में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	31.03.2021 तक बिजली की बिक्री से राजस्व सृजन	बिजली की बिक्री से राजस्व का उत्पादन (01.04.2021 से 31.12.2021 तक)	कुल योग
1	एकीकृत कशांग एच.ई.पी. चरण–1	144.15	72.28	216.43
2	सैंज एच.ई.पी.	421.70	146.90	568.60
3	सावरा कुड्डू एच.ई.पी.	7.33	117.54	124.87
4	बर्रा डोल सौर परियोजना	7.95	2.68	10.63
	कुल	**581.13**	**339.40**	**920.53**

एच.पी.पी.सी.एल. ने दिसंबर, 2021 तक कुल ₹ 920.53 करोड़ का राजस्व अर्जित किया था, जिसमें से 31.03.2021 तक ₹ 581.13 करोड़ और 01.04.2021 से 31.12.2021 के दौरान ₹ 339.40 करोड़ अर्जित किए गए थे।

11.5 हिमाचल प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटिड

यह कार्पोरेशन और हिमाचल प्रदेश सरकार का एक सरकारी उपक्रम है। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्युत संचार प्रणाली को मजबूत करने तथा भविष्य में बनने वाली जल विद्युत परियोजनाओं को विद्युत संचार की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा निगम को सौंपे गए कार्यों में मुख्यतः प्रदेश में बनने वाली सभी नई 66 के.वी. की क्षमता से ऊपर की लाईनों व विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण करने के साथ–साथ विद्युत वोल्टेज में सुधार, वर्तमान संचार ढांचे में सम्बर्धन व मजबूती प्रदान करने तथा विद्युत उत्पादन केन्द्रों व संचार लाईनों का निर्माण करते हुए प्रदेश के मास्टर संचार प्लान को लागू करना सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त निगम को राज्य में ट्रांसमिशन यूटीलिटी का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है जिसके अन्तर्गत संचार व समन्वय से जुड़े सभी मुद्दों पर सैन्ट्रल ट्रांसमिशन यूटीलिटी, केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण, केन्द्रीय व राज्य के ऊर्जा मंत्रालयों तथा हि.प्र. राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड से समन्वय रखने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त निगम की जिम्मेदारी आई.पी.पी. सी.पी.एस.यू., राज्य के सार्वजनिक उपक्रम, हि.प्र. पॉवर कार्पोरेशन लिमिटिड व अन्य केन्द्र व राज्य क्षेत्र के विद्युत उत्पादक इकाईयों के लिए संचार व सम्नवय से जुड़ी योजना बनाना भी सम्मिलित है। भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश के पावर सिस्टम मास्टर प्लान (पी.एस.एम.पी.) में शामिल ट्रांसमिशन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एशियाई विकास बैंक से ऋण लेने की मंजूरी दे दी है। प्राप्त ऋण को क्रमशः ट्रेंच I, II और III में विभाजित किया गया था। इन तीनों ट्रेंच का कार्य सफलतापूर्वक 29.09.2021 तक कर लिया गया है। सारणी 11.9 जी.ई.सी.–1 के तहत एच.पी.पी.टी.सी.एल. द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत करती है।

सारणी 11.9: वित्त वर्ष 2020–21 तक कमीशन की गई परियोजनाएं

क्र.सं.	कार्य	एम.वी.ए.	सीकेटी कि.मी.	लागत (₹ करोड़ में)
1	220/66/22 के.वी., भोक्टू में सब–स्टेशन	31.5		32
2	400/220/66 के.वी., वांगटू में सब–स्टेशन	830		363
3	220/400 के.वी., 1x315 एम.वी.ए. प्रगतिनगर में सब स्टेशन	315		161
4	33/132 के.वी., पंडोह में सब–स्टेशन	31.5		36
5	33/132 के.वी., चंबि में सब–स्टेशन	63		45
6	लिलो के दोनों परिपथों का 400 के.वी., झाखरी–अब्दुल्लापुर डी/सी लाइन गुम्मा में और 220 के.वी. डी/सी.टी.एल हाटकोटी से गुम्मा तक		58.4	105
	ए.डी.बी. ट्रेंच – 2			
7	66 के.वी. स्विचिंग सब स्टेशन उरनी	0		27
8	33/220/400 के.वी. लाहल सब स्टेशन	693		280
9	220 के.वी. जारोर–बनला टी.एल		36	57
10	220 के.वी. लाहल बुधिल टी.एल		1.9	6
11	132 के.वी. लिलो कांगड़ा–देहरा टी.एल., चंबी में		30	21
	जी.ई.सी. – के.एफ.डब्ल्यू.			
12	132/33 चंबी अतिरिक्त पंडोह एस.एस.	31.5		20
13	400/220 के.वी. अतिरिक्त गुम्मा एस.एस.	315		44
14	220 के.वी. घोंघा–हाटकोटी टी.एल		26.8	26
	घरेलू वित्त पोषण (आर.ई.सी.)			
15	220/33 के.वी. करियन सब स्टेशन	63		52
16	220/33 के.वी. फोजल सब स्टेशन	100		72
17	220 के.वी. करियन–राजेरा टी.एल.		6	11
18	220 के.वी. लिलो फोजल – पातलीकुहल टी.एल		20	17
19	220 के.वी. काशांग – भावा टी.एल		76	87
	कुल	**2473.5**	**255.1**	**1462**

उपरोक्त के अलावा, हरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किफायती प्रेषण प्रणाली विकसित करने के लिए हरित ऊर्जा गलियारा–1(जी.ई.सी.–1) योजना शुरू की गई है। इस योजना को आंशिक रूप से (40 प्रतिशत) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) से अनुदान के रूप में और आंशिक रूप से (40 प्रतिशत) जर्मन विकास बैंक, केएफडब्ल्यू से कम निश्चित ब्याज दर ऋण के रूप में और शेष इक्विटी से वित्त पोषित किया गया है। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड से वित्तीय सहायता के साथ, एच.पी.पी.टी.सी.एल. ने 5 परियोजनाओं को चालू किया है। इनके पूरा होने से चंबा, कुल्लू और किन्नौर जिलों के मौजूदा राज्य ट्रांसमिशन नेटवर्क में 163 एमवीए परिवर्तन क्षमता और 102 सी.के.एम. ट्रांसमिशन लाइन जुड़ गई है।

जी.ई.सी.–1 के तहत, एचपीपीटीसीएल ने 10 प्रेषण परियोजनाएं प्रदान की हैं, जिनमें से 3 परियोजनाएं चालू हो चुकी हैं और शेष 7 परियोजनाएं निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से विभिन्न जिलों में 847 एमवीए परिवर्तन क्षमता और 183.88 सी.के.एम. प्रेषण लाइनें जुड़ जाएंगी।

11.5.1 प्रमुख उपलब्धियां

वित्त वर्ष 2021–22 में, एच.पी.पी.टी.सी.एल. ने 31 दिसंबर 2021 तक ₹106 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 2 ट्रांसमिशन लाइनें चालू की हैं, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा ट्रांसमिशन नेटवर्क में 73 सर्किट किलोमीटर जुड़ गए हैं। इसके अलावा 205 सर्किट किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 5 ट्रांसमिशन लाइनें और 651.5 एम.वी.ए. की परिवर्तन क्षमता वाले 6 ई. एच.वी. सबस्टेशन पूरे होने पर हैं, जिनका व्यय ₹ 556.25 करोड़ है। वित्त वर्ष 2021–22 में एच. पी.पी.टी.सी.एल. ने 31 दिसंबर, 2021 तक लगभग ₹ 300 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया है और 31 मार्च, 2022 तक ₹ 60.00 करोड़ के अतिरिक्त व्यय का लक्ष्य रखा है।

11.6 हिमऊर्जा

हिमऊर्जा ने अक्षय ऊर्जा को लोकप्रिय बनाने हेतु भरसक प्रयास किए हैं। यह कार्यक्रम प्रदेश में भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा राज्य सरकार की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित किया गया है। हिमऊर्जा सरकार को राज्य में लघु जल विद्युत (5 मै.वा. तक) के तीव्र दोहन हेतु भी सहायता प्रदान कर रही है। हिमऊर्जा द्वारा कार्यक्रम शुरू किए गए हैंः–

सारणी 11.10: हिमऊर्जा के कार्यक्रम

सौर तापीय और सौर फोटोवोल्टिक कार्यक्रम		
क्र.सं.	**कार्यक्रम**	**उपलब्धियां / संभावनाएं**
1	सोलर कुकर	चालू वित्त वर्ष के दौरान दिसम्बर, 2021 तक 29 बॉक्स टाइप/डिश टाइप सोलर कुकर उपलब्ध कराए गए हैं। मार्च 2022 तक 50 बॉक्स टाइप/डिश टाइप सोलर कुकर उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है।
2	सौर जल तापन प्रणाली	2021–22 में दिसंबर 2021 तक 63,700 लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम लगाए गए हैं। मार्च 2022 तक 20,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
3	एस.पी.वी. स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम	2021–22 में, दिसंबर, 2021 तक 16,278 एस.पी.वी. स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम स्थापित किए गए हैं। मार्च 2022 तक 20,000 एस.पी.वी. स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम का लक्ष्य अनुमानित है।
4	एस.पी.वी. घरेलू लाइट	2021–22 में दिसंबर, 2021 तक 1,698 सोलर होम लाइटिंग सिस्टम वितरित किए गए हैं और मार्च, 2022 तक अनुमानित संचयी उपलब्धि लगभग 5,000 होगी।

11.6.1 सौर प्रकाशवोल्टिय ऊर्जा संयंत्र/परियोजनाएं

हिमऊर्जा पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर निम्न प्रकार के बिजली संयंत्र भी चलाता है।

सारणी 11.11: हिमऊर्जा के सौर ऊर्जा सयंत्र

क्र. सं.	सौर ऊर्जा संयंत्र	
	संयंत्र	उपलब्धियां
1.	ऑफ–ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र	2021–22 में, 232.00 के.डब्ल्यू.पी. क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों को दिसंबर, 2021 तक चालू किया गया है। मार्च 2022 तक 500 के.डब्ल्यू.पी. क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों का लक्ष्य अनुमानित किया गया है। इसके अतिरिक्त, चंबा जिले के पांगी घाटी के सुदूर और आदिवासी क्षेत्र में 1,162 बी.पी.एल. परिवारों को 250 वाट क्षमता (प्रत्येक घर) के सौर ऑफ–ग्रिड बिजली संयंत्र प्रदान किए गए हैं। साथ ही, 250 वाट क्षमता के 533 ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र प्रत्येक को राज्य के अन्य जनजातीय क्षेत्रों में वितरित किए गए है।
2.	ग्रिड से जुड़े सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट	दिसंबर, 2021 तक 0.709 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों को चालू कर दिया गया है और मार्च 2022 तक अनुमानित उपलब्धि लगभग 1.00 मेगावाट होगी।
3.	ग्राउंड माउंटेड ग्रिड– कनेक्टेड सोलर पावर प्रोजेक्ट्स	5.90 मेगावाट क्षमता की 250 से 500 के.डब्ल्यू.पी. तक की ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा परियोजनाओं को दिसंबर, 2021 तक चालू किया गया है। 10.00 मेगावाट की संचयी उपलब्धि भी मार्च 2022 तक अनुमानित है।

11.6.2 निजी क्षेत्र की सहभागिता से निष्पादित की जा रही 5 मैगावाट क्षमता तक की जल विद्युत परियोजनाएं

वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान, दिसंबर, 2021 तक, 4.80 मेगावाट क्षमता को चालू कर दिया गया है और मार्च, 2022 तक 9.80 मेगावाट की स्थापित क्षमता होने का अनुमान है।

आवंटित परियोजनाओं बारे आरम्भ से लेकर दिसम्बर, 2021 तक की स्थिति का 5 मेगावाट क्षमता तक का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

सारणी 11.12: हिमऊर्जा की लघु जल विद्युत परियोजनाएं

परियोजनाएं (निजी)	संख्या	क्षमता (मै0वा0)
कुल आंवटित परियोजनाएं (अस्तित्व में)	743	1786.49
क) कार्यान्वयन समझौते चरण पर	296	873.75
• स्थापित	91	334.25
• निर्माणाधीन	35	109.69
• हस्ताक्षरित जो अभी शुरू होनी हैं	170	429.81
ख) पूर्व–कार्यान्वयन समझौता चरण	447	912.74
आवंटित परियोजनाओं की संख्या	55	5.5

11.6.3 हिमऊर्जा द्वारा निष्पादित की जा रही लघु 100 कि.वा. और राज्य क्षेत्र के तहत जलविद्युत परियोजनाएं:

राज्य क्षेत्र के तहत दिसंबर, 2021 तक 32.24 मेगावाट क्षमता की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। 12 परियोजनाओं में से 4 को चालू किया गया था, 3 को बिल्ड–ऑपरेट–ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के आधार पर आबंटित किया गया और 5 परियोजनायें पूर्व–कार्यान्वयन समझौते के स्तर पर हैं।

11.6.4 महत्वपूर्ण नीतिगत पहल:

- हाइड्रो पावर पॉलिसी में संशोधन।
- निःशुल्क बिजली रॉयल्टी का पुनर्गठन करना।
- 10 मेगावाट तक की परियोजनाओं के एच.पी.एस.ई.बी.एल. द्वारा बिजली की अनिवार्य खरीद का प्रावधान किया गया।
- टैरिफ निर्धारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया।
- 25 मैगावाट तक की परियोजनाओं के लिए ओपन एक्सेस के लिए अतिरिक्त शुल्क में छूट प्रदान की गई।
- औद्योगिक इकाइयों के ही उपयोग के लिए 10 मैगावाट तक की परियोजनाओं का आवंटन किया गया।
- अग्रिम प्रीमियम और क्षमता वृद्धि शुल्क में कमी की गई।
- सरकार/वन भूमि के लिए नाम मात्र शुल्क का प्रावधान किया गया।
- परियोजना डेवलपर्स के लिए एक बार छूट प्रदान की गई है जो उन परियोजनाओं की शून्य तिथि को फिर से परिभाषित करती है जोकि जांच और अनुमोदन स्तर पर है और कार्यान्वयन समझौते पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। निर्माण चरण पर चल रही परियोजनाओं के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक संचालन तिथि (एस.सी.ओ.डी.) को फिर से परिभाषित किया गया हैं।

पर्यटन और परिवहन

12
अध्याय

12.1 पर्यटन

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की राज्य के आर्थिक विकास हेतु सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में पहचान बनी है। क्योंकि पर्यटन को भविष्य में आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जा रहा है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (एस.जी.डी.पी.) में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 7 फीसदी है जोकि काफी महत्वपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश एक पर्यटक स्थल है जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है। हालांकि, वर्ष 2020–21 में कोविड–19 महामारी से अर्थव्यवस्था को भारी धक्का लगा। कोविड–19 महामारी से उभरने के बाद राज्य 52 लाख पर्यटकों को आकर्षित करने में सक्षम रहा।

पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग ने 4,011 पर्यटन इकाइयों, 828 रेस्तरां, 4,400 ट्रेवल एजेंट और लगभग 2,934 होम स्टे को पंजीकृत किया है।

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के लिए बुनियादी ढ़ांचा विकास निवेश कार्यक्रम के तहत एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी.) की सहायता से विभाग ने नई परियोजना यू.एस. $ 291.04 मिलियन (ए.डी. बी.यू.एस $ 233.00 मिलियन सहायतार्थ) का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा था, जो कि भारत सरकार के आर्थिक मामलों, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत हो चुका है। ट्रांच–1 के अर्न्तगत नई परियोजनाओं की डी.पी.आर. बनाने के लिए सलाहकारों का चयन कर दिया गया है। नई परियोजना में दो चरण होंगे। इन परियोजनाओं के तहत बनाए गए बुनियादी ढांचे से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी और राज्य में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी और राज्य प्रति आगुंतक के खर्च और ठहरने की अवधि को बढ़ाने की क्षमता रखता है।

12.2 ब्याज सबवैंशन (अनुदान) योजना

सरकार द्वारा दिनांक 02.07.2020 को आतिथ्य उद्योग के लिए कार्यशील पूंजी ऋण हेतु ब्याज अनुदान योजना को अधिसूचित किया गया जिससे व्यापार में निवेश और तत्कालिक आवश्यकताओं के लिए ऋण प्रदान करके अल्पावधि में दिन–प्रतिदिन के व्यवसाय, श्रमिकों की मजदूरी, किराए आदि उपयोगिता बिलों का भुगतान किया जा सके, जो सुचारू कामकाज को सुविधाजनक बनाता है। राज्य सरकार द्वारा दिनांक 17.06.2021 को ब्याज अनुदान योजना अधिसूचित की गई है और यह योजना 31.03.2022 तक लागू रहेगी ।

12.3 स्वदेश दर्शन योजना

वर्ष 2017 में पर्यटन विभाग भारत सरकार द्वारा "स्वदेश दर्शन योजना" हिमाचल प्रदेश में स्वीकृत की गई थी । निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है :–

- जिला सोलन के क्यारीघाट में कन्वेंशन सैंटर।
- जिला शिमला में हेलि पोर्ट का निर्माण।
- जिला कांगडा में डल झील का सौंर्दयकरण।
- जिला कांगडा में विलेज हॉट।
- अन्तर्राष्ट्रीय आर्टीफिशियल क्लाइम्बिंग दीवार।
- शिमला माल रोड के टाउन सुकेयर में लाईट और साउंड शो।
- जिला कांगडा के बीर बिलींग में पैरागलाइडिग सैंटर का निर्माण।
- भलेई माता चम्बा में कला व शिल्प सैंटर।
- हाटकोटी शिमला में माता हाटेश्वरी मन्दिर का विकास।
- सम्पूर्ण सर्किट के लिए साइनेज़, गैन्टरीज़, सी.सी.टी.वी. और वाईफाई।

12.4 प्रचार

पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रचार सामग्री तैयार की जाती है, जैसे कि ब्रॉशर/पैम्फलैटस, फोल्डर, मोनाल पत्रिकाएं, कैलेंडर, गाइड मैप और कॉफी टेबल बुक इत्यादि शामिल हैं और देश व विदेश स्तर पर आयोजित विभिन्न पर्यटक उत्सवों/मार्ट/प्रदर्शनियों इत्यादि में भाग लिया जाता है।

12.5 नागरिक उड्डयन

राज्य में उच्च श्रेणी में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में तीन मौजूदा हवाई अडडों जुब्बड़हट्टी (शिमला), भुंतर (कुल्लू) और गग्गल (कांगड़ा) से नियमित उड़ानें चलाई जा रही हैं। सरकार गग्गल (कांगड़ा) हवाई पट्टी के विस्तार के लिए

ईमानदारी से प्रयास कर रही है। मंडी जिले में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार के विचाराधीन है। क्षेत्रीय संपर्क योजना(आर.सी.एस.) उड़े देश का आम नागरिक–2 (उड़ान) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश में 05 हेलीपोर्टस शिमला और रामपुर (जिला शिमला), बद्दी (जिला सोलन), कंगनीधार (जिला मण्डी) और हिमपात एवं हिमस्खलन अध्ययन संस्थान (सासे) (मनाली जिला कुल्लू) का विकास किया जा रहा है। इसमें से शिमला व बद्दी (सोलन) हेलीपोर्ट का कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में, मै0 पवन हंस लिमिटेड उड़ान–2 के अन्तर्गत चंडीगढ़–शिमला–चंडीगढ़, शिमला–कुल्लू और शिमला–धर्मशाला सेक्टर से उड़ान–2 के अन्तर्गत में हेलीकॉप्टर सेवा चला रहा है। राज्य में हेलीकॉप्टर सेवाओं को बढ़ाने के लिए पी.एच.एल., उड़ान–2 के अन्तर्गत रामपुर और कंगनीधर हेलीपोर्ट्स से नॉन–शेड्यूल ऑपरेशन (एन.एस.ओ.पी.) भी शुरू कर दी गई है।

12.6 नई राहें नई मन्जिलें

प्रदेश में अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018–19 में ₹50.00 करोड़ से एक नई योजना "नई राहें नई मंजिलें शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21 व 2021–22 में ₹50 करोड़, (कुल ₹200.00 करोड़) की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटकों / आगुंतक को अधिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु विभाग इस योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहा हैः

- बीड़–बिलिंग ज़िला कांगड़ा में पैराग्लाइडिंग गन्तव्य।
- चांशल, ज़िला शिमला में स्की गन्तव्य।
- जंजैहली ज़िला मण्डी को ईको टूरिज्म की दृष्टि से।
- लारजी, तत्तापानी एवं पौंग बांध में जल क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा व अधोसरंचना का विकास।
- ज़िला सिरमौर के सैर जगास में पैराग्लाईडिंग गन्तव्य तथा ईको टूरिज़्म चूड़धार के नौहराघाट घाटी में।
- अटल रोहतांग सुरंग के दोनों अन्तिम छोरों में पर्यटन सम्बन्धित जन सुविधाओं का विकास।
- शिव धाम का निर्माण।

12.7 हिमाचल प्रदेश में सतत पर्यटन

राज्य सरकार ने पारिस्थितिक संवेदनशीलता के साथ अपने प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संवर्धन करते हुए सम्बन्धित सभी क्षेत्रों के सतत विकास का संकल्प लिया है जिसमें राज्य के जल–विद्युत, पर्यटन, वन प्रबंधन नीति एवं पर्यावरण मास्टर प्लान शामिल है। राज्य उन निवेशकों को भी प्रोत्साहित करने की योजना बना रहा है जो सतता को एक

व्यावहारिक आर्थिक उद्यम के रूप में देखतें हैं। राज्य की अनूठी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा में योगदान करने के लिए प्रदेशवासियों के लिए बेहतर रोजगार और अधिक व्यापार के अवसर प्रदान करने के लिए स्थायी पर्यटन के रूप में उपयोग करने के लिए वर्ष 2013 में, राज्य सरकार द्वारा सतत पर्यटन विकास नीति लागू की गई। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश सरकार की पर्यटन क्षेत्र नीति 2019 को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह आर्थिक विकास को गति प्रदान करे, सामाजिक असमानता को कम करे, गरीबी को कम करे, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष धरोहरों (कला तकनीकों के राज्य का उपयोग करके) को टिकाऊ तरीके से संरक्षित करे। इस नीति का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य "स्थायी पर्यटन के लिए निवेश के लिए एक सक्षम वातावरण बनाना" है। इस नीति को स्थायी विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.), विशेष रूप से एस.डी.जी. 8 और 12 को विभिन्न उद्देश्यों के माध्यम से मेजबान समुदायों के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए निर्देशित किया गया है, यात्रियों को गुणवता का अनुभव प्रदान करने राज्य की प्राकृतिक–सांस्कृतिक पर्यावरण की सुरक्षा और निजी निवेशकों के लिए निवेश का अनुकूल वातावरण बनाना है।

12.8 हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एच.पी.टी.डी.सी.)

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एच.पी.टी.डी.सी.) हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे के विकास में अग्रणी है। यह पर्यटन सेवाओं का पूरा पैकेज प्रदान करता है, जिसमें आवास, खानपान, परिवहन, सम्मेलनों और खेल गतिविधियां शामिल हैं, जिसमें राज्य के बेहतरीन होटलों तथा रेस्तरां की सबसे बड़ी श्रृंखला है, जिसमें 54 होटल, 2,370 बेड वाले 1,047 कमरे हैं।

भारत में पर्यटन उद्योग दुनिया भर में कोविड–19 महामारी के दौरान बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा राज्य के पर्यटन उद्योग के साथ – साथ एच.पी.टी.डी.सी. पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडा है । राज्य सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन के कारण मई,2021 में निगम के होटल बंद कर दिए गए थे। निगम ने कसौली में एक नवनिर्मित होटल न्यू रोस कॉमन का संचालन शुरू किया है, जिसमें कुल 66 बिस्तरों की क्षमता वाले 32 कमरे हैं और 'कैफे अटल' नाम से सिशु, जिला लाहौल-स्पीति में एक कैफे भी खोला गया है। एच.पी.टी.डी.सी. ने दिसंबर, 2021 तक ₹68.00 करोड़ के लक्ष्य के समकक्ष ₹55.76 करोड़ की आय अर्जित की।

बॉक्स–12.1 हिमाचल प्रदेश पर्यटन सैटेलाइट एकाउंट (एच.पी.टी.एस.ए.) 2018–19

पर्यटन का तात्पर्य आगंतुकों की गतिविधि से है। एक आगंतुक एक यात्री है जो एक वर्ष से कम समय के लिए अपने सामान्य वातावरण के बाहर एक गंतव्य की ओर किसी भी मुख्य उद्देश्य (व्यवसाय, अवकाश या अन्य व्यक्तिगत उद्देश्य) के लिए देश में एक स्थायी निवासी की तरह भ्रमण कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यू.एन.डब्ल्यू.टी.ओ.)

पर्यटन एक बहुआयामी तथ्य है जो लोगों के अपने सामान्य निवास स्थान से बाहर के स्थानों पर जाने से जुड़ी है। पर्यटन क्षेत्र आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों के बीच सहयोग की मांग करता है। हाल के दशकों में, पर्यटन का विस्तार समाज के कुछ विशेषाधिकार प्राप्त सदस्यों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों से मनोरंजन के उद्देश्य के लिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिसे पर्यटन का मुख्य उद्देश्य माना जा सकता है। जबकि अन्य प्रयोजन जैसे व्यवसाय, स्वास्थ्य, धार्मिक और शैक्षणिक कारणों और हाल के दिनों में की खरीददारी जो कि एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए नहीं है को भी मुख्य उद्देश्य माना जा सकता है।

दुनिया भर में तेजी से बढ़ती पर्यटन गतिविधियों ओर इस तरह की गतिविधियों से होने वाली उच्च विदेशी मुद्रा आय के कारण, पर्यटन के आंकड़ों (मौद्रिक और गैर मौद्रिक दोनों) को मापने के लिए यह सभी देशों में प्राथमिक कार्य बन गया है। भारत जैसे विशाल देश के लिए, जहां प्रत्येक राज्य अलग–अलग आर्थिक और विभिन्न पर्यटन स्थलों की पेशकश करता है। इस कारण राज्य स्तर पर भी पर्यटन के आंकड़ों का आकंलन अत्यन्त महत्वपूर्ण हो गया है। यू.एन.डब्ल्यू.टी.ओ. (UNWTO) प्रासंगिक पर्यटन आंकड़ों को एक लेखाकंन ढांचे में रखने की सिफारिश करता है ताकि इन आंकड़ों को राष्ट्रीय लेखा प्रणाली के साथ एकीकृत किया जा सके, और पर्यटन के सम्बन्ध में वस्तुओं और सेवाओं की मांग और आपूर्ति के बीच सम्बन्धों को दिखाया जा सके। इस लेखांकन ढांचे को पर्यटन सैटालाईट एकाऊंट (टी.एस.ए.) कहा जाता है और यू.एन.डब्ल्यू.टी.ओ. की सिफारिशों को टीएसए अनुशंसित पद्धतिगत ढांचा, 2008 (टी.एस.एःआर.एम.एफ. 2008) में प्रलेखित किया गया है। पर्यटन सांख्यिकी और पर्यटन सैटालाईट एकाऊंट की प्रणाली ऐसे उपकरण है जिनके द्वारा अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है और अधिक स्टीक रुप में मापा जा सकता है। यह ढांचा पर्यटन के सम्बन्ध में वस्तुओं की मांग ओर आपूर्ति के बीच सम्बन्धों को भी प्रस्तुत करता है।

राज्य के लिए टी.एस.ए. वर्ष 2018–19 के लिए तैयार किए गए है ताकि पर्यटन के आर्थिक मूल्य की मांग का निरपेक्ष रुप से और राज्य के सकल घेरलू उत्पाद और रोजगार में इसके योगदान को बेहतर तरीके से समझा जा सके।

टी.एस.ए. का परिणाम, जो इस ढांचे का उपयोग करके बनाया गया है, सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) और राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए पर्यटन का अनुमानित योगदान है। इसके अलावा यह अध्ययन पर्यटन के प्रत्यक्ष हिस्से का अनुमान लगाता है। इसके अतिरिक्त यह अध्ययन पर्यटन के अप्रत्यक्ष हिस्से का भी अनुमान है जो अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के साथ इसके संबंधों के परिणामस्वरुप होता है।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन सैटेलाइट एकाउंट (टी.एस.ए.) की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैः

- 2018 के लिए उपलब्ध नवीनतम आंकड़ो के अनुसार विदेशों से हिमाचल प्रदेश राज्य में आने वाले अन्र्तराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 3.56 लाख दर्ज की गई है। इसके अलावा, 27.4 लाख पर्यटकों के भारत के अन्य राज्यों से राज्य का भ्रमण करने का अनुमान है। इन दोनों आंकड़ों को मिलाकर राज्य में आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या निर्धारित की गई है।

- हिमाचल प्रदेश में बहुत अधिक संख्या में पर्यटकों के आने का अनुमान है, जो राज्य में अन्र्तराष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटनें की आवाजाही से यह अनुमानित है कि प्रदेश में लगभग 88.83 लाख पर्यटकों ने भ्रमण किया है।

- आउटबांउड पर्यटकों या पर्यटकों की संख्या जो राज्य के निवासी है और विदेशी यात्रा कर चुके हैं, अनुमानित संख्या 46,822 है।

- अन्य देशों से राज्य में आने वाले पर्यटकों द्वारा किए गए कुल आवक पर्यटन व्यय का अनुमान ₹3,337.67 करोड़ है जिसमें प्रति पर्यटक औसत व्यय ₹93,605 है।

- अन्य राज्यों के पर्यटकों द्वारा किए गए कुल आवक पर्यटन व्यय का अनुमान ₹5480.83 करोड़ है, जिसमें प्रति यात्रा औसत व्यय ₹20,011 है।

- राज्य के भीतर से पर्यटकों द्वारा किए गए घरेलू पर्यटन व्यय का अनुमान ₹3,256.24 करोड़, जिसमें प्रति यात्रा औसत व्यय ₹3,665 है।

- आउटबांउड प्री–ट्रिप पर्यटन व्यय का अनुमान ₹62.01 करोड़ और एक आउटबांउड पर्यटक अंर्तराष्ट्रीय यात्रा की तैयारी में देश छोड़ने से पहले औसतन ₹13,243 खर्च करता है।

- राज्य के भीतर सभी प्रकार के पर्यटकों द्वारा किए गए उपरोक्त सभी पर्यटन व्यय, कुल व्यय में समायोजित है। जो कि वर्ष 2018–19 के लिए ₹12136.74 करोड़ है। अन्य राज्यों के पर्यटकों द्वारा किए गए इनबांउड पर्यटन व्यय का हिस्सा, अन्य राज्यों के पर्यटकों द्वारा किया गया व्यय, राज्य के भीतर से पर्यटकों द्वारा किए गए व्यय और आउटबाउंड प्री–ट्रिप व्यय क्रमशः 27.5 प्रतिशत, 45.2 प्रतिशत, 26.8 प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत है।

- ❖ वर्ष 2018–19 के लिए आरोपित पर्यटन खपत के मूल्यों के अतिरिक्त, कुल आंतरिक पर्यटन खपत ₹15,185.78 करोड़ है।

- ❖ यह लेखे पर्यटन क्षेत्र द्वारा उत्पन्न वस्तुओं और सेवाओं की कुल मांग का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिनमें विभिन्न पर्यटन–विशेषता और पर्यटन से जुड़े उत्पाद और सेवाऐं शामिल है। इन उत्पादों और सेवाओं की कुल आपूर्ति राज्य की आपूर्ति और उपभोग तालिका (SUT) से प्राप्त की जाती है। प्रत्येक उत्पाद और सेवा के लिए मांग के मूल्य और आपूर्ति के मूल्य के अनुपात को पर्यटन उत्पाद अनुपात (टी.पी.आर.) कहा जाता है।

- ❖ हवाई यात्री सेवा के लिए टी.पी.आर. 95.3 प्रतिशत है जो पर सबसे अधिक है। इसका मतलब है कि इस सेवा के कुल उत्पादन में से 95.3 प्रतिशत पर्यटकों द्वारा उपयोग किया जाता है और अतः पर्यटन गतिविधियों के अन्तर्गत आता है।

- ❖ ट्रैवल एजेंट और अन्य आरक्षण सेवाएं, जिनकी टी.पी.आर. 90.5 प्रतिशत है। अन्य व्यापारिक वस्तुएं और सेवाएं जो पर्यटन गतिविधियों पर अत्यधिक निर्भर है उनमें परिवहन उपकरण किराये की सेवाएं, सड़क यात्री परिवहन सेवाएं, आवास सेवाएं और रेलवे यात्री सेवाएं शामिल हैं।

- ❖ पर्यटन से जुड़े सामानों में रेडीमेड वस्त्रों के लिए टी.पी.आर. उल्लेखनीय रुप से अधिक है और इसका अनुमान 74.2 प्रतिशत है।

- ❖ इसके अलावा पर्यटन उद्योग अनुपात (टी.आई.आर.) एस.यू.टी. ढांचे में प्रत्येक उद्योग कॉलम पर टी.पी.आर. लागू करके प्राप्त किया जाता है। हालांकि पर्यटन से जुड़े उद्योगों के मामले में, केवल वह गतिविधि जिसके द्वारा उन्हें आगन्तुकों को उपलब्ध कराया जाता है, पर्यटन को प्रत्यक्ष मूल्य वर्धित करता है। इसलिए केवल संबद्ध खुदरा व्यापार मार्जिन ही एक शेयर उत्पन्न करता है परिणामस्वरूप व्यापारिक वस्तुओं के मामले में, कुल आपूर्ति की तुलना में पर्यटन शेयरों के मूल्य बहुत कम है। इसलिए ऐसे मामलों में, टी.आई.आर. बहुत कम होते हैं ओर लगभग शून्य के बराबर होते हैं।

- ❖ टी.आई.आर. के माध्यम से प्रत्येक उद्योग से निकाले गए पर्यटन घटकों का योग, पर्यटन प्रत्यक्ष सकल मूल्य बर्धित (टी.डी.जी.वी.ए.) बनाता है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए टी.डी.जी.वी.ए. अनुमानित ₹4895.30 करोड़ है जो कुल जी.एस. बी.ए. का 3.46 प्रतिशत है। यह राज्य के जी.वी.ए. में पर्यटन का प्रत्यक्ष हिस्सा है।

- ❖ जहां तक रोजगार का सम्बन्ध है, पर्यटन रोजगार से तात्पर्य विशिष्ट उद्योग में नौकरियों की संख्या से है। वर्ष 2018–19 के लिए 1.86 लाख अनुमानित है। राज्य

में कुल नौकरियों की संख्या ₹47.88 लाख है। इसलिए कुल रोजगार में पर्यटन रोजगार का प्रत्यक्ष हिस्सा 3.89 प्रतिशत है।

- ❖ स्व–रोजगार की स्थिति के मामले में यह हिस्सा 1.83 प्रतिशत है और कर्मचारियों के मामले में 7.79 प्रतिशत से बहुत अधिक है, जिसमें आकस्मिक कर्मचारी और वेतनभोगी या नियमित वेतन पाने वाले शामिल हैं।

- ❖ इस अध्ययन में पर्यटन के अप्रत्यक्ष प्रभाव का भी आकलन किया गया है इसे इनपुट आउटपुट मॉडल के माध्यम से इकट्ठा किया जाता है। मॉडल ने आउटपुट, जी.वी.ए. और रोजगार गुणक उत्पन्न करने में मदद की है। ये गुणक, जब प्रत्यक्ष प्रभाव या प्रत्यक्ष शेयरों से गुणा किया जाता है, तो अप्रत्यक्ष प्रभाव सहित कुल प्रभाव या हिस्सा देते हैं।

- ❖ परिणामस्वरूप, राज्य जी.वी.ए. में पर्यटन का कुल हिस्सा 7.53 प्रतिशत अनुमानित है और राज्य में नौकरियों की संख्या में कुल हिस्सेदारी 14.42 प्रतिशत होने का अनुमान है चित्र 12.1 राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष और कुल हिस्से को दर्शाता है।

चित्र 12.1: जी.वी.ए. में पर्यटन का हिस्सा और राज्य का रोजगार





12.9 सड़कें तथा पुल (राज्य क्षेत्र)

राज्य के तीव्र आर्थिक विकास के लिए सड़कें एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसंरचना है। अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, बागवानी, उद्योग, खनन और वानिकी का विकास कुशल सड़क नेटवर्क पर निर्भर करता है। रेलवे और जलमार्ग जैसे परिवहन के किसी अन्य उपयुक्त ओर व्यवहार्य साधनों के अभाव में, सड़कें हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्य सरकार ने लगभग एक नए सिरे से शुरुआत करते हुए 40,020 किलोमीटर का निर्माण किया है। दिसम्बर, 2021 तक वाहन चलने योग्य सड़कें (जिसमें जीप योग्य एवम् ट्रैक भी सम्मिलित हैं) का निर्माण कर लिया है। प्रदेश सरकार सड़कों के विकास को अत्यधिक प्राथमिकता दे रही है।

वर्ष 2021—22 के लिए निर्धारित लक्ष्य एवं दिसम्बर, 2021 तक की उपलब्धियों का ब्यौरा सारणी संख्या 12.1 में दर्शाया गया है:

सारणी 12.1: सड़कें एवं पुल

मद	इकाई	लक्ष्य 2021—22	दिसम्बर, 2021 तक की उपलब्धियां
वाहन चलने योग्य सड़कें	कि.मी.	1000	560
जल निकास	कि.मी.	945	664
पक्की सड़कें	कि.मी.	2000	1865
जीप चलने योग्य सड़कें	कि.मी.	60	18
पुल	संख्या	80	52
सडकों से जुड़े गांव	संख्या	90	37

हिमाचल प्रदेश में दिसम्बर, 2021 तक 10,591 गांव सड़कों से जोड़े गये जिनका ब्यौरा सारणी संख्या 12.2 में दिया जा रहा है:

सारणी 12.2: सडकों से जोड़े गए गांवों की संख्या

सडकों से जुडे गांव	2019—20	2020—21	2021—22 दिसम्बर 2021 तक
1500 से अधिक आबादी वाले गांव	217	219	219
1000—1499	295	296	296
500—999	1306	1318	1324
250—499	3624	3644	3655
250 से कम	5032	5072	5097
कुल	**10474**	**10549**	**10591**

12.10 राष्ट्रीय उच्च मार्ग (केन्द्रीय क्षेत्र)

वर्तमान में 19 राष्ट्रीय राजमार्ग जिनकी कुल लम्बाई 2,592 किलोमीटर है, राज्य सड़क नेटवर्क की मुख्य जीवन रेखा है जिसमें हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा 1,238 किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास और रखरखाव किया जा रहा है। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 5 राष्ट्रीय राजमार्गों 785 किलोमीटर और सीमा सड़क संगठन द्वारा 3 राष्ट्रीय राजमार्गों के 569 कि.मी. का विकास व रख—रखाव किया जा रहा है।

12.11 पथ परिवहन

परिवहन विभाग मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 213 के प्रावधानों के तहत कार्य करता है। परिवहन विभाग की स्थापना मुख्य रुप से मोटर वाहन अधिनियम, 1988, हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1972 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों को लागू करने के लिए की गई है। हिमाचल प्रदेश का परिवहन विभाग परिवहन सुविधाओं के विकास में अन्य संगठनों की सहायता करता है और सड़क मार्ग से यात्रियों और माल की आवाजाही के लिए एक कुशल, पर्याप्त और सस्ती परिवहन सेवा प्रदान करने का प्रयास करता है। वैधानिक कार्यों के निर्वहन में, विभाग ने मोटर वाहनों पर करों के रुप में सरकार को राजस्व अर्जित करने वाले प्रमुख विभागों में एक स्थान बनाया है। वर्ष 2020—21 के दौरान राजस्व सृजन ₹382.64 करोड़ था और वर्ष 2021—22 के लिए लक्ष्य ₹487.71 करोड़ है, जबकि दिसम्बर, 2021 तक ₹365.28 करोड़ का राजस्व सृजन किया गया।

वर्ष 2021–22 (दिसम्बर, 2021) के दौरान विभिन्न अपराधों के लिए 12,433 वाहनों का चालान किया गया और ₹244.20 लाख की राशि दण्ड के रुप में एकत्र की गई। दिसम्बर, 2021 तक विभाग ने 19,05,073 वाहनों को जिलेवार पंजीकृत किया है जो कि नीचे दी गई तालिका में दिखाया गया है।

सारणी 12.3: जिलेवार पंजीकृत वाहन

क्रम संख्या	जिला	पंजीकृत वाहन
1	बिलासपुर	100121
2	चम्बा	74440
3	हमीरपुर	139040
4	कांगड़ा	472743
5	किन्नौर	12887
6	कुल्लू	94822
7	लाहौल–स्पति	7384
8	मण्डी	216279
9	शिमला	188957
10	सिरमौर	127925
11	सोलन	262673
12	ऊना	207802
	योग	**1905073**

12.12 परिवहन विभाग की उपलब्धियां

परिवहन विभाग ने वर्ष 2021–22 के दौरान निम्नलिखित उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है:

i. **निरीक्षण और प्रमाणन केन्द्र:**
राज्य द्वारा वाहनों के निरीक्षण एवं प्रमाणन में वैज्ञानिक तरीके से सुधार हेतु बद्दी जिला सोलन में एम.ओ.आर.टी.एच. की वित्तीय सहायता से निरीक्षण एवं

प्रमाणन केन्द्र स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की है, इस परियोजना की लागत ₹16.35 करोड़ है। इस कार्य को 01–01–2020 को प्रारम्भ कर प्रशासनिक ब्लॉक पूरा कर लिया गया है तथा सिविल कार्य प्रगति पर है।

ii. **परिवहन नगर का निर्माणः**

राज्य ने सम्बन्धित उपायुक्तों (डी.सी.) की अध्यक्षता में उपयुक्त भूमि को चयनित के लिए एक समिति अधिसूचित की है। जिला हमीरपुर के नादौन में उपयुक्त भूमि को चयनित किया गया, जहां विभाग द्वारा निर्माण प्रक्रिया शुरु की गई है। इसके अलावा परिवहन नगर के लिए काला अम्ब, पांवटा और शिमला में टूटू के पास भी भूमि को चयनित किया है।

iii. **ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल (डी.टी.एस.) और प्रदूषण जांच केन्द्रः**

इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए, विभाग ने राज्य में 338 ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूलों को लाइसेंस दिया है, जिसमें 8 आईटीआई के तहत, 10 एच.आर.टी.सी. के तहत और 320 निजी ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल शामिल है। इसके अलावा राज्य में 357 प्रदूषण जांच केन्द्रों को भी अधिकृत किया गया है।

iv. **रोजगार सृजनः**

सरकार ने 30.12.2021 को ''स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार (परिवहन) योजना'' अधिसूचित की है, जो बेराज़गार युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने में मदद करेगा। परिवहन विभाग ने वर्ष 2021–22 में 19,150 युवाओं के लिए रोज़गार का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें से दिसम्बर, 2021 तक 10,018 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। जिसका विवरण सारणी 12.4 में दिया गया हैः

सारणी 12.4: स्वरोज़गार की स्थिति

वाहन का प्रकार	प्रति व्यक्ति प्रत्येक परमिट के लिए रोज़गार की संख्या	अप्रैल से दिसम्बर,2021 की अवधि के लिए जारी परमिट	कुल रोजगार
टैक्सी/मैक्सीकैब	2	2539	5078
बस स्टेज कैरिज	3	35	105
ऑटो रिक्शा	1	213	213
ट्रक (माल ढुलाई)	3	1536	4608
यात्री सेवा वाहन (पी.एस.वी.)	2	7	14
कुल योग	**11**	**4330**	**10018**

v. **इलेक्ट्रिक (विद्युत) वाहन नीति 2022**

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक (विद्युत) वाहन नीति, 2022 को अधिसूचित किया है ताकि हिमाचल प्रदेश को इलेक्ट्रिक (विद्युत) वाहन (निजी,

साझा और वाणिज्यिक) की हर श्रेणी में एक मॉडल राज्य बनाया जा सके और टिकाऊ, सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रदान किया जा सके। इस नीति का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं, वाहन निर्माताओं को लाभ पहुंचाना और **इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन** स्थापित करना है। इस नीति का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्ष 2025 तक राज्य में नए इलेक्ट्रिक (विद्युतीय)वाहनों के लिए सभी नए वाहनों का लगभग 15 प्रतिशत पंजीकरण करना है।

vi. स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए दिशानिर्देश

राज्य सरकार स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और दिशानिर्देश दिनांक 10.10.2018 की अधिसूचना के माध्यम से स्कूली बच्चों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस अधिसूचना में निहित निर्देशों को सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आर.टी.ओ.) और अन्य सम्बन्धित विभागों को सख्ती से लागू करने के लिए परिचालित किया है ताकि स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों की जांच शत प्रतिशत की जा सके।

vii. किराए पर एक मोटर साइकिल और मोटर कैब योजना

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधान के अन्तर्गत् मोटर वाइक का किराया योजना अधिसूचित किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य ने अधिसूचना संख्या टी.पी.टी.–ए(4) –9/2015 दिनांक 25.05.2017 के द्वारा अधिसूचित रेंट–ए–बाइक योजना को अपनाया है। जिसे केन्द्र सरकार ने वर्ष 1997 में अधिसूचित किया। उसके बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने अधिसूचना संख्या टी.पी.टी.–ए(4)–9/2015 दिनांक 06.03.2019 के माध्यम से राज्य में इस योजना को अधिसूचित किया है। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने आवेदकों को 990 वाहन खरीद की अनुमति प्रदान की है।

viii. निजी बसों और टैक्सियों के बेड़ों की संख्या

हिमाचल प्रदेश में निजी स्टेज कैरिज बसों की कुल संख्या 3,303 है और टैक्सियों की संख्या 28,034 (बैठने की क्षमता 4+1) है मैक्सी (6+1 और अधिक) कैब की संख्या दिसम्बर, 2021 तक 12,267 है। जिलेवार और आर.टी.ओ. वार विवरण निम्न है:

सारणी 12.5: क्षेत्रिय परिवहन कार्यालय (आर.टी.ओ.) वार हिमाचल प्रदेश में निजी स्टेज कैरिज बसें 31.12.2021 तक

क्रम संख्या	कार्यालय का नाम	निजी बसों की कुल संख्या
1	आर.टी.ओ. शिमला	252
2	आर.टी.ओ. किन्नौर रामपुर	82
3	आर.टी.ओ. सोलन	220
4	आर.टी.ओ. बद्दी नालागढ़	99
5	आर.टी.ओ. बिलासपुर	304
6	आर.टी.ओ. हमीरपुर	343
7	आर.टी.ओ. कुल्लू	164
8	आर.टी.ओ. ऊना	305
9	आर.टी.ओ. मण्डी	416
10	आर.टी.ओ. धर्मशाला	815
11	आर.टी.ओ. सिरमौर	161
12	आर.टी.ओ. चम्बा	142
	योग	**3303**

हिमाचल प्रदेश में जिलेवार टैक्सी और मैक्सी 31.12.2021 तक

क्रम संख्या	जिले का नाम	टैक्सियों की कुल संख्या (4+1)	मैक्सी की कुल संख्या (6+1 और अधिक)
1	बिलासपुर	925	665
2	चम्बा	1160	845
3	हमीरपुर	1329	651
4	कांगड़ा	4531	2012
5	किन्नौर	27	8
6	कुल्लू	4924	2264
7	लाहौल–स्पिति	8	9
8	मण्डी	2113	1351
9	शिमला	11265	3490
10	सिरमौर	189	144
11	सोलन	1295	586
12	ऊना	268	242
	योग	**28034**	**12267**

12.13 हिमाचल पथ परिवहन निगम (एच.आर.टी.सी.)

सड़क परिवहन प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों का मुख्य पड़ाव है क्योंकि परिवहन के अन्य साधन जैसे रेलवे, वायु सेवा, टैक्सी, ऑटो रिक्शा इत्यादि नगण्य के बराबर है। इसलिए

हिमाचल सड़क परिवहन निगम राज्य में सर्वोपरि है। राज्य के भीतर और बाहर हिमाचल प्रदेश के लोगों को यात्री परिवहन सेवाएं एच.आर.टी.सी. द्वारा 3,023 बसें, 75 इलैक्ट्रिक बसें, 21 टैक्सियां व 50 इलैक्ट्रिक टैक्सियों के साथ प्रदान की जा रही ।

12.13.1 यात्रियों के लाभ के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की योजनाएं

वर्ष के दौरान लोगों की सुविधा के लिए निम्नलिखित योजनाएं संचालित हैं:

i. **ग्रीन कार्ड योजनाः** ग्रीन कार्ड धारकों को किराये में 50 कि.मी. की दूरी तक 25 प्रतिशत तक छूट प्रदान की गई है। इस कार्ड की वैधता दो वर्ष तक है तथा कार्ड की कीमत ₹50 है।

ii. **स्मार्ट कार्ड योजनाः** निगम द्वारा स्मार्ट कार्ड योजना आरम्भ की गई है। इस कार्ड की कीमत ₹50 है व वैधता दो वर्ष है। इस कार्ड पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। यह कार्ड निगम की साधारण, सुपरफास्ट, सेमी डीलक्स व डीलक्स बसों में मान्य है और 1 अक्तूबर से 31 मार्च तक बॉल्वो ओर ऐसी बसों में भी छूट प्रदान की जाती है।

iii. **वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान कार्ड योजनाः** निगम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है के लिए सम्मान कार्ड की सुविधा आरम्भ की गई है इस योजना के अधीन साधारण बसों में किराये में 30 प्रतिशत की छूट दी गई है।

iv. **महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधाः** महिलाओं को “रक्षा बन्धन” तथा “भैया दूज” और मुस्लिम महिलाओं को ईद तथा बकरीद के अवसर पर निगम की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही हैं।

v. **महिलाओं को किराये में छूटः** निगम द्वारा साधारण बसों में राज्य के भीतर यात्रा करने पर महिलाओं को किराये में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

vi. **सरकारी स्कूलों के छात्रों को निःशुल्क यात्रा सुविधाः** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले +2 कक्षा तक के छात्रों को हिमाचल परिवहन निगम की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जाती है।

vii. **गम्भीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क यात्रा सुविधाः** निगम द्वारा कैंसर, रीड की हड्डी व किडनी डायलिसिस ग्रस्त मरीजों को एक अनुचर सहित निगम की साधारण बसों में इलाज के लिए चिकित्सक द्वारा जारी की गई पर्ची के आधार पर राज्य व राज्य के बाहर निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जाती है।

viii. **दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधाः** निगम द्वारा 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को एक अनुचर सहित निगम की साधारण बसों में प्रदेश के भीतर निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है।

ix. **वीरता पुरस्कार विजेताओं को निःशुल्क यात्रा सुविधाः** वीरता पुरस्कार विजेताओं को हिमाचल प्रदेश राज्य के भीतर निगम की साधारण बसों के अतिरिक्त डीलक्स बसों में भी निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है।

x. **लग्जरी बसें**: निगम द्वारा अपनी 56 तथा 32 बसें वेटलिजिंग आधार पर सुपर लग्जरी बसें (वोल्बो/सकेनियां) और 8 लग्जरी वातानुकुलित बसें अन्तर्राज्यीय मार्गों पर यात्रियों की सुविधा हेतु चलाई जा रही है तथा 8 टैम्पों ट्रेवलरों की सुविधा अन्तर्राज्यीय मांगों पर जनता को दी जा रही है।

xi. **24X7 हैल्पलाईनः** निगम व निजी बसों के यात्रियों की शिकायतों व समस्याओं के सामाधान के लिए 24X7 हेल्पलाईन सेवा 94180—00529 व 0177—2657326 शुरू की।

xii. **प्रतिबन्धित मार्गो पर टैक्सियांः** शिमला शहर में लोगों की सुविधा हेतु टैक्सियां शहर के प्रतिबन्धित मार्गों पर निगम द्वारा चलाई जा रही है।

xiii. **युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को बसों में मुफ्त यात्रा सुविधाः** निगम उन सैनिकों तथा पैरा मिलिट्री सैनिकों को जो युद्ध के दौरान शहीद होते हैं कि विधवाओं, माता पिता व 18 वर्ष के बच्चों को निगम की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान कर रहा है।

xiv. **पर्यटक स्थलों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवाएंः** निगम द्वारा प्रदेश के पर्यटक स्थलों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवाएं आरम्भ की गई है।

xv. **महिलाओं की सुविधा हेतु सेनेटरी पैड वैंडिग मशीनें** : 38 बस अड्डों पर महिलाओं की सुविधा हेतु सेनेटरी पैड वैंडिग मशीनों को स्थापित किया गया है।

xvi. **दिव्यागों की सुविधा हेतु बस अड्डों पर व्हील चेयर उपलब्ध करवानाः** दिव्यागों की सुविधा हेतु 42 बस अड्डों पर व्हील चेयर उपलब्ध करवाई जा रही है।

xvii. निगम ने सार्वजनिक और दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए पांच सुपर लग्जरी एसी वॉल्बो बसें और पांच टैंपों ट्रैवलर खरीदे है।

xviii. जनता की मांग पर निगम द्वारा शिमला से चण्डीगढ़ अंराष्ट्रीय हवाई अड्डे और शिमला से कटरा, जम्मू के लिए वॉल्बो बसें शुरू की हैं।

सामाजिक क्षेत्र

13
अध्याय

13.1 शिक्षा

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू रहा है। शिक्षा आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है, मानव संसाधनों का निर्माण करती है, गरीबी को कम करती है और आय में वृद्धि करती है। संयुक्त राष्ट्र सतत लक्ष्य–I के संदर्भ में संख्या 1 में शिक्षा सम्बन्धी लक्ष्य (संख्या 4) समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना और सभी के लिए जीवन भर सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना और ''एजूकेशन 2030 फ्रेमवर्क फॉर एक्शन'' की दिशा में भी लक्ष्य प्रदान करना है जिसका अनुपालन करते हुए सदस्य देश 2030 तक सार्वभौमिक शिक्षा प्रदान करने की ओर बढ़ेंगे। एक कुशल और जानकार कार्यबल प्रदान करने में शिक्षा का अर्थव्यवस्था के हर दूसरे क्षेत्र पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ता है जो बदले में उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाता है। हिमाचल प्रदेश के शैक्षिक मापदंड अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहे हैं। जब से प्रदेश का गठन हुआ है, पिछले कुछ दशकों में शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। अपनी कठोर जलवायु परिस्थितियों और उबड़–खाबड़ इलाकों के बावजूद, राज्य ने अपने शैक्षणिक बुनियादी ढांचे मे एक प्रभावशाली प्रगति की और इसके परिणामस्वरूप छात्र नामांकन और सारक्षरता दर में वृद्धि हुई।

2011 की जनगणना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में साक्षरता दर 82.80 प्रतिशत थी जो राष्ट्रीय औसत 74.0 प्रतिशत से 8.8 प्रतिशत अंक से अधिक है। यह दर राज्य में पुरूषों के लिए 89.53 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 75.93 प्रतिशत थी। जनगणना 2001 की साक्षरता दर पुरूषों के लिए 85.35 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 67.42 प्रतिशत और समग्र रूप से 76.48 प्रतिशत थी। वर्ष 2001 की तुलना में 2011 की साक्षरता दर में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। लैंगिक अंतर 2001 में 17.93 प्रतिशत अंक से घटकर 2011 में 13.6 प्रतिशत अंक हो गया। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) द्वारा ''घरेलू सामाजिक उपभोगः शिक्षा'' पर किए गए सर्वेक्षण में हाल ही में आंकड़े, उपलब्ध करवाए जो कि इसके 75वें दौर के सर्वेक्षण के दौरान वर्ष 2017–18 में एकत्रित किए गए थे। रिपोर्ट के अनुमान के अनुसार राज्य की समग्र साक्षरता दर 2017 में बढ़कर 86.6 प्रतिशत हुई है। इसी तरह पुरूष साक्षरता दर बढ़कर 92.9 प्रतिशत और महिला दर 80.5 प्रतिशत हो गई है तथा लिंग अंतर 12.4 प्रतिशत अंकों का रह गया है।

13.1.1 आयु वर्ग 6 से 14 वर्ष में सरकारी स्कूल में नामांकित बच्चों का प्रतिशत

चित्र 13.1 दर्शाता है कि सरकारी स्कूलों में नामांकित 6–14 आयु वर्ग के बच्चों का प्रतिशत 2018 में 58.6 प्रतिशत से बढ़कर 2021 में 60.9 प्रतिशत हो गया है। 2020 से 2021 तक सरकारी स्कूलों में नामांकन में 6.8 प्रतिशत अंकों से अधिक की वृद्धि हुई है। 2020 से

2021 तक लड़कियों के नामांकन में 7.1 प्रतिशत अंकों की वृद्धि देखी गई है, जबकि समान आयु वर्ग के लड़कों के नामांकन में 6.2 प्रतिशत अंकों की वृद्धि देखी गई है।

चित्र 13.1 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में सरकारी स्कूल में नामांकित बच्चों का प्रतिशत



स्रोतः शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति (ए.एस.ई.आर), 2021

13.1.2 हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट फोन तक पहुंच वाले बच्चों का प्रतिशत

2018 से 2021 तक बच्चों के घरों में स्मार्ट फोन की उपलब्धता लगभग दोगुनी हो गई है। उदाहरण के लिए 2018 में सरकारी स्कूलों में 58 प्रतिशत बच्चों के पास घर पर कम से कम एक स्मार्ट फोन था। वर्ष 2020 में बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया तथा 2021 में और बढ़कर 95.6 प्रतिशत हो गया। (चित्र–13.2)।

चित्रः 13.2 नामांकित बच्चे जिनके पास घर पर स्मार्ट फोन उपलब्ध है का प्रतिशत



स्रोतः शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति (ए.एस.ई.आर), 2021

13.1.3 स्कूल के प्रकार अनुसार नामांकित बच्चे जिन्हें घर पर पढ़ाई में परिवार के सदस्यों द्वारा सहायता मिलती है का प्रतिशत

हम 'लर्निंग स्पोर्ट एट होम' शब्द का इस्तेमाल उन प्रयासों के लिए करते हैं जो परिवार बच्चों को घर पर पढ़ाई के दौरान सीखने की गतिविधियों में मदद करते हैं। हिमाचल प्रदेश में, निजी स्कूलों में नामांकित 90.4 प्रतिशत बच्चों को उनके परिवार के सदस्यों से मदद मिली, जबकि सरकारी स्कूलों के केवल 81.8 प्रतिशत बच्चों को उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मदद की जाती है और अगर हम दोनों संस्थानों को एक साथ देखें, तो यह संख्या 84.8 प्रतिशत है (चित्र–13.3)।

चित्रः 13.3 स्कूल के प्रकार अनुसार नामांकित बच्चे जिन्हें घर पर पढ़ाई में परिवार के सदस्यों द्वारा सहायता मिलती है का प्रतिशत



स्रोतः शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति (ए.एस.ई.आर), 2021

13.1.4 नामांकित बच्चों का उनके माता पिता के शैक्षणिक स्तर के अनुसार वर्गीकरण

हिमाचल प्रदेश राज्य में बच्चों के वर्ष 2021 के आंकलन तक के अनुसार 65.6 प्रतिशत माता पिता उच्च स्तर में, 30.4 प्रतिशत मध्यम स्तर तथा 4 प्रतिशत निम्न शिक्षा स्तर पर आते हैं। निम्न शिक्षा स्तर में वो माता पिता है जिन्होंने पांचवी या इससे कम स्तर तक की (इसमें बिना स्कूली शिक्षा वाले माता पिता भी सम्मिलित हैं) पढ़ाई की है। उच्च शिक्षा स्तर में वो परिवार आते हैं जिनमें माता पिता दोनों ने कम से कम 9वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। बाकी सभी माता पिता मध्यम वर्ग के शिक्षा स्तर में सम्मिलित हैं जहां पर की कई प्रकार के सम्भावित संयोजन हो सकते हैं (चित्र–13.4)।

चित्रः 13.4 नामांकित बच्चों का उनके माता पिता के शैक्षणिक स्तर के अनुसार वर्गीकरण



स्रोतः शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति (ए.एस.ई.आर), 2021

13.1.5 नामांकित बच्चों का प्रतिशत जिनके अपने वर्तमान स्तर के लिए पाठय पुस्तकें हैं

लगभग सभी नामांकित बच्चों के पास वर्तमान स्तर (97.3 प्रतिशत) के लिए पाठय पुस्तकें हैं। वर्ष 2021 के अनुसार सभी छात्रों में से अपने वर्तमान स्तर के निजी स्कूलों में नामांकित 96.9 प्रतिशत बच्चों की तुलना में सरकारी स्कूलों में नामांकित 97.5 प्रतिशत छात्रों के पास पाठय पुस्तकें हैं जबकि वर्ष 2020 में यह प्रतिशत क्रमशः 96.2 व 96.4 था। यह राज्य सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त पाठय पुस्तकों के कारण ही संभव हो पाया है तथा हिमाचल प्रदेश की स्थिति पड़ोसी राज्यों की तुलना में कहीं बेहतर है (चित्र–13.5)।

चित्र 13.5 वर्ष 2021 के लिए स्कूल के प्रकार द्वारा अपने वर्तमान स्तर के लिए पाठय पुस्तक रखने वाले नामांकित बच्चों का प्रतिशत



स्रोतः शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति (ए.एस.ई.आर), 2021

13.1.6 प्राथमिक शिक्षा

सरकारी क्षेत्र में 31.12.2021 तक 10,734 प्राथमिक पाठशालाएं तथा 2,022 माध्यमिक पाठशालाएं हैं । प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा प्रयत्न किये जा रहे हैं तथा जरूरत वाले स्कूलों में नई नियुक्तियां की जा रही हैं। सरकार दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सम्बन्धित जरूरतों को पूरा करने के लिए भी प्रयासरत है। प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धित सरकार की नीतियों का क्रियान्वयन निम्नलिखित उद्देश्य के साथ किया जा रहा है:–

- प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना।
- गुणवत्तापूर्ण प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करना।
- राज्य में शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाना।

13.1.7 राज्य प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं

वर्ष 2021–22 में विभिन्न प्रकार के निम्नलिखित प्रोत्साहन दिए गए हैं:–

सारिणी –13.1: प्राथमिक शिक्षा के लिए राज्य प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं

क. सं.	राज्य प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं	योजनाओं का विवरण	लाभान्वित विद्यार्थी
1	मेधावी छात्रवृति योजना	5 वीं कक्षा के छात्र जिन्होंने कम से कम ग्रेड बी हासिल किया है, वे छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर 2 लड़कों और 2 लड़कियों को ₹800 प्रतिवर्ष देने के लिए सुनिश्चित किया जाता है, जो सबसे अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में आतें हैं। उसे 7वीं और 8वीं कक्षाओं के लिए नवीनीकृत किया जाता है।	1,628
2	आई.आर.डी.पी./ बी.पी.एल परिवार से संबंधित बच्चों को छात्रवृति	पहली से 5 वीं कक्षा के छात्रों को प्रति वर्ष ₹150 दिए जाते हैं और छठीं से 8वीं कक्षा के छात्रों को ₹250 प्रति छात्र प्रतिवर्ष और ₹500 प्रति छात्रा प्रति वर्ष दिए जाते हैं ।	75,353
3	छात्रा उपस्थिति	पहली से पांचवीं कक्षा की उन छात्राओं की, जिनकी उपस्थिति कम से कम 90 प्रतिशत है, प्रतिवर्ष ₹20 दिए जाते हैं।	25,275
4	निर्धनता छात्रवृत्ति	पहली से पांचवीं कक्षा के उन छात्रों को जिनके माता–पिता की आय ₹11,000 प्रतिवर्ष से अधिक नहीं है, उन्हें प्रति छात्र प्रति वर्ष ₹40 दिए जाते हैं।	2,542
5	सशस्त्र बलों में काम करने वाले सैनिकों के बच्चों के लिए	पहली से पांचवीं कक्षा के उन छात्रों को जिनके माता–पिता युद्ध के दौरान शहीद हुए या उन्हें 50 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्राप्त हुई, उन्हें प्रतिवर्ष ₹150 दिए जाते हैं।	3

6	निःशुल्क पाठय पुस्तकें	पहली से आठवीं कक्षा के सभी श्रेणियों के छात्रों के लिए निःशुल्क पुस्तकें हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाती हैं।	सभी विद्यार्थी
7.	**अटल स्कूल वर्दी योजना**		
	(i) नि:शुल्क स्कूल की वर्दी	पहली से 12वीं कक्षा के लिए वर्दी के दो सेट प्रदान किए जा रहे हैं।	8,05,556
	(ii) स्कूल का बस्ता	पहली, तीसरी, छठी और 9वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूल के बस्ते प्रदान किए गए हैं।	2,49,769
8	प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय का निर्माण और मुरम्मत	बुनियादी सुविधाओं का विकास करना।	
9	अटल आदर्श विद्यालय योजना	2 और नए अटल आदर्श विद्यालय अधिसूचित किए गए और अब कुल 27 अटल आदर्श विद्यालय (ए.ए.वी.) अधिसूचित हो चुके हैं।	
10	मध्याहन भोजन योजना	i. यह योजना 2004 में प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए लागू की गई थी और 2008 में इस योजना को राज्य में 8वीं कक्षा तक बढ़ाया गया था। ii. इस योजना के अंतर्गत कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षणिक संस्थान/स्कूल बंद रहे तथा पका हुआ खाना बच्चों को नहीं दिया गया इसके बदले में खाद्यान राशन की निर्धारित मात्रा अनुसार तथा खाना पकाने की लागत को पात्र विद्यार्थियों के माता पिता/अभिभावकों को इस अवधि के दौरान तथा ग्रीष्म कालीन समय के लिए प्रदान किया गया।	5,19,489
11	स्वर्ण जयंती ज्ञानोदय क्लस्टर श्रेष्ठ विद्यालय योजना	100 चिन्हित कलस्टर स्कूलों में यह योजना कार्यान्वित की जा रही है।	
12	पढ़ना लिखना अभियान	6 जिले क्रमशः चम्बा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल–स्पिति, मण्डी और सिरमौर चयनित किए गए हैं, जिन्हें ₹2.51 करोड़ की वित्तीय सहायता दी गई है।	96,228
13	स्वर्ण जयन्ती मिडल मैरिट छात्रवृति योजना	यह योजना छठी, सातवीं व आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले मेधावी बच्चों के लिए है, इसके लिए मेधावी बच्चों का चयन राज्य स्तरीय परीक्षा द्वारा किया जाता है, जिसे एस.सी.ई.आर.टी. सोलन द्वारा आयोजित किया जाता है, इसमें चयनित बच्चों को छठी कक्षा में ₹4,000, सातवीं कक्षा में ₹5,000 तथा आठवीं कक्षा में ₹6,000 पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।	

13.1.8 हर घर पाठशाला

कार्यक्रम को शिक्षा के एक ऑनलाइन मोड द्वारा हर घर पाठशाला के रुप में शुरु किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोविड–19 का शिक्षा पर प्रभाव को कम करना भी रहा, यह एक बहुत ही सफल अध्ययन कार्यक्रम रहा, जिसका लाभ लगभग 8 लाख सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने उठाया। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 1 से 12 कक्षाओं के लिए दैनिक आधार पर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जोड़ने के लिए घर पर, शिक्षकों की सुविधा तथा स्वयं शिक्षा कार्यक्रम हेतु निम्न शिक्षण गतिविधियां शुरु की गई हैं:–

- इस महामारी में स्कूलों को बन्द करने के कारण पढने वाले छात्रों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा न पहुंचे।
- व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से वीडियो और वर्कशीट के रूप में सामग्री का दैनिक प्रसार।
- व्हाट्सएप चैटबॉट पर साप्ताहिक क्विज का आयोजन।
- शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ लाइव कक्षाओं का संचालन।

हर घर की पाठशाला के चरण–1 में राज्य में अनुमानित 6.4 लाख (80% छात्रों) तक पहुंचने में सक्षम हुआ और लगभग 4 लाख (50%) छात्र पिछले 18 महीनों में हर हफ्ते कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के लिए जुड़ाव के प्रमुख बिन्दू इस प्रकार हैं:–

- हर घर पाठशाला वैबसाइट पर प्रतिदिन औसतन 2.5 लाख छात्र सामग्री प्राप्त करते हैं।
- औसतन 4 लाख छात्रों ने साप्ताहिक व्हाट्सएप क्विज में भाग लिया।
- औसतन 25,000 शिक्षकों ने प्रतिदिन लाइव कक्षाएं संचालित की।

13.1.9 ई–पी.टी.एम.

ई–पी.टी.एम. में 94 प्रतिशत छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया तथा यह पाया कि हर घर पाठशाला एक बहुत ही उपयोगी कार्यक्रम है।

13.1.10 वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है प्रदेश में दिसम्बर, 2021 तक 930 उच्च पाठशालाएं, 1,882 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं तथा 139 सरकारी महाविद्यालय जिसमें 7 संस्कृत महाविद्यालय, 1 राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, 1 बी.एड. महाविद्यालय और 1 ललित कला महाविद्यालय शामिल हैं।

13.1.11 छात्रवृति योजनाएं

प्रदेश में समाज के वंचित वर्ग की शिक्षा सुधार के लिए राज्य में शिक्षा ग्रहण कर रहे विभिन्न वर्ग के छात्रों को अनेक छात्रवृतियां प्रदान की जा रही है। छात्रवृति योजनाए निम्न प्रकार से हैं:

सारणी 13.2: उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए राज्य/केन्द्रीय प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं 2020–21

क. सं.	योजनाएं	छात्रवृत्ति और बुनियादी ढाँचा	लाभान्वित विद्यार्थी
राज्य प्रायोजित छात्रवृति योजनाएं			
1	डा0 अम्बेदकर मेधावी छात्रवृति योजना	हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धित स्कूलों के परिणाम के आधार पर 10वीं कक्षा की परीक्षा के शीर्ष 1,250 अनुसूचित जाति और 1,000 अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को क्रमशः ₹12,000 और ₹10,000 प्रतिवर्ष दिए जाते हैं ।	1,430 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 1,657 अनुसूचित जाति के छात्रों को लाभ हुआ है ।
2	स्वामी विवेकानन्द छात्रवृति योजना	10वीं कक्षा की परीक्षा के लिए सामान्य श्रेणी के शीर्ष 2,000 मेधावी छात्रों को ₹10,000 (हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) दिए जाते हैं।	कुल 3,171 छात्र लाभान्वित हुए हैं ।
3	ठाकुर सेन नेगी उत्कृष्ट छात्रवृति योजना	हिमाचल प्रदेश की अनुसूचित जनजाति से संबंधित रखने वाले शीर्ष 100 लड़कियां और 100 लड़कों को दसवीं कक्षा के आधार पर (हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) ₹11,000 प्रतिवर्ष दिए जाते हैं।	कुल 231 छात्र लाभान्वित हुए हैं ।
4	महर्षि बाल्मीकि छात्रवृति योजना	बाल्मीकि परिवारों से संबंधित हिमाचली लड़कियों को ₹9,000 मिलते हैं।	1 छात्र लाभान्वित हुआ।
5	इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना	12वीं की मेरिट सूची (हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) के शीर्ष 10 छात्रों को 12वीं के बाद के पाठ्यक्रमों के लिए प्रति वर्ष ₹10,000 दिए जाते हैं।	37 छात्र लाभान्वित हुए।
6	सैनिक स्कूल छात्रवृति	यह छात्रवृति केवल सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा (हमीरपुर) में अध्ययनरत हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी विद्यार्थियों को देय है। यह छात्रवृति छठी कक्षा से जमा दो कक्षा तक प्रदान की जाती है।	148 छात्र लाभान्वित हुए।
7	एन.डी.ए. छात्रवृति योजना	यह छात्रवृति नेशनल अकादमी खडकवासला, पूना मे ट्रेनिंग ले रहे हिमाचल प्रदेश के छात्रों को विभिन्न दरों से प्रदान की जा रही है ।	–
8	कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना	प्रति वर्ष 10+2 की 2,000 छात्राओं को योग्यता के आधार पर ग्रुप वाईज सांईस, कला और वाणिज्य संकाय के आधार पर उतीर्ण अनुपात के अनुसार हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई मैरिट सूची के आधार पर 12वीं के बाद पाठक्रमों के लिए ₹15,000 की राशि प्रदान की जाती है।	1,954 छात्र लाभान्वित हुए हैं ।

9	मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना	किसी भी भारतीय तकनीकी संस्थान और अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान में डिग्री कोर्स, भारतीय प्रबंधन अनुसन्धान, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स धनबाद, झारखंड में और भारतीय विज्ञान अनुसंधान बैंगलोर के स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्राप्त होने पर एकमुश्त ₹75,000 का पुरस्कार दिया जाता है।	85 छात्र लाभान्वित हुए हैं।
10	राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज छात्रवृत्ति	हिमाचल प्रदेश के छात्र जो यहाँ के मूल निवासी हैं और राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में 8वीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं, 20,000 प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति दी जाती है।	8 छात्र लाभान्वित हुए हैं।
11	आई.आर.डी.पी. छात्रवृत्ति योजना	वे छात्र जो आई.आर.डी.पी. परिवारों से संबंधित हैं और सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में पढ़ रहे हैं, 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए ₹300, 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए ₹800, कॉलेज के अनावासी छात्रों के लिए ₹1,200 और आवासीय छात्रों के लिए ₹2,400 प्रति माह दिया जा रहा है।	4,076 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।
12	विभिन्न युद्वों के दौरान मारे गए/दिव्यांग हुए सशस्त्र सेनाओं के बच्चों के लिए छात्रवृति	विभिन्न संक्रियाओं/युद्वो के दौरान मारे गए/दिव्यांग हुऐ सशस्त्र सेनाओं के बच्चे इस छात्रवृति के पात्र हैं। इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्र को ₹300, प्रतिवर्ष, छात्रा को ₹600, प्रतिवर्ष, +1 एवं +2 कक्षा के छात्र एवं छात्रा को ₹800, प्रतिवर्ष, महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय के स्तर पर छात्र एवं छात्रा को ₹1,200, प्रतिवर्ष एवं आवासीय छात्र एवं छात्रा को ₹2,400, प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं।	2020–21 के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हुआ
13	मुख्यमंत्री ज्ञान दीप योजना	विद्यार्थियों को 'मुख्यमन्त्री ज्ञानदीप योजना' के अन्तर्गत भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु ₹10 लाख तक का शिक्षा ऋण पर चार प्रतिशत की सीमा तक ब्याज सब्सिडी दी जा रही है।	2020–21 के लिए 1,115 विद्यार्थी लाभान्वित हुए है।
केन्द्र प्रायोजित योजनाएं			
1	एस.सी./एस.टी./ओ. बी.सी. के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति	अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र जिनके माता–पिता की वार्षिक आय ₹2,50,000 तक है और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र जिनके माता–पिता की आय ₹1,50,000 तक है जो सरकारी / सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं, वे सभी पाठ्यक्रमों के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति (अर्थात अनुरक्षण भत्ता + पूर्ण शुल्क) के पात्र हैं।	छात्रवृति आबंटन की प्रक्रिया अभी जारी है।

2	अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए प्री–मैट्रिक 9वीं व 10वीं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति	पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना अनुसूचित जाति के 9वीं व 10वीं कक्षा में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्राओं को देय है, जिनके माता–पिता/संरक्षक की वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक न हो। इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति, आवासीय छात्रों को ₹6,250 प्रतिवर्ष, और ₹3,000 अनावासीय छात्रों को प्रतिवर्ष दी जाती है। अनुसूचित जन–जाति वर्ग के लिये पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना 9वीं एवं 10वीं के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय है, जिनके माता–पिता/संरक्षक की वार्षिक आय ₹2.00 लाख से अधिक न हो। इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति, आवासीय छात्रों को ₹2,250 और अनावासीय छात्रों को ₹4,500 प्रतिवर्ष दी जाती है। यह छात्रवृति योजना पहली से 10वीं कक्षा तक अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र/ छात्राओं को देय है, जिनके माता–पिता/ संरक्षक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹2,50,000 से अधिक न हो। यह छात्रवृति पहली से 10वीं कक्षा तक ₹100 प्रतिमाह की दर से, जोकि अनावासीय छात्र हो तथा तीसरी से 10वीं कक्षा तक ₹500 प्रतिमाह की दर से, जो कि आवासीय हो तथा इसके अतिरिक्त एक शैक्षणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति के साथ प्रतिवर्ष ₹500 की तदर्थ राशि भी देय होगी।	प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 9,077 विद्यार्थी लाभान्वित हुए है। पूर्व अनुसूचित जाति, जन–जाति छात्रवृति आबंटन की प्रक्रिया अभी जारी है।
3	अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित छात्रों के लिए मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना	यह छात्रवृत्ति मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाती है। पात्रता के लिए छात्रों के 50 प्रतिशत से कम अंक नहीं होने चाहिए और उनके माता–पिता की आय ₹2.50 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	30 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति का आबंटन केन्द्र स्तर पर किया जाता है।
4	अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना	यह छात्रवृत्ति 11वीं से पीएचडी तक के अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाती है, जिनकी पिछली अंतिम परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक नहीं हैं और जिनके माता–पिता की वार्षिक आय ₹2.00 लाख तक है ।	556 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति का आबंटन केन्द्र स्तर पर किया जाता है।
5	शारीरिक रुप से अक्षम (दिव्यांग) छात्र/छात्राओं के	यह छात्रवृत्ति योजना हिमाचल प्रदेश के उन स्थाई दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए देय है जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो,	इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति का आबंटन केन्द्र स्तर पर

	लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना	जिसे राज्य सरकार के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो तथा जिनके माता पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹2,50,000 से कम हो।	किया जाता है। 84 छात्र/ छात्राएं लाभान्वित हुए हैं।
6	आर्थिक रुप से कमजोर छात्र/छात्राओं के लिए मैट्रिकोत्तर डा0 अम्बेडकर छात्रवृति योजना (ई.बी.सी.)	यह योजना उन सभी विद्यार्थियों के लिए है जो सामान्य श्रेणी से सम्बन्ध रखते हैं (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ी जाति को छोड़कर) तथा अध्ययनरत छात्र यदि रोजगार में है उसकी आय सभी स्त्रोतों से तथा बेरोजगार है तो उसके माता पिता/अभिभावक की आय पूर्ण छात्रवृति प्राप्त करने के लिए ₹1,00,000 से अधिक नहीं होने चाहिए।	छात्रवृति आबंटन की प्रक्रिया अभी जारी है।

13.1.12 संस्कृत शिक्षा का प्रचार

संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु प्रदेश सरकार के साथ–साथ केन्द्र सरकार द्वारा भी निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

- उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में संस्कृत पढ़ रहे विद्यार्थियों को संस्कृत छात्रवृति प्रदान करना ।
- सकैण्डरी पाठशालाओं में संस्कृत पढ़ाने हेतु संस्कृत प्रवक्ताओं के लिए वेतन अनुदान प्रदान करना।
- संस्कृत पाठशालाओं का आधुनिकीकरण करना।
- प्रदेश सरकार को संस्कृत के उत्थान तथा शोध/शोध परियोजनाओं हेतु केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करना।

13.1.13 अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2021–22 के दौरान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, सोलन और शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, धर्मशाला ने ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सरकारी विद्यालयों के 156 शिक्षकों और 99 मुख्याध्यापकों व महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया है।

13.1.14 निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें

राज्य सरकार द्वारा नवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें मुफ्त दी जा रही हैं। वर्ष 2021–22 में इस योजना के अंतर्गत 1,34,626 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

13.1.15 दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षा

40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले छात्रों को जमा दो स्तर तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा शिक्षा शुल्क और फण्ड भी नहीं लिया जा रहा है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विश्वविद्यालय स्तर तक शिक्षा शुल्क मे भी छूट प्रदान की गई है।

13.1.16 छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा

प्रदेश में विश्वविद्यालय स्तर तक छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा बिना किसी शिक्षा शुल्क के प्रदान की जा रही है।

13.1.17 सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा

प्रदेश के सभी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में स्वयं आर्थिक प्रबन्धन आधार पर विद्यार्थियों द्वारा वैकल्पिक विषय को चयनित कर सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान की जा रही है। आई.टी. शिक्षा के लिए विभाग द्वारा ₹110 प्रतिमाह प्रति विद्यार्थी फीस ली जा रही है। अनुसूचित जाति (बी.पी.एल.) परिवारों के छात्रों को 50 प्रतिशत शुल्क की छूट दी जाती है। वर्ष 2021–22 में कुल 90,034 विद्यार्थी आई.टी. शिक्षा के लिए नामांकित हुए जिसमें 4,826 अनुसूचित जाति (बी.पी.एल.) के विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

13.1.18 समग्र शिक्षा

निम्नलिखित योजनाएं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत चल रही हैं:

i. **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA):**
विभाग ने राष्ट्रीय माध्यमिक अभियान (RMSA) हिमाचल प्रदेश की देख रेख मे केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की 90:10 की सहभागिता में कार्यरत है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत् विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं इसमें प्रदेश की वर्तमान माध्यमिक पाठशालाओं को वार्षिक अनुदान द्वारा आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाना, सेवारत अध्यापकों का प्रशिक्षण, आत्म रक्षण प्रशिक्षण, कला उत्सव शामिल हैं।

ii. **सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) परियोजना**
स्मार्ट कक्षा कक्ष और मल्टीमीडिया शिक्षण साधन का प्रयोग करके पठन–पाठन की गतिविधियों को बेहतर व सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा सफलतापूर्वक सूचना, संचार एवं प्रौद्योगिकी परियोजना को 2,555 राजकीय उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में वर्ष 2021–22 में लागू कर दिया गया है तथा इस वित्त वर्ष के दौरान 117 अतिरिक्त पाठशालाओं को शामिल किया जाएगा।

iii. **व्यावसायिक शिक्षा**

नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फेमवर्क योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 1,003 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है तथा दिनांक 31.03.2022 तक 97 अतिरिक्त विद्यालयों में भी ये व्यावसायिक शिक्षा शुरू कर दी जाएगी । इस योजना के अन्तर्गत ऑटोमोबाइल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आई.टी.)/सूचना एवं प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं. (आई.टी.ई.एस.), पर्यटन और आतिथ्य, दूरसंचार, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा, खुदरा, कृषि, मीडिया और मनोरंजन,बैंकिंग वित्तीय एवं बीमा सेवाएं (बी.एस.एफ.आई.), शारीरिक शिक्षा, परिधान मेकअप व घरेलू सजावट, सौंदर्य और कल्याण, इलेक्ट्रोनिक, हार्डवेयर और पलंबर जैसे व्यावसायिक विषयों में शिक्षा प्रदान की जा रही है।

iv. **माध्यमिक स्तर पर दिव्यांग बच्चों को समेकित शिक्षा**

इसके अन्तर्गत विशेष जरूरतमन्द बच्चों के लिए 12 आदर्श विद्यालय पहले ही खोले जा चुके हैं जिनमे से 4 विद्यालय आवासीय सुविधायुक्त हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान 7,498 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सरकारी विद्यालयों मे भर्ती किया गया व 28 चिकित्सा मुल्यांकन शिविर भी आयोजित किये गये।

13.1.19 राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)

उच्चतर शिक्षा प्रणाली के सुधार हेतू राज्य में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान लागू किया है। रुसा अनूदान 70 महाविद्यालयों व हि0प्र0 विश्वविद्यालय को प्रदान की जा रही है।

13.1.20 मुख्यमन्त्री डिजिटल डिवाईस योजना

सीखने की गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमन्त्री डिजिटल डिवाईस योजना के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग, वर्ष 2021–22 के स़त्र के लिए हि0 प्र0 में कक्षा 10वीं व 12वीं (प्रत्येक विद्यार्थी को 4,450) तथा कालेज के अतिंम वर्ष के 900 छात्रों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.काम.–300 प्रत्येक) के मेधावी छात्रों को 10,000 स्मार्ट फोन खरीदने व वितरित करने का प्रस्ताव रखा है इस स़त्र की परीक्षा मार्च, 2022 में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में कालेज के छात्रों के लिये आयोजित की जाएगी ।

13.1.21 मेधा प्रोत्साहन योजना

हिमाचल प्रदेश के मेधावी छात्रों को संयुक्त कानून प्रवेश परीक्षा (सी.एल.ए.टी.)/ राष्ट्रीय योग्यता एवं प्रवेश परीक्षा (एन.ई.ई.टी)/ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आई.आई.टी.)/(जे.ई.ई) अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान(ए.आई.आई.एम.एस.).

/सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय (ए.एफ.एम.सी.) राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी (एन.डी.ए.)/संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.)/कर्मचारी चयन आयोग (एस.एस.सी.)/बैंकिंग आदि के लिए कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस योजना के अर्न्तगत 390 छात्र लाभान्वित होंगे।

13.1.22 सी.सी.टी.वी. निगरानी तन्त्र की स्थापना

वर्ष 2021–22 के दौरान, 100 सरकारी विद्यालयों में सी.सी.टी.वी. निगरानी तन्त्र/प्रणाली स्थापित करने हेतु बजट प्रावधान किया जा चुका है ।

13.1.23 स्वर्ण जयन्ती उत्कृष्ट विद्यालय तथा उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना

इस वित्तीय वर्ष के दौरान , उच्च शिक्षा विभाग , हि0प्र0 द्वारा स्र्वण जयन्ती उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अर्न्तगत राज्य में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 68 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रुप मे नामित कर दिया है । विभाग ने प्रत्येक विद्यालयो के विद्यालय परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण, पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं, के लिये ₹44.00 लाख का बजट प्रावधान कर दिया गया है। इसके साथ ही, विभाग ने ₹75.00 लाख का बजट 18 सरकारी महाविद्यालयों को उत्कृष्ट महाविद्यालयों के रुप मे नामित करने के लिये स्वीकृत किया है।

13.1.24 खेल से स्वास्थ्य योजना

खेल से स्वास्थ्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2021–22 के दौरान, विद्यालयों और महाविद्यालयों मे खेलों को बढावा देने के लिए 129 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और 57 राजकीय महाविद्यालयों मे विभिन्न खेलों का सामान जैसे कि कब्बडी खेल के मैटस जूडो मैटस, कुश्ती और भारतोलन व मुक्केबाजी के लिए रींगस प्रदान कियें हैं ।

13.1.25 स्वर्ण जयन्ती सुपर 100 योजना

उच्च शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों मे पढनें वाले दसवीं के शीर्ष 100 मेधावी छात्रों को पेशेवर/तकनीकी पाठयक्रमों मे प्रवेश लेने हेतु कोचिगं के लिए ₹1.00 लाख की वितीय सहायता इस योजना के अर्न्तगत् प्रदान करने के लिये प्रक्रिया शुरु कर दी है। वर्ष 2021–22 के दौरान, सरकार द्वारा ₹1.10 करोड़ के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

13.1.26 सी.वी. रमन वर्चुअल कक्षा–कक्ष विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्थापित करना

सी.वी. रमन वर्चुअल कक्षा–कक्ष योजना के अर्न्तगत वर्ष 2021–22 के दौरान, 30 विद्यालयों, 20 महाविद्यालयों में वर्चुअल क्लास रुम स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

13.1.27 स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना

माननीय राज्यपाल द्वारा दिनांक 05–09–2021 को शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूलों में "स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना" का आरम्भ किया गया है जिसके अन्तर्गत 9वीं से 12वीं कक्षाओं में पढने वाले विद्यार्थियों को जेईई– नीट प्रवेश परिक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। प्रत्येक शनिवार और रविवार को इसके लिए अध्यन सामग्री हर घर पाठशाला पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।

13.1.28 बेचुलर ऑफ वोकेशनल डिग्री कोर्स (B. Voc)

वर्ष 2021–22 में, 6 अतिरिक्त महाविद्यालयों बी–वॉक डीग्री प्रोग्राम के अन्तर्गत 2 व्यवसायिक विषय जैसे खुदरा प्रबधंन और आतिथ्य एवं पर्यटन शुरू किए गए है। जिन महाविद्यालयों में यह डीग्री प्रोग्राम शुरू किए गए है वो राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला, राजकीय डिग्री महाविद्यालय सीमा, जिला शिमला, राजकीय डिग्री महाविद्यालय सरकाघाट, जिला मण्डी, राजकीय डिग्री महाविद्यालय धुमारवीं, जिला बिलासपुर, राजकीय डिग्री महाविद्यालय ढलियारा जिला कागंडा, राजकीय डिग्री महाविद्यालय हरिपुर मनाली, जिला कुल्लू। इसके अलावा वर्ष 2021–22 के दौरान 76 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट भी दी गई है।

13.1.29 अटल स्कूल वर्दी योजना

वर्ष 2021–22 के दौरान उच्चतर शिक्षा विभाग, हि0प्र0 ने अटल स्कूल वर्दी योजना के तहत 11वीं तथा 12वीं कक्षा के 1,72,392 विद्यार्थियों को स्कूल वर्दी के दो सैट वितरित किए है तथा वर्ष 2021–22 में नंवीं व दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले 1,24,412 विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें वितरित की गईं।

13.1.30 कोविड–19 के दौरान की गई पहल

कोविड–19 स्कूल प्रणाली में शैक्षणिक निवेश, स्वयं अध्ययन, आत्म मूल्यांकन और शिक्षा प्रणाली में परीक्षा के क्षेत्र में छात्रों के लिए प्रौद्योगिकी के मार्ग का लाभ उठाने के लिए एक नया अवसर लेकर आया है। छात्रों को कोविड–19 की अवधि के दौरान डिजिटल शिक्षण पहल का पूरा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। छात्रों द्वारा सुरक्षा उपायों को अपनाकर खुद को कोविड–19 वायरस से सुरक्षित रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है।

- कोविड–19 के कारण, पिछले 7 महीनों से स्कूल बन्द थें और विभाग ने सभी कक्षाओं के छात्रों को उनके घर पर ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की गई।
- कोविड महामारी के दौरान, उच्च शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश ने सफलता पूर्वक परीक्षा आयोजित की और चालू वित्त वर्ष 2021–22 में प्रदेश के महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष में पढ रहे छात्रों का परिणाम घोषित किया।
- बच्चों को कोविड–19 बीमारी से बचाने के लिए राज्य के सभी स्कूलों में पढ़ने वाले 15–18 आयु वर्ग के छात्रों का टीकाकरण किया गया।

13.1.31 तकनीकी शिक्षा

तकनीकी विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के इच्छुक प्रत्येक विद्यार्थी प्रदेश में ही तकनीकी शिक्षा तथा फार्मेसी में स्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट कोर्स के लिए निम्नलिखित संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं:–

सारणी 13.3: संस्थानों की संख्या

कमांक	संस्थान का नाम	संस्थानों की संख्या
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मण्डी स्थित कमांद	01
2.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान, हमीरपुर	01
3.	राष्ट्रीय फैशन टैक्नोलोजी संस्थान, कांगड़ा	01
4.	भारतीय प्रबंधन संस्थान, सिरमौर	01
5.	भारतीय सूचना एंव प्रौद्योगिकी संस्थान, ऊना	01
6.	केन्द्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिक संस्थान (सिपेट), बद्दी, तहसील नालागढ़, जिला सोलन	01
7.	क्षेत्रिय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) (आर.वी.टी.आई.), जुण्डला, तहसील शिमला ग्रामीण, जिला शिमला ।	01
8.	राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय।	05
9.	राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय ।	04
10.	बी–फार्मेसी महाविद्यालय (निजी क्षेत्र में)	14
11.	अभियांत्रिकी महाविद्यालय (निजी क्षेत्र में)	12
12.	बहुतकनीकी (सरकारी क्षेत्र में)	15
13.	बहुतकनीकी (निजी क्षेत्र मे)	07
14.	डी0 फार्मेसी कालेज (निजी क्षेत्र में)	11
15.	सैकिण्ड सिफट डिप्लोमा कोर्सिस (निजी क्षेत्र में)	03
16.	सहशिक्षा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सरकारी क्षेत्र में)	115
17.	स्टेट ऑफ आर्टस आई.टी.आई.	11
18.	मॉडल आई.टी.आई. नालागढ़ एवं संसारपूर, कागड़ा (सरकारी क्षेत्र में)	02
19.	महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सरकारी क्षेत्र में)	09
20.	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (दिव्यांगों के लिए) सुन्दरनगर (सरकारी क्षेत्र में)	01
21.	मोटर ड्राईविंग स्कूल, ऊना (सरकारी क्षेत्र में)	01
22.	औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र में)	151
23.	व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र	02
	योग	**370**

सारणी 13.4: शिक्षण संस्थानों की प्रवेश क्षमता

कमांक	संस्थानों	संस्थानों की संख्या
1	डिग्री स्तर	2,128
2	बी फार्मेसी	1,260
3	डिप्लोमा स्तर	5,020
4	सरकारी/निजी आई.टी.आई	47,302
	कुल	**55,710**

तकनीकी गुणवता सुधार कार्यक्रम चरण–III (टी.ई.क्यू.आई.पी.–III) अप्रैल, 2017 से शुरू किया गया था, यह सितम्बर. 2021 में समाप्त हुआ। राज्य के तीन कालेजों जवाहर लाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, राजीव गांधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजिनियरिंग महाविद्यालय तथा हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय को इस परियोजना के अन्तर्गत चुना गया, तीनों चयनित महाविद्यालयों को प्रत्येक को ₹10.00 करोड़ की प्रारम्भिक राशि तथा ₹ 20.00 करोड़ की राशि हि0प्र0 तकनीकी विश्वविद्यालय को स्वीकृत की गई तथा इसी वित्त वर्ष में ₹28.56 करोड़ की राशि तीनों महाविद्यालयों द्वारा तथा ₹10.29 करोड़ की राशि हि0 प्र0 तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा खर्च की गई।

13.1.32 हि.प्र. कौशल विकास परियोजना के अन्तर्गत लघु अवधि प्रशिक्षण

इस कायक्रम के अन्तर्गत् हि.प्र. कौशल विकास निगम द्वारा 61 सरकारी आई.टी.आई. के साथ समझौता किया गया है जिसमें हिमाचली युवाओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता संरचना पर आधारित लघु अवधि कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत् वर्तमान में 58 सरकारी आई.टी.आई. में 8,398 प्रशिक्षणार्थी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के 3 वर्षों में 38,181 प्रशिक्षुयों को 106 व्यावसायिक कार्य क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है।

13.1.33 औद्योगिक मूल्य सम्बर्धन हेतु कौशल में सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना

19 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को केंद्र प्रायोजित योजना स्ट्राइव के तहत चुना गया है, इन संस्थानों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल को बढावा देना ताकि प्रशिक्षुओं को गुणात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके और स्ट्राइव परियोजना के तहत चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को ₹30.71 करोड़ आबंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2020–2021 के लिए भारत सरकार द्वारा ₹12.24 करोड़ स्वीकृत हुए हैं और बजट आबंटन के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को हस्तांतरित किए गए हैं और राज्य निदेशालय के लिए ₹11.80 करोड़ आबंटित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में राज्य को ₹2.83 करोड़ प्राप्त हुए हैं तथा ₹30.00 लाख़ की राशि राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई के अंतर्गत प्राप्त हुई है।

13.1.34 कोविड–19 के दौरान की गई पहल

- राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इत्यादि द्वारा प्राध्यापक विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत् अधिकतर प्राध्यापकों को ऑफलाइन/ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

- वर्ष 2021–22 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद / राज्य सरकार के तय निर्देशों के अनुसार इंजिनियरिंग और फार्मेसी पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में ऑनलाइन / ऑफलाइन प्रवेश / परामर्श प्रक्रिया का संचालन किया गया तथा प्रवेश लिए हुए छात्रों की ऑफलाइन मोड और जहॉ तक आवश्यक हो ऑनलाइन माध्यम से शिक्षण कार्य चल रहा है।

- शिक्षकों एवं छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित उद्योगों / संस्थानों के साथ औद्योगिक एवं शिक्षण सम्बन्धी वार्ता की गई और व्यावहारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

बॉक्सः 13.1 ऐजूकेशन सैटेलाईट खाते, 2017–18 हिमाचल प्रदेश (अक्तूबर, 2021)

"Give a man a fish and he will eat for a day. Teach a man to fish and he will eat for a lifetime." -Lao Tzu

रणनीतिक निवेश नीतियां बनाने में, क्षेत्र का व्यापक ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, डेटा की कमी और अपर्याप्त डेटा संग्रह प्रणाली के कारण समस्या उत्पन्न होती है। केवल बजट विवरणों या शिक्षा सर्वेक्षणों को देखकर क्षेत्र के वित्त पोषण की पूरी तस्वीर संभव नहीं है। शिक्षा के वित्त पोषण के महत्व को समझते हुए, हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य का पहला ऐजूकेशन सैटालाईट खाता तैयार करने का निर्णय लिया।

ऐजूकेशन सैटेलाईट एकांउट एक अकाउंटिंग फ्रेमवर्क है जिसे विभिन्न स्रोतों से संबंधित आंकड़ो को व्यवस्थित करके शिक्षा क्षेत्र में मुद्दों को उजागर करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐजूकेशन सैटेलाईट एकांउट एक अर्थव्यवस्था में शिक्षा वित्तपोषण पर डेटा संकलित करने के लिए एक रुपरेखा प्रदान करता है और शिक्षा में अधिक अंतदृष्टि प्राप्त करने में मदद करता है। ई.एस.ए. का उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों के लिए वित्तीय डेटा प्रदान करना है, एक संरचित पद्धति का उपयोग करके एक व्यवस्थित और समझने योग्य तरीके से शैक्षिक प्रदाताओं के प्रकार के लिए वित्त और आंकड़ो के सभी स्रोतों को सम्मिलित करना है। ऐजूकेशन सैटेलाईट एकांउट दो प्रकार के आर्थिक एजेंटों की भी पहचान करता है जो इस डोमेन में आर्थिक लेनदेन से गुजरते है। ये एजेंट इकाइयां और उत्पादन इकाइयां वित्तपोषण कर रहे हैं। ईएसए वित्तीय इकाइयों से (या बीच) धन के प्रवाह को उत्पादक इकाइयों तक लाता है, जो आगे शिक्षा के विभिन्न स्तरों के माध्यम से उत्पादक इकाइयों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के लिए प्रवाहित होता है।

ऐजूकेशन सैटेलाईट एकांउट आम तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में वित्तीय प्रवाह को प्रस्तुत करता है, और शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर गतिविधियों और उत्पादों के एक समूह में व्यवस्थित किया जाता है। ये वित्तीय प्रवाह दो प्रकार के आर्थिक एजेंटों, अर्थात वित्तपोषण इकाइयों और उत्पादक इकाइयों के लिए प्रस्तुत किए जाते हैं। इसलिए ऐजूकेशन सैटेलाईट खाते शिक्षा क्षेत्र के वित्तीय स्वास्थ्य पर एक रिपोर्ट कार्ड प्रदान करता है और नीति–निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रश्नों के उत्तर प्रदान करता है कि क्या शिक्षा में आवंटित संसाधनों को समान रुप से और प्रभावी ढंग से वितरित किया जा रहा है। यह नीति–निर्माताओं को संसाधनों के वितरण में असमानता होने पर वंचित समूहों को धन आवंटित करने में सक्षम बनाता है।

ऐजूकेशन सैटेलाइट, खाते 2017–18 के मुख्य बिन्दू

सामान्य सरकारी व्यय, परिवारों द्वारा निजी व्यय ओर शिक्षा पर अन्य निजी व्यय का कुल योग अनुमानित रुप से ₹ 12,500 करोड़ है।

शिक्षा पर किया गया कुल व्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 9.03 प्रतिशत है। यह प्रभावशाली है क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार, शिक्षा पर सार्वजनिक क्षेत्र का

खर्च राष्ट्रीय स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 6 प्रतिशत होने का लक्ष्य है। वित्तीय इकाइयों के वितरण से पता चलता है कि अधिकांश, 51.4 प्रतिशत पर, सामान्य सरकारी व्यय के द्वारा है, निजी परिवार 29.8 प्रतिशत योगदान करते हैं, और अन्य निजी संस्थाएं शेष 18.8 प्रतिशत के भागीदार हैं (चित्र 13.6)।

चित्र:13.6 वित्तीय ईकाईयों के अनुसार कुल शिक्षा व्यय
(प्रतिशत वितरण)



उत्पादन इकाइयों के वितरण से पता चलता है कि सभी वित्तीय इकाइयों द्वारा अधिकतम व्यय, सार्वजनिक इकाइयों या सरकार द्वारा संचालित संस्थानों पर किया जाता है। राज्य में शिक्षा पर होने वाले कुल व्यय में से 58.6 प्रतिशत सार्वजनिक उत्पादन इकाइयों को और शेष 41.4 प्रतिशत निजी इकाइयों को आवंटित किया गया था। (चित्र 13.7)

चित्र:13.7 : उत्पादक इकाईयों के अनुसार कुल शिक्षा व्यय
(प्रतिशत वितरण)



शिक्षा के स्तर द्वारा कुल शिक्षा व्यय का वितरण चित्र 13.8 में प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा के स्कूल स्तर को सभी वित्तीय इकाइयों से कुल व्यय का कुल 26.1 प्रतिशत प्राप्त होता है। उच्च शिक्षा, अर्थात तृतीयक वर्ग का, कुल खर्च में 15.1 प्रतिशत हिस्सा है।

चित्र:13.8: शिक्षा के स्तर के अनुसार कुल शिक्षा व्यय (प्रतिशत वितरण)



इसके अलावा, गतिविधियों द्वारा वितरण व्यय दर्शाता है कि कर्मचारियों के पारिश्रमिक (शिक्षण और गैर– शिक्षण दोनों को मिलाकर) कुल शिक्षा व्यय का 51.4 प्रतिशत है। शैक्षणिक संस्थान के बाहर किए गए भुगतान, लेकिन शिक्षा से संबंधित खर्च 10.4 प्रतिशत है। यह खर्च पूरी तरह से उन परिवारों द्वारा किया जाता है जिनके सदस्य किसी शैक्षणिक संस्थान में नामांकित हैं। कुल व्यय का एक उल्लखनीय 26.0 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च किया जाता है, जोकि उपयोगिता सेवाओं, पाठय पुस्तकों शिक्षा सामग्री जोकि संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जाती हैं और अन्य व्यय शामिल हैं। कुल व्यय का 12.2 प्रतिशत शेष भाग पूंजीगत वस्तुएं, सहायक वस्तुएं एवं सेवाएं, सामान्य प्रशासन तथा छात्रवृति पर व्यय किया गया।

13.2 स्वास्थ्य

13.2.1 स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण

राज्य सरकार का दृष्टिकोण राज्य के सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य एवं उनकी देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, संचारित व गैर संचारित रोगों का उन्मूलन तथा इस दशक में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना है। राज्य ने स्वास्थ्य सम्बन्धी मोर्चे पर काफी प्रगति की है तथा स्वास्थ्य संकेतकों में राष्ट्र की तुलना में बेहतर स्थिति में है। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उपचारात्मक, बचाव, प्रोत्साहन एवं पुर्नवास जैसी सेवाएं चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो, के माध्यम से प्रदान कर रहा है, जो सारणी में नीचे दिए गए हैं।

सारणी–13.5: स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या

स्वास्थ्य संस्थान एलोपैथिक संस्थानों की संख्या	2019– 20	2020–21	2021–22 (दिसम्बर,2021 तक)
1. चिकित्सालय	98	99	101
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र	92	91	99
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र	588	574	576
4. कर्मचारी राज्य बीमा (ई.एस.आई.) औषधालय	16	16	16
योग	**794**	**780**	**792**
5. उपलब्ध बिस्तरों की संख्या	14,527	14,553	14,801

वर्ष 2021–22 के दौरान राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है:

सारणी–13.6: टी.बी. को नियंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश में आधारभूत संरचना

क्र.स.	टी.बी. नियंत्रण कार्यकम	संख्या
1	क्षय रोग सेनेटोरियम	1
2	जिला क्षय रोग केंद्र	12
3	ब्लॉक क्षयरोग युनिट	77
4	माईक्रोस्कोपिक केंद्र	218
5	माध्यमिक सन्दर्भ प्रयोगशाला	1
6	राज्य दवा भण्डार	1
7	जिला दवा भण्डार	12
8	राज्य क्षय रोग प्रशिक्षण केन्द्र	1
9	सी.वी. एन.ए.ए.टी.–जांच प्रयोगशालाएं	26

10	कलचर एवं ड्रग टैस्ट प्रयोगशालाए	2
11	नोडल डी.आर. टी.वी. केन्द	4
12	जिला डी.आर. टी. वी. केन्द्र	18
13	ट्रू–एन.ए.ए.टी. साईटस	28
	योग	**401**

सारणी–13.7: राज्य में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रम

क.स.	कार्यक्रम	संक्षिप्त विवरण
1	राष्ट्रीय वैक्टर बोरन रोग नियंत्रण कार्यक्रम	वर्ष 2021–22 के दौरान 1,59,511 स्लाइड्स की जांच की गई, जिनमें से 15 स्लाइड पॉजिटिव पाई गईं। मलेरिया के कारण कोई भी मृत्यु दर्ज नहीं की गई।
2	राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम	वर्ष 1995–96 में प्रचलन दर 5.14 थी, जोकि वर्ष 2021–22 में घटकर 0.18 प्रति दस हजार रह गई है। दिसम्बर,2021 तक कुष्ठ रोग के 93 नए मामलों का पता लगा है।
3	राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मुलन कार्यक्रम (एन.टी.इ.पी.) संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (आर.एन.टी.सी.पी.)	वर्ष, 2021 में, 14,465 टी.बी. मामलों का पता चला, जिसमें कि 1296 रोगी निजि क्षेत्र द्वारा अधिसूचित किए गए थे। एम्पलीफीकेशन टेस्ट (सी.वी. नॉट) की दो मशीनें लगाने के उपरान्त राज्य की दवा की सम्वेदनशीलता परीक्षण के प्रदर्शन की सार्वभौमिक प्रतिशतता 95 रही जो कि भारत में सबसे अधिक है। भारत सरकार के सहयोग से राज्य ने निक्षय पोषण योजना के तहत ₹500 प्रति मरीज पोषण सहायता के हिसाब से पोषण सहायता के रुप में ₹17.65 करोड़ टी.बी. के मरीजो को दिए गए है। वर्ष 2021 में सभी मल्टी ड्रग रैसिस्टेंस (MDR.) मरीजों को इस योजना से ₹6.00 करोड की राशि वितरित की गई।
4	राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम	दिसंबर, 2021 तक, 24,400 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए हैं।
5	राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम	यह राज्य में सामुदायिक आवश्यकताओं के आकलन के आधार पर किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत 1,349 नसबंदी, 1,299 पी. पी. आई.यू. सी.डी., 73 पी.ए. आई.यू. सी.डी., 4,765 आई.यू. सी.डी. सम्मिलित किए गए, 3.948 ए.आई.सी. उपयोगकर्ता को नवम्बर, 2021 तक लाभ मिला।
6	व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम	इसे माताओं, बच्चों और शिशुओं में रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। वैक्सीन निवारक रोगों अर्थात, तपेदिक, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, नियो–नेटल, टेटनस, निमोनिया, पोलियोमाइलाइटिस और खसरा और रूबेला में उल्लेखनीय कमी आई है।
7	हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल योजना (हिमकेयर)	हिमकेयर उन परिवारों के लिए है जो आयुष्मान भारत के अंतर्गत नहीं आते हैं या सरकारी मेडिकल प्रतिपूर्ति का लाभ पाने के हकदार नहीं हैं। कैशलेस उपचार कवरेज प्रति वर्ष ₹5.00 लाख है। अब तक 5.13 लाख परिवार पंजीकृत किए गए हैं और 2.19 लाख लाभार्थियों ने इस योजना के तहत ₹198.19 करोड़ की राशि का कैशलेस उपचार का लाभ उठाया है।
8	आयुष्मान भारत–प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना	आयुष्मान भारत प्रति वर्ष प्रति परिवार ₹5.00 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। हिमाचल प्रदेश में लगभग 4.78 लाख परिवार कैशलेस इलाज पाने के पात्र हैं। लगभग 4.26 लाख परिवारों ने स्वर्ण कार्ड प्राप्त किए हैं और इस योजना के आरम्भ से 1.19 लाख रोगियों ने ₹143.31 करोड़ की कैशलेस उपचार राशि का लाभ उठाया है।
9	स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र	सभी स्वास्थ्य उप केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और नगरीय उप स्वास्थ्य केन्द्र जो कि संख्या में क्रमशः 553, 1573 व 20 हैं को स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों के रूप में अधिसूचित कर दिया गया है।
10	कैंसर मधुमेह हृदय रोगों तथा स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम	इस कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित योजनाएं शुरू की गई हैं: क) टेलस्ट्रोक प्रोजेक्ट ख), नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, ग) कैंसर केयर यूनिट्स, घ) ई–हेल्थ कार्ड। पलवेटिव उपचार इकाईयां (2019), ड.)एकीकृत निरोग क्लीनिक (2020), च) स्कूल सम्बन्धी पहलों को प्रोत्साहित करना (2020)

11	किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम	वर्ष 2021–22 के दौरान 12,21,166 सेनेटरी नैपकिन लड़कियों को ₹1.00 प्रति पैकेट (6 न0) की दर से दिसम्बर, 2021 तक बेचे गए।
12	राष्ट्रीय एड्स रोकथाम कार्यक्रम	क) एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र (ICTC)– नवम्बर, 2021 तक 78,101 ए.एन.सी. क्लाइंट में से 7 को एच.आई.वी. पॉजिटिव पाया गया। ख) प्रजनन मार्ग संक्रमण (RTI)/यौन संचारित संक्रमण (STI) नवम्बर, 2021 तक 35,989 लोगों ने इन RTI/STI क्लीनिकों की सेवाओं का लाभ उठाया है। ग) रक्त सुरक्षाः नवम्बर, 2021 तक 352 VBD शिविर आयोजित किए गए हैं। घ) एंटी रैट्रोवायरल ट्रीटमेंट प्रोग्राम – राज्य में IGMC शिमला, RH हमीरपुर, RPGMC, टांडा में 4 एंटी रैट्रोवायरल थैरेपी (ART) सेंटर, 2 FART सेंटर ऊना व बिलासपुर में तथा 5 लिंक ART सेंटर एच.आई.वी. /एडस के रोगियों को मुफ्त दवाई प्रदान करने के लिए हैं। ड़) लक्षित हस्तक्षेप– उच्च जोखिम समूह के लिए राज्य में 18 लक्ष्य हस्तक्षेप परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। 7,302 लोगों ने RTI/STI सेवाओं का लाभ लिया तथा 11,008 कुल जोखिम समूहों का पता लगाया गया जिनमें से नवबर, 2021 तक 7 एच.आई.वी. मामलों का पता लगाया गया।

13.2.2 चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान

वर्तमान में प्रदेश में 6 आर्युविज्ञान महाविद्यालय और एक दन्त महाविद्यालय राजकीय क्षेत्र में चल रहे है। इसके साथ एक आर्युविज्ञान महाविद्यालय और चार दन्त महाविद्यालय निजी क्षेत्र में भी चल रहे है। वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसम्बर, 2021 तक) संस्थावार आबंटन एवं व्यय का विवरण निम्न सारणी में दिया गया है:

सारणी 13.8: संस्थान–वार आबंटन और व्यय

(₹ करोड़ में)

संस्थान का नाम	आंबटन	व्यय
1. इन्दिरा गान्धी चिकित्सा महाविद्यालय (आई.जी.एम.सी.) एवं सम्बद्ध महाविद्यालय	270.46	189.73
2. हि0प्र0 राजकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय	23.84	20.62
3. डा. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टाण्डा	181.27	140.69
4. डॉ. यशवन्त सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन	68.27	50.61
5. पं. जवाहर लाल नेहरु राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चम्बा	63.44	48.10
6. डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर	62.10	56.38
7. श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक, मण्डी	85.38	72.62
8. अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, नेरचौक, मण्डी	10.17	7.63
9. अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशिलिटी, शिमला	5.04	2.65

13.2.3 शैक्षणिक उपलब्धियॉं:

चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में शैक्षणिक उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं:

i. **एम.बी.बी.एस. और पी.जी. छात्रः** शैक्षणिक सत्र 2021–22 के दौरान कुल 870 एम.बी.बी.एस सीटें सरकारी व निजी क्षेत्र(720 सरकारी व 150 निजी क्षेत्र) में भरी गईं, इसके अतिरिक्त 309 पी.जी. सीटें विभिन्न विशेषताओं में आई.जी.एम. सी, शिमला, डॉ. आर.पी.जी.एम.सी., टांडा तथा महर्षि मार्कण्डेश्वर विश्वविद्यालय, सोलन में भरी गई।

ii. **बी.डी.एस. और एम.डी.एस.**: 355 बी.डी.एस. सीटें तथा 95 एम.डी.एस. की सीटें सरकारी एवं निजी क्षेत्र में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के दौरान भरी गई।

iii. **नर्सिंग**: शैक्षणिक सत्र 2021–22 के दौरान 280 ए.एन.एम., 1,540 जी.एन.एम., 1,780 बी.एस.सी. नर्सिंग, 435 पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग और 181 एम. एस.सी. नर्सिंग की सीटें विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों के लिए अनुमोदित की गई हैं।

iv. **छात्रवृतियां/वज़ीफे**: राज्य सरकार ने एम.बी.बी.एस. और बी.डी.एस. इन्टर्न छात्रों के बजीफे को ₹15,000 से बढ़ाकर ₹17,000 प्रति माह किया ।

v. **डी.एन.बी. पाठयक्रमः** राज्य के सभी नए मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विशिष्टताओं में डी.एन.बी. पाठ्यक्रम शुरू किए गए है। आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, टांडा में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एवं गेस्ट्रोन्लॉजी में सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे है।

संस्थावार दिसम्बर, 2021 तक की उपलब्धियों का विवरण निम्न सारणी 13.9 में दिया गया हैः

सारणी–13.9 संस्थान–वार मुख्य उपलब्धियां

संस्थान	सुविधाएं
इन्दिरा गान्धी चिकित्सा महाविद्यालय (आई.जी.एम.सी.)	क) ट्रॉमा सेंटर लेबल–। निर्माणाधीन। ख) सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक निर्माणधीन रहा, मार्च, 2022 में कार्य पूर्ण होगा । ग) नया ओ.पी.डी. विभाग निर्माण करके शुरु किया गया। घ) डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापित की गई । ड़) तृतीयक कैंसर देखभाल केन्द्र के लिए मशीनरी तथा उपकरण प्राप्त किए गए। च) जीनोम सीक्वेनसींग प्रयोगशाला स्थापित की गई। छ) पी.ई.टी.– सी.टी. (PET-CT) सुविधा के स्थापित करने हेतू स्टेज –I का अनुमोदन करवाया गया।
डा. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टाण्डा	क) ट्रामा केन्द्र (लेबल–।। निर्माणाधीन) ख) 200 बिस्तरों वाला मातृ शिशु हैल्थ केयर सैंटर पूर्ण होने वाला है। ग) 128 स्लाईस सी.टी. स्कैन मशीन स्थापित की गई तथा 1.5 टैस्ला एम.आर.आई. मशीन प्राप्त की गई । घ) जीनोम सीक्वेनसींग प्रयोगशाला स्थापित की गई। ड़) पी.एस.ए. ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया। ड़) उत्कृष्टता केन्द्र निर्माणधीन रहा।
डॉ. यशवन्त सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन	क) डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापित की गई । ख) केन्द्रीय पी.एस.ए. ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया। ग) 128 स्लाईस सी.टी. स्कैन मशीन स्थापित की गई। घ) मैनी फोल्ड गैस पाईप लाईन सिस्टम स्थापित किया गया। ड़) मैडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया।
पं0 जवाहर लाल नेहरु राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चम्बा	क) 128 स्लाईस सी.टी. स्कैन मशीन स्थापित की गई तथा 1.5 टैस्ला एम.आर.आई. मशीन प्राप्त की गई । ख) केन्द्रीय पी.एस.ए. ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया। ग) मैनी फोल्ड गैस पाईप लाईन सिस्टम स्थापित किया गया। घ) लैप्रोस्कोपिक सैट को प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरु की। ड़) मैडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया।
डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर	क) मैडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। ख) केंद्रीय पी.एस.ए. ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया । ग) मैनी फोल्ड गैस पाईप लाईन सिस्टम स्थापित किया गया। घ) डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापित की गई । ड़) लैप्रोस्कोपिक सैट को प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरु की गई।
श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक, मण्डी	क) तृतीयक कैंसर देखभाल केन्द्र के लिए मशीनरी तथा उपकरण प्राप्त किए गए। ख) जीनोम सीक्वेनसींग प्रयोगशाला स्थापित की गई। ग) रक्त बैंक पूर्ण रुप से शुरु किया गया।
दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, शिमला	क) 11 डैंटल चेयर व 10 ऑटोक्लेव की खरीद व स्थापना की गई। ख) बेहतर दन्त देखभाल सुविधा प्रदान करने हेतू प्रदेश के विभिन्न भागों में डैंटल कैंप आयोजित किए गए जिसमें कि दूर दराज के क्षेत्र भी सम्मिलित थे। ग) मोबाईल डैंटल बैन को खरीदने हेतू आपूर्ति आदेश जारी किए गए।

13.2.4 आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा हामोपैथिक (आयुष)

आयुष विभाग का प्रदेश में लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान है। वर्ष 1984 में आयुष विभाग की स्थापना की गई ,राज्य में आयुष स्वास्थ्य ढांचे के माध्यम से आम जनता को स्वास्थ्य देखभाल के लिए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु राज्य आयुष नीति, 2019 को पहली बार 6 नवम्बर, 2019 को तैयार करके अधिसूचित किया गया और इस क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं में सम्भावित निवेशकों के साथ ₹1,335.25 करोड़ के 52 एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। आयुष आधारभूत संरचना का विवरण नीचे दिया गया है।

सारणी–13.10 : हिमाचल प्रदेश में आयुष स्वास्थ्य अधोसंरचना की उपलब्धता

क.सं.	संस्थान	संख्या (दिसम्बर, 2021 तक)
1	पी.जी. आयुर्वेदिक कॉलेज	1
2	फार्मास्युटिकल साइंस कॉलेज	1
3	क्षेत्रीय अस्पताल	2
4	आयुर्वेदिक अस्पताल	31
5	नेचर केयर हॉस्पिटल	1
6	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र	945
7	आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र	240
8	अनुसंधान संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धति/हर्बल गार्डन	4
9	औषधि परीक्षण प्रयोगशाला	1
10	यूनानी स्वास्थ्य केंद्र	3
11	होम्योपैथिक स्वास्थ्य केंद्र	14
12	अमची क्लीनिक	4
13	आयुर्वेदिक फार्मेसी	3
कुल		**1,250**

सारणी–13.11 : आयुष के अन्तर्गत प्रमुख उपलब्धियां

शीर्षक के अन्तर्गत उपलब्धियां	उपलब्धियां (दिसम्बर, 2021 तक)
आयुर्वेदिक शिक्षा	शैक्षणिक सत्र 2020–21 में बी.ए.एम.एस. सीटों को 60 से बढ़ाकर 75 किया गया तथा सनात्तकोतर (post graduate) सीटों को बढ़ाकर 39 से 56 किया गया।
पोषण अभियान	**पोषण अभियान** के तहत एनीमिया की रोकथाम के लिए एक परियोजना 3 विकास खण्डों में चलाई जा रही है जिसमें 118 पंचायतों के 842 गांव शामिल हैं और यह कार्यक्रम अभी भी जारी है जसके लिए महिला और बाल विकास विभाग द्वारा वित्त पोषण किया गया है:– क) बंगाणा, जिला उना ख) तिस्सा, जिला चम्बा ग) भोरंज,जिला हमीरपुर
स्कूल गोद लेने के लिए कार्यक्रम	इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों ने ए.एच.सी. के आसपास के स्कूलों का दौरा किया और छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता व मादक पदार्थों के सेवन न करने के बारे में जागरुक किया और स्वास्थ्य वार्ता भी आयोजित की ।
साप्ताहिक योग दिवस	697 ए.एस.सी. में प्रत्येक शुक्रवार को 'साप्ताहिक योग दिवस' आयोजित किए गए जिससे कि 78,504 लोग लाभान्वित हुए।
जनमंच	यह प्रदेश सरकार का एक बहुत लोकप्रिय कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित किए जिससे कि 5,334 लोग लाभान्वित हुए।
टी.बी. मुक्त हिमाचल अभियान	यह कार्यक्रम राज्य में चल रहा है आयुष विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर इसमें काम कर रहा है।
वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त आयुर्वेदिक दवाईयां	माननीय मुख्यमंत्री जी की वर्ष 2021–22 की बजट घोषणा के अनुसार राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त आयुर्वेदिक दवाईयां प्रदान की गई जिससे कि 2,96,106 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए।
किसानों एवं अन्य को लाभ	➢ औषधीय पौधों की खेती के लिए 152 किसानों को ₹39.37 लाख की सब्सिडी जारी की गई। ➢ आयुर्वेदिक फार्मसी के लिए ऑनलाईन लाइसेंस की प्रक्रिया शुरु की गई जिससे कि विनिर्माण की फर्मों को नये लाइसेंस प्राप्त करने तथा उनके नवीनीकरण के लिए इसे पारदर्शी बनाया जा सके। ➢ आयुर्वेद बोर्ड में डिग्री/डिप्लोमा का ऑनलाईन पंजीकरण किया गया है।
आयुष घर द्वार	➢ आयुष घर द्वार होम आइसोलेशन के तहत कोविड–19 के रोगियों शारीरिक और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए आयुष विभाग ने आर्ट ऑफ लिविंग, योग भारती फाउंडेशन के सहयोग से 14 मई 2021 को एक कल्याणकारी कार्यक्रम ''आयुश घर द्वार'' शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में लगभग 31,375 लोगों को होम आइसोलेशन के तहत व्हाट्सएप, जूम आदि पर 1,035 वर्चुअल समूहों के माध्यम से कार्यान्वित किया गया। इस कायक्रम को व्यापक रूप से प्रदेश की जनता द्वारा स्वीकार किया गया और इस कार्यक्रम का दूसरा चरण 7 जून, 2021 को शुरू किया गया ताकि कार्यक्रम की पहुंच अधिक से अधिक जनमानस तक हो सके। वर्तमान में इस कार्यक्रम के तहत 1,670 वर्चुअल समूह बनाए गए हैं, जिसके द्वारा लगभग 20,20,401 लोगों को कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 83,178 लाइव स्तर आयोजित किए गए हैं और लगभग 7,07,026 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

13.2.5 हर्बल संसाधनों का विकास

सार्वजनिक क्षेत्र में राष्ट्रीय आयुष मिशन के औषधीय पौध घटक के अंतर्गत एक मॉडल नर्सरी, जोगिन्द्रनगर में ₹25.00 लाख खर्च करके स्थापित की गई। हिमालय वन अनुसंधान द्वारा जिला कुल्लू व शिमला में ₹12.50 लाख खर्च करके दो छोटी नर्सरियों को भी स्थापित किया गय। 70 हैक्टेयर भूमि में ₹54.44 लाख के अनुदान देकर किसानों को औषधीय पौधों की खेती के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। चरक राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी पपरोला, जिला कॉगड़ा में औषधीय पौधों को सुखाने के लिए एक शैड और एक भण्डारण गोदाम का निर्माण किया गया।

13.2.6 कोविड–19 महामारी की स्थिति

29 जनवरी, 2022 तक पूरे राज्य में कोविड–19 के कुल परीक्षण किए गए मामले 42,64,741 है जिसमें, संक्रमित मामले 2,63,914 पाए गए, कुल स्वस्थ्य हुए मामलों की संख्या 2,48,802 है तथा 3,944 मरीज़ों की कोविड–19 से दुर्भाग्यवश मौत हो गई है।

i कोविड टीकाकरण की स्थिति

- राज्य में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया 16 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ की गई। 30 जनवरी, 2022 को कोविड पोर्टल के अनुसार कुल 1,19,20,817 खुराकें दी गई, जिसमें से पहली खुराक 62,77,737 थी तथा 55,51,179 दूसरी खुराक थी। इसके अतिरिक्त 91,901 एहतियात खुराक (Precaution dose) दी गई।
- 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग की टीकाकरण प्रक्रिया 3 जनवरी, 2022 को प्रारम्भ हुई। को–वैक्सीन (COVAXIN) की पहली खुराक 3,88,301 बच्चों को दी गई।
- एहतियात खुराक देने की प्रक्रिया जो कि स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं (एच.सी. डब्ल्यू.) अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं (एफ.एल.डब्ल्यू.) तथा 60 वर्ष से अधिक गम्भीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को दी जा रही है का प्रारम्भ 10 जनवरी, 2022 से हुआ। इसमें अब तक 32,658 ए.एच.सी.डब्ल्यू. 14,848 एफएलडब्ल्यू तथा 60 वर्ष से अधिक गम्भीर बीमारियों से ग्रसित 44,395 लोगों को यह खुराक दी गई।

ii कोविड–19 महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु उठाए गए कदमः

कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने राज्य में इस महामारी की प्रथम व द्वितीय लहर को नियन्त्रित करने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार महामारी के शुरूआती दौर से विभिन्न कदम उठाए तथा राज्य सरकार तीसरी लहर को भी नियन्त्रित करने के लिए तैयार है। कोविड महामारी को नियन्त्रित करने के लिए समय–2 पर दिशा निर्देश जारी किए गए और मामलों की संख्या के अनुसार तैयारियों को गति दी गई। राज्य में इस महामारी की रोकथाम एवं प्रबन्धन हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए।

iii निगरानी और संपर्क अनुरेखण (Surveillance and Contact Tracing) :

कोविड–19 के प्रसार के लिए जिलों में संपर्क–ट्रेसिंग टीमों (Contact Tracing Team) का गठन किया गया था। जिलों में नियन्त्रण क्षेत्र (Containment Zone) जिला प्रशासन द्वारा अधिसूचित किए गए थे। नियंत्रण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सक्रिय निगरानी तथा बफर जोन में निष्क्रिय निगरानी की गई। कोविड–19 नियन्त्रण क्षेत्र में माइक्रो

प्लान तैयार किए गए। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में होम आइसोलेशन में रह रहे सभी कोविड–19 से ग्रसित मरीज़ों की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से देखभाल की जा रही है। पहली सितम्बर, 2021 से 15 सितम्बर, 2021 में पूरे राज्य में सीरो (Sero) सर्वेक्षण किया गया।

iv सूचना शिक्षा और संचार (Information Education Communication):

राज्य में लोगों को विभिन्न जन मीडिया अभियानों के माध्यम से नियमित रूप से निवारक उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। आम जनता की जागरूकता के लिए "सुरक्षा की युक्ति, कोरोना से मुक्ति" का एक विशेष अभियान प्रभावी रूप से पूरे राज्य में शुरू किया गया है। जन प्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्रों में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के नेतृत्व में नियमित रूप से जागरूकता पैदा कर रहे हैं। राज्य में आने वाले पर्यटकों को नियमित रूप से विभिन्न I.E.C. मीडिया के माध्यम से कोविड–19 से संबंधित निवारक उपायों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाता है।

v परीक्षण (Testing):

सभी कोविड–19 पोजिटिव मामले तथा कोविड–19 संदिग्ध जिन्हें आई.एल.आई./एस.ए.आर.आई. लक्ष्ण हैं उन्हें जांच हेतु लक्षित जनसंख्या माना गया है। जांच का दायरा बढ़ाने हेतु राज्य के सभी मुख्य नगरों के उचित स्थानों पर प्रत्येक दिन उचित समय पर रेपिड एंटीजन जांच हेतु वॉक इन किओस्क स्थापित किए हैं। विभाग द्वारा लोगों के लिए ओटो एसएमएस (Auto SMS) की सुविधा प्रदान की गई है जिसके अन्तर्गत लोगों के नमूनों की जांच की रिपोर्ट एस.एम.एस.द्वारा उन तक पहुंचाई जा रही है। इससे आम जनता को परिणाम के लिए अनावश्यक यात्रा/प्रतीक्षा/चिंता कम हो गई है और परिणामों की रिपोर्टिंग/सांझा करने में अधिक पारदर्शिता लाई है। जीवन धारा–"मोबाइल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर" को दूरस्थ/दुर्गम, क्षेत्रों में रहने वाली आबादी के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। इसका उपयोग दूरस्थ क्षेत्रों में कोविड संदिग्धों के परीक्षण के लिए भी किया जाता है।

vi उपचार और प्रबंधन (Treatment and Management):

बड़े पैमाने पर सामान्य आबादी की मृत्यु दर और रूगणता को कम करने के लिए, गैर कोविड स्वास्थ्य सेवाएं सक्षम की गईं। अप्रैल के महीने में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को फिर से शुरू किया गया, गैर कोविड सुविधाओं में नियमित सर्ज़री के निर्देश अगस्त महीने में दिए गए, प्रसूति के साथ प्रसूति देखभाल व टीकाकरण निरंतरता में रहीं। बीमारी की गंभीरता के आधार पर कोविड रोगियों के प्रबंधन के लिए समर्पित सुविधाएं बनाई गईं। कोविड –19 की दूसरी लहर के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि

मेडिकल कॉलेजों में भर्ती होने वाले सभी मरीजों को सर्वोतम चिकित्सा सुविधा मिले और ऑक्सीजन या किसी दवा की कमी न हो।

vii **स्वास्थ्य प्रणाली/अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना (Strengthening of Health System/ Infrastructure)** :

हिमाचल प्रदेश में कोविड–19 रोगियों को गुणवतापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल हेतु ऑक्सीजन सिलेण्डर व ऑक्सीजन मैनीफोल्ड का प्रबन्धन करके समय–समय पर सभी कोविड समर्पित सुविधाओं को प्रदान किए गये। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए वेंटीलेटर गम्भीर कोविड रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु स्थापित किए गए। पालमपुर में हाई प्रैशर ऑक्सीजन पाईप तथा 50 एल.एम.एस. प्लांट, ऊना में ऑक्सीजन की एनआरवी की पाईप लाईन टौणी देवी तथा भोरंज में पी.एस.ए. प्लांट तथा मैनी फोल्ड सिस्टम स्थापित करने का कार्य प्रगति पर रहा। भविष्य में कोविड–19 मामलों में किसी भी अप्रत्याशित वृद्धि को संभालने के लिए नालागढ़ (सोलन), राधास्वामी सत्संग भवन (सोलन), इन्दिरा गान्धी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला, डा. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टाण्डा (कांगड़ा), समर्पित कोविड स्वास्थ्य (डी.सी.एच.सी.) परौर (कांगड़ा), श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक (मण्डी), समर्पित कोविड स्वास्थ्य केन्द्र(डी.सी.एच.सी.) राधा स्वामी सत्संग व्यास, खलियार (मण्डी) तथा पकवाह (ऊना) में Makeshift अस्पताल स्थापित किए गए। इनका उपयोग क्षेत्र/अस्पताल की आवश्यकता के अनुसार किया गया।

Designed & Developed by
BLOCK -2
(GENERAL WARD)

बॉक्सः 13.2 हैल्थ सैटलाईट खाते, 2017–18 हिमाचल प्रदेश (अक्तूबर,2021)

"The Ultimate resource in economic development is People. It is people. It is people, not Capital or Raw materials that develop an economy" – by Peter Drucker

स्वास्थ्य व्यय एक अर्थव्यवस्था के लिए दो महत्वपूर्ण सामाजिक व्ययों में से एक है और दूसरा शिक्षा है। भारत में, स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय केन्द्र सरकार के साथ–साथ राज्य और स्थानीय सरकारों द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्य, वित्त और स्वास्थ्य सुविधाओं दोनों का प्राथमिक प्रदाता है। इसके अतिरिक्त परिवार, प्रत्यक्ष स्वास्थ्य व्यय पर और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के भुगतान जैसे अप्रत्यक्ष व्यय पर एक उल्लखनीय राशि खर्च करते हैं। सार्वजनिक और निजी संयोजन राज्य की अर्थव्यवस्थाओं में स्वास्थ्य क्षेत्र की वित्तीय स्थिति को प्रस्तुत करता है।

इस संदर्भ में, हैल्थ सैटेलाईट खाते बहुत महत्व रखते हैं क्योंकि यह एक व्यवस्थित ढांचे में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित वित्तीय प्रभाव की जानकारी प्रदान करता है। अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत स्वास्थ्य लेखा प्रणाली (एस.एच.ए.–2011) पर आधारित यह ढांचा उपभोग, प्रावधानों और वित्तपोषण के अनुसार स्वास्थ्य व्यय को वर्गीकृत करने के लिए एक मानक प्रदान करता है। विस्तार से समझने के लिए स्वास्थ्य सैटेलाईट खाते चार अलग–अलग वर्गीकरणों द्वारा स्वास्थ्य व्यय (सार्वजनिक और निजी) प्रस्तुत करते हैं, जिसमें वित्त के स्रोत, वित्तपोषण योजनाएं स्वास्थ्य देखभाल कार्य और स्वास्थ्य सुविधा के प्रदाता शामिल हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) के अनुसार, "स्वास्थ्य को सपूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति के रुप मे परिभाषित किया गया है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति"। आर्थिक विकास के ईंजन के रुप में स्वास्थ्य की भूमिका पूरी तरह से निराधार नहीं है, क्योंकि स्वास्थ्य देखभाल में निवेश से जनता के लिए बेहतर, स्वस्थ जीवन होता है, जो बदले में उत्पादकता में योगदान देता है और एक कुशल कार्यबल बनाता है, जो कि किसी भी देश की सामाजिक व आर्थिक प्रगति को बढ़ाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपने सतत विकास लक्ष्य 3 के तहत सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल पर भी जोर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि "स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करें और 2030 तक सभी उम्र के लोगों की देखभाल को बढ़ावा दें''। स्वास्थ्य क्षेत्र में गतिविधियों का एक बहुत ही विविध समूह है जिसमें न केवल ऐसी सेवाएं शामिल है जो बीमारियों का पता लगाती है बल्कि उसकी रोकथाम और जागरुकता भी प्रदान करती है। इस प्रकार भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र अपनी अतिव्यापी विशेषताओं, कार्य और उद्देश्यों के कारण काफी विशाल है और अर्थव्यवस्था के लिए राजस्व के साथ –साथ रोजगार सृजन का एक समृद्ध स्रोत प्रदान करता है। डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा परिकल्पित स्वास्थ्य सैटलाईट खाते, स्वास्थ्य व्यय और देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में धन के प्रवाह को मापने के लिए एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ढांचा है। स्वास्थ्य सैटेलाइट खाते इस क्षेत्र में निहित आंकड़ों को स्पष्ट करने में मद्द करते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में विश्लेषण करने या निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

मुख्य बिन्दू

राज्य में कुल स्वास्थ्य देखभाल व्यय, सार्वजनिक और निजी तथा राजस्व और पूंजी व्यय को एक साथ मिलाकर, ₹4351.90 करोड़ अनुमानित किया गया है। 2017–18 के लिए राज्य का सकल घरेलू उत्पाद ₹1,38,551 करोड़ है। इसलिए स्वास्थ्य व्यय, जी.एस.डी.पी. का 3.14 प्रतिशत है। 2017–18 के लिए अनुमानित जनसंख्या 72.33 लाख के साथ, प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य व्यय ₹6017.60 आंका गया है।

- राज्य के लिए प्रति व्यक्ति शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद (एन.एस.डी.पी.), जो कि प्रति व्यक्ति आय का सूचक है। यह ₹1.65 लाख है।
- राज्य का कुल स्वास्थ्य व्यय ₹4351.90 करोड़, जिसमें से सार्वजनिक व्यय 47.90 प्रतिशत है और परिवार का अपना (जिसमें बीमा योजनाओं के लिए जेब से खर्च और स्वैच्छिक पूर्व भुगतान शामिल है) शेष 52.10 प्रतिशत के लिए हिस्सेदार है। सार्वजनिक व्यय का अनुपात जितना अधिक होगा, घरेलू खर्च पर निर्भरता उतनी ही कम होगी। साथ ही, निजी व्यय का अनुपात जितना अधिक होगा, स्वास्थ्य देखभाल भुगतान के लिए परिवारों के लिए उपलब्ध वित्तीय सुरक्षा की सीमा उतनी ही अधिक होगी।
- कुल वर्तमान स्वास्थ्य व्यय, ₹3731.00 करोड़ स्वास्थ्य देखभाल पर केवल आवर्ती व्यय को संदर्भित करता है, और कुल शुद्ध पूंजीगत व्यय है। यह परिचालन व्यय को इंगित करता है जो राज्य के स्वास्थ्य परिणाम को प्रभावित करता है। वर्तमान स्वास्थ्य व्यय राज्य के कुल स्वास्थ्य व्यय का 85.7 प्रतिशत है।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा व्यय से तात्पर्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के प्रीमियम के भुगतान या सरकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए सरकार द्वारा आवंटित वित्त से है। सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा व्यय कुल ₹102.3 करोड़ होने के साथ यह स्वास्थ्य व्यय का सिर्फ 2.4 प्रतिशत है।
- इसके विपरित, निजी स्वास्थ्य बीमा व्यय कुल स्वास्थ्य व्यय का 0.4 प्रतिशत है जो कि बहुत कम है। यह स्वैच्छिक पूर्व भुगतान योजनाओं को चुनने के लिए परिवारों की कम मंशा को इंगित करता है।
- वर्ष 2017–18 के लिए कुल सामान्य सरकारी व्यय जो कि ₹34,811.21 करोड़ है जिसमें स्वास्थ्य पर व्यय 5.98 प्रतिशत रहा।
- आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक शिक्षा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपेथी) या टी.सी.ए.एम. (पारम्परिक पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा) पर सार्वजनिक व्यय कुल सार्वजनिक व्यय का 8.90 प्रतिशत है।
- स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण योजनाओं द्वारा कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत वितरण से पता चलता है कि कुल व्यय का 60.4 प्रतिशत परिवारों के जेब खर्च के कारण है। राज्य सरकार की योजनाओं में 27.8 प्रतिशत और केन्द्र सरकार की योजनाओं का राज्य में कुल स्वास्थ्य व्यय का 7.9 प्रतिशत हिस्सा है।

- स्वास्थ्य वित्तपोषण योजनाओं के राजस्व द्वारा कुल स्वास्थ्य व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है कि कुल व्यय का 60.4 प्रतिशत घरों से राजस्व के कारण है। राज्य सरकार का हिस्सा 29.3 प्रतिशत है और केन्द्र सरकार विभिन्न अनुदानों और योजनाओं के माध्यम से लगभग 8.2 प्रतिशत खर्च करती है।
- इसके अलावा स्वास्थ्य देखभाल कार्यों द्वारा कुल स्वास्थ्य व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है कि कुल स्वास्थ्य व्यय का 31 प्रतिशत रोगी की उपचारात्मक देखभाल पर खर्च किया जाता है, जबकि 42.1 प्रतिशत बाह्य रोगी उपचारात्मक देखभाल पर खर्च किया जाता है। निर्वारक देखभाल 5.8 प्रतिशत है। फार्मास्यूटिकल्स पर कुल व्यय, मुख्य रुप से ओवर–द–काउंटर खर्चा का जिक्र है, जो कि कुल स्वास्थ्य व्यय का 4.3 प्रतिशत है, और कुल व्यय का लगभग 60 प्रतिशत गैर–एलोपैथिक या टी.सी.ए.एम. उपचार पर किया जाता है।
- अन्त में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा कुल स्वास्थ्य व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है कि स्वास्थ्य देखभाल राजस्व प्राप्त करने वाला सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा प्रदाता “खुदरा विक्रेता और चिकित्सा वस्तुओं के अन्य प्रदाता” है। ये कुल खर्च का 41.6 फीसदी है। सामान्य सार्वजनिक अस्पतालों की हिस्सेदारी 17.4 प्रतिशत है जबकि सामान्य निजी अस्पतालों की हिस्सेदारी 5.6 प्रतिशत है।

13.2.7 स्वास्थ्य सूचकांक –हिमाचल प्रदेश की स्थिति

परिचय

नीति आयोग ने 2019–20 के लिए राज्य स्वास्थ्य सूचकांक का चौथा संस्करण जारी किया है। “स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत” शीर्षक वाली रिपोर्ट राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को स्वास्थ्य परिणामों में साल–दर–साल वृद्धिशील प्रदर्शन के साथ–साथ उनकी समग्र स्थिति के आधार पर रैंक करती है। इसे विश्व बैंक की तकनीकी सहायता और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के निकट परामर्श से नीति आयोग द्वारा विकसित किया गया है। यह स्वास्थ्य परिणामों, शासन और सूचना और प्रमुख इनपुट प्रक्रियाओं के डोमेन के तहत समूहित बड़े राज्यों के लिए 24 संकेतकों पर आधारित एक समग्र सूचकांक है।

कार्य विधि

- **स्वास्थ्य परिणामः** इसमें नवजात मृत्यु दर, 5 वर्ष से कम मृत्यु दर, जन्म के समय लिंगानुपात जैसे पैरामीटर शामिल हैं।
- **शासन और सूचनाः** इसमें संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य के लिए निर्धारित प्रमुख पदों पर वरिष्ठ अधिकारियों की औसत व्यस्तता जैसे पैरामीटर शामिल हैं।
- **मुख्य इनपुट/प्रक्रियाएंः** स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं की कमी का अनुपात जो कि उपलब्ध किया जाना चाहिए, कार्यात्मक चिकित्सा सुविधाएं, जन्म और मृत्यु पंजीकरण इत्यादि शामिल हैं।

- **राज्यों की रैंकिंग:** समान संस्थाओं के बीच तुलना सुनिश्चित करने के लिए, रैकिंग को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया हैः

  - बड़े राज्य (19 राज्य)
  - छोटे राज्य (8 राज्य)
  - केन्द्र शासित प्रदेश (7 केन्द्र शासित प्रदेश)

इस वर्गीकरण में हिमाचल प्रदेश बड़े राज्यों की श्रेणी में आता है।

प्रमुख परिणाम (हिमाचल प्रदेश)

- समग्र प्रदर्शन के मामले में, हिमाचल प्रदेश को कुल संदर्भ वर्ष सूचकांक स्कोर 63.17 (2019–20) के साथ 19 बड़े राज्यों की श्रेणी में 7 वें स्थान पर रखा गया है।
- आधार वर्ष (2018–19) से संदर्भ वर्ष (2019–20) में वृद्धिशील परिवर्तन के संदर्भ में, बड़े राज्यों की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश का वृद्धिशील रैंक 15 है।
- इस संदर्भ में 0.06 का नाकारात्मक वृद्धिशील परिवर्तन है।

अवलोकन

1. हिमाचल प्रदेश को कम हुए रैंक श्रेणी के तहत रखा गया है, क्योंकि इसका समग्र प्रदर्शन रैंक संदर्भ वर्ष (2019–20) में 7वें स्थान तक खिसक गया है, जो की आधार वर्ष (2018–19) में छठा था।
2. आधार वर्ष और संदर्भ वर्ष के बीच समग्र प्रदर्शन और वृद्धिशील प्रदर्शन के आधार पर राज्यों का वर्गीकरण किया गया हैः

   समग्र प्रदर्शन: राज्यों को संदर्भ वर्ष (2019–20) सूचकांक स्कोर रेंज के आधार पर वर्गीकृत किया गया है : फ्रंट–रनज : शीर्ष एक तिहाई (सूचकांक स्कोर 64.99 से अधिक) एचिवर्स : मध्य एक तिहाई (सूचकांक स्कोर 47.78 और 64.99 के बीच), एस्पाइरेंट्स : सबसे कम एक तिहाई सूचकांक (सूचकांक स्कोर 47.78 से कम)

   वृद्धिशील प्रदर्शन: इसे वृद्धिशील सूचकांक स्कोर रेंज के आधार पर वर्गीकृत किया गया हैः बेहतर नहीं (0 या उससे कम), कम से कम सुधार (0.01–2.0), मामूली सुधार (2.01–4.0) से और सबसे बेहतर (4.0 से अधिक)

3. इसलिए, समग्र प्रदर्शन के मामले में, हिमाचल प्रदेश की एचिवर के रूप में एक उपलब्धि है, लेकिन नकारात्मक वृद्धिशील परिवर्तन के कारण वृद्धिशील प्रदर्शन में सुधार नहीं किए गए राज्यों की श्रेणी में आता है।

4. स्वास्थ्य परिणाम डोमेन में, हिमाचल प्रदेश का स्वास्थ्य परिणाम स्कोर 68.76 है जिसमें सकारात्मक वृद्धिशील परिवर्तन 2.26 है।

5 शासन ओर सूचना क्षेत्र में, हिमाचल प्रदेश का शासन ओर सूचना क्षेत्रों में सूचकांक स्कोर 47.99 है, जिसमें 18.02 के नाकारात्मक वृद्धिशील परिवर्तन हैं।

6. प्रमुख इनपुट और प्रक्रिया डोमेन में, हिमाचल प्रदेश का प्रमुख इनपुट और प्रक्रिया स्कोर 4.20 के साकारात्मक वृद्धिशील परिवर्तन के साथ 51.65 है।

13.3 समाज कल्याण कार्यक्रम

13.3.1 समाज कल्याण एवं अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण

राज्य का सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, शिशुओं, विशेष रूप से दिव्यांग, अनाथ बच्चों, विधवाओं, निराश्रित, गरीब बच्चों और महिलाओं आदि के सामाजिक– आर्थिक और शैक्षिक उत्थान में लगा हुआ है। सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित पेंशन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

सारणी 13.12: राज्य की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं

योजनाएं	पात्रता शर्तें	राशि (₹)प्रति माह
वृद्धावस्था पैंशन	• वे बुजुर्ग जिनकी आयु 60 से 69 वर्ष है और जिनकी वार्षिक आय ₹35,000 से कम है। • वे बुजुर्ग जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो और बिना किसी आय सीमा के। • 3,14,184 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹607.63 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹467.39 करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई।	850 1500
दिव्यांग राहत भत्ता	• जिनकी 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता तथा आय ₹35,000 प्रति वर्ष से कम है। • जिनकी 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता है। • 64,904 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹97.31 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹67.92 करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई ।	1000 1500
विधवा/परित्यक्त / एकल नारी पेंशन	• 45 वर्ष से अधिक की महिला जिनकी वार्षिक आय ₹35,000 प्रति वर्ष से कम है। • 70 वर्ष तथा अधिक • 1,00,945 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹170.48 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹124.60 करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई।	1000 1500
लेपर्स को पुनर्वास भत्ता	• 69 वर्ष तक के कुष्ठ रोगी के लिए उम्र और वार्षिक आय की किसी भी सीमा के बिना। • 70 वर्ष और उससे अधिक तक के कुष्ठ रोगी के लिए उम्र और वार्षिक आय की किसी भी सीमा के बिना। • 1,482 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹194.00 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹100.66 लाख की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई।	850 1500
ट्रांसजेंडर पेंशन	• ट्रांसजेंडर जिनकी आयु 69 वर्ष तक • ट्रांसजेंडर जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है। • 150 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹2.00 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹0.48 लाख की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई ।	850 1500
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन (बी.पी.एल.)	• 60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति जो बी.पी.एल. से संबंधित हैं। • 70 वर्ष से अधिक के व्यक्ति जो बी.पी.एल. से संबंधित है। • 1,01,809 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹41.43 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹39.58 करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई ।	850 1500
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन	• 40 वर्ष से 79 वर्ष तक की आयु की विधवाएं जो बी.पी.एल. से संबंधित हैं। • 24,398 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹9.41 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹7.81 करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई ।	1200
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन	• 18 से 79 वर्ष तक के विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्ति के लिए 80 प्रतिशत विशेष क्षमता और बीपीएल से संबंधित है। • 1,128 पेंशनरों के लक्ष्य हेतु ₹72 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹41.62 लाख करोड़ की राशि 31.12.2021 तक व्यय की गई ।	1500

13.3.2 स्व–रोजगार योजना

विभाग तीन निगमों द्वारा जोकि हि.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, हि.प्र. पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम तथा हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति विकास निगम को विभिन्न स्वंय रोजगार योजनाएं चलाने हेतु निवेश शीर्ष के अन्तर्गत राशि उपलब्ध करवा रहा है। वर्ष 2021–22 के लिए ₹ 13.00 करोड़ का बजट प्रावधान है और 31.12.2021 तक ₹4.495 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

13.3.3 अनुसूचित जाति उप–योजना

अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। यद्यपि अनुसूचित जाति समुदाय सामान्य योजना के साथ साथ जनजातीय क्षेत्र विकास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं, फिर भी व्यक्तिगत लाभार्थी कार्यक्रमों के तहत विशेष कवरेज प्रदान करने और अनुसूचित जाति केंन्द्रित गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कुल राज्य योजना आवंटन का 25.19 प्रतिशत अनुसूचित जाति विकास योजना के लिए निर्धारित किया गया है।

वर्ष 2021–22 के दौरान राज्य में अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए ₹ 2,369.22 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

13.3.4 अनुसूचित जाति/जन–जाति पिछड़े वर्गों एवं अल्पसंख्यक वर्ग का कल्याण

वर्ष 2021–22 के अर्न्तगत निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित की गई हैंः

सारणी 13.13: एस.सी./एस.टी., ओ.बी.सी. एवं अल्पसंख्यक के कल्याण के लिए राज्य की विभिन्न योजनाएं

योजनाएं	संक्षिप्त विवरण
अंतर्जातीय विवाह के लिए पुरस्कार	अंतर्जातीय विवाह के लिए ₹50,000 का पुरस्कार दिया जा रहा है। वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत ₹3.10 करोड़ का बजट प्रावधान प्रदान किया गया तथा 48 दम्पतियों को 31.12.2021 तक ₹24.00 लाख की राशि व्यय करके लाभान्वित किया गया।
स्वर्ण जयन्ती आश्रय/ गृह अनुदान	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को जिनकी आय 35,000 से अधिक नहीं है को गृह अनुदान ₹1,50,000 प्रति परिवार घर निर्माण के लिए दिए जाते हैं। वर्ष 2021–22 के अन्तर्गत ₹68.48 करोड़ का बजट प्रदान किया गया है तथा 4,565 व्यक्तियों को 31.12.2021 तक लाभान्वित किया गया।
कंप्यूटर में प्रशिक्षण और प्रवीणता	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, दिव्यांग, एकल महिला और विधवा या जिनकी वार्षिक आय ₹2.00 लाख से कम है, को ₹1350 प्रति माह और दिव्यांगो के लिए ₹1,500 की राशि प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती हैं।

	कंप्यूटर कार्य में प्रवीणता लाने के लिए संगठनों/कार्यलयों में 6 माह की नियुक्ति प्रदान की जाती है, इस अवधि में सामान्य वर्ग को ₹1,500 प्रति माह तथा दिव्यांगो को ₹1,800 प्रति माह प्रदान किये जाते हैं। वर्ष 2021—22 में ₹4.60 करोड़ का बजट प्रावधान प्रदान किया गया है और 4,426 प्रशिक्षुओं को 31.12.2021 तक ₹36.82 लाख़ की राशि व्यय करके लाभान्वित किया गया है।
अनुवर्ती कार्यक्रम	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जिनकी वार्षिक आय ₹35,000 प्रति वर्ष से अधिक नहीं है, उन्हें बढ़ईगीरी, बुनाई, चमड़े के काम आदि के लिए उपकरणों की खरीद के लिए ₹1,300 और सिलाई मशीन की खरीद के लिए ₹1,800 दिए जाते हैं। वर्ष 2021—22 के लिए ₹1.46 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है और 31.12.2021 तक 8,111 के लक्ष्य के मुकाबले 153 व्यक्तियों को लाभान्वित करते हुए ₹2.75 लाख की राशि खर्च की गई है।
एस.सी./एस.टी. पर अत्याचार के शिकार को मुआवजा अत्याचार के निवारण एक्ट — 1989 (POA)	एस.सी./एस.टी. अत्याचार के शिकार लोगों को ₹85,000 से ₹8.25 लाख तक की राहत प्रदान की जाती है। वर्ष 2021—22 के दौरान ₹3.07 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है तथा ₹2.11 करोड़ की राशि 199 व्यक्तियों को 31.12.2021 तक मुआवजे के रुप में प्रदान की गई है।
सिविल सेवा कोचिंग के लिए सहायता	सिविल सेवा के लिए प्रारंभिक परीक्षा उतीर्ण करने वाले हिमाचलियों को ₹30,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2021—22 के दौरान ₹5.00 लाख का बजट प्रावधान किया गया है, जिसके विरुद्ध ₹1.80 लाख 6 उममीदवारों को प्रदान किए गए है।
दिव्यांगो के लिए छात्रवृत्ति	सभी वर्गों के बच्चों के लिए जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत है, को यह छात्रवृत्ति ₹625 से ₹3,750 तक तथा आवासी बच्चों के लिए ₹1,875 से ₹5,000 तक की राशी दी जाती है। 31.12.2021 तक ₹1.04 करोड़ के बजट प्रावधान के विरुद्ध ₹57.79 लाख की राशि व्यय कर 352 छात्रों को लाभान्वित किया गया है।
दिव्यांग व्यक्तियों के साथ विवाह करने वाले को विवाह अनुदान	स्वस्थ पुरूष व महिला को दिव्यांग व्यक्ति से विवाह के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 40 से 69 प्रतिशत की दिव्यांगता पर ₹25,000 दिए जाते है। 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर ₹50,000 दिए जाते हैं। ₹88.00 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध 31.12.2021 तक ₹43.74 लाख की राशि से 130 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।
जागरूकता अभियान	विकलांग व्यक्तियों के लिए कार्यरत स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों ओर पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए खण्ड और जिला स्तरीय संयुक्त शिविर आयोजित करने के लिए वर्ष 2021—22 के लिए ₹7.00 लाख का बजट प्रावधान किया गया है।
स्व—रोजगार	हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त और विकास निगम द्वारा 40 प्रतिशत और उससे अधिक की विशेष दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021—22 के अर्न्तगत 31.12.2021 तक ₹3.24 करोड़ की ऋण राशि 57 दिव्यांग व्यक्तियों के लिए जारी की गई है।
विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संस्थान	दृष्टिहीन और श्रवण बाधित बच्चों को शिक्षा और व्यावसायिक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य में ढली तथा सुंदरनगर में दो संस्थान स्थापित किए गए हैं। ₹180.99 लाख के बजट प्रावधान के विरुद्ध 31.12.2021 तक ₹98.40 लाख की राशि व्यय की गई। राज्य सरकार असीम (ASEEM) योजना के अर्न्तगत तथा राज्य के विभिन्न आश्रमों के 158 लाभार्थियों को निशुल्क आवास एवं चिकित्सा सुविधा के लिए ₹5,500 प्रति सहनिवासी प्रति माह की दर से प्रदान कर रही है। ₹106.88 लाख के बजट

	प्रावधान के विरुद्ध 31.12.2021 तक ₹105.37 लाख की राशि व्यय की गई।
दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (DDRCs)	दो दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हमीरपुर और धर्मशाला में चलाए जा रहे हैं। वर्ष 2021–22 के अन्तर्गत ₹2.12 लाख की राशि प्रदान की गई।
मानसिक रूप से बीमार लोगों के पुनर्वास के लिए हाफ वे होम	प्रदेश में वर्ष 2021–22 के अर्न्तगत दो हाफ वे होम स्थापित किए गए। इन दो हाफ वे होम के लिए चालु वित्त वर्ष 2021–22 के लिए ₹1.10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है।

13.3.5 महिला एवं बाल विकास

नारी सेवा सदन मशोबरा

इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवा लड़कियों, विधवा, बेसहारा तथा निराश्रय महिलाएं तथा जिनकी अस्मिता को खतरा हो, को निःशुल्क आश्रय, खाद्य, कपड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा दवाईयां तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण देना है। वर्तमान में नारी सेवा सदन मशोबरा में बच्चे रह रहे हैं। महिलाओं को सेवा सदन छोड़ने पर पुनर्वास के लिए ₹25,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है तथा शादी करने के लिए उसे ₹51,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है।

13.3.6 वन स्टॉप सेन्टर

वन स्टॉप सेन्टर एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य एक ही छत के नीचे निजी तथा सार्वजनिक स्थानो में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करना है तथा महिलाओं के खिलाफ हो रही किसी भी प्रकार की हिंसा से लड़ने के लिए चिकित्सकीय, कानूनी, मनोवैज्ञानिक तथा परामर्श सहायता सहित कई सेवाएं तत्काल आपातकालीन और गैर आपातकालीन स्थितियों में प्रदान करना है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक जिले में एक "वन स्टॉप सेंटर" की स्थापना की गई है।

13.3.7 महिला शक्ति केन्द्र

यह योजना हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में खंड स्तर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के अन्तर्गत स्वीकृत है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सामुदायिक भागीदारी द्वारा सशक्त बनाना है। योजना के अन्तर्गत कार्य कर रहे स्वयं सेवक छात्र विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों के साथ साथ सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें ।

13.3.8 सक्षम गुड़िया बोर्ड हिमाचल प्रदेश

इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं/किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए नीतियां बनाना, सुरक्षा से सम्बन्धित एक्ट, नियमों, नीतियों और कार्यक्रमों तथा उत्थान, सशक्तिकरण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा,

बालिकाओं/किशोरियों के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने हेतु सुझाव देना तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य तथा पोषण सम्बन्धी पहलुओं में गुणात्मक सुधार करना है।

सारणी–13.14: महिला, बाल एवं लड़कियों के कल्याण के लिए राज्य की विभिन्न योजनाएं

योजनाएँ	संक्षिप्त विवरण
बाल संरक्षण योजना	राज्य में 43 चाइल्ड केयर संस्थान हैं, जिनमें 36 चिल्ड्रन होम, 2 ऑब्जर्वेशन होम–कम–स्पेशल होम एवं होम–कम–प्लेस ऑफ सेफ्टी, 4 ओपन शेल्टर और 1 शिशु गृह शामिल हैं।
मुख्यमंत्री बाल उद्धार योजना	उच्च/व्यावसायिक शिक्षा के लिए बाल देखभाल संस्थानों को छोड़ने के बाद बच्चों को 18 वर्ष की आयु होने के उपरान्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
बाल/बालिका सुरक्षा योजना और दत्तक देखभाल कार्यक्रम	बच्चों के रखरखाव के लिए दतक माता–पिता के पक्ष में ₹2,000 प्रति माह प्रति बच्चे की राशि मंजूर की जाती है और ₹500 प्रति बच्चा प्रति माह राज्य से अतिरिक्त सहायता दी जाती है।
नाबालिग बलात्कार और बाल दुर्व्यवहार पीड़िता का पुनर्वास	इस योजना का उद्देश्य गहन परामर्श वित्तीय सुरक्षा, कौशल उन्नयन पुनर्वास और आजीविका सहायता के माध्यम से बलात्कार और बाल शोषण के नाबालिग पीड़ितों के आत्मविश्वास और प्रतिष्ठा लौटाना है। अपराध की पुष्टि होने पर पीड़ित को 21 वर्ष की आयु तक ₹7,500 प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
समग्र बाल विकास सेवाएं	विभाग, केन्द्र और राज्य के 90:10 के आधार पर पूरक पोषण, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच रेफरल सेवा और गैर–औपचारिक पूर्व–विद्यालय शिक्षा प्रदान कर रहा है।
अनुपूरक पोषण कार्यक्रम	राज्य के 78 खंडों के 18,925 आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती/स्तनपान कराने वाली माताओं, कुपोषित बच्चों और बीपीएल किशोरियों को पूरक पोषण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2020–21 के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा ₹71.10 करोड़ तथा राज्य सरकार द्वारा ₹7.90 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया।
मुख्यमंत्री कन्यादान योजना	इस कार्यक्रम के तहत बेसहारा लड़कियों के अभिभावकों को उनकी शादी के लिए ₹51,000 का अनुदान दिया जा रहा है, बशर्ते उनकी वार्षिक आय ₹35,000 से अधिक न हो।
महिलाओं के लिए स्वरोजगार सहायता	इस योजना के तहत 35,000 से कम वार्षिक आय वाली महिलाओं को 5,000 आय सृजन करने वाली गतिविधियों को चलाने के लिए सहायता प्रदान की जाती है।
विधवा पुनः विवाह योजना	इस योजना का मुख्य उद्देश्य विधवा पुनः विवाह के बाद पुनर्वास में मदद करने के लिए सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अर्न्तगत दम्पति को ₹50,000 का अनुदान दिया जाता है।
मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना	इस योजना का उद्देश्य अपने बच्चों की 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक रखरखाव के लिए BPL से संबंधित निराश्रित महिलाओं को केवल दो बच्चों के लिए प्रति वर्ष ₹6,000 प्रति बच्चे की सहायता प्रदान की जाती है, बशर्ते पारिवारिक वार्षिक आय 35,000 से अधिक न हो।
विशेष महिला उत्थान योजना	इस योजना के अर्न्तगत् शारीरिक और यौन शोषित महिलाओं को पुर्नवास के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इस योजना के द्वारा ₹3,000 प्रतिमाह वजीफा तथा प्रशिक्षण अवधि पूरी होने के पश्चात ₹800 प्रति

	प्रशिक्षु परीक्षा शुल्क प्रदान किया जाता है।
बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना	इस योजना को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, हमीरपुर ऊना, सोलन, सिरमौर, शिमला, बिलासपुर और मंडी जिलों में लागू किया गया है, जिसमें लैंगिक पक्षपातपूर्ण चयनात्मक उन्मूलन को रोकना है।
बेटी है अनमोल योजना	इस योजना के तहत ₹12,000 की पोस्ट बर्थ ग्रांट में छात्रवृत्ति को सम्मिलित करके 12 अगस्त, 2021 के बाद बढ़ाकर ₹21,000 कर दी गई है। यह राशि केवल दो लड़कियों को प्रदान की जाती है जो बी.पी.एल. परिवारों से संबंधित है।
किशोरियों के लिए योजना	इसका उद्देश्य 11–14 साल की उम्र की स्कूली किशोरियों को औपचारिक स्कूली शिक्षा या ब्रिज लर्निंग में वापस लाने के लिए, केन्द्र और राज्य के (90:10) के आधार पर उनकी पोषण और स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना है।
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना	यह योजना गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को ₹5,000 प्रोत्साहन राशि तीन किश्तों में प्रदान करती है। वर्ष 2021–22 के दौरान ₹16.36 करोड़ की राशि को 34,504 महिलाओं के खाते में जमा किया गया।
सशक्त महिला योजना	यह योजना 11–45 वर्ष की ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और उनके अधिकार के बारे में जागरूकता पैदा करने और उन्हें अपने अधिकार का एहसास करने और उन्हें पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए संस्थागत समर्थन की सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है। प्रत्येक विकास खण्ड के स्वयं सहायता समूह को ₹35,000 की एक मुश्त राशि आय सृजन गतिविधियों तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए राशि प्रदान की जाती है तथा प्रत्येक जिले से 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के आधार पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली 5 बालिकाओं को ₹5,000 प्रति बालिका अवार्ड राशि के रूप में दी जाती है।

13.3.9 हिमाचल प्रदेश में सामाजिक क्षेत्र के खर्च के प्रवाह

सामाजिक सेवा क्षेत्र पर खर्च में वृद्धि सरकार की सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) के अनुपात के रूप में राज्य द्वारा सामाजिक सेवाओं (शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य) पर व्यय 2016–17 से 2021–22 (अग्रिम अनुमान–अ) की अवधि के दौरान बढ़कर 8.48 प्रतिशत से 9.72 प्रतिशत हो गया। इस अवधि के दौरान सभी सामाजिक क्षेत्रों में वृद्धि देखी गई है। शिक्षा के लिए वृद्धि इसी अवधि में 4.17 प्रतिशत से बढ़कर 4.72 प्रतिशत और स्वास्थ्य के लिए 1.42 से 1.70 प्रतिशत हो गई। कुल बजटीय व्यय में से सामाजिक सेवाओं पर व्यय का भाग भी वर्ष 2016–17 में 29.52 प्रतिशत (सारणी–13.13) से बढ़कर वर्ष 2021–22(अ) में 33.91 प्रतिशत हो गया।

सारणी–13.15: राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सेवा क्षेत्र के खर्च में प्रवाह

संकेतक	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20 वास्तविक	2020–21 संशोधित अनुमान	2021–22 बजट अनुमान
कुल बजटीय व्यय (₹ लाख में)	3607578	3481120	3915427	4306330	5346019	5019163
सामाजिक सेवाओं पर व्यय	1065099	1147151	1266925	1330535	1612939	1701923
जिसमें से:						
i) शिक्षा	524091	604067	619772	642287	752284	827165
ii) स्वास्थ्य	178685	200583	223790	230683	2953330	297604
iii) अन्य	362323	342501	423363	457565	565326	577154
	जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में					
सामाजिक सेवाओं पर व्यय	8.48	8.28	8.54	8.36	10.29	9.72
जिसमें से:						
i) शिक्षा	4.17	4.36	4.18	4.04	4.80	4.72
ii) स्वास्थ्य	1.42	1.45	1.51	1.45	1.88	1.70
iii) अन्य	2.88	2.47	2.85	2.87	3.61	3.29
	कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में					
सामाजिक सेवाओं पर व्यय	29.52	32.95	32.36	30.90	30.17	33.91
जिसमें से:						
i) शिक्षा	14.53	17.35	15.83	14.91	14.07	16.48
ii) स्वास्थ्य	4.95	5.76	5.72	5.36	5.52	5.93
iii) अन्य	10.04	9.84	10.81	10.63	10.57	11.50
	सामाजिक सेवाओं के प्रतिशत के रूप में					
i) शिक्षा	49.21	52.66	48.92	48.27	46.64	48.60
ii) स्वास्थ्य	16.78	17.49	17.66	17.34	18.31	17.49
iii) अन्य	34.02	29.86	33.42	34.39	35.05	33.91

स्रोत: राज्य सरकार के बजट दस्तावेज के अनुसार

नोट:

1. सामाजिक सेवाएं: जैसे शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पानी की आपूर्ति और स्वच्छता, आवास, शहरी विकास, एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. का कल्याण, श्रम और श्रम कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण, पोषण, प्राकृतिक आपदाओं के कारण राहत आदि शामिल हैं।

2. शिक्षा पर व्यय: जैसे शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर व्यय से संबंधित है।

3. स्वास्थ्य पर व्यय: जैसे चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और जल आपूर्ति और स्वच्छता इत्यादि।

4. बाजार की प्रचलित कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद में अनुपात आधार वर्ष 2011–12 पर आधारित हैं। वर्ष 2021–22 के लिए जी.डी.पी. पहले बजट अनुमान है।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज

14
अध्याय

14.1 ग्रामीण विकास

ग्रामीण विकास विभाग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन तथा क्षेत्र विकास के कार्यक्रमों को कार्यान्वित करना है। राज्य में निम्नलिखित राज्य तथा केंद्रीय प्रायोजित विकासात्मक योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं:–

14.2 दीनदयाल अन्तोदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)

स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) को राज्य में 01–04–2013 से DAY-NRLM में बदल दिया गया है। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों को दीर्घकालिक आजीविका के लिए लाभकारी स्वरोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में सक्षम बनाकर गरीबी को कम करना है। यह अभियान सम्पूर्ण प्रदेश के 86 विकास खण्ड़ों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

14.2.1 इस कार्यक्रम के मुख्य घटक निम्न है:

i. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत् समस्त ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करके आजीविका अर्जन की गतिविधियों से जोड़ना है।

ii. इस वित्तीय वर्ष में, स्वयं सहायता समूहों (SHGs) एवं ग्राम संगठनों (VOs) को प्रशिक्षण और मजबूत करने के लिए, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने 390 आंतरिक सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (ICRPs) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में 5 सक्रिय महिलाओं की पहचान की है और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (NIRD&PR) हैदराबाद के समन्वय में प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद, इन आंतरिक सामुदायिक संसाधन व्यक्तियो को हर महीने अपने संबंधित ब्लॉक में नए स्वयं सहायता समूह बनाने और मौजूदा स्वयं सहायता समूहों को पंचसूत्र, (बैंक लेनदेन, नियमित बैठकें, नियमित बचत, आपसी उधारी, नियमित कर्ज भुगतान, और लेखा–जोखा) रिकॉर्ड रखने और अन्य विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी देने हेतू समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तैनात किया जाता है।

iii. हिमाचल प्रदेश में 30,987 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह, 873 ग्रामीण संगठन और 15 क्लस्टर स्तरीय संघ (सी.एल.एफ.) का गठन किया गया है। इसके अन्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूह को स्टार्ट–अप फंड, रिवालविंग फंड तथा सामुदायिक निवेश राशि के रुप में वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

14.2.2 स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को दिए जाने वाले प्रोत्साहन निम्न प्रकार से हैं:

i. ब्याज अनुदान

स्वंय सहायता समूह प्रति वर्ष 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ₹3.00 लाख तक के ऋण पर अनुदान के लिए पात्र होंगे। स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) के अन्तर्गत अपने मौजूदा बकाया ऋण में पूंजीगत सब्सिडी प्राप्त करने वाले स्वंय सहायता समूह इस योजना के तहत लाभ के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा, इस योजना के अन्तर्गत जिलों की दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है, श्रेणी–I में चार जिले कांगड़ा, मंडी, शिमला और ऊना ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आते हैं और शेष जिले श्रेणी–II में आते हैं और हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पोषित किए जाते हैं। श्रेणी–I के जिलों के स्वंय सहायता समूह को बैंक 7 प्रतिशत ब्याज पर ₹3.00 लाख की कुल ऋण राशि तक उधार देता है। स्वंय सहायता समूह को तत्काल भुगतान पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान भी मिलता है, जिससे ब्याज की प्रभावी दर 4 प्रतिशत हो जाती है। श्रेणी–II के जिलों के लिए बैंक स्वंय सहायता समूह को उनके संबंधित उधार मापदंडों के अनुसार ऋण देते हैं। और स्वंय सहायता समूह के ऋण खातों में हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (HPSRLM) द्वारा उधार दरों और 7 प्रतिशत के अंतर को अनुदान 5.5 प्रतिशत की सीमा तक वहन किया जाता है।

ii. रिवालविंग राशि व सामुदायिक निवेश के रूप में दिये जाने वाले वित्तीय अनुदान

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गरीब महिलाओं के स्वंय सहायता समूहों व उच्चस्तरीय महासंघों (ग्राम संगठनों और क्लस्टर/खण्ड स्तर महासंघ) का गठन किया गया है। गठन के तीन महीने बाद प्रदर्शन के आधार पर स्वंय सहायता समूह को यदि वह नियमित रुप से मीटिंग, बचत, आपसी उधारी, नियमित कर्ज भुगतान तथा उचित लेखा–जोखा रखता है, को ₹15 हजार रिवालविंग फंड के रूप में प्रदान किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ₹32.10 करोड की राशि 17,939 से अधिक स्वंय सहायता समूहों को रिवालविंग फंड के रुप में वितरित की है।जिसके परिणामस्वरूप स्वंय सहायता समूह अब आय सृजन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और अपनी आजीविका और सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए अपना स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं।

iii. प्रारम्भिक राशि (स्टार्टअप फंड)

स्टार्टअप फंड की राशि ₹2,500 स्वंय सहायता समूहों व ₹45,000 प्रति ग्राम गठन के उपरान्त तुरन्त प्रदान की जाती है। हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने वर्ष 2018–19 से स्टार्टअप फंड की राशि स्वयं सहायता समूहों तथा ग्राम संगठनों को वितरित करनी प्रारम्भ की। दिसम्बर, 2021 तक ₹4.40 करोड 17,784 स्वंय सहायता समूहों व ₹2.40 करोड की राशि 532 ग्राम संगठनों को स्टार्टअप फंड के रूप में दी जा चुकी है।

iv. रिवालविंग फंड (आर.एफ.)

दस से पन्द्रह हजार रुपये की राशि उन स्वंय सहायता समूहों को दी जाती है जो गठन के बाद 3 माह से पंचसूत्रों का पालन कर रहे हों। दिसम्बर, 2021 तक ₹32.10 करोड़ की राशि 17,939 स्वयं सहायता समूहों को दी जा चुकी है।

v. सामुदायिक निवेश निधि (सी.आई.एफ.)

सामुदायिक निवेश निधि ₹50 हजार तक उन स्वंय सहायता समूहों को प्रदान की जाती है जो गठन के बाद 6 माह से अपनी जमा पूंजी व रिवालविंग राशि से सदस्यों को छोटे ऋण प्रदान कर रहे हों। यह राशि स्वंय सहायता समूहों को ऋण के रूप में ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसके अर्न्तगत 458 ग्राम संगठनों को अच्छा कार्य करने के लिए इस योजना में चुना गया है तथा ₹12.28 करोड़ की अतिरिक्त राशि सामुदायिक निवेश निधि के रुप में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदान की गई है।

vi. हिम ईरा स्वंय सहायता समूह की दुकानें

स्वंय सहायता समूह सदस्यों को एक स्थायी आजीविका का अवसर प्रदान करने और उनके द्वारा उत्पादित उत्पाद के लिए बाजार से जुड़ाव प्रदान करने के लिए, राज्य सरकार ने 2020–21 के बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिला स्वंय सहायता समूह सदस्यों द्वारा प्रबन्धित व संचालित हिम ईरा दुकानों को खोलने की घोषणा की है। ग्रामीण विकास विभाग, ने प्रदेश में हिम ईरा स्वंय सहायता समूह की 100 दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। अप्रैल, 2021 से नवंबर, 2021 तक 40 कार्यरत हिम ईरा दुकानों की कुल बिक्री ₹45.00 लाख दर्ज की गई। इसके अलावा विभाग 58 विकास खंडों में हिम ईरा साप्ताहिक बाजारों का आयोजन कर रहा है और अप्रैल से नवंबर, 2021 तक कुल बिक्री ₹44.18 लाख दर्ज की गई।

14.2.3 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में दिसम्बर, 2021 तक जिलावार वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों के अन्तर्गत उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं:–

सारणी 14.1: वर्ष 2021–22 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लक्ष्य तथा उपलब्धियां (निरन्तर)

जिला का नाम	स्वयं सहायता समूह का लक्ष्य	उपलब्धियां	रिवालविंग फंड का लक्ष्य		रिवालविंग फंड की उपलब्धियां	
			एस.एच.जी. की संख्या	राशि (₹लाख)	एस.एच.जी. की संख्या	राशि (₹लाख)
बिलासुपर	403	122	321	48.15	173	27.25
चम्बा	733	260	533	79.95	219	33.20
हमीरपुर	623	300	451	67.65	267	51.90
कांगड़ा	1577	1074	1201	180.15	1126	205.80
किन्नौर	293	64	175	26.25	136	21.00
कुल्लू	513	332	411	61.65	324	59.45
लाहौल स्पिति	74	07	88	13.20	01	0.25
मण्डी	1137	889	1473	220.95	729	124.90
शिमला	1137	586	1062	159.30	646	97.70
सिरमौर	623	742	542	81.30	1081	165.40
सोलन	477	163	323	48.45	215	35.55
ऊना	477	239	420	63.00	378	60.40
कुल योग	**8067**	**4778**	**7000**	**1050.00**	**5295**	**882.80**

जिला का नाम	सामुदायिक निवेश का लक्ष्य		सामुदायिक निवेश की उपलब्धियां		बैंकों के साथ एस.एच.जी. का क्रैडिट लिंकेज (₹लाख में)	क्रैडिट की उपलब्धियां (₹लाख में)
	एस.एच.जी. की संख्या	राशि (₹लाख)	एस.एच.जी. की संख्या	राशि (₹लाख)		
बिलासपुर	134	67.00	23	11.60	510	224.88
चम्बा	105	52.50	13	8.00	1100	227.20
हमीरपुर	78	39.00	49	20.08	830	247.13
कांगड़ा	273	136.50	04	2.00	2200	1751.59
किन्नौर	52	26.0	12	6.00	220	43.69
कुल्लू	133	66.50	0	0.00	410	214.92
लाहौल स्पिति	0	0.0	0	0.00	170	0.00
मण्डी	331	165.50	66	36.75	1760	1590.83
शिमला	297	148.50	131	65.95	1600	843.53
सिरमौर	136	68.00	174	75.80	680	229.08
सोलन	102	51.00	22	10.50	690	235.56
ऊना	159	79.50	92	39.07	830	654.97
कुल योग	**1800**	**900.00**	**586**	**275.75**	**11000**	**6263.38**

14.3 मुख्यमंत्री एक बीघा योजना

मुख्यमंत्री एक बीघा योजना मई, 2020 में शुरु की गई थी जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और मनरेगा के बीच एक अभिसरण योजना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ पंजीकृत स्वंय सहायता समूह की कोई भी महिला ₹1.00 लाख तक इस योजना के अन्तर्गत लाभ उठा सकती है अगर उसके पास मनरेगा जॉव कार्ड है। इस योजना के अन्तर्गत 11,271 आवेदन स्वीकृत किए गए। आवेदनों के आधार पर 6,649 कार्य शुरु किये जिसमें से 1,756 कार्य, ₹18.72 करोड़ के कुल व्यय के साथ पूरे किये गये।

14.4 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनाः (डी.डी.यू.–जी.के.वाई.)

दीनदयाल उपाध्यय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत् कौशल विकास के लिए चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण गरीब युवाओं के लिए कौशल प्रदान करना और न्यूनतम मजदूरी या उससे ऊपर नियमित मासिक वेतन प्रदान करने वाली नौकरियां प्रदान करना है। इस योजना के लाभ निम्न वर्णित हैं:–

- परियोजना के अन्तर्गत यह आश्वासन दिया गया है कि 70 प्रतिशत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।
- योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण एवं निःशुल्क आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाती है।

- पाठयक्रमों की अवधि 3–12 महीने तक होती है।
- उम्मीदवार की पोस्ट प्लेसमेंट ट्रैकिंग एक वर्ष के लिए की जाती है।

सारणी 14.2: योजना की वर्तमान स्थिति

वर्ष	नामांकित	प्रशिक्षित	जिन्हें नौकरी प्रदान की गई
2017–18	1599	1445	66
2018–19	3040	2554	1102
2019–20	2038	1135	923
2020–21	130	130	682
2021–22(दिसम्बर 2021 तक)	765	152	401
योग	**7572**	**5416**	**3174**

स्त्रोतः ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

14.5 वाटरशैड विकास कार्यक्रम

ग्रामीण क्षेत्रों से सम्बन्धित बंजर भूमि/विकृत भूमि विकास, सूखा ग्रस्त तथा मरूस्थल क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन हेतु भूमि विकास, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश में जलागम विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। यह कार्यक्रम केन्द्र और राज्य के बीच 90:10 के वित्त पोषण आधार पर लागू किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में नवम्बर, 2021 तक पी.एम.के.एस.वाई. के वाटरशेड विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई प्रगति नीचे दर्शाई गई हैः–

सारणी–14.3: वाटरशेड विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई प्रगति

राशि(₹ करोड़)		भौतिक उपलब्धियां	
प्राप्तियां	व्यय	उपचारित क्षेत्र (हैक्टेयर)	अर्जित कार्य दिवस
91.58	31.42	8942	298054

14.6 प्रधानमन्त्री आवास योजना– ग्रामीण (पी.एम.ए.वाई–जी.)

इस योजना का उद्देश्य 2022 तक सभी बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण–क्षीर्ण भवनों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ एक पक्का घर उपलब्ध कराना है। इकाई (घर) की लागत 90:10 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकार के बीच सांझा की जाती है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए वर्ष 2019–20 से 1.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने वर्ष 2019–20 से भवन इकाई लागत ₹1.30 लाख के अतिरिक्त ₹20 हजार की राशि स्वीकृत की है। MoRD, GoI ने

आवास प्लस सर्वेक्षण के तहत वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए 3,514 घरों का लक्ष्य आवंटित किया है। दिसम्बर, 2021 तक आवंटित लक्ष्य में से विभाग ने 1,620 आवास स्वीकृत किए हैं।

14.7 मुख्यमंत्री आवास योजना (एम.एम.ए.वाई.)

राज्य सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे की सभी श्रेणियों के लिए इस योजना की घोषणा की थी। चालू वर्ष 2021–22 में ₹20.93 करोड़ का नियोजित बजट प्रावधान है तथा राज्य में सभी श्रेणियों के 1,257 आवासों के निर्माण का प्रस्ताव है।

14.8 सांसद आदर्श ग्राम योजना (एस.ए.जी.वाई.)

इस योजना का मुख्य लक्ष्य निर्धारित ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में सहायक प्रक्रियाओं में तेजी लाना है। इस योजना का उद्देश्य सभी वर्गो के जीवन स्तर और जीवन गुणवत्ता लाने के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार, अधिकतम उत्पादकता, बेहतर मानव विकास, बेहतर आजीविका के अवसर, असमानता में कमी, अधिकारों के लिए पंहुच दिलाना, व्यापक सामाजिक एकजुटता व समृद्ध सामाजिक पूंजी आदि सम्मिलित है। सांसद आदर्श ग्राम योजना के कार्यान्वयन के दूसरे चरण के तहत निम्नलिखित गांवों को चिन्हित किया गया है:

माननीय सांसद का नाम	आदर्श ग्राम पंचायत का नाम	विकास खण्ड का नाम	जिले का नाम	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम
श्री अनुराग ठाकुर	दारला	सुजानपुर	हमीरपुर	हमीरपुर
श्री अनुराग ठाकुर	टिहरा	घर्मपुर	मण्डी	हमीरपुर
श्री अनुराग ठाकुर	टाली	श्री नैना देवी जी	बिलासपुर	हमीरपुर

14.9 श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन:

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (SPMRM) को प्रधानमंत्री द्वारा 21 फरवरी, 2016 को प्रारम्भ किया गया था। इस मिशन का मूल है कि "गाँवों के एक समूह का विकास करना जो ग्रामीण सामुदायिक जीवन के सार को संरक्षित और पोषित करने के साथ–साथ समानता और समावेश पर ध्यान केंद्रित करता है। परन्तु सुविधा जो अनिवार्य रूप से शहरी प्रकृति की होती है, उनसे कोई समझौता नहीं किया जाता, इस प्रकार "रुर्बन गाँवों" का एक समूह तैयार किया जाता है।

इस मिशन के तहत परिकल्पित परिणाम निम्न हैं:

- हिमाचल प्रदेश में, भारत सरकार द्वारा तीन चरणों में 6 रूर्बन समूहों को मंजूरी दी गई है। मिशन के तहत, प्रत्येक रुर्बन क्लस्टर को लगभग ₹50.00 करोड़ की कुल परियोजना लागत के साथ विकसित किया जाना है, जहां 70 प्रतिशत धनराशि सरकार की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से प्रदान की जाएगी और 30 प्रतिशत

क्रिटिकल गैप फंडिंग के रूप में प्रदान की जाएगी। भारत सरकार सीजीएफ के रूप में प्रति क्लस्टर ₹15.00 करोड़ की राशि प्रदान करती है।

- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छह क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैं:

जिला का नाम	कलस्टर	ग्राम पंचायतें	चरण	क्रिटिकल गैप फंडिंग व्यय	अभिसरण व्यय
किन्नौर	संगला (मार्च 2016)	बतसरी, चांनसु, छितकुल, कामरू रकछम, सांगला, थमग्रेग (बोनिंग सैरिंग)	I	9.00	28.90
सोलन	हिन्नर (मार्च 2016)	बनजानी, चैल, डंगगील, हिन्नर, झाजा, नागली, सकोली	I	6.00	32.90
मण्ड़ी	ऑट (अक्तूबर 2016)	ऑट, झिरी, कोटाधार, नगवाई, किगश, टकोली	II	4.50	10.90
किन्नौर	मुरंग (अगस्त,2017)	मुरंग, थांगी, रिसपा, कुन्नु, चरांग	II	2.20	31.90
चम्बा	सिंहुता (अगस्त,2017)	हाटली, बलाना, गोला, थुलेट	III	1.30	5.60
शिमला	घणाहट्टी (अगस्त,2017)	नेरी, चैली, टुट्टू, मजठाई, बायचरी, घणाहट्टी, गनोग, नेहरा, शकराह	III	4.10	17.20
			योग	**27.10**	**127.40**

14.10 मातृ शक्ति बीमा योजना

यह योजना 10–75 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली सभी महिलाओं को कवर करती है। यह पॉलिसी परिवार के सदस्यों/बीमित महिलाओं को उनकी मृत्यु या किसी भी प्रकार की दुर्घटना सर्जिकल ऑपरेशन जैसे नसबंदी, बच्चे के जन्म/प्रसव के समय दुर्घटना, डूबने, बाढ़ में बहने, भूस्खलन, कीड़े के काटने के कारण होने वाली अक्षमता के मामले में राहत प्रदान करती है। और यह योजना विवाहित महिलाओं को उनके पति की दुर्घटना के कारण मृत्यु के मामले में भी लाभ देती है। मुआवजे की राशि इस प्रकार है:

- मृत्यु ₹2.00 लाख।
- स्थायी कुल दिव्यांगता ₹2.00 लाख।
- एक अंग और एक आंख या दोनों आंखों और दोनों अंगों की हानि ₹2.00 लाख।
- एक अंग/एक कान की हानि ₹1.00 लाख।
- पति की मृत्यु के मामले में ₹2.00 लाख।

इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान 31 दिसम्बर, 2021 तक 103 परिवारों को ₹206.00 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

14.11 स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण कार्यक्रम का प्रारम्भ 02.10.2014 को किया गया और हिमाचल प्रदेश को 28–10–2016 को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) राज्य घोषित किया गया है। अब स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण का फोकस निम्नलिखित गतिविधियों/घटकों पर है:

- खुले में शौच मुक्त (ओ.डी.एफ.) सतता।
- खुले में शौच मुक्त अतिरिक्त गतिविधियां (आकांक्षी, राइजिंग और मॉडल)।
- उन व्यक्तिगत घरों को प्रोत्साहन, जिनके पास व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आई.एच.एच.एल.) के अन्तर्गत, निर्माण के लिए शौचालय नहीं है, और "कोई भी पीछे नहीं छूटना चाहिए"।
- ठोस और तरल कचरा प्रबंधन (गंदा पानी, प्लास्टिक अपशिष्ट और मल कीचड़ प्रबंधन)।
- सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सी.एस.सी.) का निर्माण।
- मासिक धर्म स्वच्छता ।
- गोबर–धन परियोजनाएं।
- सूचना शिक्षा और संचार/क्षमता निर्माण।

भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के कार्यान्वयन के लिए द्वितीय–चरण दिशा–निर्देशों को परिचालित किया है जो राज्य में 01.04.2020 से लागू हैं और इसकी मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

घटक		वित्तीय सहायता	
बी.पी.एल. और चिन्हित एपीएल के लिए व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आई.एच.एच.एल) के निर्माण के लिए प्रोत्साहन		₹12,000 तक (स्वच्छता बनाए रखने के लिए हाथ धोने और स्वच्छता के लिए जल भंडारण सुविधा के प्रावधान सहित)	
ठोस और तरल कचरा प्रबंधन गतिविधियाँ (SLWM)	ग्राम स्तर (SLWM) गतिविधियाँ	गाँव का आकार	वित्तीय सहायता
		5000 जनसंख्या तक	• ठोस और तरल कचरा प्रबंधन: ₹60 प्रति व्यक्ति तक • ₹280 प्रति व्यक्ति तक गंदे पानी के प्रबंधन के लिए
		5000 जनसंख्या से अधिक	• ठोस और तरल कचरा प्रबंधन: ₹45 रुपये प्रति व्यक्ति तक • ₹660 रुपये प्रति व्यक्ति तक गंदे पानी के प्रबंधन के लिए

नोटः– 1) इस राशि का 30 प्रतिशत ग्राम पंचायतें अपने 15वें वित्त आयोग अनुदान से वहन करेंगी। 2) प्रत्येक गांव ठोस कचरा और गंदे पानी के प्रबंधन दोनों के लिए अपनी आवश्यकताओं के आधार पर न्यूनतम ₹1.00 लाख का उपयोग कर सकता है।			
घटक		**वित्तीय सहायता**	
जिला स्तरीय ठोस और तरल कचरा प्रबंधन गतिविधियाँ (SLWM)		गाँव का आकार	वित्तीय सहायता
		प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (प्रत्येक ब्लॉक में एक)	₹16.00 लाख प्रति यूनिट
		मल कीचड़ प्रबंधन (FSM)	₹230 प्रति व्यक्ति
		गोबर–धन परियोजनाएं	₹50.00 लाख प्रति जिले
सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स (CSC)		इसमें से ₹3.00 लाख का वहन ग्राम पंचायतों द्वारा 15वें वित्त आयोग अनुदान से किया जाएगा।	

14.11.1 वर्ष 2021–22 के दौरान उपलब्धियां

- 6,600 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया।
- 178 सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी) का निर्माण किया गया।
- 445 गांवों को ठोस कचरा प्रबंधन गतिविधियों में शामिल किया गया।
- तरल कचरा प्रबंधन गतिविधियों के लिए 121 गांवों को लिया गया।
- प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों के लिए 81 स्थलों की पहचान की गई है, 28 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है और 7 इकाइयां चल रही हैं।
- 14 गोबर–धन परियोजनाओं की स्थापना का कार्य मैसर्स बाजवा एनर्जी डेवलपर्स, उत्तराखंड को सौंपा गया है और 5 स्थलों पर काम शुरू कर दिया गया है।

14.12 पंचवटी

पंचवटी योजना वर्ष 2020–21 में शुरु की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मनरेगा के साथ अभिसरण में ऐसे पार्कों और उद्यानों का निर्माण करना है जिनका उपयोग मनोरंजन के उद्देश्य से किया जा सकता है ताकि वरिष्ठ नागरिक इन पार्कों और उद्यानों में टहलने के लिए अपना खाली समय व्यतीत कर सके। इन पार्कों और उद्यानों को वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (जी) और 14वें वित्त आयोग के अभिसरण के साथ न्यूनतम एक बीघा की समतल भूमि पर विकसित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान पंचवटी के अंतर्गत 217 स्थलों की पहचान कर 70 स्थलों पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अब तक ₹156.82 लाख की राशि खर्च की जा चुकी है।

14.13 ग्रामीण मॉडल स्कूल

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) बनाने की दृष्टि से, विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एक नई योजना आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत 166 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की पहचान की गई है।

14.14 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)

भारत सरकार द्वारा सितम्बर, 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को अधिसूचित किया गया। वर्ष 2021–22 के दौरान की गई प्रगति का सार नीचे दिया गया है:

₹ लाख में

केंद्रीय शेयर	राज्य शेयर	अग्रिम राज्य शेयर	व्यय	सृजित रोजगार (लाख में)	प्रदान किया रोजगार (सं.)
66625.83	8029.91	10000.00	85759.74	255.73	606182

14.15 पंचायती राज

हिमाचल प्रदेश में 12 जिला परिषद, 81 पंचायत समितियाँ और 3,615 ग्राम पंचायतें गठित हैं। विभाग की प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

1. 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों को वर्ष 2020–21 में लागू करना शुरू कर दिया गया है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकार को ₹317.00 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से ₹158.50 करोड़ पंचायती राज संस्थाओं को वितरित किए जा चुके हैं।
2. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अर्न्तगत, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार (MoPR,GoI) ने राज्य के लिए ₹164.43 करोड़ स्वीकृत किए हैं, जिसमें से ₹34.42 करोड़ पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों/घटकों के लिए जारी किए गए हैं:

   - पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण
   - चार जिला पंचायत संसाधन केन्द्रों (डी.पी.आर.सी.) कांगड़ा, मण्डी, हमीरपुर एवं सोलन की अतिरिक्त सुविधाओं एवं रख–रखाव अनुरक्षण पर आवर्ती लागत।
   - ग्राम पंचायत के साथ कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी) का सह–स्थान ।

3. राज्य वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार पंचायतों को प्रतिबद्ध देनदारियों और पूंजीगत कार्यों को पूरा करने के लिए ₹248.55 करोड़ प्रदान किए गए थे।

4. सरकार पंचायती राज संस्थाओं (पी.आर.आई.) को पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के यात्रा और दैनिक भत्तों पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए सहायता अनुदान प्रदान कर रही है।

5. नवगठित 412 ग्राम पंचायतों में से 183 पंचायतों को नये पंचायत घर के निर्माण हेतु ₹20.49 करोड़, 10 पुरानी ग्राम पंचायतों को नये पंचायत सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु ₹1.19 करोड़ तथा 37 पुरानी ग्राम पंचायतों को उनके संबंधित पंचायत घर की मुरम्मत/स्तरोन्नत के लिए ₹3.19 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

6. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान 27,000 नवनिर्वाचित पंचायती राज संस्थाओं/ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

7. विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की आई टी एप्लीकेशन शुरू की गई हैं जिसके द्वारा आम जनता को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे परिवार–रजिस्टर, राशन कार्ड, विवाह पंजीकरण इत्यादि का लाभ ऑनलाईन उठा सके। ई–ग्राम स्वराज एप्लीकेशन के माध्यम से पंचायतों के खातों तक पहुॅच बनाई जा सकती है।

आवास और शहरी विकास

15
अध्याय

15.1 आवास

हिमाचल प्रदेश सरकार, आवास एवम् शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के मकान, फ्लैट और विकसित भूखंड प्रदान कर रही है, ताकि विभिन्न आय समूहों के लोगों की आवास मांग को पूरा किया जा सके। इस वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए हिमुडा द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले कार्यों के लिए दिसम्बर, 2021 तक ₹33.92 करोड़ व्यय हो चुका है। वित्त वर्ष के दौरान 159 फ्लैटों, 11 आवासों और 180 रिहायशी प्लाट विभिन्न श्रेणियों के लिए विकसित करने का लक्ष्य है जिनमें से 80 फ्लैटों का निर्माण तथा 61 प्लाटों को विकसित किया जा चुका है। हिमुडा का धर्मशाला, सोहाला (सिरमौर) में नई आवासीय कॉलोनियों तथा शिमला में व्यावसायिक परिसर को विकसित करने का प्रस्ताव है। इन कॉलोनियों में अनुमानित 1,007 प्लाटों, 1,076 फ्लैटों और 2 कॉटेज का निर्माण कार्य होगा। शिमला में हवाई अड्डे के समीप नई आवासीय कॉलोनी की योजना प्रगति पर है। फ्लावरडेल, छवरोगटी में (बेसमेन्ट, फ्लैटों), धर्मपुर (सोलन) कामली रोड परवाणू, रामपुर (शिमला), देहरा और रजवाड़ी (मण्डी), में आवासीय कॉलोनियों का कार्य प्रगति पर है।

15.1.1 हिमुडा की पहलः

हिमुडा में इस वर्ष 2021–22 में विभिन्न निर्माण कार्यों में वेतन रोजगार माध्यम से 6,61,330 कार्य दिवसों के सृजन का अनुमान है जिसका निष्पादन हिमुडा द्वारा किया जाता है।

15.2 शहरी विकास

वर्तमान में नगर निगम शिमला, धर्मशाला, सोलन, मण्डी व पालमपुर सहित हिमाचल प्रदेश में 61 शहरी स्थानीय निकाय है। शहरी क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिवर्ष इन शहरी स्थानीय निकायों को सहायता अनुदान राशि प्रदान कर रही है। राज्य वित्तायोग की सिफारिशों के अनुसार इन शहरी स्थानीय निकायों को ₹161.25 करोड़ की राशि अभी तक प्रदान की जा चुकी है तथा शेष राशि इस वर्तमान वित्त वर्ष में जारी कर दी जायेगी। इस राशि में इन निकायों के लिए विकास कार्यों तथा उनके आय व व्यय के अन्तर को दूर करने के लिए सहायता अनुदान राशि भी सम्मिलित है।

15.2.1 शहरी क्षेत्रों में सड़कों का रख–रखाव

61 शहरी स्थानीय निकायों द्वारा लगभग 3,288 किलोमीटर सड़कें, रास्ते गलियों तथा नालियों का रख–रखाव किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष 2021–22 में इन सड़कों के लिए सरकार द्वारा ₹6.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

15.3 दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डी.ए.वाई.एन.यू.एल.एम.)

योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रह रहे गरीब परिवारों का सामाजिक आर्थिक एवं संस्थागत क्षमता विकास करते हुए प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार अवसर प्रदान करते हुए सतत् तौर पर आजीविका साधनों को सुदृढ़ करना है जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके।

इस योजना के मुख्य घटक निम्नलिखित हैंः–

i) कौशल प्रशिक्षण एवं प्लैसमेंट के माध्यम से रोजगार।
ii) सामाजिक जागरूकता एवं संस्थागत विकास।
iii) क्षमता वर्धन एवं प्रशिक्षण।
iv) स्वरोजगार कार्यक्रम।
v) शहरी आवासहीनों के लिए आश्रय।
vi) शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता।
vii) प्रगतिशील एवं विशेष परियोजनाएं।

15.3.1 वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए भारत सरकार द्वारा इस योजना के अन्तर्गत ₹5.20 करोड़ की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है। वर्ष 2021–22 की उपलब्धियां निम्नलिखित हैः–

- अब तक 372 स्वंय सहायता समूह बनाए जा चुके हैं।
- इस योजना के अन्तर्गत 1,516 लाभार्थियों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा 782 लाभार्थियों को रोजगार प्रदान किया गया है।
- लघु उद्यम स्थापित करने के लिए 204 व्यक्तियों तथा 83 स्वयं सहायता समूहों को कम ब्याज पर ऋण प्रदान किया गया है।
- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 4,934 ऋण आवेदन बैंकों में जमा कर दिए गए हैं जिसमें से अभी तक 3,824 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं तथा 3,634 आवेदकों को ऋण स्वीकृत एवं प्रदान किये जा चुके हैं।

15.4 केन्द्रीय वित्तायोग अनुदान

15वें वित्तायोग ने शहरी स्थानीय निकायों एवं छावनी परिषद् के लिए दो प्रकार की अनुदान राशि स्वीकृत की है। पहली अनुदान राशि (40 प्रतिशत) जोकि बिना शर्त के प्रदान की जाती है। दूसरी अनुदान राशि (60 प्रतिशत) वह है जोकि 15वें वित्तायोग द्वारा सुझाई गई कुछ शर्तों को पूरा करने के उपरान्त जारी की जाती है। इस वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए ₹156.00 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है, इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा 15वें वित्तायोग के अन्तर्गत् ₹5.53 करोड़ की स्वास्थ्य अनुदान राशि शहरी स्थानीय निकायों को इस वित्तीय वर्ष में जारी की गई। वित्तीय वर्ष 2021–22 की सशर्त अनुदान की दूसरी किश्त ₹51.75 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2020–21की सशर्त अनुदान की पहली किस्त ₹46.80 करोड़ शहरी स्थानीय निकायों एवं छावनी परिषदों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में जारी की जा चुकी है।

15.5 शहरी रुपांतरण तथा पुनरावर्तन के लिए अटल मिशन (अमरूत)

इस योजना के अन्तर्गत शिमला और कुल्लू शहरों का चयन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में इस योजना के लिए ₹30.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। कुल 75 परियोजनाओं में से 47 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी है।

15.6 स्मार्ट सिटी मिशन (एस.सी.एम.)

स्मार्ट सिटी मिशन जून, 2015 में शुरु किया गया था। इस मिशन के अन्तर्गत नगर निगम धर्मशाला की परियोजना को स्वीकृत किया है। वर्ष 2017–18 में भारत सरकार द्वारा नगर निगम शिमला को भी स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत शामिल किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में इस योजना के लिए ₹100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है इसके अतिरिक्त भारत सरकार से ₹68.00 करोड़ की राशि केन्द्रीय भाग के रुप में प्राप्त हुई है। धर्मशाला स्मार्ट सिटी की कुल 74 परियोजनाओं में से 19 परियोजनाएं पूरी कर ली गई है तथा 28 परियोजाओं का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शिमला स्मार्ट सिटी की कुल 53 परियोजनाओं में से 28 शीघ्र कार्यान्वित होने वाली परियोजनाओं को चुन लिया गया है। इन परियोजनाओं

को आगे 163 घटकों में विभाजित किया गया है जिनमें से 34 घटकों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 71 घटकों का कार्य प्रगति पर है।

15.7 स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)

स्वच्छ, भारत अभियान (शहरी) भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है और भारत सरकार के आवास एवं शहरी विकास मामलों के मंत्रालय द्वारा सभी शहरी नगर निकायों में कार्यान्वित है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरों/कस्बों को खुले में शौच मुक्त व नागरिकों को स्वस्थ और रहने योग्य वातावरण प्रदान करना है। इस उद्‌देश्य के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य प्रगति पर हैंः–

i) शहरी स्थानीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण के लिए धन संवितरित करना और शहरों में सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों की पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करना। अभी तक इस अभियान के अन्तर्गत 6,715 व्यक्तिगत शौचालय के लिए बनाए जा चुके हैं, (जिनके पास शौचालय सुविधा नहीं है)। 391 सामुदायिक और 1,273 सार्वजनिक शौचालय शीटें नई व पुनर्निर्मित की जा चुकी है।

ii) राज्य में साधारण जनता को जागरुक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां जिनमें नियमित रुप से जागरुकता, स्वच्छता पखवाड़ा, होडिंग/बैनर, नुक्कड़ नाटक, प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया द्वारा संचालित की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष 2021–22 में इस योजना को लागू करने के लिए ₹5.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

15.8 प्रधानमंत्री आवास योजना सभी के लिए आवास (शहरी)

भारत सरकार द्वारा यह नई योजना शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई है, जिसको 17.06.2015 से 31.03.2022 तक लागू किया जाना है इस योजना का उद्देश्य शहरों को स्लम मुक्त करके उन्हें आवास में बसाना, निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लिए ऋण आधारित सब्सिडी योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर आवासों का निर्माण करना, सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के माध्यम से आवासीय मकान, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को परिवारों के लिए सुनिशचित करना है तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को स्वयं उनके द्वारा नए आवासों के निर्माण एवं मौजूदा आवास के सुधार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में इस योजना को लागू करने के लिए ₹5.20 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

15.9 पार्किंग का निर्माण

शहरी स्थानीय निकायों में पार्किग की समस्या के समाधान हेतु इस वित्तीय वर्ष 2021–22 में ₹10.00 करोड का बजट प्रावधान है जिसमें से ₹1.73 करोड़ की राशि 3 शहरी स्थानीय निकायों को पार्किंग के निर्माण हेतु जारी की जा चुकी है। इस योजना के अन्तर्गत

वित्तीय सहायता 50:50 के आधार पर उपलब्ध करवाई जाती है (50 प्रतिशत सरकार द्वारा और 50 प्रतिशत सम्बन्धित नगरीय निकाय द्वारा वहन की जाती है)

15.10 पार्कों का निर्माण

शहरी स्थानीय निकायों में चरणवद्ध तरीके से पार्को के निर्माण के लिए इस वित्तीय वर्ष में ₹5.50 करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। इस योजना के अन्तर्गत् 60:40 के अनुपात में निधि जारी की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत अनुदान सरकार तथा 40 प्रतिशत भाग सम्बन्धित शहरी स्थानीय निकाय द्वारा व्यय किया जाना है।

15.11 अटल श्रेष्ठ शहर योजना (ए.एस.एस.वाई.)

वर्ष 2020–21 के बजट भाषण में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ने ''अटल श्रेष्ठ शहर योजना'' के दायरे को बढ़ाकर शीर्ष तीन नगर परिषदों और शीर्ष तीन नगर पंचायतों को शामिल किया है, जिसमें पुरस्कार राशि के लिए प्रत्येक नगर परिषद और नगर पंचायत को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान दिया जाएगा। नगर परिषदों के लिए पुरस्कार राशि क्रमशः ₹1.00 करोड़, ₹75.00 लाख, ₹50.00 लाख और नगर पंचायतों के लिए पुरस्कार राशि क्रमशः ₹75.00 लाख, ₹50.00 लाख और ₹25.00 लाख है। सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों को हर साल 25 दिसंबर को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अटल श्रेष्ठ शहर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। ए.एस.एस.वाई. 2020 और 2021 के तहत अवार्ड को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हालांकि, 2019 के दौरान विजेता का विवरण नीचे दिया गया है:

सारणी 15.1 : वर्ष–2019 के लिए पुरस्कृत शहरी स्थानीय निकाय

क्र.सं.	श्रेणी	पुरस्कार राशि	शीर्ष अंक प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकाय
1.	सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली नगर परिषद	₹ 1.0 करोड	पालमपुर
2.	सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली नगर पंचायत	₹ 0.75 करोड	राजगढ़
3.	नगर परिषदों में सैनिटेशन/स्वच्छता के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता	₹ 0.05 करोड	नैना देवी जी
4.	नगर परिषदों में लोक सेवा वितरण के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता	₹ 0.05 करोड	बिलासपुर
5.	नगर पंचायतों में सैनिटेशन/स्वच्छता के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता	₹ 0.05 करोड	सरकाघाट
6.	नगर पंचायतों में लोक सेवा वितरण के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता	₹ 0.05 करोड	नादौन

15.12 मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कोविड–19 महामारी के वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना 16.5.2020 को शुरु की गई जिसका ध्येय लोगों को आजीविका सुरक्षा देने हेतू शहरी क्षेत्रों में हर घर को 120 दिनों का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराना है। यह योजना 19.04.2021 को पुनः अधिसूचित की गई तथा 31.03.2022 तक जारी रहेगी। इस योजना के अन्तर्गत घर के पंजीकृत सदस्य कार्य करने के पात्र होंगे। शहरी स्थानीय निकाय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्थानीय निवासी जो अपने घर या किराए पर रहते हों काम करने के लिए पात्र हैं। कार्य करने के लिए ऊपरी आयु सीमा 65 वर्ष है। शहरी विकास विभाग ने मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना (एम.एम.एस. एजी.वाई.) का ऑनलाईन पोर्टल भी शुरु किया है। लाभार्थी शहरी स्थानीय निकाए के कार्यालय में जाये बिना अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत 6,539 लोग पंजीकृत हुए हैं तथा 3,603 लाभार्थियों को कार्य दिया गया है। इस योजना के लिए ₹295.85 लाख का प्रावधान किया गया है।

15.13 नगर एवम् ग्राम योजना

कार्यात्मक, आर्थिक, पर्यावरणीय सतत् और सौन्दर्यात्मक जीवन सुनिश्चित करने, पर्यावरण के संरक्षण, विरासत और मूल्यवान भूमि संसाधनों के सतत् विकास के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी द्वारा हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 को 55 योजना क्षेत्रों (राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 1.60 प्रतिशत) है और 35 विशेष क्षेत्र (राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 2.06 प्रतिशत) में लागू किया गया है।

पहलें

1. मानचित्र अनुमोदन प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए अग्निशमन विभाग, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड एवं राजस्व विभाग से अपेक्षित अनापति प्रमाण पत्र को स्वतः घोषणा के आधार पर दिनांक 20.08.2020 अधिसूचित कर दिया गया है।

2. नगर एवं ग्राम योजना नियम, 2014 के परिशिष्ट–1 के सामान्य विनियम के खण्ड 28 में अधिसूचना दिनांक 26.02.2021 द्वारा साइट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निजी निर्माण में सैट बैक फर्श और भवन की ऊंचाई आदि में छूट के सम्बन्ध में आवश्यक संशोधन किया गया है।

3. हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना नियम, 2014 के अन्तर्गत् पंजीकृत निजी पेशेवरों को 500 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड में आवासीय उपयोग के लिए विकास अनुमति प्रदान करने हेतू मानक परिचालन प्रक्रिया का मसौदा प्रस्ताव राज्य भर में अधिसूचित योजना/विशेष क्षेत्रों और शहरी स्थानीय निकायों के लिए तैयार किया गया है।

4. भारत सरकार की अमृत उप–योजना के अन्तर्गत शिमला एवं कुल्लू योजना क्षेत्रों के लिए जी.आई.एस. आधारित विकास योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। यह इन क्षेत्रों के विकास के लिए व्यापक योजना सुनिश्चित करेगा।

5. अतिरिक्त बिलासपुर योजना क्षेत्र का मौजूदा भू–उपयोग मानचित्र अपना लिया गया है तथा अतिरिक्त हमीरपुर योजना क्षेत्र का मौजूदा भू–उपयोग मानचित्र का कार्य प्रगति पर है।

6. बढ़ती पार्किंग आवश्यकताओं को पूरा करने और शहरों की सभी प्रमुख सड़कों पर यातायात के सुचारु प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 4.12.2020 की अधिसूचना द्वारा राहत प्रदान की है। इस अधिसूचना के अनुसार भवन मालिक भवन के आगे का सैटबैक 50 प्रतिशत तक, बिना छत की पार्किंग बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

7. हिमाचल प्रदेश ऊर्जा संरक्षण भवन, संहिता हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियम 2014 में परिशिष्ट–II के रुप में केवल वाणिज्यिक भवन हेतु, सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा जा रहा है जिससे ग्रीन बिलडिंग और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

8. 15 योजना/विशेष क्षेत्रों के लिए विकास योजनाएं नामतः वाकनाघाट, चैल, सुजानपुर चामुंडा, चौपाल, मैहतपुर, जाबली, सराहन, हाटकोटी, धौलाकुंआ माजरा, जोगिन्द्रनगर, नेरचौक, भोटा, चिंतपूर्णी, भरमौर के लिए विकास योजना

तैयार की जा रही है तथा 12 विकास योजनाएं नामतः चम्बा, डलहौजी, बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, कसौली, पालमपुर, सोलन, नाहन, मण्डी, कुल्लू (अमृत) और शिमला (अमृत) के विकास योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

15.14 रियल इस्टेट नियामक अधिनियम(आर.ई.आर.ए.)

रियल इस्टेट विनियामक प्राधिकरण हिमाचल प्रदेश ने 01.01.2020 से अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया है। यह प्राधिकरण शिकायतों को दर्ज करने के अतिरिक्त रियल एस्टेट परियोजनाओं तथा रियल एस्टेट एजेंटों को पंजीकृत करने की प्रक्रिया करता है। इस प्राधिकरण ने दिसम्बर, 2021 तक 19 रियल एस्टेट परियोजनाओं तथा 27 रियल एस्टेट एजेंटों को पंजीकृत किया है। प्राधिकरण के पास अब तक लगभग 50 शिकायतें दर्ज की गई हैं जिनमें से 15 का निपटारा कर दिया गया है तथा शेष 35 में सुनवाई प्रक्रियाधीन है। यह प्राधिकरण रियल एस्टेट परियोजनाओं, रियल एस्टेट एजेंटों के पंजीकरण और शिकायतों के सभी मामलों को ऑनलाईन माध्यम से निपटा रहा है।

15.15 भवन निर्माण लागत सूचकांक

राष्ट्रीय भवन संगठन ने आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश को राज्य में भवन सामग्री के भाव एकत्र करने व भवन लागत सूचकांक को संकलित करने का काम सौंपा है। विभाग आधार वर्ष 2011–12 पर राज्य स्तरीय भवन निर्माण लागत सूचकांक (BCCI) तैयार करके जारी कर रहा है। तिमाही सूचकांकों के आधार पर, वार्षिक सूचकांकों को तैयार किया गया है और इन्हें निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया हैः–

सारणी 15.2 : भवन निर्माण लागत सूचकांक

वर्ष	सामग्री लागत सूचकांक	श्रम लागत सूचकांक	अन्य व्यय सूचकांक	समग्र भवन निर्माण लागत सूचकांक
2019–20	120.42	123.05	120.78	121.45
2020–21*	132.64	132.31	131.87	132.44
2021–22*	138.83	138.30	138.24	138.63

* सूचकांक तीन तिमाहियों के औसत है अर्थात जून, सितम्बर और दिसम्बर, 2021

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश

उपरोक्त सारणी के अनुसार, सामग्री लागत सूचकांक वर्ष 2020–21 में 120.42 से बढ़कर 132.64 हो गया है जो वर्ष 2021–22 में और भी बढ़कर 138.83 हो गया है, कोविड–19 महामारी के कारण 2020–21 के दौरान भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति श्रृंखला बाधित रही, इसलिए निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि हुई। श्रम लागत सूचकांक भी 2020–21 में 123.05 से बढ़कर 132.31 और वर्ष 2021–22 मं बढ़कर 138.30 हो गया है, वर्ष 2020–21 की अवधि में प्रवासी मजदूरों के पलायन के कारण श्रम लागत में ज्यादातर वृद्धि हुई है, जिसके कारण श्रम लागत सूचकांकों में वृद्धि दर्ज हुई। इसी प्रकार घटक अन्य व्यय,

जिसमें संविदात्मक और पर्यवेक्षी शुल्क आदि शामिल है, अन्य व्यय के सूचकांक के अन्तर्गत आता है, यह भी कोविड–19 के कारण 2020–21 में 120.78 से बढ़कर 131.87 हो गया है और वर्ष 2021–22 में बढ़कर 138.24 हो गया है। इन सभी सूचकांकों में वृद्धि के परिणामस्वरुप 2021–22 में समग्र भवन निर्माण लागत सूचकांक 121.45 से बढ़कर 138.63 हो गया है।

सूचना और विज्ञान प्रौद्योगिकी

16
अध्याय

16.1 हिमस्वान

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस योजना (NeGP) के तहत, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश (डी.आई.टी.–एच.पी.) ने हिमस्वान (हिमाचल स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क) नामक सुरक्षित नेटवर्क बनाया। हिमस्वान ब्लॉक स्तर पर सभी राज्य सरकार के विभागों को सुरक्षित नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करता है और G2G (सरकार से सरकार), G2C (सरकार से नागरिक) और G2B (सरकार से व्यवसाय) में विभिन्न कुशल इलेक्ट्रोनिक सेवाओं को प्रदान करता है। हिमस्वान की स्थापना फरवरी, 2008 में हुई थी और अब तक राज्य भर में 2,241 सरकारी कार्यालयों को HIMSWAN नेटवर्क कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ा गया है। विशेष रुप से प्रारभिक बैंडविडथ की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, नवीनतम (MPLS) तकनीक द्वारा हिमस्वान को नया रुप दिया जा रहा है । हिमस्वान ने कोविड–19 महामारी के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फील्ड अधिकारियों के साथ कई सरकारी वर्चअल बैठकें हिमस्वान के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं ।

16.2 हिमाचल प्रदेश राज्य डाटा सेंटर

सरकार की विभिन्न वेब एप्लिकेशनों/वेबसाइटों को बिजली कटौती, प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न व्यवधान के दौरान चालू रखने के लिए आपदा रिकवरी साइट को अक्टूबर, 2020 में हिमाचल प्रदेश राज्य डाटा सेंटर के लिए दिल्ली में स्थापित किया गया। वित्तीय वर्ष 2021–22 में 17 नये एप्लिकेशनों/वेबसाइटों को HPSDC सुरक्षा ऑडिट के उपरान्त जोड़ा गया है। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश राज्य डाटा सेंटर में विभिन्न विभागों की 187 वेबसाइटों/एप्लिकेशनों को जोड़ा गया है।

16.3 हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल

इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा 31 नई सेवाओं को हिमाचल ऑनलाइन सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं देने के लिए जोड़ा गया। इन 31 सेवाओं में से 28 सेवाएं बागवानी विभाग और 3 सेवाएं शहरी विकास विभाग के लिए हैं। अब इस पोर्टल पर राजस्व, महिला और बाल विकास, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शहरी विकास आदि के साथ विभिन्न विभागों की 96 ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। कोविड–19 के फैलने से पहले, पोर्टल पर औसतन लेनदेन की संख्या 100 प्रतिदिन थी जोकि कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान व उसके बाद ऑनलाइन के माध्यम से बड़े पैमाने पर आई.ई.सी. अभियान और सेवा वितरण गुणवत्ता में सुधार के चलते यह लेनदेन की संख्या बढ़कर लगभग 8,500 प्रतिदिन हो गई है।

16.4 ई–ऑफिस

कार्यालयों में बिना कागजों के काम करने के लिए प्रदेश के विभिन्न विभागों में ई–ऑफिस लागू किया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान ई–ऑफिस को 77 विभागों एवं सचिवालय की 87 शाखाओं में शुरू किया गया जिसके अन्तर्गत 5,104 अधिकारियों/कर्मचारियों ने काम करना आरम्भ किया और इसके अन्तर्गत 68,792 नस्तियां ई–ऑफिस में बनाई गईं। हिमाचल प्रदेश सचिवालय में पुरानी फाइलों की स्कैनिंग पूर्ण हो चुकी है। सभी कार्यालयों को धीरे–धीरे ई–ऑफिस की कागज रहित प्रणाली में स्थानान्तरित किया जाएगा।

16.5 मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड

राज्य सरकार ने मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड को स्थापित करते हुए सुशासन की दिशा में एक पहल की है। बहुभाषी डैशबोर्ड माननीय मुख्यमन्त्री, माननीय राज्यपाल, मुख्य सचिवों, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को एक मंच पर एकीकृत करेगा। मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड योजना द्वारा मूल्यांकन और निगरानी के लिए अधिकारियों के सभी स्तरों पर राज्य, मंडल, जिला के लिए चयनित सरकारी योजनाओं/परियोजनाओं के प्रदर्शन संकेतक (के.पी.आई.) पर वास्तविक समय डेटा की सुविधा प्रदान करता है।

16.6 मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन @1100

मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन(एम.एम.एस.एस.) नागरिक कॉल सेंटर और अन्य उपयुक्त तरीकों के माध्यम से हेल्पलाइन सुविधा प्रदान करके नागरिकों तक सक्रिय रूप से पहुंचने और उन्हें सुविधा प्रदान करने का एक प्रयास है जो निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए नागरिकों की सेवा करता है:–

- शिकायत पंजीकरण।
- नागरिकों के सुझाव और मांग का अभिग्रहण।
- सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना।
- संबंधित कर्मचारियों को समय पर समाधान के लिए निर्देश।

मुख्यमंत्री सेवा संकल्प के अन्तर्गत कुल 1,23,703 शिकायतें दिसम्बर, 2021 तक दर्ज की गई जिनमें से 88,510 (71.55 प्रतिशत) शिकायतें नागरिकों की संतुष्टि के आधार पर निपटाई गई हैं।

तालिका 16.1: एम.एम.एस.एस. हेल्पलाइन स्थिति

कुल विभाग	87
कुल प्राप्त कॉलें	3,74,180
शिकायतें	1,23,703
मांग/सुझाव	4,934
सूचना/फॉलो अप कॉल	2,29,999
अधिकारी के हेल्पडेस्क पर कॉल	5,522



16.7 इन्टेग्रेटिड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (आई.सी.सी.सी.)

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को उपकरण के रूप में उपयोग करके विभिन्न नागरिक सेवाओं को एक स्थान पर प्रदान करने के उद्देश्य से शिमला और धर्मशाला स्मार्ट सिटी के लिए एक उच्च तकनीक वाला अत्याधुनिक कमांड सेन्टर स्थापित करना प्रस्तावित है। एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी.) का उपयोग विभिन्न नागरिक केन्द्रित सेवाओं से सम्बन्धित डाटा समयबद्ध लेने के लिए किया जाएगा। 'वन सिटी वन ऐप' का उपयोग करके जनता को उपयोगी जानकारी प्रदान करना, आपात स्थिति के साथ–साथ नागरिकों की आपदा प्रबन्धन आदि सेवाएं प्रदान करना भी एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर में शामिल हैं।

16.8 भारत नेट

भारत नेट देश की ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनैक्टिविटी प्रदान करना है। यह ऑप्टिकल फाईबर नेटवर्क द्वारा प्राप्त होने वाली दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण सम्पर्क योजना है। भारत नेट के द्वितीय चरण के तहत–159 दूरस्थ ग्राम पंचायतों की VSAT

लिंक का उपयोग करके जोड़ा जा रहा है। इसके अन्तर्गत 159 स्थानों पर सम्बन्धित उपकरण पहुंचा दिए गए हैं जिसमें से 156 स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है।

16.9 प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT)

वर्ष 2021–22 के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने संबंधित विभागों की 140 (केन्द्र–74, राज्य–66) योजनाओं को चिन्हित किया है जिनमे से 59 योजनाओं (केन्द्र–30, राज्य–29) में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को लागू किया गया है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी योजनाओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस (एन.ए.सी.एच.) के माध्यम से होना है। वित्त वर्ष के दौरान 59 प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं में से, 16 (केन्द्र–1, राज्य–15) को राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस (एन.ए.सी.एच.) प्लेटफार्म में बदल दिया गया है। इसके अतिरिक्त इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, आधार अधिनियम 2016 की धारा 7 के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के लिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान 47 योजनाओं के तहत ₹1,186.03 करोड़ की राशि 11.91 लाख लाभार्थियों को हस्तांतरित की गई है।

16.10 कोविड–19 एप्लिकेशन

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने कोविड–19 अवधि के दौरान प्रशासन और नागरिकों के दैनिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन को समाधानों के लिए विकसित और कार्यान्वित किया है। राज्य सरकार इन प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों की सहायता से विभिन्न स्तरों पर सूचना एकत्र करने, निगरानी और निर्णय लेने के साथ–साथ कार्यालयों में कुशल तरीके से कामकाज करने में सक्षम हुई है। इन ऑनलाईन सम्पर्क रहित सेवाओं की सहायता से नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों में जाने की आवश्यकता भी नहीं है। अभी तक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राज्य भर में निम्न एप्लिकेशन को चलाया गया है:–

1. **कोविड–19 एकीकृत पोर्टल** : (http://covidportal.hp.gov.in/) बैवसाइट नागरिक और सरकारी अधिकारियों के उपयोग के लिए कोविड–19 सम्बन्धित सूचनाओं, अनुप्रयोगों और पोर्टलों के लिए एक समेकित भण्डार है।

2. **कोविड–19 में सरकारी आदेश**: (http://covidorders.hp.gov.in): बैवसाइट महामारी के दौरान किसी भी सूचना या अफवाहों से बचने के लिए सभी सरकारी आदेशों, सलाह और मीडिया बुलेटिनों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

3. **हिमाचल ई–पास वेरिफिकेशन ऐप (QR Code स्कैनिग आधारित ऐप)**: इस मोबाइल इस मोबाईल ऐप का विकास QR Code स्कैनिंग की मदद से जिला उपायुक्तों द्वारा जाए ई–पास की वैद्यता की पुष्टि हेतु अन्तर्राज्यीय

बैरियरों पर तैनात पुलिस अधिकारियों के लिए किया गया है। इस ऐप का प्रयोग अन्तर्राज्यीय बैरियरों पर प्रवेश करने वाले यात्रियों की सूचना प्रबंधन प्रणाली के अन्तर्गत रिपोर्ट तैयार करने में किया जाता है।

4. **कोविड क्षमताः** यह (http://covidcapacity.hp.gov.in/). पोर्टल कोविड चिकित्सालयों में बेड की क्षमता /उपलब्धता, ऑक्सीजन की उपलब्धता और इसके लॉजिस्टिकस, मरीजों के डेटा और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं जैसे ऑक्सीजन कॉन्स्ट्रेटर्स, पी.एस.ए. प्लांटस आदि जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं की वास्तिविक समय उपलब्धता की निगरानी के लिए विकसित किया गया है।

5. **कानून व्यवस्था निगरानी और रिपोर्टिंग प्रणाली** :यह http://covid-19lo.hp.gov.in). पोर्टल पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस स्टेशनों को कानून व्यवस्था संबंधित जानकारी अपलोड करने की सुविधा प्रदान करता है, जैसा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वांछित है। यह सूचना पोर्टल पर संकलित रूप में प्राप्त की जा सकती है।

6. **स्वास्थ्य सूची** : यह बैवसाइट (http://covid19 inventory.hp.gov.in/) स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में एकांतवास/अलग रहने की सुविधाओं मास्क, पी.पी.ई. किट और वेंटिलेटर आदि महत्वपूर्ण सुविधाओं के भंडार की जानकारी के लिए किया जाता है।

7. **फेक न्यूज पोर्टलः** यह पोर्टल (http://fakenews.hp. gov.in) संवेदनशील समय के दौरान नागरिकों को गलत सूचना/ अफवाहों से बचाने के लिए की गई राज्य सरकार की एक पहल है और प्रदेश सरकार को फेक न्यूज मॉनिटरिंग यूनिट द्वारा पहचाने गए फर्जी समाचारों की सूची प्रदान करता है।

8. **ईवेन्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल**(covid.hp.gov.in)यह पोर्टल कोविड–19 के दौरान नागरिकों के लिए किसी भी कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए ऑनलाइन अनुमति लेने की सुविधा प्रदान करता है।

9. **अनुदानः** यह बैवसाइट (http://cmhimachal. nic.in) कोविड–19 महामारी के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रयासों में योगदान करने के लिए व सुरक्षित रूप से एकीकृत प्रतिक्रिया कोष (Solidarity Response Fund) में दान करने की सुविधा प्रदान करता है।

10. **मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाईन @1100** मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाईन कोविड–19 द्वारा संक्रमित रोगियों से सरकारी सुविधाओं पर उनकी प्रतिक्रिया लेने के लिए और संक्रमण के प्रमुख स्त्रोत/कारण की पहचान हेतु रोगियों से

सम्पर्क किया जा रहा है ताकि कोविड–19 के प्रसार को नियन्त्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सके।

16.11 नीतिगत पहल

राइट ऑफ वे पोलिसी (ROW): भारत सरकार के भारतीय टैलीग्राफ "राईट ऑफ वे" नियम–2016, के आधार पर हिमाचल प्रदेश "राईट ऑफ वे" नीति 2021 को राज्य सरकार द्वारा 9 फरवरी, 2021 को अधिसूचित कर दिया गया है।

16.12 नई पहलें

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने महामारी के दौरान विशेष रूप से तीन क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करके उनकी आवाजाही को सरकारी विभागों में कम किया गया।
- सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा प्रदान की गई।
- महामारी पर नियन्त्रण और निगरानी ।

16.13 सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे को सशक्त करना

- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ई–जिला के माध्यम से (हिमाचल ऑनलाईन सेवा पोर्टल/लोकमित्र केन्द्र) सरकार से नागरिकों तक और अधिक सेवाओं को उपलब्ध करवाने के लिए काम कर रहा हैं।
- हिमस्वान के माध्यम से तेज गति की सुरक्षित इंटरनेट कनेक्टिविटी को प्रत्येक कार्यालय तक पहुंचाया जा रहा है, जहां ई–ऑफिस का प्रयोग किया जाना है। ई–ऑफिस के लिए नेटवर्क की निर्वाधित गति बनाए रखने के लिए हिमस्वान के माध्यम से सभी कार्यालयों में न्यूनतम बैंडविडथ को 20 एम.बी.पी.एस तक बढ़ाया जाएगा।
- घर से काम करने की गुणवता को बढ़ाने के लिए सरकारी अधिकारियों को सुरक्षित वी.पी.एन. कनेक्टिविटी आवश्यकता के आधार पर प्रदान की जाएगी।
- सिंगल साइन ऑन (एस.एस.ओ.) राज्य सरकार के सभी प्रमुख पोर्टलों पर लागू किया जाएगा ताकि अधिकारी/ कर्मचारी इन पोर्टलों पर एकल उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड द्वारा (Login) लागइन कर सके।
- नागरिकों को ऑनलाईन भवन निर्माण की अनुमति को सरल करने के लिए ऑटो डी.सी.आर. की राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में सुविधा प्रदान की जाएगी।

परिवर्णी शब्द

ए.ए.वी.	अटल आदर्श विद्यालय
ए.ए.वी.वाई.	अटल आदर्श विद्यालय योजना
ए.ए.वाई.	अंत्योदय अन्न योजना
ए.डी.बी.	एशियाई विकास बैंक
ए.एफ.	अनुकूलन कोष
ए.एफ.एम.सी.	सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज
ए.एच.सी.	शैक्षणिक स्वास्थ्य केंद्र
ए.एच.टी.यू.	मानव तस्करी रोधी इकाइयां
ए.आई.बी.पी.	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
ए.आई.सी.टी.ई.	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद
एड्स	एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम
ए.आई.एफ.	कृषि अवसंरचना कोष
ए.आई.आई.एम.एस.	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
ए.जे.सी.	सेब का रस इकठ्ठा करना
ए.एल	कृषि मजदूर
ए.एम.आर.यू.टी.	कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन
ए.एन.एम.	सहायक नर्स दाई
ए.पी.ई.डी.ए.	कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
ए.पी.एल.	गरीबी रेखा से ऊपर
ए.पी.वाई.	अटल पेंशन योजना
ए.आर.टी.	एंटीरेट्रोवाइरल उपचार
ए.एस.ई.ई.एम.	आत्मानिभर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण
ए.एस.ई.आर.	शिक्षा रिपोर्ट की वार्षिक स्थिति
ए.एस.एच.ए.	मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता
ए.वाई.यू.एस.एच.	आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी
बी.ए.	कला स्नातक
बी.कॉम	वाणिज्य स्नातक
बी.एस.सी	विज्ञान स्नातक
बी.वीओसी	बैचलर ऑफ वोकेशन
बी.ए.एम.एस.	बैचलर ऑफ आयुर्वेद, मेडिसिन एंड सर्जरी
बी.सी.सी.आई.	भवन निर्माण लागत सूचकांक
बी.डी.एस.	बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी
बी.ई.	बजट अनुमान
बी.एफ.एस.आई.	बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा
बी.एच.पी.	ब्रेक हॉर्स पावर
बी.ओ.टी.	बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर

बी.पी.एल.	गरीबी रेखा के नीचे
बी.एस.बी.डी.ए.	मूल बचत बैंक जमा खाता
बी.वी.पी.सी.एल.	ब्यास वैली पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सी.ए.	नियंत्रित वातावरण
सी.ए.डी.	कमान क्षेत्र विकास
सी.ए.एफ.आर.आई.	ग्रामीण भारत में जलवायु अनुकूलन और वित्त
सी.ए.एम.पी.ए.	प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण
सी.बी.बी.ओ.	क्लस्टर आधारित व्यावसायिक संगठन
सी.बी.एन.ए.ए.टी.	कार्ट्रिज आधारित न्यूक्लिक एसिड और एम्प्लीफिकेशन टेस्ट
सी.सी.ए.	कृषि योग्य कमान क्षेत्र
सी.सी.ई.ए.	आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति
सी.सी.टी.वी.	क्लोज सर्किट टेलीविज़न
सी.सी.वी.ए.	जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता का आंकलन
सी.डी.ए.सी.	उन्नत कंप्यूटिंग के विकास के लिए केंद्र
सी.डी.आर.	क्रेडिट जमा अनुपात
सी.ई.आर.	कॉर्पोरेट पर्यावरण उत्तरदायित्व
सी.जी.एफ.	क्रिटिकल गैप फंडिंग
सी.आई.	कच्चा लोहा
सी.आई.एफ.	सामुदायिक निवेश कोष
सी.आई.पी.ई.टी.	केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान
सी.के.एम.	सर्किट किलोमीटर
सी.एल.ए.टी.	सामान्य कानून प्रवेश परीक्षा
सी.एल.सी.	सिटी लाइवलीहुड सेंटर
सी.एल.एफस.	क्लस्टर स्तर के संघ
सी.एम.	मुख्यमंत्री
सी.ओ.$_2$	कार्बन डाइऑक्साइड
सी.ओ.ई.	उत्कृष्टता का केंद्र
कोविड	कोरोनावाइरस रोग
सी.पी.एच.ई.ई.ओ.	केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन
सी.पी.आई.	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
सी.पी.आई.–आई.डब्ल्यू.	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक– औद्योगिक कार्यकर्ता
सी.पी.एल.	प्रति लाख की पुष्टि
सी.पी.आर.	सामान्य संपत्ति संसाधन
सी.पी.एस.यू.	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
सी.एस.सीज.	कॉमन सर्विस सेंटर
सी.टी. स्कैन	कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी स्कैन
सी.टी.आर.	दर के माध्यम से क्लिक करें
डी.ए.आर.पी.जी.	प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

डी.ए.वाई.–एन.आर.एल.एम.	दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
डी.ए.वाई.–एन.यू.एल.एम.	दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
डी.बी.टी.	प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण
डी.सी.	मण्डलीय आयुक्त
डी.सी.एच.सी.	समर्पित कोविड स्वास्थ्य केंद्र
डी.सी.आर.	विकास नियंत्रण नियम
डी.डी.यू.जी.जे.वाई.	दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना
डी.जी.जी.आई.	जिला सुशासन सूचकांक
डी.आई.	नरम लोहा
डी.आई.टी.	सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग
डी.एम.	जिला अधिकारी
डीएनबी	राष्ट्रीय बोर्ड के राजनयिक
डी.ओ.एच.ई.	उच्च शिक्षा विभाग
डी.पी.आई.आई.टी.	उद्योग और आंतरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभाग
डी.पी.आर.	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट
डी.पी.आर.सी.	जिला पंचायत संसाधन केंद्र
डी.आर.	डिजास्टर रिकवरी
डी.आर.आर.	आपदा जोखिम में कमी
डी.आर.टी.बी.	दवा प्रतिरोधी तपेदिक
डी.एस.सी.एल.	धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड
डी.एस.टी.	दवा संवेदनशीलता परीक्षण
डी.टी.आर.	गतिशील परिवर्तन रेटिंग
डी.टी.एस.	ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल
ई.बी.सी.	आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग
ई.एच.वी.	अतिरिक्त उच्च वोल्टेज
ई–एन.ए.एम.	इलेक्ट्रॉनिक–राष्ट्रीय कृषि बाजार
ई.पी.सी.	इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण
ई.पी.एफ.	कर्मचारी भविष्य निधि
ई–पी.टी.एम.	इलेक्ट्रॉनिक–अभिभावक शिक्षक बैठक
ई.आर.पी.	उद्यम संसाधन योजना
ई.एस.ए.	शिक्षा सैटेलाइट खाता
ई.एस.आई.	कर्मचारी राज्य बीमा
ई.टी.टी.	भरूण प्रत्यारोपण तकनीक
ई.डब्ल्यू.एस.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
एफ.ए.क्यू.	बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न
एफ.ए.आर.टी.	फ़्रीक्वेंसी एक्युएटेड रेक्टल ट्रेमर

एफ.एच.टी.सी.	कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन
एफ.एल.सी.	वित्तीय साक्षरता केंद्र
एफ.एल.डब्ल्यू.	फ्रंट लाइन वर्कर
एफ.पी.एफ.	खाद्य प्रसंस्करण कोष
एफ.पी.ओ.	किसान उत्पादक संगठन
एफ.पी.पी.	फल प्रसंस्करण संयंत्र
एफ.आर.ई.	पहला संशोधित अनुमान
एफ.एस.पी.एफ.	फार्म सेक्टर प्रमोशन फंड
जी.2बी.	सरकार से व्यापार
जी.2सी.	सरकार से नागरिक
जी.2जी.	सरकार से सरकार
जी.सी.एफ.	हरित जलवायु कोष
जी.डी.पी.	सकल घरेलू उत्पाद
जी.ई.सी.	ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर
जी.जी.आई.	सुशासन सूचकांक
जी.आई.	जस्ती लोहा
जी.आई.एस.	भौगोलिक सूचना प्रणाली
जी.आई.जेड	गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसममेनरबीटा
जी.एन.एम.	जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी
जी.ओ.एच.पी.	हिमाचल प्रदेश सरकार
जी.ओ.ई.	भारत सरकार
जी.पी.	ग्राम पंचायत
जी.पी.एस.	ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम
जी.एस.डी.पी.	सकल राज्य घरेलू उत्पाद
जी.एस.वी.ए	सकल राज्य मूल्य वर्धन
जी.वी.ए	सकल मूल्य वर्धन
एच.सी.डब्ल्यू.	स्वास्थ्य देखभाल केंद्र
एच.डी.एफ.सी	आवास विकास वित्त निगम लिमिटेड
एच.ई.पी	जल विद्युत परियोजना
हिम.केयर	हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल
हिम.स्वान	हिमाचल प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क
हि.मुडा	आवास और शहरी विकास प्राधिकरण
हिपा	हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान
एच.आई.वी.	मानव प्रतिरक्षी न्यूनता विषाणु
एच.पी.बी.ओ.एस.ई	हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन
एच.पी.जी.बी.	हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक
एच.पी.जी.डी.सी.	हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज

एच.पी.एच.डी.पी.	हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना
एच.पी.के.एन.सी.सी.	जलवायु परिवर्तन पर हिमाचल प्रदेश ज्ञान नेटवर्क
एच.पी.के.वी.एन.	हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम
एच.पी.एम.सी.	हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड।
एच.पी.पी.सी.एल.	हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एच.पी.पी.टी.सी.एल.	हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एच.पी.एस.सी.बी.	हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक
एच.पी.एस.सी.एस.सी.	हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
एच.पी.एस.डी.सी.	हिमाचल प्रदेश राज्य डाटा सेंटर
एच.पी.एस.डी.पी.	हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना
एच.पी.एस.ई.बी.एल.	हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड
एच.पी.एस.आर.एल.एम.	हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
एच.पी.टी.सी.पी.	हिमाचल प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग
एच.पी.टी.डी.सी.	हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम
एच.पी.टी.एस.ए.	हिमाचल प्रदेश पर्यटन सैटेलाइट खाता
एच.पी.यू.	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
एच.आर.टी.सी.	हिमाचल पथ परिवहन निगम
एच.एस.ए.	स्वास्थ्य सैटालाइट खाता
एच.एस.बी.क्यू.	रक्तस्रावी सेप्टिसीमिया और ब्लैक क्वार्टर
एच.टी.	उच्च तनाव
एच.डब्ल्यू.सी.	स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र
एच.वाई.वी.पी.	अधिक उपज देने वाला किस्म कार्यक्रम
आई.सी.सी.सी.	एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र
आई.सी.डी.एस.	समेकित बाल विकास योजना
आई.सी.आई.सी.आई.	भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम
आई.सी.आर.पी.एस.	आंतरिक समुदाय संसाधन व्यक्ति
आई.सी.टी.	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
आई.सी.टी.सी.	एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र
आई.ई.सी.	सूचना शिक्षा और संचार
आई.जी.एम.सी.	इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज
आई.एच.बी.टी.	हिमालय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान
आई.एच.एच.एल.	व्यक्तिगत घरेलू शौचालय
आई.आई.एम.	भारतीय प्रबंधन संस्थान
आई.आई.एस.	भारतीय विज्ञान संस्थान
आई.आई.टी.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
आई.एल.आई.	इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी

आई.एम.सी.	भारतीय मेजर कार्प
आई.एम.डी.	भारतीय मौसम विज्ञान विभाग
आई.एम.एफ.	अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
आई.पी.डी.एस.	एकीकृत विद्युत विकास योजना
आई.पी.पी.	स्वतंत्र बिजली उत्पादक
आई.पी.पी.पी.	अभिनव कुक्कुट उत्पादकता परियोजना
आई.आर.डी.पी.	एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
आई.एस.बी.आई.जी.	सिंचाई अंतर को पाटने के लिए प्रोत्साहन योजना
आई.एस.एम.	इंडियन स्कूल ऑफ माइंस
आई.टी.	सूचना प्रौद्योगिकी
आई.टी.ई.एस.	सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं
आई.टी.आई.	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
आई.यू.सी.डी.	अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण
आई.वी.आर.एस.	इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम
आई.डब्ल्यू.	औद्योगिक श्रमिक
जे.ई.ई.	संयुक्त प्रवेश परीक्षा
जे.एफ.एम.सी.	संयुक्त वन प्रबंधन समिति
जे.आई.सी.ए.	जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी
जे.जे.एम.	जल जीवन मिशन
जे.एल.जी.	संयुक्त देयता समूह
के.एल.	किलोलीटर
के.एम.	किलोमीटर
के.सी.सी.	किसान क्रेडिट कार्ड
के.सी.सी.बी.	कांगड़ा सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक
के.पी.आई.	प्रमुख प्रदर्शन संकेतक
के.एस.वाई.	कृषि से संपदा योजना
के.वी.	किलोवोल्ट
के.वी.आई.बी.	खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड
के.वी.आई.सी.	खादी और ग्रामोद्योग आयोग
एल.ई.डी.पी.	आजीविका उद्यम विकास कार्यक्रम
एल.एफ.पी.आर.	श्रम बल भागीदारी दर
एल.आई.जी.	कम आय समूह
एल.आई.एल.ओ.	लूप–इन–लूप–आउट
एल.आई.टी.	कम इनपुट प्रौद्योगिकी
एल.पी.सी.डी.	लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन

एल.पी.जी.	तरलीकृत पेट्रोलियम गैस
एल.टी.	लो टेंशन
एम.टी.	मीट्रिक टन
एम.बी.बी.एस.	बैचलर ऑफ मेडिसिन और बैचलर ऑफ सर्जरी
एम.सी.	नगर निगम
एम.सी.सी.	मॉडल कैरियर सेंटर
एम.डी.जी.	सहस्राब्दी विकास लक्ष्य
एम.डी.आर.	मल्टीपल ड्रग रेसिस्टेंट
एम.डी.एस.	मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी
एम.ई.डी.पी.	सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम
एम.ई.आई.टी.वाई.	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
मनरेगा	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
एम.एच.ए.	गृह मंत्रालय
एम.आई.डी.एच.	बागवानी के एकीकृत विकास मिशन
एम.आई.जी.	मध्य आय समूह
एम.आई.एस.	बाजार हस्तक्षेप योजना
एम.एल.डी.	न्यूनतम तरल निर्वहन
एम.एम.ए.वाई.	मुख्यमंत्री आवास योजना
एम.एम.एस.ए.जी.वाई.	मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना
एम.एम.एस.एस.	मुख्यमंत्री सेवा संकल्प
एम.एम.यू.	महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय
एम.एन.आर.ई.	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
एम.ओ.ई.एफ.& सी.सी.	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एम.ओ.एच.एफ.डब्ल्यू.	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
एम.ओ.एच.यू.पी.ए.	आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय
एम.ओ.एल.ई.	श्रम और रोजगार मंत्रालय
एमओपीआर	पंचायती राज मंत्रालय
एम.ओ.आर.डी.	ग्रामीण विकास मंत्रालय
एम.ओ.एस.पी.आई.	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
एम.ओ.यू.	ज्ञापन समझौता
एम.पी.	सांसद सदस्य

एम.पी.आई.	बहुआयामी गरीबी सूचकांक
एम.पी.एल.एस.	मल्टी प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग
एम.पी.पी.	बहुउद्देश्यीय परियोजना
एम.एस.सी.	मल्टी सर्विस सेंटर
एम.एस.एम.ई.	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
एम.टी.	मीट्रिक टन
एम.यू.	मिलियन यूनिट
एम.यू.डी.आर.ए.	सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्त एजेंसी
एम.वी.ए.	मेगा वोल्ट एम्पीयर
एम.डब्ल्यू.	मेगा वाट
एन.ए.ए.टी.	न्यूक्लिक एसिड और एम्प्लीफिकेशन टेस्ट
एन.ए.बी.ए.आर.डी.	नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट
नैब.कॉन्स.	नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज
एन.ए.सी.एच.	नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस
एन.ए.एफ.सी.सी.	जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष
एन.ए.आई.पी.	राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना
एन.सी.डी.एस.	गैर – संचारी रोग
एन.सी.वी.टी.	व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय परिषद
एन.डी.ए.	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी
एन.ई.ई.टी.	राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा
एन.ई.जी.पी.	राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस योजना
एन.एफ.एस.ए.	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम
एन.एफ.एस.एम.	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन
एन.एच.पी.सी.	राष्ट्रीय जलविद्युत शक्ति निगम
एन.आई.ई.	राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई
एन.आई.ई.एल.आई.टी.	राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
एन.आई.एफ.	राष्ट्रीय संकेतक ढांचा
एन.आई.एफ.एम.	राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान
एन.आई.एफ.टी.	राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
एन.आई.एफ.टी.ई.एम.	राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान
एन.आई.आर.डी. एण्ड पी.आर.	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान
एन.आई.टी.	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
एन.आई.टी.आई.	बदलते भारत के लिए राष्ट्रीय संस्थान
एन.आई.टी.टी.टी.आर.	राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान
एन.एल.एम.	राष्ट्रीय पशुधन मिशन
एन.एम.ए.ई.टी.	कृषि विस्तार और प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय मिशन

एन.एम.एस.ए.	सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन
एन.एम.एस.एच.ई.	हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय मिशन
एन.पी.	नगर पंचायत
एन.आर.एल.एम.	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
एन.एस.डी.पी.	शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद
एन.एस.ओ.	राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
एन.एस.ओ.पी.	गैर अनुसूची संचालन
एन.एस.क्यू.एफ.	राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा
एन.एस.एस.	राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण
एन.एस.एस.ओ.	राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय
एन.टी.ई.पी.	राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम
एन.टी.एफ.पी.	गैर–इमारती लकड़ी वन उत्पाद
एन.टी.पी.सी.	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एन.यू.एल.एम.	राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
एन.डब्ल्यू.सी.एम.पी.	राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन कार्यक्रम
ओ.बी.सी.	अन्य पिछड़ा वर्ग
ओ.डी.एफ.	खुले में शौच मुक्त
ओ.पी.डी.	आउट रोगी विभाग
ओ.पी.ई.सी.	पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन
पी.ए.सी.	प्राथमिक कृषि सहकारी समिति
पी.ए.आई.	पब्लिक अफेयर इंडेक्स
पी.ए.आई.यू.सी.डी.	गर्भपात के बाद अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण
पी.सी.आई.	प्रति व्यक्ति आय
पी.डी.एस.	सार्वजनिक वितरण प्रणाली
पी.ई.टी.–सी.टी.	पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी और कंप्यूटेड टोमोग्राफी
पी.जी.	पोस्ट ग्रेजुएट
पी.जी.आई.एम.ई.आर.	पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
पी.जी.टी.	यात्री और माल कर
पी.एच.सी.	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
पी.एच.एच.	प्राथमिकता वाले परिवार
पी.एच.एल.	पवन हंस लिमिटेड
पी.के.वी.वाई.	परम्परागत कृषि विकास योजना
पी.एल.एफ.एस.	आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण
पी.एम. स्वनिधि	पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्म निर्भर निधि
पी.एम.ए.वाई–जी	प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण
पी.एम.ई.जी.पी.	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम
पी.एम.एफ.बी.वाई.	प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

